राजस्थान म किसी डिंगल कवि पर प्रथम बार
एक ऐसी पुस्तक का प्रकाशन हो रहा है, जिसका

महाकाव

पृथ्वीराज राठौड़

व्यक्तित्व और कृतित्व

प्रो० भूपतिराम साकरिया
अध्यक्ष, हिंदी विभाग
टी वी पटेल आर्ट्स कालेज,
वल्लभविद्यानगर (गुजरात)

पचशील प्रकाशन, जयपुर

आचार्य
प० बदरीप्रसादजी साकरिया

राजस्थानी भाषा के मूर्धन्य
विद्वान
कोशकार व शोधवेत्ता
पूज्य पिताजी
के
श्री चरणो मे सादर समर्पित

राजस्थान म किसी डिंगल कवि पर प्रथम बार
एक ऐसी पुस्तक का प्रकाशन हो रहा है, जिसका

परिप्रेक्ष्य

डेढ दशक पूर्व जब पूज्यपाद प० बदरीप्रसादजी साकरिया बीकानेर से प्रकाशित त्रैमासिक शोधपत्रिका 'राजस्थान भारती' के सपादक थे तब दो अभिनव विशेषाक प्रकाशित हुये प्रथम, राजस्थानी को अपनी मातृभाषा इटालियन से भी अधिक प्यार करने वाले (म्हने जित्तो प्रेम म्हारी देस भासा इटालियन सू है, उणकरता इधको मारवाडी सू है उणमे बळ नै तेज है और वा बोहळ परवार री तथा मीठी है) शोधवक्ता और विद्वान डॉ० एल पी तस्सितोरी स सबधित था और द्वितीय कवि शिरोमणि वीरवर महाराज पृथ्वीराज राठौड से सबधित दोनो का बीकानेर से अनन्य रागात्मक सबध था डॉ० तस्सितोरी[1] ने प्रथम जोधपुर और तत्पश्चात् बीकानेर को और उनके माध्यम स सारे मरुप्रदेश को अपना कार्य क्षेत्र बनाया और अत म इसी प्रदेश की डेढ गज भूमि का अधिकारी बना बीकानेर के साहित्यकारो का शतश अभिनदन कि उन्होने हमारी मातृभाषा से प्रेम करने वाले विदेशी मनीषी के स्मारक का निर्माण करवाया और मृत्यु के ३७ वर्ष बाद सन १९५६ म प्रथम बार इटालियन दूतावास के सास्कृतिक दूत की उपस्थिति मे अपनी श्रद्धाजली अर्पित की 'राजस्थान भारती' के इस अद्वितीय विशेषाक से राजस्थानी भाषा के प्रेमियो को बडा बल और प्रेरणा मिली राजस्थानी के नवजागरण के काल मे इस अक का स्थान चिरस्थायी रहेगा

पृथ्वीराज राठौड तो इसी भूमि की उपज थे उन्हे अपनी मातृभूमि के चप्पे चप्पे और मातृभाषा के वर्ण-वर्ण से अतिशय प्यार था वे इस प्रदेश के सच्चे प्रतिनिधि थे जिनके एक हाथ म खड्ग तो दूसरे मे लेखनी थी और वह भी ऐसी कि जिसका कोई सानी नही था 'राजस्थान भारती' के महाराज पृथ्वीराज राठौड विशेषाक मे देश के अनेक लब्धप्रतिष्ठ सहित्यकारो का सराहनीय योगदान रहा अन्य वरिष्ठ बधुओ के साथ मैंने भी अपने श्रद्धा सुमन चढाये थे तब से मेरे मन मे समाज व सरकार द्वारा उपेक्षित इस समृद्ध भाषा के मध्यकालीन कवि पृथ्वीराज राठौड के उदात्त व्यक्तित्व और उनके उत्कृष्ट कोटि के वाड्मय को प्रकाशित करने की धुन लगी

---

१ पृथ्वीराजजी की 'वेलि क्रिसन रुकमणीरी' का सबसे पहले सम्पादन करके प्रकाश मे लाने का श्रेय डॉ० तस्सितोरी को है जिसको एशियाटिक सोसायटिक कलकत्ता ने सन् १९१७ मे प्रकाशित किया था।

राजस्थान मे किसी डिंगल कवि पर प्रथम बार
एक ऐसी पुस्तक का प्रकाशन हो रहा है, जिसका

रही मैंने इ स्टीटयूट के डाइरेक्टर को एक पत्र लिख कर यह सुझाव भी दिया था कि पृथ्वीराज राठौड विशेषाक और परिशिष्टाक' के सारे लेखो तथा तदविषयक कुछ लेख अ य अधिकारी विद्वानो से लिखवा कर उ हे एक ग्रथ रूप दिया जाय कदाचित् धनाभाव अथवा किसी अन्य प्रकार की कठिनाई के कारण उस समय वे ऐसा न करवा सके इस विषय की महत्ता म आज भी किसी प्रकार का अतर नही आया है विपरीत इसके, ज्यो ज्यो राजस्थानी भाषा मे अधिकाधिक शोधकार्य होने लगे त्यो त्यो यह विद्वानों के आकर्षण का के द्र बनती गई आज स्थिति यह है कि भारतीय आर्यभाषाओ के विकासक्रम तथा उनके भाषा वज्ञानिक अध्ययन मे इस भाषा का अपरिहार्य महत्व समझा जाने लगा है

इसके भाषाकीय महत्व को समझ देश के अनेक विश्वविद्यालयो म हिंदी विषय के अ तगत, स्नातकोत्तर स्तर पर इसके उक्त ग्र थ का अध्ययन भी गत अनेक वर्षों से करवाया जा रहा है प्रारम्भ मे यह व्यवस्था अवश्य ठीक रही होगी, पर बदलते सदभ मे राजस्थानी का एक स्वतन्त्र विषय मानकर आगे बढना ही उचित होगा केन्द्रीय साहित्य अकादमी ने राजस्थानी भाषा को अन्य भारतीय भाषाओ के समान स्वतन्त्र रूप देकर सही दिशा म कदम बढा भी दिया है अकादमी के इस निणय का व्यापक अनुकूल प्रभाव भी पडा—

(१) प्रात की जनता और साहित्यकारो मे आशा और उत्साह का सचार,

(२) स्वतन्त्र राजस्थानी साहित्य अकादमी की माग का बल पकडना,

(३) स्कूलो कालिजो, और प्रात के विश्वविद्यालयो मे इसके अध्ययन और अध्यापन की व्यवस्था का शुभारम्भ तथा,

(४) सभी साहित्यिक विधाओं मे द्रुतगति से साहित्य निर्माण के काय का आरम्भ

यह भी इस भाषा का क्रूर उपहास ही है कि एक ओर हिंदी के विद्वान, इतिहासकार और भाषाविद राजस्थानी को हिंदी की प्रादेशिक बोली मान कर हिंदी के वीरगाथाकाल अथवा आदिकाल मे राजस्थानी की कृतियो का भरपूर उपयोग करते हैं तथा दूसरी ओर हिंदी के इन्ही विद्वानों ने वीरगाथाकालीन साहित्य के अतिरिक्त अन्य किसी भी काल मे इसके साहित्य और साहित्यकारो को कोई स्थान नही दिया है वीरगाथाकालीन साहित्य मे से राजस्थानी साहित्य को निकालने के बाद हिंदी के वीरगाथाकाल मे रह ही कितना जाता है कि वह अपनी प्राचीनता का बोध करा सके ? यह निहित स्वार्थों का उपेक्षात्मक दृष्टिकोण ही है

राजस्थानी का मध्ययुगीन साहित्य समग्र देश की मूल साहित्यिक चेतना से कटा हुआ न था परिमाण एव स्तर दोनो ही दृष्टियो से यह काल बड महत्व का रहा है आन शान और धम के नाम पर जो युद्ध इस काल मे हुये है और इनमे जिस अप्रतिम शौय के दशन हमे होते हैं, यह साहित्य इसका जीता जागता प्रमाण है विश्वकवि रवीबाबू ने इस विशाल काव्य सामग्री के कुछ अश का रसास्वादन करने के पश्चात सत्य ही कहा है कि 'भक्ति रस का काव्य तो भारतवष के प्रत्येक साहित्य मे किसी न किसी कोटि म पाया जाता है राधाकृष्ण को लेकर हर प्रात ने मद व उच्चकोटि का साहित्य पदा किया है लेकिन राजस्थान न अपन रक्त से जो साहित्य निर्माण किया है, उसकी जोड का साहित्य नही मिलता' वास्तव मे राजस्थानी मे इस काल मे वीर, भक्ति [सगुण और निगु ण, सगुण धारा मे राम और कृष्ण के अतिरिक्त देवी (शक्ति)] और शृगार की त्रिवेणी अबाध गति से बह रही थी छद शास्त्रीय ग्र थो के निर्माण के अतिरिक्त जिस अनुवाद की परम्परा का दशन हमे १४वी शताब्दी से होता है, वह भी अक्षुण्ण थी सस्कृत प्राकृत अपभ्र श और फारसी मे रचित विविध विषयो के अनेको ग्र थो के राजस्थानी अनुवाद हमे आज उपलब्ध हैं इस काल के गद्य-साहित्य की ओर दृष्टिपात करें तो 'ख्यात' और 'वात की विविध शैलिया मे लिखी जो प्रचुर सामग्री हमे प्राप्त है, उससे उसकी समृद्धि और विशालता का पता चलता है इस लिखित साहित्यिक परम्परा के अतिरिक्त जनकाव्या के रूप मे लोक साहित्य का तो राजस्थान रत्नाकार है नरसीजी रो माहेरो ढोला मारू रा दूहा मूमल का छबियो, निहालदे, रूपादे तोलादे, पाबूजी रा पवाडा, बगडावत, तेजाजी, गोपीचद, भरथरी आदि ऐसे जनकाव्य हैं, जिनका अध्ययन राजस्थान के इतिहास को समझने के लिये नितात आवश्यक है राजस्थानी साहित्य के एक विशिष्ट छद 'गीत' का भी इस युग मे वचस्व रहा है दुरसा आढा ईसरदास हुक्मीचद बाँकीदास, महाराजा मानसिंह इत्यादि अनक प्रसिद्ध कविया ने ६१ प्रकार के गीत-छदा मे सभी प्रकार के विषयों को लेकर सुदर रचनाओं का निर्माण किया है

राजस्थानी भाषा के इस स्वण युग मे अवतरित महाराज पृथ्वीराज राठौड पर निश्चय ही इस वविध्य का प्रभाव पडता सत्य तो यह होगा कि पृथ्वीराज न एक ही साथ इन सारी विधाओ को अपना कर उनको और पुष्ट कर दिया उन्होंने जिस विषय, छद, अलकार, शली, और रस को छुआ, वही उस भाग्यशाली हो गया 'वेलि' उनकी प्रबधात्मक रचना है तो वसदेरावउत दसरथरावउत तथा गगाजी रा दूहा उनकी मुक्तक शली की दोहो म रची रचनाएँ हैं उद्बोधन और ईश्वरस्तुति के पदं रीति काव्य हैं, तो उनकी प्रशस्तिपरक रचनाएँ गीत' छद मे लिखी उत्तम रचनाएँ है इस प्रकार इस एक ही प्रतिभाशाली पुरुष न राजस्थानी साहित्य को कला और भाव दोनो ही पक्षा की दृष्टि से प्रौढता की कोटि मे लाकर रख दिया था

राजस्थान में किसी डिंगल कवि पर प्रथम बार
एक ऐसी पुस्तक का प्रकाशन हो रहा है, जिसका

(घ)

एक कुशल संगीतज्ञ व नर्तक की भांति पृथ्वीराज कला मर्मज्ञ थे निम्न छंद में भगवती जोगमाया की नृत्यलीला का उन्होंने जो अनोखा वर्णन किया है, वह संगीत, नृत्य शास्त्र के साधारण ज्ञाता का काम नहीं है वाद्य और नृत्य की विभिन्न ध्वनियों से श्रवणेन्द्रिय तो क्या अन्य सारी ज्ञानेन्द्रियाँ झंकृत हो उठती हैं, मन मयूर नाच उठता है —

छंद गाहा

गुज्जै गुहिर नद्द गण गण ग्रहि कुडता माहिण गुज्ज ।
तिण नाटारभ सुर नर त्रिय नच दहवह दहवह वयण सु वज्जै ॥

छंद पद्दाडगति

व्रह वह वाग्डिदिक व्रह व्रह वाग्डिदिक व्रह तत तत तत तत्कार कर ।
धप मप पप धम दौं दौं दौं दौं दौ गिक्ट भ्रदग धुनि ध म स धर ॥
किट किट धौकटि धौं धौं धौ धौ धौ धिक्टि कटि कटि धौं धौं
गुण गुण गुण गुण ताल गुण ।
तो सगति सभ रभ नाटारभ जुग डुग जुग डुग खेलत जोगणिय ॥ १ ॥

थ थाग्डिग्कि थिरि रि रि रि रि रि रीथि टिक टिप धुनि धमक पय ।
थुग थुग थुग थागग्डिदिक तत थट भण ण ण ण ण झकार रय ॥
भ भ भ भागग्डिदिक भ भ भ भ भ रवद्द भण ।
तो सगति सभ रभ नाटारभ जुग डुग जुग डुग खेलत जोगणिय ॥ २ ॥

कटि धुग्डिदौं कटि धुग्डिदौं कटि कडदकटि धुग्डिदौं धुटि धुटि किट ।
धौं धौं ताल मिल ।
च च च च च च चप्पट च च पट रण ण ण ण ण ण कि ताल भल ॥
ता थेई थई थेई थाग्डिदिक थाग्डिदिक तत तत थेई तत ता नाटारभ तण ।
तो सगति सभ रभ नाटारभ जुग डुग जुग डुग खेलत जोगणिय ॥ ३ ॥

धाग्डिदिक धम धौं धौं धौं धौं धम धम धम धम रम भम घुघरिय ।
डिग्डि ग्डिदा दा दा भणतकार भम भम भणकि झुमरिय ॥
गु" गु" गु" गों गौं गिगित गिगित गिगित गिन तौग्डिदिक
तास स ण ण ण ण तणं ॥
तो सगति सभ रभ नाटारभ जुग डुग जुग डुग खेलत जोगणिय ॥ ४ ॥

छंद कलस

तण ण ण ण ण ण ण तण ण ण ण त लत तण ण णण फर र र र फाळ ।
फर गद फण ण ण ण ण पडि पडसाद पयाळ ॥
धिग्डिदि धड ड ड ड धर बूजँ रमै रूपत्रि रास गुहिर
त्रिह जद सुगजँ गूजँ गुहिर ॥ ५ ॥[1]

ग्रंथ के शीर्षक से स्पष्ट है कि ग्रंथ दो प्रमुख भागो में विभाजित है—व्यक्तित्व और कृतित्व कृतित्व को पुन दो भागा मे विभाजित किया गया है—वेलि और अन्य रचनाएँ व्यक्तित्व खंड मे राठौडा (राष्ट्रकूटो) के मारवाड मे आने व उनके जोधपुर बीकानेर आदि अनेक राज्यों की स्थापना का सिंहावलोकन करते हुये, महाकवि के जीवन चरित्र का आलेखन किया गया है, जो राजस्थानी और हिंदी के अनेक ग्रंथो द्वारा सम्पुष्टित है वेलि खण्ड के अन्तर्गत वेलि के संपादन को छोड कर, केवल उसका ऐतिहासिक सांस्कृतिक एव साहित्यिक विवेचन ही प्रस्तुत किया गया है यद्यपि विभिन्न विद्वानो द्वारा संपादित वेलि के अब तक छ संस्करण देश के विभिन्न भागो से प्रकाशित हो चुके हैं, फिर भी इसके मूल पाठ के सुंदर संपादन की आवश्यकता अब भी बनी हुई है प्रस्तुत ग्रंथ मे वेलि के संपादन काय का समावेश न करने का एक मात्र कारण ग्रंथ की कलेवर वृद्धि का भय था पर दूसरी ओर वेलि के आलोच्य खण्ड मे कई सवथा नवीन अध्याय यथा (१) वेलि का काव्य रूप (२) वेलि म औचित्य तथा (३) वेलि मे पृथ्वीराज की भक्तिभावना आदि को सयुक्त कर इसके सर्वांगो को पुष्ट किया गया है

कृतित्व के दूसरे खंड म अन्य रचनाओ के अन्तगत प्रत्येक रचना के प्रारम्भ के पूव विषय प्रवेश की दृष्टि से एक एक भूमिका दी गई है इन विषय प्रवेशों मे विषय पर सामान्य प्रकाश ही न डाल कर, इसकी संक्षिप्त साहित्यिक-समीक्षा भी दी गई है इसके पीछे आशय यह रहा है कि ऐसे प्रयास से विषय को हृदयगम करने मे सुविधा रहेगी अद्यावधि अप्रकाशित इन अन्य रचनाओ के मूल पाठ के नीचे शब्दार्थ और कतिपय स्थानो पर पाठान्तर भी दिये गये हैं मेरे लिये उचित तो यह होता कि इन कृतियो के सर्वांगो को आवेष्टित करती हुई एक विस्तृत समालोचना का इस ग्रंथ मे समावेश होता, पर जैसा कि ऊपर निर्देश किया जा चुका है कलेवर-वृद्धि

---

१ इस ग्रंथ के छपते छपते श्री सौभाग्यसिंह शेखावत का 'वरदा' वर्ष १८ अंक २ में एक लेख पढने को मिला शेखावत ने उपयुक्त गीत महाराज पृथ्वीराज राठौड कृत माना है वे अधिकारी शोधवेत्ता हैं और 'अमृत ध्वनि' के आधार पर यह कहा जा सकता है कि यह गीत भी कवि ने ही रचा होगा पर छंद में कहीं भी पृथ्वीराज का नामोल्लेख न होने के कारण संशय होता है संशय का एक कारण यह भी है कि स्वयं लेखक ने कहीं भी वह आधार नहीं दर्शाया है जिससे यह प्रमाणित हो कि यह छंद महाराज पृथ्वीराज कृत ही है

और समयाभाव इसमें बाधक रहे यह अवशता है, पर भविष्य में इस अभाव को पूर्ण करने की हार्दिक इच्छा है

प्रस्तुत ग्रंथ के परिशिष्ट के रूप में व्यक्ति, स्थान, संस्था, संदर्भ ग्रंथ और पत्र पत्रिकाओं की अकारादिक्रम में नामानुक्रमणिका देकर इसे और अधिक उपयोगी बनाने का प्रयत्न किया गया है

'महाकवि पृथ्वीराज, व्यक्तित्व व कृतित्व' शोध का विषय है और किसी शोधार्थी द्वारा इसके आधे भाग का समुचित रूप से प्रस्तुत करने पर उसे पी एच-डी की डिग्री प्राप्त हो सकती थी पर मेरा उद्देश्य कुछ दूसरा ही रहा है

इस विषय पर अपने विचारों को ग्रंथबद्ध करने की प्रेरणा तो मुझे बहुत पहले ही मिल चुकी थी और रेंगता सा काम कर रहा था, पर पूज्य पिताजी की स्नेहमयी रुष्टता ने इसमें वेग ला दिया ग्रंथ के प्रत्येक चरण पर मुझे उनका मार्गदर्शन प्राप्त होता रहा है मैं तो सदैव उनका ऋणी ही रहना चाहता हूँ

ग्रंथ के तैयार करने के बाद भी इसके प्रकाशन का प्रश्न तो था ही संयोग से पंचशील प्रकाशन जयपुर के प्रतिनिधि श्री कूर्मसिंह राठौड से मिलना हुआ उन्होंने इसे पूर्ण करने के लिये मुझे प्रोत्साहित किया और एक दिन इस प्रकाशन संस्था के मालिक व्यवस्थापक श्री मूलचंदजी गुप्ता का पत्र मिला कि पाडुलिपि शीघ्र ही प्रेषित कीजिये श्री मूलचंदजी गुप्ता ने बडी त्वरा से रसपूर्वक इस काम को अपने हाथ में लिया प्रस्तुत ग्रंथ का यह सौष्ठवयुक्त स्वरूप इन के प्रयत्नों का परिपाक है

इस कार्य के प्रारंभ से अंत तक मुझे अनेक मित्रों का प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से सहयोग मिलता रहा है, मैं उन सबका आभारी हूँ

साकरिया सदन,
वल्लभविद्यानगर (गुजरात)

भूपतिराम साकरिया

अनुक्रम

राजस्थान म किसी डिंगल कवि पर प्रथम बार
एक ऐसी पुस्तक का प्रकाशन हो रहा है, जिसका

व्यक्तित्व

राजस्थान मे किसी डिंगल कवि पर प्रथम बार
एक ऐसी पुस्तक का प्रकाशन हो रहा है, जिसका

व्यक्तित्व

वश

तेरहवी शती के अतिम चरण मे कन्नौज के राठौड राजा जयचद्र के वशज सेतराम के पुत्र राव सीहा मारवाड आये थे[1] उन्होने सवप्रथम 'खेड' पर अधिकार

---

१ राव सीहा, जिनका सिघसेन नाम भी ख्यातो मे उल्लिखित है, बडे धमपरायण क्षत्रिय वीर थे व अपने परिवार और परिग्रह के साथ वि स १२९२ म द्वारका की यात्रा पर जात हुए मारवाड आये थे उन्होने तब भीनमाल म मुलतान के आततायी मुसलमानो द्वारा आक्रा त प्रजा की रक्षा की थी द्वारका से लौटते हुए जब उनका मुकाम पाली मे हुआ तो वहाँ के ब्राह्मणो (जो बाद मे पालीवाल ब्राह्मण कहलाए) ने भी उनसे निवेदन किया कि उनकी भी भील, मेर मैणे आदि दस्युओ से रक्षा करें तदनुसार लुटेरो का दमन कर के पाली के ब्राह्मणों को भी अभय किया वहाँ उन्हे यह पता लगा कि खेड के स्वामी गोहिल और उनके मत्री डाभियो मे अनबन के कारण राज्य मे अव्यवस्था व लूट खसोट के कारण प्रजा सत्रस्त है सीहाजी न गोहिलो और डाभियो दोनो का दमन करके वहाँ अपना राज्य स्थापित कर दिया इसी बीच पाली को मुसलमानो ने लूटना प्रारम्भ कर दिया सीहाजी उनके मुकाबिले के लिये पाली चढ़ आये मुसलमाना को पाली से खदडते हुए जब वे बीठू गाँव आये तो सीहाजी वहाँ वीरगति को प्राप्त हुए गोहिलो ने इस बीच खेड पर पुन अधिकार कर लिया तब राव आसथान ने खेड पर आक्रमण करके गोहिलो को मारवाड स मार भगाया और वहाँ अपना निष्कटक राज्य स्थापित कर दिया मारवाड मे सर्वप्रथम खेड पर शासन होन के कारण मारवाड के राठौडो की मूल शाखा 'खेडेचा' नाम स प्रसिद्ध हुई मारवाड से भागे हुए गोहिलो और डाभियो ने सौराष्ट्र मे आकर अपन अपन राज्यों की स्थापना की

राजस्थान मे किसी डिंगल कवि पर प्रथम बार
एक ऐसी पुस्तक का प्रकाशन हो रहा है, जिसका

जमाया[1] उनके पुत्र आसथान खेड के अधिकारी हुए आसथान का एक भाई सोनग ईडर राज्य का अधिकारी हुआ[2] और सोनग से छोटा भाई अज ओखामडल का अधिकारी हुआ[3]

इसी प्रकार आगे जाकर राव सीहा का परिवार बहुत भाग्यशाली, बलशाली और नामांकित हुआ उनका वश दसाधिक राज्यो का सस्थापक[4] और लक्षाधिक परिवारो के रूप मे भारत के अनेक भागो मे प्रसरित और ख्यातिलब्ध हो गया

इन्ही समृद्ध और शक्तिशाली राठौड राज्यकुलो में पाबू मल्लिनाथ, राव कल्लाजी रायमलोत, महाराजा सावतसिंह (नागरीदास)[5], महाराजा जसवतसिंह (प्रथम), महाराजा अनूपसिंह, महाराजा मानसिंह, मीराबाई, बनीठजी और रूपादे एव वतमान महाराजा डॉ रघुबीरसिंह (सीतामऊ) आदि अनेक ख्यातनामा भक्त, विद्वान, कवि, विद्या व्यसनी, लेखक व वीर उत्पन्न हुए हैं इसी वश मे जोधपुर को बसाने वाले राव जोधा के पुत्र राव बीका ने बीकानेर राज्य की स्थापना की

---

१ खेड का प्राचीन नाम क्षीरपुर अथवा खेड पाटण भी रहा है, जो लेखक के गाव बालोतरा से ६ मील दूरी पर अवस्थित है किसी समय यह एक विशाल वभवशाली नगर था मीलो दूर स्थित वज्जावा (वज्रावास) तेमावा या तम्मावा (ताम्रावास) सोभावा या शोभावास आदि निकट के ग्राम इस नगर के मोहल्ले कहे जाते हैं लूनी नदी के किनारे पर स्थित यह नगर वष्णव शव, एव शाक्त आदि सम्प्रदायो का सगम एव तीथस्थान है इस समय खडहरो के बीच चार भग्न हिन्दु मदिर ही शेष हैं बडे मदिर म चतुभुज विष्णु की तेरहवी शती की अत्य त भव्य कलाकृति अखडित रूप मे विद्यमान है इसके जीर्णोद्धार का काय सवप्रथम लेखक के पिताश्री और उनकी मित्रमडली ने उठाया था

२ यहाँ की राठौडो की शाखा का नाम 'इडरिया' राठौड हुआ

३ यहाँ की राठौडो की शाखाओ के नाम वाढेल व वाजी हुए

४ मडोवर (जोधपुर) बीकानेर किशनगढ, रतलाम, सीतामऊ, झाबुआ, अमझरा, भिणाय ईडर आदि

५ भक्त कवि नागरीदास की पत्नी बनीठनीजी भी प्रसिद्ध भक्त कवयित्री थीं राव सीहा के वश के सभी राठौड राजघरानो मे एसी अनेक रानियाँ और पडदायतें भक्त कवयित्रियाँ हो गई हैं

जन्म

'वेलि क्रिसन रुकमणी री' एव अनेक ग्रन्थो के प्रणेता तथा हमारे ग्र थ नायक, महाकवि पृथ्वीराज राठौड इन्ही राव बीका की चौथी पीढी मे थे [१] राव कल्याणमल के पुत्र और बीकानेर नरेश महाराजा रायसिंह के अनुज, वीरवर पृथ्वीराज का जन्म सवत १६०६ की मार्गशीर्ष कृष्णा प्रतिपदा को बीकानेर मे हुआ था उनकी माता का नाम भगतादेजी सोनगरी था [२]

महाराज पृथ्वीराज राव कल्याणमल के तृतीय पुत्र थे [३]

---

१ आचार्य प बदरीप्रसाद साकरिया द्वारा सपादित 'मुहता नैणसी री ख्यात', भाग तीसरा, पृ ३१ — 'बीका के लूणकरण', लूणकरण के जतसी, जतसी के कल्याणमल और कल्याणमल के रायसिंह, जिनके भाई पृथ्वीराज थे

२ वही । भाग तीसरा पृ ३१,

३ (अ) वही । भाग तीसरा पृ २०६ राव श्री कल्याणमलजी रै कवरा रा नाम —

(१) महाराज श्री रायसिंघजी
(२) रामसिंघजी
(३) प्रिथीराजजी
(४) सुरताणजी
(५) भाण
(६) अमरो (अमरसिंघ)
(७) गोपाळदास
(८) राघवदास
(९) डूगरसी (डूगरसिंघ)

(ब) श्री अगरचद नाहटा ने पृथ्वीराज दिवस पर दिये गये अपने भाषण (राजस्थान भारती, भाग ७, अक १ २) मे राजकुमारों के नाम इस प्रकार दिये हैं—

(१) रायसिंघ,
(२) रामसिंघ,
(३) सुरताण,
(४) पृथ्वीराज
(५) भाण,
(६) गोपाळदास,
(७) राघौदास
(८) अमरो
(९) डूगरसी,
(१०) भाखरसी,
(११) भगवानदास

श्री नाहटा ने इसका आधार उद्धृत नही किया है

(स) वीर विनोद' मे बीकानेर की तवारीख के अन्तर्गत पृ ४८५ पर कल्याणमल के दस पुत्रा के नाम इस प्रकार दिये हैं —

(१) रायसिंह,
(२) रामसिंह
(३) पृथ्वीराज
(४) अमर सिंह
(५) भाण
(६) सुरताण
(७) सारगदे,
(८) भाखरसी
(९) गोपालसिंह
(१०) राघवदास

इस प्रकार हम देखते हैं कि उपयुक्त तीनो उद्धरणा मे न केवल क्रम भेद है बल्कि सख्या भेद भी है दूसरे उद्धरण में पुत्रो की सख्या बढकर ग्यारह हो गई है पृथ्वीराज का स्थान तीसरे स्थान की जगह चौथा हो गया है

राजस्थान में किसी डिंगल कवि पर प्रथम बार
एक ऐसी पुस्तक का प्रकाशन हो रहा है, जिसका

पृथ्वीराज के वशज

महामहोपाध्याय श्री ओझाजी कृत 'बीकानेर राज्य का इतिहास' भाग दो पृ ७०१ पर पृथ्वीराज के वशजा की वश-वृक्षावली इस प्रकार दी गई है —

(१) पृथ्वीराज (२) सुदर्सिह (सुदरसेन) (३) केशरीसिह (४) विजसिह (५) छत्रसिह (६) जोतसिह (७) मुकनसिह (८) कुशलसिह (९) लूणकरण (१०) सूरजमल (११) हरिसिह (१२) गणपतसिह (१३) मेघसिह

स्वय पृथ्वीराज के दो पुत्र थे जिनके नाम क्रमश (१) सुदशन (सुदर्सिह) तथा (२) गोकलदास है

पृथ्वीराज के वशज 'पृथ्वाराजोत बीका' कहलाते हैं तथा बीकानेर राज्यान्तगत ददरेवे' के ठाकुर हैं

व्यक्तित्व

'ऊगती बाजरी रा बोकना इक' वे (होनहार बिरवान के होत चीकने पात)-हमारे चरित्रनायक बाल्यकाल से ही विलक्षण प्रतिभा के घनी थे प्रत्यक्ष दिखलाई पडनवाले विरोधी गुणो से परिपूर्ण महाकवि पृथ्वीराज राठौड साहित्याकाश के एक जाज्वल्यमान नक्षत्र थे यद्यपि प्रारम्भ से ही वे ऐश्वय और विलास मे पले थे, फिर भी उनकी उत्कृष्ट भगवत् भक्ति, प्रतिभा सम्पन्न काव्यशक्ति और वदुष्य, अप्रतिम वीरता तथा सुडौल स्वरूप आदि उनके बहुमुखी प्रभविष्णु व्यक्तित्व के परिचायक थे

दो सौ बावन वष्णवन की वार्ता' के अनुसार महाराज पृथ्वीराज बाल्यकाल स ही बडे गभीर व साधु प्रकृति के थे — 'ये पृथ्वीसिहजी बीकानेर के राजा कल्याणसिहजी के यहाँ ज मे सो बालपणे सो इनको चित्त साधु सगति में रहे देश देस के साधु वहाँ आवत तिनसे य मिले इन सबका इतना व्यापक प्रभाव पृथ्वीराज के बाल मस्तिष्क पर पडा कि जब ये बडे हुए सवप्रथम गोकुल व मथुरा की यात्रा को गये

वैवाहिक जीवन

यद्यपि पृथ्वीराज की पत्नियो के सबध मे विद्वानों मे मतैक्य नहीं है और अनेक प्रकार के वाद प्रचलित हैं फिर भी एक बात निसदिग्ध है कि उनकी एक अथवा अनेक सभी पत्नियाँ प्रसिद्ध सुदरियाँ विदुषियाँ और वीर रमणियाँ रही हैं

उनका विवाह जसलमेर म हुआ था उनकी प्रथम पत्नी का नाम लालादे तथा द्वितीय का नाम चापादे (चपावती) था दोनों ही जसलमेर के रावळ हरराज

की पुत्रिया थी [1]

---

१ (अ) राजस्थान भारती पृथ्वीराज विशेषाक के परिशिष्टाक म राठौड पृथ्वीराज की पत्नी चपावती' — ले श्री अगरचद नाहटा स आचाय प बदरीप्रसाद साकरिया

(ब) जसलमेर के इतिहासानुसार रावळ हरराज की तीना पुत्रियो के नाम क्रमश गगा चापा और नाथी मिलता है

(स) डॉ हीरालाल माहेश्वरी ने अपने शोध प्रबन्ध 'राजस्थानी साहित्य' पृ १५२ मे लिखा है कि 'पृथ्वीराज के तीन विवाह हुए थे प्रथम महाराणा उदयसिंह की पुत्री से, दूसरा जसलमेर के रावळ हरराज की बटी लालादे और तीसरा लालाद की मृत्यु के बाद उसकी छोटी बहन चापादे से चापादे स्वय कवयित्री थी'

(द) 'क्रिसन रुकमणि री वेलि' के एक सम्पादक प्रो नरोत्तमदास स्वामी ने अपनी प्रस्तावना पृ २४ पर पृथ्वीराज के प्रथम विवाह को उदयपुर के महाराणा की पुत्री और महाराणा प्रताप की बहिन के साथ हुआ मानत हैं इस रानी का नाम किरनवती बताया जाता है

पर पृथ्वीराज का प्रथम विवाह महाराणा उदयसिंह की पुत्री के साथ हुआ था इतिहास सम्मत नही है वास्तव मे इनके बडे भाई महाराजा रायसिंह का विवाह महाराणा उदयसिंह की पुत्री से हुआ था इस सम्बन्ध म कविवर दुरसा आढा का निम्न गीत प्रसिद्ध है यह गीत श्री रावत सारस्वत न सादूळ राजस्थानी रिसच इस्टीट्यूट, बीकानेर से 'डिंगल गीत' नामक ग्रथ मे प्रकाशित करवाया है —

गढ बीकाण, चीतगढ सगपण,
कलो उदैसिघ इळ आकास।
जसमा नार रायसिघ जोडो,
पमग पाचसो हसत पचास ।।

(भावाथ — बीकानर के राव कल्याणमल और चित्तौड क राणा उदयसिंह के इस सबध और जसमादे तथा रायसिंघ के विवाह के अवसर पर पाँच सौ घोड और पचास हाथियो का यह दान पृथ्वी और आकाश की समाप्ति तक चिरस्थायी रहेगा)

— वीर विनोद' पृ १७८ — रायसिंघ की शादी महाराणा उदसिंह की बटी जसमादे से हुई थी

— आचाय प बदरीप्रसाद द्वारा सम्पादित 'मुहता नैणसी रीख्यात भी इसका पुष्ट प्रमाण है

राजस्थान मे किसी डिंगल कवि पर प्रथम बार
एक ऐसी पुस्तक का प्रकाशन हो रहा है, जिसका

कुछ प्रवाद तीसरी पत्नी के होने के तथ्य की भी पुष्टि करते हैं और उसका नाम किरणवती बतलाते हैं,[1] जो हिंदू सूय महाराणा प्रताप के अनुज शक्तिसिंह की पुत्री थी ये वे ही शक्तिसिंह हैं जो एक बार अपने भाई से क्रोधित हो अकबर से जा मिले थे, पर विश्वप्रसिद्ध हल्दीघाटी के तुमुल युद्ध मे महाराणा प्रताप के अप्रतिम शोय व कत्त व्यपरायणता से इतने प्रभावित हुये कि उनकी रक्षाथ अपने प्राणा को भी सकट म डाल दिया कुछ विद्वान लालादे और किरणवती दोनो को एक ही मानते हैं तथा अकबर के राज्य मे नौरोज के जश्न मे जो मीना बाजार लगाया जाता था, उसमे अकबर को बोधपाठ सिखान वाली चापादे थी[2]

---

१ The Annals & Antiquities of Rajasthan by James Tod और 'कल्याण' के नारी विशेपाक प ५८२ वीरागना साध्वी किरणदेवी'

२ (अ) मुशी देवीप्रसाद कृत राज रसनामत' चौथी धारा

(ब) क्रिसन रूकमणी री वेलि स डॉ तस्सितौरी भूमिका, पृ VI — 'एक बार अकबर ने पृथ्वीराज को गुजरात मे घोडे खरीदने के लिये भेजा जब वे घोडे खरीद कर दिल्ली वापस लौट रहे थे तो एक ऐसे गाँव से गुजरे, जिसमे दूध उपलब्ध नही था और वे बडे असमजस म पडे बात यह थी कि घोडो के व्यापारी ने उनको अेक शत पर घोडे बेचने का तय किया था शत थी कि दिल्ली तक सारे रास्ते भर घोडा को दूध पिलाया जायगा इतने मे एक चारण कुमारी वहाँ आई और उसने एक गाय का दोहन करके ही इतना दूध निकाला, जो सारे रास्ते घोडो की आवश्यकता स अधिक था पृथ्वीराज को बडा आश्चय हुआ और वे चारणकुमारी के चरणो पर गिरे उन्होने उससे कहा कि देवि ! ऐसा एक जादू तो मुझे भी बतलाइये उसन अपना नाम राजबाई बतलाया और कहा कि जब आप सकट म हो तो मुझे याद करें मैं आपकी सहायताथ उपस्थित हूँगी कुछ समय बाद पृथ्वीराज की पत्नी की अनुपम सुदरता के विषय मे सुनकर, पृथ्वीराज के बिना जान बादशाह ने उसे दिल्ली बुलवाया पर इसके पूव कि रानी दिल्ली मे प्रवेश करे पृथ्वीराज रास्ते म मिल गय रानी ने सारा वृत्तात कह सुनाया और शाही पत्र बतलाया बहुत समय तक पृथ्वीराज किंकत्त व्यविमूढ अवस्था मे खडे रहे बादशाह की विश्वासपात्रता का ठोकर मार दे या पत्नी का सम्मान खो दें इसी समय राजबाई का ध्यान आया जसे ही उन्होने राजबाई का स्मरण किया, राजबाई वहाँ उपस्थित हुई उसन पृथ्वीराज को धीरज दिलाया और स्वय सिंहनी बेश म अकबर के यहाँ गई अकबर बडा भयभीत हुआ और उससे यह प्रतिज्ञा करवाई कि भविष्य म वह किसी राजपूतनी का सतीत्व हरण करने का प्रयास न करेगा

नौराज के जश्न मे बीकानेर की इस रानी की वीरता ने अनेक कवियो, नाटककारो तथा इतिहासकारो को आकर्षित किया है जिन अनेक कविताओ और नाटको म इसकी इस अप्रतिम वीरता को अकित किया गया है उनम स एक कविता कविवर जगन्नाथदास 'रत्नाकर' की है जो 'कल्याण' के वर्ष २२, अक ११ म प्रकाशित हुई थी—

बीकानेरी वीरांगना

रानी पृथ्वीराज की निहारति सिगार हाट,
पागति सु दीठी गथ विविध बिसाती पै।

कहै रतनाकर फिरी त्यो फँसी फद बीच,
लपक्यो नगीच नीच धरम अराती प।

परसत पानि अनवान गजपूती आनि
औचक अचूक घात कि ही घूमी घाती प।

झटकि झटाक कर पटकि धरा प धरी,
काती नोक गब्बर अकब्बर की छाती प ॥

रावळ हरराज की प्रथम पुत्री गगा का विवाह पृथ्वीराज के बडे भाई महाराजा रायसिह के साथ हुआ था [१] तब एक स्वाभाविक प्रश्न होता है कि लालादे कौन थी और कहाँ की थी? बहुचर्चित और अति प्रचलित होते हुय भी यह गवषणा का विषय है यहाँ एक ऐसा भी प्रश्न उत्पन्न होता है कि वस्तुत हरराज के कितनी

---

१ (अ) 'मुहता नणसी री ख्यात' भाग ३ पृ ३१ स आचाय प बदरी प्रसाद साकरिया— 'महाराजा श्री सूरसिघजी भाटी रावळ हरराज रा दोहिता राणी श्रीगगाजी रो बेटो सासर रो नाम सोभागदजी ये सूरसिघजी महाराजा रायसिहजी के पुत्र थे

(आ) टॉड कृत राजस्थान का इतिहास' अनुवादक श्री केशवकुमार ठाकुर पृ ५१७ बीकानेर का इतिहास— 'जसलमेर के राजा की लडकी का विवाह रायसिह के साथ हुआ था और उसकी दूसरी लडकी बादशाह अकबर को ब्याही थी' इस ववाहिक सबध क कारण रायसिह और पृथ्वीराज के प्रति बादशाह का आकपण स्वाभाविक था

(इ) 'दयाळदास री ख्यात' भाग २ पृ १२३— "पीछ स १६४६ फागण वद २ र साहै ऊपर श्री रायसिघजी रावळ हरराज री बेटी गगा नू परणीजण पधारिया जसळमेर अर सिराही रो राव सुरताण इण साहै परणीजण आयो हरराज री बेटी"

राजस्थान मे किसी डिंगल कवि पर प्रथम बार
एक ऐसी पुस्तक का प्रकाशन हो रहा है, जिसका

पुत्रिया थी ?

जसा कि प्रसिद्ध है लालादे के मरणोपरान्त उसकी जसी ही रूपवान सदगुणी, विदुषी और उसकी ही सगी छोटी बहिन चापादे का विवाह पृथ्वीराज राठौड के साथ किया गया साथ ही यह भी सभव है कि पृथ्वीराज अकबर के दरबार म शक्तिसिंह के अत्यधिक सम्पर्क मे आये हो और वही किरणवती का विवाह उनसे हो गया हो यहाँ प्रश्न यह उठता है कि क्या पृथ्वीराज अकबर के दरबार मे दरबारी के रूप म विद्यमान थे ?[१]

पृथ्वीराज कृत दोहो[२] मे तो यह सभावना अधिक पुष्ट होती दिखाई पडती है चपाद क साथ विवाह होने के पश्चात् महाकवि को बारह वष तक बादशाह की चाकरी म रहना पडा[३] पत्नी विछोह के एक वल्प तथा मुगलकालीन ऐश्वय-पूण परम्परागत जीवन मे तीसरा विवाह कोई अनहोनी घटना नही है इसी किरणवती ने सभवतया अपने निमल चारित्र्य और शौय से अकबर जसे शक्तिशाली पर पतित बादशाह को नौराज के जशन मे जनाना (मीना) बाजार को समाप्त करने के लिये विवश किया हो

---

१ (प) यह भी एक विवादास्पद विषय है कि महाराज पृथ्वीराज राठौड अकबर के दरबार म विद्यमान थे इस सबध मे बीकानेर से प्रकाशित सेनानी के सन् १९५८ के जनवरी–फरवरी अको मे प्रसिद्ध राजस्थानी कवि श्री मुकुनसिंह और ख्यातिप्राप्त शोधकर्ता श्री अगरचद नाहटा के लेख द्रष्टव्य हैं।

(फ) 'वीर विनोद' मे अकबर बादशाह के मनसबदारो की जो विस्तृत सूची दी गई है उसमे पृथ्वीराज राठौड का नाम नही है

(ब) परवर्ती शोधानुसार पृथ्वीराज का अकबर के दरबार मे होना (दरबारी कवि के रूप म नही) प्रमाणित होता है।

(भ) प्रो नरोत्तमदास स्वामी सपादित 'क्रिसन रुक्मणी री वेल' भूमिका पृ २४ पर लिखा है सम्राट के दरबार मे पृथ्वीराज का बडा सम्मान था अकबरी दरबार के नौ रत्नो मे स एक पृथ्वीराज भी थे' ऐसा मानने का आधार क्या है उसका उल्लेख स्वामीजी ने नही किया है

२ श्री अगरचदजी नाहटा के सवत् १७१९ के गुटके के आधार पर

३ वही

लालादे[1] की मृत्यु के पश्चात पृथ्वीराज राठौड विक्षिप्त से हो गए हर पल लालादे की रट लगाते हुए उन्होने खानपान तक छोड दिया कहते हैं कि अपने अग्रज महाराजा रायसिंह की आज्ञानुसार जब पृथ्वीराज राठौड अकबर के दरबार मे जाने लगे तो उन्होंने अपनी प्रियतमा लालादे को यह वचन दिया था कि वह छ मास की अवधि के समाप्त होते ही तुरन्त बीकानेर लौट आयेंगे उधर लालादे ने भी प्रण किया था कि यदि निश्चित अवधि से एक दिन भी अधिक लग गया तो वह अपना प्राण त्याग देगी अवधि समाप्त हो गई और विरह मे शोकाकुल लालादे तडफ उठी—

पति परितिग्या साभळो, अवध उलघन थाय,
प्राण तजू तो विरह मे, कद न राखू काय।

(हे पतिदेव ! आप अपनी प्रतिज्ञा का स्मरण करें, अवधि समाप्त हो रही है मैं विरह मे अपने प्राणो का त्याग कर दूगी और अपनी काया को भस्म कर दूगी)

लालादे के प्राणपखेरू उड गए और जब चिता धक धक कर जल रही थी तो चिंतातुर प्रेम प्यासा कवि वहा आ पहुँचा और बरबस फूट पडा—

कथा ऊभा कामणी, साई ! थू मत मार,
रावण सीता ले गयो, वे दिन आज सभार ।।१।।

लाला लाला हू करू, लाला साद म देय,
मो अधा री लाकडी, मीरा खीच म लेय ।।२।।

और अत मे कवि ने लाला को जला देने वाली सवभक्षी अग्नि पर क्रुद्ध होकर कहा—

तो राघ्यो नी खावहूँ, रे वासदे निसडड !
मो देखत थें बालिया, लाला हदा हड्ड ।।३।।

(हे भगवान ! मेरी लाला की मृत्यु न होने दो म यहा खडा हूँ आप तो स्वय भुक्तभोगी है सीता का हरण होन पर आप कितने दुखित हुए होगे ? आप उसी दुख को याद कर मेरी लाला को उबार लीजिए ।।१।। मैं लाला लाला पुकार रहा हूँ पर लाला प्रत्युत्तर नही देती है हे भगवान ! वह ही मुझ अध का सहारा

---

१ 'कहावती गाथाए' नामक डॉ कन्हैयालाल सहल का लेख जिसमे से उपयुक्त उद्धरण प्रस्तुत किये गये हैं

२ 'राजस्थान के सांस्कृतिक उपाख्यान'—लेखक डॉ० कन्हैयालाल सहल पृ० ६३ पर ई घटना का अति सक्षप मे उल्लेख है

राजस्थान में किसी डिंगल कवि पर प्रथम बार
एक ऐसी पुस्तक का प्रकाशन हो रहा है, जिसका

थी आप उसको मुझ से दूर न कीजिए ।।२।। हे अग्नि ! अब मैं तेरे द्वारा पकाया गया अन्न ग्रहण नहीं करूँगा, क्योकि तूने मेरे समक्ष ही, मेरी लाला को जलाकर भस्म कर दिया ।।३।।)

पृथ्वीराज की इस विक्षिप्तावस्था मे सारे परिजन दुखी हो उठे और उपचार के लिये विचार विनिमय होन लगा निश्चय किया गया कि स्वरूप, वर्ण, गुण आदि मे लालादे के समान, उसकी ही छोटी बहिन चपादे का विवाह पृथ्वीराज के साथ कर दिया जाय छत्तीस वष की अवस्था मे स० १६४२ मे जब हरराज की राजकुमारी का विवाह पृथ्वीराज के साथ सम्पन्न हुआ तो एक बार तो स्वय पृथ्वीराज धोखा खा गए पुन स्थिर हष्टि से देखने पर उनका विरह व्याकुल कवि बोल उठा—

आयी है चपा अठ, वा लाला अब नाहिं,

(यह तो चपादे यहा आई है लालादे तो अब इस लोक मे नही है)

चपादे के साथ विधिवत विवाह के पश्चात्, जब महाकवि ने उसकी पति परायणता दखी तो पृथ्वीराज के मन मे अनेक विचार तरगें उठी और अ त मे उसे सहप अगीकार करते हुए कहा—

चपा ! डगला चार, सामा ह्वै दीज मजल,
हीडळते गळ हार, हसतमुखा हरराय री ।

(हे हरराय की पुत्री चपा ! गले के हार को उभरे वक्षस्थल पर झुलाती हुई तथा ओठा पर स्मित लिए अपने प्रियतम की ओर स्नेहपूण चार कदम तो बढा अर्थात उसके समीप तो आ)

चतुर चपा न भी बडा मनोहारी उत्तर देकर अपनी काव्य रसिकता तथा वदुष्य स रसिक कवि पति को मोहित कर लिया—

मुकुल परिमल परीहरे, जब आये ऋतुराज,
अलि नही आलि हयन की कलि विकसे कहि काज ।

(बसत ऋतु के आन पर यदि भौरे पुष्पो की मधुर सुवास को त्याग कर चले जाय तो कलिका किसके लिए विकसित हो)

उत्तर पाकर कवि बाग बाग हो उठा और दौड कर उसे आलिगन वद्ध कर लिया पृथ्वीराज को यह अनुभव हुआ कि चपादे न केवल काव्य रचना म ही चतुर है वल्कि "लाला" मे भी दो डग आगे ही है तो कवि को आत्मतुष्टि हुई और यही प्रसग कवि के पुन प्रवृति मार्ग ग्रहण करन का कारण भी हुआ वे अब उसे अत्यन्त प्यार करन लगे —

चपा ! थू हरराज री, हस कर बदन दिखाए।
मो मन पात कुपात ज्यू, कबहू तृप्त न थाए ।।

(हे हरराज की पुत्री चपा ! तू सदैव मुस्कराती रह मेरा मन कुपात्र के समान है जो कभी तृप्त ही नही होता)

वैसे ही चपादे प्रतिभाशालिनी थी, पर कवि प्रियतम के सपर्क से उसकी प्रतिभा म चार चाद लग गये वह न केवल काव्य निर्माण की ओर ही अभिमुख हुई बल्कि उसकी काव्य दक्षता इस सीमा तक पहुँच गई कि पाद पूर्ति म भी सदा कदा अपने पति की सहायभूत बन जाती थी

कहते हैं कि एक बार 'वेलि' की रचना मे महाकवि राजा भीष्मक के नगर कुदिनपुर के वभव का वर्णन करते हुए आगे के पद के अभाव मे, चदन पाट चदन पाट दुहरा रहे थे तभी कवि प्रिया ने तुरन्त ही अपनी कुशाग्र बुद्धि से पाद पूर्ति कर

चदन पाट कपाट ही चदन।

दोनो का दाम्पत्य जीवन बडा सुखमय रहा हास विलास, क्रीडाओ तथा काव्य निर्माण मे समय व्यतीत हो रहा था कि एक दिन दपण के सम्मुख बठ हुये कवि को अपनी दाढी मे सन जैसा सफेद बाल दिखलाई पडा। उन्होने उस उखाड फेंका इतने मे चपाद दपण मे प्रतिबिम्बित हुई वास्तव मे कभी की ओट मे खडी चपादे अपन प्रियतम के क्रिया कलाप दख रही थी कवि कहा चूकने वाले थे अपनी मनोदशा को छिपाते हुए उन्होने मुस्करा कर एक व्यग्य बाण छोडा —

पीथळ धोळा आविया, बहुळी लागी खोड ।
पूरे जोवण पदमणी, ऊभी मुक्ख मरोड ।।

(अब तो मेरे श्वेत केस क्या आगए, एक दुगण आ गया है मैं वृद्ध होने लगा हू इसी कारण यौवन मे मदमस्त प्रियतमा मुझ से मुख मोडे खडी है)

चतुर चपादे ने महाराज के मनोभावो को समझ कर तथा उनकी ग्लानि को दूर करने की दृष्टि से कवि प्रिया ने समुचित मनोवैज्ञानिक उत्तर दिया—

प्यारी कहै, पीथळ सुणो, धोळा दिस मत जोय।
नरा, नाहरा, डिगमरा, पाक्या ही रस होय ।।१।।
खेडज पक्का धोरिया, पथज गध्धा पाव ।
नरा, तुरगा, वनफळा, पक्का पक्का साव ।।२।।

(चपादे कहती हैं कि हे प्रियतम पृथ्वीराज आप सुनिए अपने श्वेत केसा की ओर मत देखो वे सदव बुरे नही होते पुरुष, सिंह, दिगम्बर (मुनि) परिपक्व होने

राजस्थान मे किसी डिंगल कवि पर प्रथम बार
एक ऐसी पुस्तक का प्रकाशन हो रहा है, जिसका

पर ही रसपूर्ण होते हैं अनुभव, वय और ज्ञान की प्राप्ति होने पर ही पुरुष, सिंह और दिगम्बर पूर्ण माने जाते हैं ।।१।। बैलो के जीवन का साफल्य हल चलाने मे है, ऊँट का साफल्य मार्ग तय करने मे है तथा नर, घोडा और फलादि पकने पर ही रसपूर्ण व स्वादिष्ट होते है ।।२।।)

चपादे सम्बन्धी अन्य सामग्री पर श्री अगरचँद नाहटा ने प्रकाश डाला है[1] एक बार पृथ्वीराज को चिंतित मन देख कर बादशाह ने उनकी उदासीनता का कारण पूछा तब पृथ्वीराज ने बड़ा मर्मस्पर्शी उत्तर दिया—

प्रश्न —मन उतराधो तन दखण कहो न कवण विचार ?
उत्तर —मन गुणवती मोहियो, तन रूंधो दरबार ।।१।।

के सेवइ पग नाथ ना के सेवइ तट गंध ।
पृथु सेवइ चपाकली, सदल, सरूप सुगंध ।।२।।

(हे पृथ्वीराज! तुम्हारा मन उत्तर तथा तन दक्षिण की ओर है अर्थात् तुम्हारा मन अस्थिर है कहो तुम किन विचारो में लीन हो ? पृथ्वीराज ने उत्तर दिया कि मेरा मन एक गुणवती नारी ने मोह लिया है जबकि मेरा शरीर आपके दरबार में रुद्ध है कोई नाथ के चरणो की सेवा करते हैं तो कोई गंध के उपासक है पर पृथ्वीराज तो चपाकली के ध्यान में लव लीन है जो बहुत मस्त सुगठित सुदर व सुगंधि से पूर्ण है यहा चपाकली मे श्लेष है चपादे और चम्पा पुष्प)

बादशाह उनके उत्तर पर रीझ गये और बीकानेर जाने की आज्ञा प्रदान की

बारह वर्ष के पश्चात् महल मे पधारने पर विरहातुर क्षीणकाय चपादे ने अपनी व्यथा बडी मार्मिकता से प्रकट की—

बहु दीहा हू वल्लहा, आया मदिर आज ।
कँवल देख कुमळाइया, कहो स केहइ काज ।।१।।
चुग चुगाये चच भरि गये निलज्जे काग ।
काया सर दरियाव दिल, आइज बठे बग ।।२।।

(हे प्रियतम आप बहुत दिनो के पश्चात् महलो मे पधारे हैं कौनसा कारण है कि आप मेरा मुख कमल देख कर उदास हो गए मांस तो निलज्ज कौए अपनी चोचो मे भर कर उड गए हैं यह काया तो नदी है और दिल समुद्र है, जिसके किनारो पर बगुले आ बठे हैं अर्थात् अब इस शरीर मे हड्डियाँ ही शेष रह गई हैं)

---

१ आचार्य प० बद्रीप्रसाद साकरिया द्वारा संपादित 'राजस्थान भारती' भाग ७ अक तीन में श्री नाहटा का लेख 'राठौड पृथ्वीराज की पत्नी चपावती'

महाराज पृथ्वीराज ने अपने उत्तर के एक ही छंद मे गागर मे सागर भर दिया—

जिहाँ परमल तिहाँ तुच्छ दळ,
जिहाँ दळ, तिहाँ नही गध।
चपा केरे तीन गुण,
सदळ सरूप सुगध ॥

(जहाँ पुष्प होते हैं वहाँ दल होता है, और जहाँ दल होता है वहाँ गध नही होती, पर चपा तुम्हम तो तीन गुण अति प्रसिद्ध हैं। वे हैं सदलता, स्वरूप और सुगधि)

और—

चपा चमकती दात कहु क दामिनी।
अहरा नइ आभा, होड पडो हरराज उत ॥

(हे हरराज की पुत्री तेरे दातो की चमक का क्या कहना वह दाँतो की चमक है कि बिजली की चमक—कुछ कहा नही जा सकता पर एक बात तो निश्चित है कि ऐसी आभा किसी अन्य की नही है)

कवि दम्पत्ति के काव्यमय जीवन के अनेक रोचक प्रसगो मे से एक बहु-चर्चित प्रसग चपादे की गहरी चिंता का है, जब उसे मालूम हुआ कि महा प्रतापी अकबर की अतुलित शक्ति की तनिक भी परवाह किये बिना उसके पति महाराणा प्रताप का पक्ष ले रहे हैं तो उसने तुरत एक दोहा उनको लिख भेजा—

पति जिद की पतशाह सू, यहै सुणी म्हैं आज।
कहँ पातळ अकबर कहाँ करियो बडो अकाज ॥

निरअविलब पृथ्वीराज ने चपादे को ब्रजभाषा मे जो निम्न उत्तर प्रेषित किया उससे दो बातें स्पष्ट उभर आती है प्रथम तो डिंगल के साथ साथ कवि का ब्रजभाषा पर भी विलक्षण वर्चस्व था द्वितीय, महाराणा म उनकी निष्ठा और उनकी शक्ति मे अगाध श्रद्धा का भाव—

जब तें सुने हैं बन, तब तें न मोकौ चैन
पाती पढ नेक सा न विलब लगावगो।
लकै जमदूत से समत्थ राजपूत आज,
आगरे म आठो याम उधम मचावगो ॥
कहैं पृथ्वीराज, प्रिया, नेकु उर धीर धरो,
चिरजीवी राना सो मलच्छन भगावगो ॥

राजस्थान मे किसी डिंगल कवि पर प्रथम बार
एक ऐसी पुस्तक का प्रकाशन हो रहा है, जिसका

मन को मरद् मानी प्रवल प्रतापसिंह
बब्बर ज्यो तडप अकब्बर पै आवगो ।।

स्वाभिमान—

उनके व्यक्तित्व की यह सबसे बडी विलक्षणता है कि बादशाह अकबर की सेवा म रहते हुए भी कवि ने अपना स्वाभिमान व स्वदेशाभिमान नही खोया था बादशाह की सेवा मे उनका तन था, धन था, पर मन व आत्मा नही थी इसीलिये जब महाराणा प्रताप का पत्र अकबर ने उनको लज्जित करने के लिये पढ सुनाया तो कवि का सुषुप्त जातीय गौरव एव राष्ट्राभिमान जाग उठा उन्होने बादशाह को बडा स्पष्ट पर विनम्र उत्तर दिया कि यह पत्र जाली लगता है यदि आपकी आज्ञा हो तो वे उसके सत्यासत्य की जाच करवाएँ बादशाह की सहष पर अभिमानपूर्ण सहमति पर उन्होने वह अमर ऐतिहासिक पत्र लिखा, जिसने इस देश के जातीय व राष्ट्रीय इतिहास को बदल कर समूचे मृतप्राय राष्ट्र की चेतना को एक नई दिशा दी महाराज पृथ्वीराज के इस पत्र के अभाव मे इस देश का अध पतन कितनी सीमा तक होता, इसकी परिकल्पना भी असम्भव है

आत्मग्लानि व भयकर अपमान से पीडित मन ही मन अत्यन्त क्षुब्ध पृथ्वीराज ने छदोबद्ध सक्षिप्त पर अत्यन्त उत्तेजिक व प्रभावोत्पादक काव्य पत्र लिखा—

पातळ, जो पतसाह, बोले मुख हुता बयण ।
मिहर पिछम दिस माह, ऊगै कासपरावउत ।।
पटकू मूछा पाण कै पटकू निज तन करद ।
दाज लिख दीवाण, इण दो महली बात इक ।।

(हे महाराणा प्रताप ! यदि आपने अकबर को अपने मुख से बादशाह कहा है तो समझो कि सूर्य पश्चिम दिशा मे उगने लगा है

हे दीवान ! क्या मैं अपनी मूछो पर ताव दू या अपनी तलवार से ही आत्मघात कर लू ? इन दोनो म से एक बात आप मुझे लिख भेजियेगा)

यह पत्र महाराज पृथ्वीराज का स्वामिभक्त सेवक चारण सूरचन्द टापरिया महाराणा प्रताप के पास ले गया था इस पत्र से एक बात स्पष्ट होती है कि

१ पातल=महाराणा प्रताप का काव्य नाम दीवाण=दीवान यहाँ एकलिगजी के दीवान से तात्पर्य है मेवाड के महाराणाओ को इसी नाम से सबोधित किया जाता है व अपने आपको मेवाड का महाराणा न मान कर दीवान मानते हैं महाराणा तो भगवान एकलिंग स्वय है एकलिंग उदयपुर के महाराणाओ के इष्टदेवता है एकलिंग का भव्य व प्राचीन मन्दिर उदयपुर नाथद्वारा सडक पर अवस्थित है

महाराणा प्रताप ने अकबर को अवश्य बादशाह कह कर अपने संधि पत्र म सम्बोधित किया होगा, तब ही पृथ्वीराज ने इसे अपने पत्र मे दोहराया है

वैसे वह अकबर जो प्रताप से आठो याम अत्यन्त भयभीत रहा करता था तथा येन केन प्रकारेण वह उन्हे अपनी अधीनता स्वीकार करवाना चाहता था, मन ही मन महाराणा का निकदन चाहता था पृथ्वीराज से अकबर की यह मन स्थिति छिपी न रह सकी और उन्हाने उसे लक्ष्य कर एक एसा दोहा लिखा जो इतिहास और साहित्य म विशिष्ट स्थान रखता है—

माई अहडा पूत जण जहडा राण प्रताप,
अकबर सूतो ओझके, जाण सिराणे साप ।

(हे मा! पुत्र उत्पन्न करो तो एसा करो कि जसे राणा प्रताप, जिनसे आतकित होकर अकबर रात को सोते हुए भी ऐसा चमकता है जसे सिरहाने साँप आने से लोग चमकते हा)

महाराणा प्रताप की अन्यतम विशेषताओ को लेकर कवि ने अनेक प्रशस्ति दोह लिखे हैं कई विद्वानो ने इन निम्नलिखित दाहो को भी पत्र का अग मान कर उसे उस दृष्टि से प्रकाशित करवाया है, पर वस्तुत वे पत्र के अग नही होकर उनके यशोगान म कहे गये दोहे है—

घर वाकी दिन पाधरा, मरद न मूकै माण ।
घणा नरिंदा घेरियो रहै गिरदा राण ॥१॥

पातळ राण प्रवाडमल वाकी घडा विभाड ।
सूदाड कुण है सुरा, तो ऊभा मेवाड ॥२॥

माई एहा पूत जण जेहा राण प्रताप ।
अकबर सूतो ओझक, जाण सिराणे साप ॥३॥

अहरे अकबरियाह, तेज तुहाळो तुरकडा ।
नम नम नीसरियाह राण विना सह राजवी ॥४॥

सह गावडिया साथ, एकण वाड वाडिया ।
राण न मानी नाथ, ताडै साड प्रतापसी ॥५॥

पातळ पाघ प्रमाण साची सागाहर तणी ।
रही सदा लग राण, अकबर सू ऊभी अणी ॥६॥

सहु गोवळिया पास, आळूधा अकबर तणी ।
राणो खिम न रास, प्रबळो साड प्रतापसी ॥७॥

राजस्थान मे किसी डिंगल कवि पर प्रथम बार
एक ऐसी पुस्तक का प्रकाशन हो रहा है, जिसका

चौथो चीतोडाह, बाटो बाजतो तणो।
माथ मेवाडाह, थार राण प्रतापसी ॥८॥

वाही राण प्रतापसी, बगतर मे बरछीह।
जाणक भीगर जाळ म, मुह काढ्यो मच्छीह ॥९॥

वाही राण प्रतापसी, बरछी लच पच्चाह।
जाणक नागण नीसरी, मुह्र भरियो बच्चाह ॥१०॥

पातळ घड पतमाह री, एम विधूसी श्राण।
जाण चढी कर बदरा, पोथी वेद पुराण ॥११॥

उपर्युक्त दोहो के अतिरिक्त कही कही निम्न पाच दोहो को भी पत्र का अग मान कर प्रस्तुत किया गया है, पर ये दोहे भी प्रताप के प्रशस्ति के हैं, पत्र का अग नही

(१) अकबर समद अथाह सूरापण भरियो सजळ।
मेवाडो तिण माह पोयण फूल प्रतापसी ॥

(२) अक्बर घोर अधार ऊघाणा हिंदू अवर।
जाग जग दातार पोहर राण प्रतापसी ॥

(३) अकबर एकण वार दागल की सारी दुनी।
अणदागल असवार, रहियो राण प्रतापसी ॥

(४) हिंदू पति परताप, पत राखी हिन्दवाण री।
सह विपति सताप सत्य सपथ करि आपणी ॥

(५) चपा चीतोडाह पोरस तणो प्रतापसी।
सोरभ अकबरसाह अळियळ आभडियो नही ॥

हमारे निजी ग्रन्थालय के एक हस्तलिखित ग्रन्थ मे, जिसमे अनेक कवियो के दोहो का सुदर सग्रह है उसमे निम्न दो दोहे सूराइच टापरिया के कहे हुये है, जिन्हे ऊपर महाराजा पृथ्वीराज रचित माना गया है—

(१) चापो चीतोडाह, पोरस तणो प्रतापसी,
सोरभ अकबरसाह अळियळ आभडिया नही

(२) पातळ पाघ प्रमाण साची सागाहर तणो।
रही सदा लग राण अकबर सू ऊभी अणी ॥

यह सूराइच टापरिया वही व्यक्ति है जिसे पृथ्वीराज ने पत्र वाहक के रूप म महाराणा प्रताप के पास भेजा था इन्हे अन्यत्र सूरचद टापरिया भी कहा गया है

उपर्युक्त प्रथम ग्यारह दोहो का भावार्थ इस प्रकार है—

[भावार्थ—जिसकी भूमि विकट है, समय अनुकूल है और जो स्वाभिमान का कभी नही छोडता, वह महाराणा पहाडो म निवास करता हुआ भी राजाओ से घिरा रहता है ॥१॥

हे युद्ध प्रवीण ! शूरवीर महाराणा प्रताप ! तुम विकट सेनाओ का सहार करने वाले हो तुम्हारे रहते मेवाड को कौन जीत सकता है ॥२॥

माता को ऐसा पुत्र उत्पन्न करना चाहिये, जसे माहाराणा प्रताप, जिसके स्मरण मात्र से अकबर ऐसे चौंका करता है, मानो उसके सिरहाने साप आ गया हो ॥३॥

हे मुसलमानाधिपति अक्बर ! तेरा तेज भी गजब का है, जिसके सामने राणा प्रताप के अतिरिक्त सभी अय राजागण नत मस्तक होगए ॥४॥

हे अकबर ! तू ने सब राजा रूपी बैलो को एक ही बाडे म डाल दिया पर प्रताप रूपी साड अब भी गरज रहा है उसको तुम नहीं नाथ सके ॥५॥

महाराणा सागा के पौत्र महाराणा प्रताप की ही पाघ सची है जो अक्बर के समक्ष सर्दैव खडी रही कभी झुकी नही ॥६॥

सभी राजा रूपी बछडे अकबर के बधन मे बध गये—उसके आधीन हो गए, पर प्रताप रूपी साड गरज रहा है वह अपने आपको कसे नथवा सकता है ॥७॥

हे चितौड और मेवाड के स्वामी महाराणा प्रताप ! घडी का चौथा हिस्सा, पाव घडी (अर्थात् पाघडी) तेरे ही सिर पर अनम्र रही है ॥८॥

राणा प्रताप की बरछी शत्रु के कवच को चीर कर ऐसे बाहर निकली जैसे मछली ने जाल स अपना मुह बाहर निकाला हो ॥९॥

राणा प्रताप की चलाई हुई बरछी इस प्रकार शत्रु की आतो का लेकर बाहर निकली, जसे कोई सर्पिणी अपन बच्चो को मुह मे लेकर बिल से बाहर निकली हो ॥१०॥

प्रताप ने अक्बर की सेना को ऐसे तहस नहस कर डाला जैस किसी बदर के हाथ मे वेद व पुराणो के ग्र थ पडने पर वह बडी आसानी से उनको फाड कर फेक देता है ॥११॥]

पत्र को प्राप्त करते ही स्वतत्रता दीपक के रक्षक, वनचारी, उस अमर सेनानी का सुप्त स्वाभिमान जाग उठा शरीर के अग फडकने लगे और रोगटे खड

राजस्थान में किसी डिंगल कवि पर प्रथम वार
एक ऐसी पुस्तक का प्रकाशन हो रहा है, जिसका

हो गये अपने पूवजो का गौरव और स्वतनता की ज्योति को सदैव प्रज्वलित रखने वाले असख्य वीरो के बलिदान का स्मरण कर, उनकी क्षणिक कमजोरी तिरोहित हो उठी। ग्लानि नष्ट होगई बचो की भूख प्यास भूल गए और वक्षस्थल सगव उन्नत कर उन्होंने जो उत्तर दिया, वह आने वाले युगो तक, जब कभी हमारा राष्ट्र इसी प्रकार तद्रा मे आत्म प्रतिष्ठा खो बैठेगा, हमे प्रेरित कर विश्व मे पुन प्रतिष्ठित करेगा।

महाराणा का उत्तर—

> तुरक कहासी मुख पतो, इण तन सू इकलिंग।
> ऊग जाँही ऊगसी, प्राची बीच पतग ॥१॥
> खुसी हूत पीथळ[1] कमध, पटको मूछा पाण।
> पछटण है जेत पतो, कलमा सिर केवाण ॥२॥
> साग, मुड सहसी सको सम जस जहर सवाद।
> भड पीथळ जीतो भला, वैण तुरक सू वाद ॥३॥

[भावार्थ—भगवान शिव की शपथ मेरे मुख से अकबर सदव तुक ही कहलाएगा सूर्य, जिस पूर्व दिशा मे उगता है उसी ओर उगेगा, पश्चिम मे कदापि नही ॥१॥

हे पृथ्वीराज राठौड! जब तक प्रताप मुसलमानो के सिर पर अपनी तलवार से प्रहार करने को जीवित है आप अपनी मूछो पर निर्शंक ताव देते रहियेगा ॥२॥

अन्य राजागणों (जिन्होंने अकबर की अधीनता स्वीकार कर ली है) की कीर्ति मुझे विष वत लगती है अधीनता स्वीकार करने के बनिसबत प्रताप तो अपने सिर पर तलवारो के वार ही सहन करना पसद करेगा वीरवर पृथ्वीराज! आप चाहें तो तुर्क से (अकबर से) वाद मे विजय प्राप्त कर सकते हैं ॥३॥]

उपयुक्त पत्रोत्तर से एक विशेष तथ्य और भी उभर आता है (जिस ओर साहित्यकारो का ध्यान नही गया है) कि प्रात स्मरणीय महाराणा प्रताप एक कुशल कवि भी थे इस सबध म और शोध-काय करने की अत्यन्त आवश्यकता है

यह तो निश्चित है कि पृथ्वीराज अकबर के दरबार के दरबारी कवि नहीं थे और वीर विनोद' के आधार पर यह भी सत्य है कि पृथ्वीराज अकबर के दरबार के मनसबदारो की सूची म नहीं थे तब प्रश्न होता है कि पृथ्वीराज अकबर के यहाँ किस हैसियत स रहत थ? कनल टॉड न अपन इतिहास म एक ऐसी विचित्र घटना का उल्लेख किया है[2] जिसका उल्लेख राजस्थान के किसी इतिहासकार ने तथा किसी नायधर्मी साहित्यकार ने अद्यावधि नहीं किया है —

---

१ पीथल—पृथ्वीराज राठौड़ का काव्य नाम

२— टॉड कृत राजस्थान का इतिहास में 'मेवाड का इतिहास पृ ९०२ अनुवादक श्री केशव कुमार.

'प्रताप के उस पत्र को बादशाह ने पृथ्वीराज नामक श्रेष्ठ राजपूत सरदार को दिखाया पृथ्वीराज बीकानेर के राजा का छोटा भाई था और वह इन दिनो मे अकबर बादशाह के यहाँ कदी था उसके कदी होने का कारण यह था कि उसम राजपूती स्वाभिमान था दूसरे राजाओ की तरह वह अकबर की अधीनता स्वीकार करने के लिये तैयार न था इसलिये वह कैद किया गया था और बन्दी अवस्था मे वह बादशाह के यहा जीवन व्यतीत कर रहा था'

उपर्युक्त अति रोमाचक घटना कितनी इतिहास सम्मत है वह तो इतिहास विशेषज्ञो पर छोड देते हैं पर इससे एक बात की सपुष्टि हो जाती है कि पृथ्वीराज बचपन से ही अत्यन्त स्वाभिमानी थे और साथ ही यह भी सभव है कि जब उनके अग्रज महाराजा रायसिहजी ने प्रथम बार भेंट आदि लेकर उन्हे बादशाह के दरबार मे भेजा था, तब अपने इसी अक्खड व निर्भिक स्वभाव के कारण, बादशाह ने इनके व्यवहार की स्वभावगत विशेषता न समझ कर इसे उद्दण्ड व्यवहार मान लिया हो और उन्हे नजर कद कर दिया हो निरतर वही रह कर और अपने चारित्रिक तथा अन्य असामान्य गुणो के कारण वे बादशाह के प्रिय पात्र बने होगे इसी विश्वासपात्रता के कारण भविष्य मे उनको सेना का मुख्य पद देने मे भी बादशाह को हिचकचाहट न हुई और क्रमश बादशाह पर अपने व्यक्तित्व की वह अमिट छाप छोडी कि पृथ्वीराज की मृत्यु पर, बादशाह कह उठे—

'पीथळ सौं मजलिस गई'

कदाचित इसी घटना के कारण यह वाद भी उत्पन्न हुआ कि पृथ्वीराज अकबरी दरबार मे थे?

वीर

पृथ्वीराज जगप्रसिद्ध वीर और बादशाह अकबर के बडे सम्मान्य व विश्वासपात्र सेनापति थ यही कारण है कि बादशाह ने इनको अनेक बार सेनापति अथवा सहायक सेनापति बना कर युद्ध विजय के लिये भेजा था एक सच्चा वीर सदैव आत्मविश्वासी और कृतनिश्चयी होता है और कहना न होगा कि उनम ये दोनो गुण कूट-कूट कर भरे हुए थे

'दयाळदास की ख्यात' म ऐसे कई प्रसग हैं जो इनके आत्म विश्वास व वीरता के परिचायक हैं कहते हैं कि एक बार बादशाह के कुछ अप्रिय बोल के कारण पृथ्वीराज के छोटे भाई अमरसिह डाकू बन गए बादशाह ने कहा कि अमरसिह पकडा जायेगा, पर पृथ्वीराज ने कहा कि अमरसिह कभी पकडा नहीं जायेगा और हुआ भी वही 'दयाळदास की ख्यात' मे इसका वणन इस प्रकार है—

'जिणा दिना अमरसिघजी पातसाहजी सू केई बोल माथ बारोटिया हुवा सु हजार दोय राजपूता सू खालसो लूटै तिणरी मालम हजरत मे हुई तद आरवखां

राजस्थान मे किसी डिंगल कवि पर प्रथम बार
एक ऐसी पुस्तक का प्रकाशन हो रहा है, जिसका

नै हुकम दिया, जो अमरू को पकड कर यहा ले आवो तठै पृथ्वीराजजी मालम करी जो हजरत आपसू बेमुख है सु सजावार करण जोग्य है अमरू हमारा भाई है पण गिरफदार होणै का नही दूसरा उसके ऊपर जायगा सो मारया जायगा तद पातसाहजी कया— 'पकडया आवैगा' पृथ्वीराजजी कयो – 'पकडया नही आवैगा'

हजरत सू मालम हुई जो अमरसिंघ मारया गया है तद पातसाहजी पृथ्वीराज न बुलाय र कयो 'पृथ्वीराज अमरू को पाणी देवो" तद क्यो, 'हजरत नही देऊ, वात भूठी है" पीछे दूजी डाक लागी महाराज ! आरवखा मारिया गया अमरसिंघजी का ऊपरता धड उड हौदे मे सामल हुवा जहाँ तेर कटारी का वार हुआ तद पातसाहजी क्या— या अल्ला आफरीवाद है अमरू के ताई हू पीथा ! अमरू बडा हिंदू था वो उडणा शेर था अरू पीथा तुम कू भाई का भरोसा बहोत हो रया था सु तू बी धन्य है तुमारा वचन बहोत नेक हुवा'

महाराज पृथ्वीराज राठौड के अनुज अमरसिंघ निश्चय ही एक स्वाभिमानी व वीर योद्धा थे जिनकी यशगाथा से राजस्थानी जन-मानस मुखर उठा अपने काय मे वे इतन लोकप्रिय हुए कि उन पर अनेक कवियो ने काव्य रचे बाई पदमा सादू री कह्यो, 'गीत बीकानेर राठौड अमरसिंघ रो' एक ऐसी ही रचना है—

सहर लूटतो सदा थू देस करतो सरद,
कहर नर पडी थारी कमाई ।
उजागर भाळ खग जतहर आभरण,
अमर अकबर तणी फौज आई ।।
बीकहर सीह घर मार करतो वसू
अभग अर व्रद तो सीस आयो ।
लाग गयणाग भुज तोल खग ळकाळा
जाग हो जाग कलियाण जाया ।।
गोळ भर सबळ नर प्रगट अरगाहणा
अरवसाँ आवियो लाग आसमाण ।
निवारो नीद कमधज अब निडर नर
प्रबळ हुय जतहर दाखवो पाण ।।[1]

---

१ (अ) श्री रावत सारस्वत द्वारा सम्पादित तथा सादूल राजस्थानी रिसर्च इन्स्टीटयूट बीकानेर द्वारा प्रकाशित डिंगल गीत प २७ टिप्पणी प ६ वे कहते हैं कि पदमा ने अमरसिंघ को उपयुक्त गीत गाकर जगाया और अमरसिंह के युद्ध मे वीरगति प्राप्त होने पर पदमा भी अन्य रानियो के साथ सती हो गई

(ब) कर्नल टॉड ने अमरसिंह को 'उडणा शेर (Flying Tiger) कहकर उसकी प्रशंसा की है"

[भावार्थ— तू सदा शत्रुओं के शहरों को लूटता और उनके प्रदेशों पर विजय प्राप्त करता है हे जेतसी के वीर पौत्र तुम्हारी वह कमाई आज कठिन हो गई है अमरसिंघ ! तलवार उठा अकबर की फौज आ गई है।

हे सिंह सदृश पराक्रमी! हे बीका के वशज! तू शत्रुओं पर आक्रमण कर उनके देश पर अधिकार करता था वे शत्रु सिर पर आ गये है हे कल्याणमल क पुत्र जाग और तलवार ग्रहण कर आकाश से जा लग

ह जतसी के पौत्र ! अपना पराक्रम दिखा क्योंकि शत्रु आरबखाँ तोपों म गोले भर आसमान स लगा आ रहा है ह राठौड वीर ! अब तो नीद छोड]

'दयाळदास री रयात' मे दूसरा प्रसग महाराज पृथ्वीराज के अग्रज महाराज रामसिंह से सबधित दिया गया है यह प्रसग अपन भाई का बदला लेने की घटना से है —

'आ वात सवत् १६५६ री है जद पृथ्वीराजजी विराजता हा सो रामसिंघजी क्तिेक साथ सू किल्याणपुर म उतर्या हा तठ राणी गगाजी रै क्य सू ठाकुर मालदेजी साथ कर रामसिंघजी नु चूक करण चढिया अर दरबार री पण छाप रुके मे छी पीछ गाव किल्याणपुर मे रामसिंघजी झगडो कर काम आया पीछ पृथ्वीराजजी दिल्ली सू आय रामसिंघजी रा वर लियो ठाकर मालदेजी ने वणी रीत नु मारिया रामसिंघजी काम आया तिण भाव रो गीत पृथ्वीराज कह्यो

(अनुवाद — यह घटना सवत् १६५६ की है जब पृथ्वीराजजी जीवित थे एक बार रामसिंघजी अपने कुछ सैन्य के साथ कल्याणपुर म रुके थे तब रानी गगाजी के कहने से उन्होन ठाकुर मालदेजी को मारने के लिये आक्रमण किया दरबार की मोहर भी रुके (पत्र) मे थी बाद मे कल्याणपुर म रामसिंघजी युद्धभूमि मे सेत रह (जब पृथ्वीराजजी को इसका समाचार मिला) तो पृथ्वीराजजी दिल्ली से आये और रामसिंघजी का बदला लिया ठाकुर मालदेजी को उसी प्रकार स मारा रामसिंघजी युद्ध में काम आये तत्सबधी गीत पृथ्वीराज ने बनाया)

हिन्दुस्तानी अकेडेमी प्रयाग द्वारा प्रकाशित व ठाकुर रामसिंघ व प सूय करण पारीक द्वारा सपादित वेलि क्रिसन रुकमणी री की भूमिका मे महाराज पृथ्वीराज की वीरता सबधी दो प्रसग दिये गये हैं—

(१) जब बादशाह ने अपने ही भाई मिरजा हकीम से लडने के लिय काबुल पर धावा किया उस समय पृथ्वीराज सेना के अग्र भाग मे विद्यमान थे इस युद्ध मे विशेष शूरवीरता का परिचय दन के लिय पुरस्कार स्वरूप इनको पूर्वी राजस्थान में

राजस्थान मे किसी डिंगल कवि पर प्रथम बार
एक ऐसी पुस्तक का प्रकाशन हो रहा है, जिसका

गोगराना (गागरौन) प्रात की जागीरी प्रदान की गई थी[१]

(२) 'मुहता नणसी री ख्यात मे गोगरान प्रात के साथ साथ खींचियां से युद्ध वणन का भी उल्लेख है—'तठा पछ वळे अेक वार राव प्रिथिराज कल्याणमलोत बीकानेरियानू गढ गागुरण दी थी सद पिण वेढ अेक हुई तिकी राव प्रथीराज जीतो खीची हार्‌या'

इसके पूव सन् १५७४ (सवत १६३०) के आसपास जब अकबर ने रायसिंह को गुजरात विजय के लिये भेजा था तब पृथ्वीराज भी बीकानेर की फौज के साथ थे

अपनी मृत्यु के चार वप पूव सवत १६५३ मे अकबर बादशाह न अहमदनगर के युद्ध मे पृथ्वीराज को प्रधान सेनापति बनाकर भेजा था वहाँ पर भी उन्होने विजय प्राप्त की स्वतत्र रूप से सेनाध्यक्ष बना कर भेजना, बादशाह के अनुग्रह का सूचक तो है ही, पर साथ ही साथ उनकी कार्यक्षमता सन्य सचालन, वीरता और विश्वासपात्रता का सूचक है

इसी प्रकार अपनी मृत्यु के समय, जिसकी घोषणा उन्होने बहुत पूव ही कर रखी थी, बादशाह अकबर का उनको काबुल जैसे अत्यन्त दूर व दुर्गम स्थल पर भी भेजना, और वहा पर कम समय मे विजय प्राप्त करना उनकी रण कुशलता तथा अद्भुत पराक्रम और साहस का परिचायक है

कनल टॉड ने पृथ्वीराज की वीरता के विषय मे लिखा है, 'Prithi Raj was one of the most gallant chieftains of the age and like the

---

१ (अ) यह प्रसिद्ध स्थान कोटा शहर से ४५ मील दक्षिणपूव म और झालावाड नगर से तीन मील उत्तरपूव मे है इसक तीन ओर कालीसिंध नदी ह और राजस्थान के प्रमुख किलो में इसका स्थान है यहाँ के तात अत्यन्त प्रसिद्ध हैं इसम एक शिलालेख बीकानेर के राठोड कल्याणमल के पुत्र सुल्तानसिंह का है जो उस समय गागरोण का हाकिम था'—राजपूताने का इतिहास, भाग द्वितीय प ३० म कोटा राज्य का इतिहास, सम्पादकद्वय श्री सुखवीरसिंह गहलोत तथा डा घासाराम परिहार प्रकाशक हिन्दी साहित्य मन्दिर घडसिया दरवाजे क भीतर जोधपुर

(ब) 'महता नणसी री ख्यात भाग एक, प २५६ सम्पादक आचाय प बदरीप्रसाद साकरिया

(स) अकबरनामा क लेखक अबुलफजल ने भी इस युद्ध का वर्णन किया है तथा खुश होकर अकबर के गागुरान की जागीरी दने का उल्लेख किया है

(द) गागुरान को बीरवर अचलदास खींची ने अपने रक्त से सींचा था

Troubadour princes of the West, could grace a cause with the soul inspiring effusions of the muse, as well as aid it with his sword, nay in an assembly of the bards of Rajasthan, the palm of merit was unanimously awarded to the Rathore Cavalier "[1]

[पश्चिम के ट्रुबेदार राजाओ की भांति, पृथ्वीराज अपने समय के नरेशो मे से श्रेष्ठतम वीर थे जो अपनी ओजस्वी काव्यशक्ति द्वारा लोगो मे प्राण फूंक सकते थे तो समय पडने पर रणभूमि म अपने शौय का परिचय भी द सकते थे अधिक कहना व्यथ है पर तत्कालीन चारण कवियो के समुदाय मे वे राठौड वीर सर्वोच्च अभिशसा के भागी रहे हैं]

इन्ही कनल टॉड ने उनकी शक्तिशालिनी कविता की आलोचना करते हुये अन्यत्र कहा था कि उसमे दस हजार घोडो की शक्ति है

डॉ एल पी तस्सितोरी ने उनकी निर्भीकता और स्पष्टता को इस प्रकार व्यक्त किया है — "He was an admiror of courage and unblending dignity and a sworn enemy of degradation and cringing servility With the same freshness with which he would compose a song in praise of an act of gallantry or of determination performed by a friend or by a foe he would condemn in verses his own brother, the Raja of Bikaner or even the all powerful Akbar for any act of injustice committed by them "[2]

[पृथ्वीराज पराक्रम और अदम्य स्वाभिमान के अभिशसक थे तथा दैन्य, गुलामी और नैतिक पतन के कट्टर शत्रु थे जिस स्वाभावोचित उदारता के साथ वे किसी मित्र अथवा शत्रु की अपने काव्य मे उसकी प्रशसा कर सकते थे उसी स्पष्टता के साथ वे अपने भाई बीकानेर नरेश की ही नही, स्वय बादशाह अकबर तक की भी उनके किसी हीन काय के लिये कटु आलोचना कर सकते थे]

भक्त

सुकवि और सुभट होने के साथ साथ, वे भक्त शिरोमणि भी थे विचक्षण प्रतिभा सम्पन्न इस भक्त कवि के भक्ति रस से परिपूर्ण अनेक दोहे, गीत और ग्रथ जो हमे आज उपलब्ध हैं, उनके अनन्य भक्त होने के पुष्ट प्रमाण हैं लोकप्रियता की दृष्टि से भी वे अन्यतम भक्त के रूप म जनमानस मे प्रतिष्ठित हैं इस सबके अतिरिक्त भक्त

1 Annals of Mewar, Chapter XI Page 273

2 Tessitori Velis Introduction, Pa III

राजस्थान मे किसी डिंगल कवि पर प्रथम बार
एक ऐसी पुस्तक का प्रकाशन हो रहा है, जिसका

'गजेटियर ऑफ दी बीकानेर स्टेट' पृ २६ मे श्री पॉलिट ने भी इस घटना का वर्णन किया है

एक अन्य प्रसग भी बडा रोचक व चमत्कारिक है वेलि' की रचना समाप्त कर कवि ने भगवान श्रीकृष्ण के दर्शनार्थ द्वारिका की ओर अपने परिग्रह के साथ प्रस्थान किया मार्ग मे एक उपयुक्त स्थान पर पडाव डाला गया नजदीक मे ही एक दूर देश मे यात्रा करते आ रहे व्यापारी ने भी अपना डेरा डाला रात्रि के समय उस व्यापारी ने अपने डेरे मे कवि मुख से वेलि सुनी व्यापारी तो भाव विभोर हो गया प्रात काल कवि ने पुन अपनी यात्रा प्रारभ की परन्तु कुछ दूर जाने पर कवि को स्मरण हुआ कि वेलि' तो वहीं रह गई है कवि ने तुरत एक सेवक को उस लाने के लिये प्रेषित किया, पर सेवक के आश्चर्य का पारावार न था कि वहा व्यापारी के पडाव के चिह्न भी न थे जबकि पृथ्वीराज के डेरो के चिह्न पृथ्वी पर अंकित थे। सेवक ने लौटकर सारा वृतान्त पृथ्वीराज को दिया पृथ्वीराज को एकाकी विश्वास न आया वे स्वय लौटे और तब उनकी समझ मे आया कि हो न हो, व्यापारी के रूप मे उनके इष्टदेवता ही रात्रि को उनसे वेलि-पाठ सुन रहे थे वेलि तुलसी के एक पौधे के नीचे सुरक्षित पडी हुई थी।

वल्लभ सम्प्रदाय के प्रसिद्ध ग्रन्थ 'दो सौ बावन वैष्णवन की वार्ता' मे भी उपयुक्त घटनाओ का वर्णन ब्रज भाषा मे मिलता है इस ग्रथ की 'भाव प्रकाश टीका' पर से एक अन्य बात और प्रकट होती है कि वल्लभ सम्प्रदाय मे उनका विशिष्ट स्थान था टीका का कुछ अश यहा उद्धृत है[1]—

अब श्री गुसाईजी के सेवक पृथ्वीसिहजी बीकानेर के राजा कल्याणसिंहजी के बेटा तिनकी वार्ता के भाव कहतु है भाव प्रकार—ये राजस भक्त है लीला मे इनका नाम प्रभावती है ये श्रुतिरूपा तें प्रकटी हैं तातें उनके भाव रूप है'

हिंदी गद्य के विकास मे दो सौ बावन वैष्णवन की वार्ता ग्रथ का प्रदेय अमूल्य है यह टीका भी ब्रजभाषा के प्राचीन पर प्रौढ गद्य स्वरूप को हमारे समक्ष प्रस्तुत करती है

'दो सौ बावन वैष्णवन की वार्ता' मे 'मानसी पूजा विषयक दृष्टान्त भी है पर वह कुछ भिन्न है— और राजा परदेस जाय तब मानसी करे। सो एक सम राजा परदेस गये तब बीकानेर के ऊपर शत्रु चढ आय तब दोना और तें शत्रु घेर लिये तब श्री ठाकुरजी ने तीन दिन ताई शत्रुन तें लडाई करी। म के मदिर के किंवाड तीन दिन ताई भीतर ते बद रहे। सुने थे दिन जब शत्रु भाजि गये तब मदिर के किंवाट वान मे

[1] गुप्तद्रव प्रकाश्या कांकरोली खंड १ पृ २१६

मानसी करत मे जानी । सो उनने दीवान को लिखी पठाई । सा दीवान पत्र वाचि के चकित ह्वै रह्यो । सु राजा पृथ्वीसिहजी ऐसे श्री गुसाईजी के कृपा पात्र भगवदीय भये ।

प्रसिद्ध इतिहासकार डॉ गौरीशकर हीराचद ओझा ने पृथ्वीराज की भक्ति सबधित द्वारिका यात्रा और वलि पाठ का उल्लेख भी अपने ग्रथ म किया है[1]—

'कहते हैं कि 'वलि क्रिसन रुक्मणि री' को पूर्ण कर जब उसे द्वारिका मे भगवान श्रीकृष्ण के चरणा मे अर्पित करने जा रहे थे, तो मार्ग म द्वारिकानाथ ने स्वय वैश्य के रूप मे मिल कर उक्त पुस्तक को सुना था'

डॉ ओझा ने उनकी मानसी भक्ति की भी पुष्टि की है — '*श्री लक्ष्मी-नारायण का इष्ट होने से वह उसकी मानसिक पूजा किया करते थे*'

प्रसिद्ध भक्त और राष्ट्र कवि दुरसा आढाजी ने वेलि को पाचवा वेद और उन्नीसवा पुराण कहा है —

> रुकमणि गुण लखण रूप गुण रचवण
> वेलि तास कुण करै बखाण ।
> पाचमो वद भाखियो पीथळ,
> पुणियो उगणीसमो पुराण ।।

(भावार्थ — रुकमणि के रूप और लक्षण आदि की प्रशसा वलि से अधिक और कौन काव्य कर सकता है पृथ्वीराज ने वेलि का निर्माण क्या किया जैसे पाँचवाँ वेद और उन्नीसवा पुराण ही निर्मित कर दिया हो)

आढाजी ने भागवतकार व्यासजी से कवि की तुलना कर, अन्य भक्तो मे उनके महत्व को शीर्षस्थ कर दिया है—

> *म्है कहियो हरभगत प्रिथीमल,*
> आगम अगोचर अति अचड ।
> व्यास तणा भाखिया समोवड,
> ब्रह्म तणा भाखिया बड ।।

(मैं सत्यपूर्वक कहता हूँ कि पृथ्वीराज श्रेष्ठ हरिभक्त हैं जिस प्रकार व्यासजी ने ब्रह्म का गुणानुवाद किया है उसी प्रकार पृथ्वीराज न भी अगोचर व अगम्य ब्रह्म का गुणानुवाद किया है

'दो सौ बावन वैष्णवन की वार्ता' मे महाराज पृथ्वीराज राठौड किस प्रकार गोसाई विट्ठलनाथजी के शिष्य हुये, उसका वर्णन भी सविस्तार किया गया है—

---

1 बीकानेर राज्य का इतिहास, प्रथम भाग, पृ १६०

राजस्थान मे किसी डिंगल कवि पर प्रथम बार
एक ऐसी पुस्तक का प्रकाशन हो रहा है, जिसका

'ये पृथ्वीसिहजी बीकानेर के राजा कल्याणसिहजी के यहां जन्मे सो बालपणे सो इनको चित्त साधु सगति म रहे देश देश के साधु वहां आवतें तिनसे यह मिले सो यह राजा भय तब प्रथम ही गोकुल मथरा की जातरा को चले। सो मथराजी म आए तब चौबेन सो पूछें जो ऐसो कोई महापुरुष बतावो जासू मिलिये तब चोबे ने कही जो राजा यो तो बडे बडे महापुरुष यहा ब्रजमडल मे हैं परि गोकुल में श्री गोसाईजी विट्ठलनाथजी बढ प्रसिद्ध हैं। बडे बडे राजा सत, महात्मा, गुनी, ज्ञानी सब इनकी वदना करता है। तातें उनसे तें मिलवो आछो है। तब राजा तत्काल श्री गोकुल आये सो ता सम श्री गुसाईजी आपु ठकुरानी घाट पर सध्या वन्दन कर रहे है। सो राजा को श्री गुसाईजी के दशन भय सो तेज पुज अति उज्जवल अलौकिक दशन भये। सो राजा दशन करके विस्मित हुय रह्यो। पाछे अपने मन मे कहे जु ऐसे तेजस्वी पुरुष के दर्शन तो आज तांई इस पृथ्वी मडल पर भय नही। इतने मे श्री गुसाईजी आपु सध्या वन्दन करी चूके तब आपु राजा की ओर देखे तब राजा श्री गुसाईजी कू दण्डवत कर विनती किये। जो महाराजाधिराज! कृपा करि मोको सेवक कीजिये। आज मेरो जन्म सफल भयो। तब श्री गुसाईजी कृपा करि राजा का नाम सुनाई सेवक किये। पाछ एक व्रत कराय निवेदन करवाये। पाछे राजा को आप कहे जा राजा अब तुम घर जाय भगवत सेवा करो पाछ से गुसाईजी आप राजा को श्री बालकृष्णजी को स्वरूप पधराय सेवा की। सब रीति बताय और आशीर्वाद दिये जो तुमको काल कबहू बाधा न करेगो। श्री ठाकुरजी के सदा सनमुख रहोगे। पाछे राजा प्रसन्न होई अपने देश आय। भगवत सेवा प्रीतिपूर्वक करण लागे।'

श्री अगरचद नाहटा को अपने हस्तलिखित ग्रथा के एक गुटके मे एक अज्ञात कवि मोहनरामजी का काव्य उपलब्ध हुआ है यह गीत भी उनके हरिभक्त होने को प्रमाणित करता है तथा कवि द्वारा वेलि की उपमा गगा से दी है काव्याश उद्धृत है—

गीत पृथ्वीराजजी रो मोहनरामजी रो कह्यो—

> पढिव गग प्रवाह प्रवाणी,
> सुणता अम्रित पान समथ।
> माड प्रभू रो भाव ग्रथ माखण
> परगट कीधी लता ग्रथ ॥

(भावाथ — पृथ्वीराज ने नवनीत सम हरिभक्ति के श्रेष्ट ग्रथ का निर्माण किया है, जिसका पठन पावन गगा के प्रवाह के सदृश है और जिसके श्रवण मे अमृत-पान करवाने का सामथ्य है)

वेलि क्रिसन रुकमणि के अतिरिक्त पृथ्वीराज के जितने भी ग्रथ उपलब्ध हुए हैं वे सब के सब भक्ति रस के हैं अद्यावधि निम्न ग्रथो की शोध हो सकी है और वे सब के सब उपलब्ध हैं --

(१) विट्ठल रा दूहा
(२) बसदेवरावउत रा दूहा
(३) दसरथरावउत रा दूहा
(४) भागीरथी रा दूहा

उपरोक्त ग्रथो के अतिरिक्त जिन फुटकर दोहो पदो व गीतो की प्राप्ति हुई है, वे अधिकाश वीर रस के है, तथा शेष भक्ति रस के

वेलि मे यद्यपि स्वय कवि ने ग्रथारम्भ मे ही इसको शृगार ग्रथ मान लिया है—

नीवरणण पहिली कीज तिणि
गूथिय जेणि सिंगार ग्रथ ।।८।।

परन्तु उसके तुरत बाद ही नौमें छद मे कवि ने नारी के मातृरूप की महिमा का वणन कर सारा प्रसग ही बदल दिया है —

दस मासि उदर धरि, वळे वरस दस
जा इहाँ परिपाळ जिवडी ।
पूत हेत पेखता पिता प्रति
वळो विसख मात वडी ।।६।।

(जो दस महिनो तक गभ मे धारण कर फिर दस वर्षों तक इस ससार मे जिस प्रकार वात्सल्य से पालन पोषण करती है, एसी पुत्रवत्सला को देखते हुए पिता की अपेक्षा माता ही बडी है)

स्पष्ट ही कवि स्त्री वणन को प्रथम स्थान इसलिय दे रहे हैं कि पितृ जाति से मातृ-जाति बडी है रुकमणि मात जाति की प्रतीक हैं व अम्बा हैं इसलिये सर्वप्रथम उनका वणन सुसगत व औचित्यपूरण है

इसी प्रकार कवि ने आठवें छद के प्रथम दुहाले म प्रसिद्ध भक्त कवि, सुकदेव व्यास और जयदेव आदि के नामो को उद्धरित कर कहा है कि इन सभी न जिन्होंने शृगार ग्रथ लिखे है, एकमत हैं कि सवप्रथम स्त्री वणन ही होना चाहिय इस दृष्टि से भी कवि न किसी औचित्य को भग न कर केवल एक परिपाटी का पालन ही किया है

राजस्थान मे किसी डिंगल कवि पर प्रथम बार
एक ऐसी पुस्तक का प्रकाशन हो रहा है, जिसका

मेरा नम्र निवेदन तो यह है कि यहा जिस 'त्रीवरणण' का उल्लेख हुआ है उसका अर्थ एक सामान्य नारी से सबधित न होकर स्त्री (लक्ष्मी) से है, जो स्वय अन्यतम श्रृंगार से पूर्ण धनधान्यादि की देवी विष्णु-पत्नी हैं फिर भोजराज के अनुसार श्रृंगार ही एक मात्र रस है अन्य आठ रस स्वतन्त्र न होकर मुख्य रस श्रृंगार की हो रनिया है कविवर देव ने भी श्रृंगार ही एक मात्र रस है ऐसा मान कर कहा है कि —

भूलि कहृत नवरस सुकवि, सकल मूल सिंगार ।
जो सपत्ति दपतिनु की, जाको जग विस्तार ।।

सभव है कवि ने भी श्रृंगार की इस व्यापकता और उसकी समाहृत शक्ति को ही ध्यान म रख 'गूथिय जेणि सिंगार ग्रथ' का उल्लेख किया हो यदि ऐसा नहीं होता तो रीतिकालीन कवियो की भाति इनका श्रृंगार भी कामोत्तेजक होता, परन्तु इसका तो वेलि मे लवलेश भी नही है वह तो भक्ति से आवेष्ठित सात्विक श्रृंगार की रचना है न कि सासारिक श्रृंगार रचना, जैसाकि कई विद्वान इस छद से अर्थ निकालते है

इस कथा का मूल तो महान धार्मिक ग्रथ भागवत का दशम स्कध ही है—

वल्ली तासु बीज भागवत वायौ,
महि थाणो प्रिथिराज मुख ।।

वलि की घटनाओ का चरमोत्कर्ष और उसकी परिणिति भी भक्ति ही है—

हरिजस रस साहस करे हालिया
मो पडिता वीनती मोख ।
× × × ×
मुगति तणी नीसरणी मडी
सरग लोक सोपान इळ ।

उपर्युक्त सारे तथ्य पृथ्वीराज को महाकविराज के साथ साथ असदिग्धरूप से भक्तराज प्रमाणित करते हैं इनकी वीरता और भक्ति से प्रभावित होकर तत्कालीन चारण कवि लाखा ने एक गीत मे पृथ्वीराज के गुणो का वर्णन किया है लाखा राज्यमान्य कवि थे और सभवत यह वही लाखा चारण है जिन्होंने सर्वप्रथम वेलि

की टीका ढूढाडी भाषा मे लिखी लाला निखित वह गीत जिसम कवि के दान, विद्वत्ता, युद्ध कौशल्य आदि का भव्य चित्रण किया गया है, इस प्रकार है—

गीत पृथ्वीराज कल्याणमलोत रो
बारहट लखो कहे—

वपि वावँ नतू विराजै अविरच, भले बिहु विध उर नवली भाँति ।
प्रभु सू जता हेत प्रथीमल, प सरसो तेतो पुरसाति ॥१॥
राजे राव राठोड प्रथीरज, रूडँ अगि रूडी व रीत
प्रीति जिसी सरस जगपति, पँ सो तिसी खग्रीपण प्रीत ॥२॥
अधिको नित कलियाण अगोभव, उभविधि अधिकार अछेह ।
रहै जिम तूझ सनेह सरिस हर, गु सतिय तो सरिस सनेह ॥३॥
विध बिहु रिध कीज तव सी धर धारण हेकण व्रवण धन ।
मनि तू उबर सुर न मान, मछर न ऊवर नरे मन ॥४॥[1]

ज्योतिर्विद

सामान्यत प्राचीन कवि बहु विद्या विशारद हुआ करते थे इसके पीछे भावना थी कि कवि को सवज्ञ होना चाहिये एक साथ अनेक शास्त्रा के ज्ञाता होन के कारण उनके काव्य म अथ गाभीय व चमत्कारिता अनायास ही आ जाती थी इस बहुज्ञता के कारण काव्य को बोझिल नहीं होन देना चाहिये बाह्य ज्ञान और काव्य दोना के एकमेक हो जाने के पश्चात् ही रसाभिव्यजना म किसी प्रकार का व्यवधान नही होता केशव की रामचद्रिका व कुछ अशो म बिहारी सतसई मे काव्य जो ब्रह्मानन्द सहोदरम होना चाहिये, न होकर ज्ञान का प्रदशन भर रह गया है वेलि मे इस प्रकार का अनुभव हमे कहीं न होता वेलिकार ने स्वय छद स २९९ मे स्पष्ट कहा है कि वेलि का रसास्वादन करन के लिये निम्न शास्त्रा का ज्ञान अत्यन्त आवश्यक है—

ज्योतिषी, वद, पौराणिक, जोगी सगीती तारकिक सही ।
चारण, भाट, सुकवि भाखा, चित्र करि एकठा तो अथ कही ॥

(ज्योतिषी, वद्य पुराणा का ज्ञाता, योगी सगीतज्ञ तार्किक चारण, भाट, भाषा मे शब्द रस, भावादि का चमत्कार उत्पन्न करन वाले सुकवि सबको एकत्रित किया जाय तो वेलि का पूरा पूरा अथ कहा जा सकता है)

उपयुक्त छन्द द्वारा कई विद्वान वेलिकार पर आत्मश्लाघा का आरोपण कर सकते है पर वास्तविकता यह है कि इस ग्रथ के अध्येता उपर्युक्त शास्त्रा के ज्ञानाभाव के कारण इसका अथ स्पष्ट नहीं कर पा सके हैं

---

१ शोधपत्रिका, उदयपुर वष १८ अक १ महाराज पृथ्वीराज राठोड रचित छप्पय ले श्री सौभाग्य सिंह शखावत।

राजस्थान मे किसी डिंगल कवि पर प्रथम बार
एक ऐसी पुस्तक का प्रकाशन हो रहा है, जिसका

कवि का ज्योतिष सबधी ज्ञान विशेषत निम्न छदो म चमत्कृत हुआ है—

छद सख्या ७०, ६३ ६६, ११७, १८८, १६३, २११, २१२, २१६, २२२, २२६, २६६ और ३०१

उदाहरण द्रष्टव्य है—

स्यामा कटि कटिमेखला समरपिन
त्रिसा अग मापित करळ ।
भावी सूचक थिया कि भेळा
सिंघरासि ग्रहगण सकळ ॥६६॥

(मुट्ठी म मापी जा सके एसी पतली कमर म रुक्मणी ने नवरत्नो से जटित करधनी पहिन रखी है मानो भाग्योदय सूचक नवग्रह सिंहराशि (सिंह—कटि प्रदेश) पर एकत्रित हुए हैं)

राशि फलादेश —बारह राशियो में सिंहराशि का स्थान पाँचवाँ है श्री रुक्मणी का नाम रकार से प्रारम्भ होने के कारण उनकी राशि तुला हुई सिंहराशि पर सारे ग्रहो का आ जाना रुक्मणी के लिये ज्योतिष की दृष्टि शीघ्र ही बडे लाभ की सूचना देता है

गजरा, नवग्रही आचिया आचे
वळ वलय विधि विधि वळित ।
हस्त नखित्र वेधिया हिमकरि
अरध कमळ अलि आवरित ॥६३॥

[रुक्मणी ने कलाई पर गजरे और नवरत्नो से जटित पहुँचियाँ पहनी जो *काले रेशमी डोरो स विविध रूपो से गुथी हुई थी ये ऐसी शोभायमान थी मानो* हस्त नक्षत्र ने चद्रमा को वेध लिया है अथवा भ्रमरो से घिरे आधे खिले कमल हो]

हस्त नक्षत्र— इसम पाँच तारे होते हैं तथा इसकी आकृति खुले हुये पजे के समान मानी गई है इसीलिये रुक्मिणी के हाथ के पजे की उपमा हस्तनक्षत्र से दी गइ है रुक्मिणी का हाथ रूपी हस्तनक्षत्र गजरा तथा पहुँचिया रूपी चद्रमा को पार कर गया है हस्त नक्षत्र मे जब चद्रमा का प्रवेश होता है तो वह शुभ माना गया है

उपयुक्त दो छदो क उदाहरण से ही हम कवि के ज्योतिष सबधी विशाल ज्ञान का पता चल जाता है

सगीतज्ञ

ज्योतिष शास्त्र के ममज्ञ होने के साथ साथ वेलिकार की सगीत मे केवल अभिरुचि ही नही थी पर वे इसकी बारीकियो से भी पूणतया परिचित थे वेलि

के विभिन्न छदो मे राग रागिनियो का जो वर्णन किया है, वह इसका प्रबल प्रमाण है

> आगणि जळ तिरप उरप अलि पिअति
>
> मरत चक्र किरि लियत मरू ।
>
> रामसरी खुमरी लागी रट
>
> धूया माठा चन्द धरू ।।२४६।।

(भ्रमर आगन मे पडे हुये पानी को पी रहे हैं अर्थात वे जल पृष्ठ को छूते हुये थिरक थिरक कर उड रहे हैं मानो त्रिसम ताल पर नृत्य विशेष हो रहा है वायु का चक्राकार घूमना ही मानो मूर्च्छना लेना है रामसरी और खुमरी नामक चिडिया की रटन हो रही है जसे वही 'मधुर ध्रुवा' और 'चद्रक ध्रुपद नामक रागिनिया हो)

मूर्च्छना — सगीत मे एक ग्राम से दूसरे ग्राम तक जाने मे सात स्वरो का जो आरोह अवरोह होता है, उसे मूर्च्छना कहते हैं मूर्च्छनाएँ इक्कीस प्रकार की होती हैं

रामसरी —अभिधाय मे एक चिडिया विशेष, पर श्लिष्ट म एक राग विशेष

खुमरी —अभिधाय मे एक सकर जाति की चिडिया विशेष पर, श्लिष्ट मे एक राग विशेष

माठा धूया —मधुर ध्रुपद राग का एक भेद

चन्द धरू —चन्द्रक ध्रुपद राग का एक भेद

अब पूरा रूपक इस प्रकार है कि भ्रमरगण मच पर त्रिताल पर नृत्य कर रहे है तथा उस समय ध्रुपद राग की दो रागिनियाँ (मधुर ध्रुपद व चद्रक ध्रुपद बज रही हैं)—

> वीणा डफ महुयरि वस बजाए
>
> रोरी करि मुख पचम राग ।
>
> तरुणी तरण विरहि जण दुतरणि
>
> फागुण घरि घरि खेल फाग ।।२२७।।

(वीणा, डफ, अलगोजा, बासुरी बजाते हुए हाथा मे गुलाल और मुख मे पचम राग सहित युवक-युवतियाँ घर घर फाग खेल रहे हैं ऐसा फागुन मास विरही जनो के लिये बहुत ही कष्ट कारक है)

राजस्थान मे किसी डिंगल कवि पर प्रथम बार
एक ऐसी पुस्तक का प्रकाशन हो रहा है, जिसका

फाग —फाल्गुण मास मे गाये जाने वाले वासतिक गीत और क्रीडाएँ

पचमराग —इसका उच्चारण नाभि, उर, कठ, हृदय और मूर्द्धा से होता है, इसलिये इसका नाम पचम पडा

ऋतुराज वसत की महिफल

आगळि रितुराम मडिश्रो अवसर
मण्डप वन नीझरण मृदग।
पचवाण नायक गायक पिक
वसुह रग मेळगर विहग ।।२४३।।

(ऋतुराज के सम्मुख महिफल लगी है वन मण्डप है झरने ही मदग हैं पचबाणो का अधिपति (कामदेव) ही उत्सव का नायक है कोयल गायिका है और विविध पक्षीगण ही महिफल के दशक व श्रोतागण हैं)

कळहस जाणगर मोर निरतकर
पवन तालधर ताल पत्र।
भ्रारि तं तिसर भमर उपगी
तीवट उघट चकोर ।।२४४।।

(इसमे राजहस ही कला के जानने वाले हैं मोर नतक हैं पवन ताल देने वाला है पत्ते करताल हैं भिल्ली की झकार तार के बाजे के स्वर हैं भंवर नसतरग बजाने वाला है और चकोर वहाँ त्रिवट ताल देने वाला है)

ततिसर —तार के वाद्यो का स्वर (सितार, सारगी, वीणा, सारगी, दिलरुबा, इकतारा)

ताल —(१) समय, विराम (२) ताल देने के वाद्य

उपग — नसतरग नामक वाद्ययत्र

उपगी — नसतरग का बजाने वाला

उघट — मात्राओ की गणना के लिये बोले जाने वाले 'बोल'

तीवट — दोपहर के समय गाया जाने वाला राग-त्रिवट

चकोर — पक्षी विशेष इसकी बोली तीन भागो मे विभक्त होती है और त्रिवट राग के बोल से मिलती हैं

इन सारे तथा अन्य कई छदों मे कवि का सगीतशास्त्र का विशाल अनुभव भरा पडा है वेलि के अतिरिक्त कवि के अनेक पद सगीत की विभिन्न राग रागिनिओ पर आधारित हैं

योगशास्त्र ज्ञाता

वेलि के अनेक छदो मे महाराज पृथ्वीराज ने योग सबधी विविध तत्वो का सूक्ष्म वणन किया है, अतएव यह नि शक कहा जा सकता है कि कवि इस शास्त्र के भी ज्ञाता थे —

कामिणि कहि काम काळ कहि केवी,
नारायण कहि अवर नर।
वेदारथ इम कहै वेदवत
जोग तत्त जोगेसवर ॥७६॥

(कुदनपुर मे जब भगवान ने प्रवेश किया तो सुदरियाँ कहने लगी कि य तो कामदेव हैं दुर्जन कहने लगे कि ये तो साक्षात काल हैं तथा भक्तजन कहने लगे कि य ही नारायण हैं वेदज्ञा ने कहा कि ये वेदाथ हैं और योगीगणो ने योग तत्व कहा)

जोग तत्त —योग के तत्व शास्त्रों मे योग के आठ तत्व माने गये हैं ये भगवत् प्राप्ति के साधन हैं योगियो का भगवान को योग साधनो का लक्ष्य रूप मे देखना ही ठीक है

धुनि उठी अनाहत सख भेरि धुनि
अरुणोदय थियौ जोग अभ्यास।
माया पटल निसाम मजे
प्राणायामे ज्योति प्रकास ॥१४८॥

(यहा अरुणोदय का योगाभ्यास के साथ साग रूपक द्वारा वणन किया गया है अरुणोदय हुआ मानो योगाभ्यास आरम्भ हुआ शखो और नगाडो का शब्द होने लगा मानो अनहद नाद हो रहा है रात्रिकाल समाप्त हो गया मानो माया का परदा हट गया सूय की ज्योति प्रसरित हो गई मानो प्राणायाम द्वारा [illegible] ज्योति प्राप्त कर ली हो)

इसी प्रकार छद सख्या १२१ १८० और २०८ मे भी याग के [illegible] स्पष्ट किया गया है

पुराण ज्ञान

वसे तो सारी वेलि ही भागवत पर आधारित है [illegible] पुरुषोतम भगवान श्री कृष्ण एव जगद्धात्री लक्ष्मी (रुक्मिणी) [illegible] भागवत कथा तो है ही, पर अन्य पुराणों, रामायण [illegible] दृष्टात निम्न छदो मे प्रस्तुत किये हैं—

छद स ८४, ६८, १०६, १६४, २०१, [illegible]
२६३

राजस्थान मे किसी डिंगल कवि पर प्रथम बार
एक ऐसी पुस्तक का प्रकाशन हो रहा है, जिसका

जब भगवान शिव ने अपने त्रिनेत्र से कामदेव को भस्म कर दिया था तब—

> अवसरि तिणि प्रीति पसरि मन अवसरि
> हाइ भाइ माहिया हरि।
> अग अनग गया आपाणा
> जुडिया जिणि वसिया जठरि ॥२६६॥

[उस समय श्रीकृष्ण और रुक्मणी के मन मे प्रेम व्याप्त हुआ रुक्मणी के हाव भाव ने उनका मन मोह लिया कामदेव के अपने अग जो महादेव के त्रिनेत्र से जल कर भस्म हो गए थे, रुक्मणी के उदर मे आकर निवास किया और इस प्रकार फिर जुड गये]

अपने भक्ति विषयक एक फुटकर गीत मे कवि ने भक्तो की उद्धार विषयक अनेक पौराणिक कथाओ का समावेश किया है—

गीत ठाकुरजी रो पिरथीराज कहै—

> प्रहलाद भाळ गज भाळ परीखत भाळ गुवाळ पडवा भणी,
> सरीखो कोई न सूझै सावळा, धणीयप करै सेवगा धणी ॥१॥
> जाइ राजा बाधिया जरासिंध, जोई अबरीष द्रोपदी जोई।
> आया सकट आपरा उवेळण, किसन सरीखो धणी न काई ॥२॥
> ईस-सीत सुग्रीव ईसवर इद्र ईस जादुव कुळ ईस।
> अर हुण अब चाढण ओळगुवा सिरीवर तणो न का सारीस ॥३॥

वैद्यकीय ज्ञान

छद स २८४ और २८५ से कवि का वद्यक-सबधी ज्ञान प्रकट होता है—

> चतुराविध वेद प्रणीत चिकित्सा
> ससत्र उखध मत्र तत्र सुवि।
> काया काजि उपचार करता
> हुवइ, सु वेलि जपत हुवि ॥२८४॥

(वेदोक्त चार प्रकार की चिकित्साओ (शस्त्र चिकित्सा, औषधि चिकित्सा, मत्र चिकित्सा और तत्र चिकित्सा) द्वारा जिस प्रकार शरीर को लाभ मिलता है उसी प्रकार का लाभ वेलि का पाठ करने से हो जाता है)

> आधिभूतिक आधिदेव अध्यातम
> पिडि प्रभवति कफ वात पित।
> त्रिविध ताप तसु रोग त्रिविध मइ
> न भवति वेलि जपति नित ॥२८५॥

(ग्राधिभौतिक ग्राधिदविक और ग्राध्यात्मिक ये तीन प्रकार के ताप तथा यफ वात, पित से उत्पन्न तीन प्रकार के राग जो शरीर मे होते हैं वेलि के नित्य पाठ करने से नही होते)

कृषि शास्त्र ज्ञाता

प्रकृति ज्ञान, पशुपक्षियो के स्वभावो और व्यापारो के ज्ञान के साथ साथ महाराज पृथ्वीराज राठौड को कृषि शास्त्र का भी सूक्ष्म ज्ञान प्राप्त था—

उपडी धुडी, रवि लागी ग्रबरि
खेतिग्रे ऊजम भरिया खाट्र ।
मिग्रसिरि वाजि किया किकर म्रिग
ग्राद्रे वरसि कीध धर ग्राद्र ॥१६३॥

(धूल उडी और आकाश म ग्रवस्थित सूय से जा लगी मृगशिर नक्षत्र के पवन न चल कर मृगों को किकत्तव्य-विमूढ वना दिया उधर ग्राद्रा नक्षत्र के मेघ ने बरस कर पृथ्वी को सजल कर दिया गड्ढे भर गय और किसान कृषि की तयारिया करने लगे)

बग रिखि राजान सु पावसि बइठा,
सुर सूता, थिउ मोर सर ।
चातिग रटइ बळाहकि चचळ
हरि सिणगारइ ग्रबहर ॥१६४॥

(वर्षा मे बगुले, साधु और राजा लोग एक जगह बठ जाते हैं देवता सो गये मोर बोलने लगे पपीहे भी वोलने लग सारस उडने को चचल हो गये इद्र बादला और इद्रधनुप से आकाश को सजान लगा)

समस्त युद्ध रूपक वणन से कवि के विशाल कृषि ज्ञान का परिचय होता है एक उदाहरण द्रष्टव्य है —

विसरिया विसरि जस बीज बीजजइ
खारी हळाहळा खळां ।
त्रूटइ कध मूळ, जड त्रूटइ
हळधर का वहता हळा ॥१२४॥

(जसे कृषक खेत मे दूसरी बार हल चला कर बीज बोता है वसे ही बलराम युद्धभूमि म दूसरी बार हल चलाकर शत्रुओ को हलाहल विप से भी खारे लगन वाले यश रूपी बीज बोन लगे जब हलधारी बलराम का हल चलने लगा तो शत्रुओ के कधो के मूल उखडने लगे जसे वर्षाकाल मे किसान के हल चलाते समय जमीन के भीतर की जडें उखड जाती हैं)

राजस्थान मे किसी डिंगल कवि पर प्रथम बार
एक ऐसी पुस्तक का प्रकाशन हो रहा है, जिसका

इन सबके अतिरिक्त शृंगार, आभूषण, विवाह व पुत्र जन्म सबधी रीतिया, विविध उत्सवो तथा पर्वों का सूक्ष्म ज्ञान और पशु पक्षियो के स्वभावो और व्यापारो का भी उन्हे विशेष ज्ञान था —

गउ खीर स्रवति रस धरा उदगिरति
सर पोइणिअ थयो सु स्त्री ।
बळी सरद स्वग-लोक वासिअे
पितरे ही म्रित लोक प्री ॥२०६॥

(अश्विन मास के आने पर गायें दूध झरने लगी, धरती अन्न के रूप मे रस उगलने लगी तालाबो और सरोवरो मे कमल सुशोभित हुए स्वर्गलोक मे रहने वाले पितरो को भी मर्त्यलोक प्यारा लगने लगा अश्विन मास मे ही श्राद्ध पक्ष आता है जबकि पितर बलि ग्रहण करने के लिये पृथ्वी पर आते है)

पुत्रोत्सव का एक सजीव चित्रण देखिये—

कामा वरस्वती काम-दुघा किरि,
पुत्रवती थइ मनि प्रसन
पुहप करणि करि केसू पहिरे
वनसपती पीळा वसन ॥२३६॥

(जसे माता पुत्र को प्रसव देकर मन मे आनदित होती है और अनेक प्रकार के दान देती है वैसे ही वनस्पति रूपी माता वसत रूपी पुत्र को जन्म देकर प्रसन्न होती है और जसे मा कामधेनु के समान मुहमागा दान देती है वसे ही वनस्पति सौरभ और सौंदय प्रदान करने लगी पुत्र जन्म पर माता पीला' नामक वस्त्र ओढती है उसी प्रकार वनस्पति टेसू आदि फूलो के कारण पीला ओढती है राजस्थान म पीला ओढना मागलिक है वडी वूढी स्त्रिया जब बहूओ को आशिष देती हैं तो कहती हैं पीळा ओढो')

आप्त द्रष्टा

सिवाना के शासक व इतिहास के अप्रतिम वीर राव कल्लाजी रायमलोत वसे तो महाराज पृथ्वीराज राठौड से अकबर बादशाह की राजधानी मे अनेक बार मिलते थे, पर एक बार वे उनसे मिलने के लिये विशेष रूप से बीकानेर गये [1] वहां उन्होने पृथ्वीराज राठौड स कहा कि म अपनी मातृभूमि की रक्षाथ जूझकर वीरगति प्राप्त करना चाहता हूँ आप सच्चे व प्रसिद्ध कवि हैं मेरी आपसे प्रार्थना है कि आप मर मरणव्रत की पूर्णाहुति एव उद्यापन का वणन अपने काव्य द्वारा मुझे पहले ही

१ महावीर कल्लाजी रायमलोत लेखक आचाय बद्रीप्रसाद साकरिया प्र राजस्थान साहित्य समिति, बिसाऊ (राजस्थान)

सुना दें पृथ्वीराजजी कल्लाजी की प्रचण्ड वीरता, निडरता तथा स्वतन्त्र प्रकृति से पूर्णतया परिचित थे उन्होंने कहा कि कल्लाजी ! मैं जानता हूँ कि आप हमारे वंश के गौरव हैं आपकी वीरता मे किसे सदेह हो सकता है ? मैं भविष्यवक्ता तो हूँ नही कि आपको यह पहिले से ही बता दू कि आप किस प्रकार जूझते हुए वीरगति को प्राप्त करेंगे ? हाँ आपके मरणोपरात आपके शौर्य को काव्यबद्ध कर आपको अमर बना दूगा कल्लाजी ने उत्तर दिया भक्तराज ! मैं देश और जाति के लिये बलिदान होकर अपने जीवन को सार्थक कर देना चाहता हू, मुझे अमर होने की चाह नही है, मुझे तो अपना कत्तव्य करना है आपकी पवित्र वाणी द्वारा मेरे इस मरण मगलोत्सव का वणन सुन कर मैं अपनी वीरगति का अपने हृदय चक्षुओ से दशन कर सकूगा कृपा कर मुझे वह सुना दीजिये

कल्लाजी के आग्रह और प्रार्थना को वे ठुकरा न सके अपने इष्टदेव श्रीकृष्ण का ध्यान कर, अपनी आशुवाणी द्वारा कल्लाजी के युद्ध का जो वणन किया है तथा इस रूप मे जो भविष्यवाणी की है, वह इतिहास व साहित्य दोनो की अमूल्य निधि है पृथ्वीराज के युद्ध वर्णनानुसार कल्लाजी अक्षरश लडे उनकी यह भविष्य वाणी भी शत प्रतिशत सच्ची हुई कि मोटा राजा उदयसिंह (जो इस समय तुमसे बहुत स्नेह रखते हैं) बादशाह की ओर से तुम पर आक्रमण करेंगे कल्लाजी के यह कहने पर कि यह असभव सा लगता है पृथ्वीराजजी ने कल्लाजी के पूवजो के ऐतिहासिक उदाहरण देकर कहा कि पराधीनता सब कुछ करवा सकती है रावळ मल्लीनाथ तो भक्त और सिद्ध पुरुष थे उन्होने अपने भतीजे त्रिभुवनसी से युद्ध कर उसे मार दिया भवितव्यता को कौन टाल सकता है प्रतीक्षा करो अपने इस गीत मे पृथ्वीराज ने अनेक महावीरो के उदाहरण देकर कहा कि कल्लाजी भी इसी प्रकार का प्रचड युद्ध करेंगे पृथ्वीराज राठौड का वह इतिहास प्रसिद्ध गीत इस प्रकार है—

वढ चढ बोलियो पतसाह वदीतो, मडोवर रस माण मलीतो ।
जिण जमवार लगे जस जीतो, कलो भलो रजपूत कहीतो ।।१।।
पुळिया दळ पारभ पतसाहै, सिंध नरेसर बीडो साहै ।
वकिया वयण तिके निरवाहै, गढ समियाण कलो पडिगाहै ।।२।।
थट गागरट तलहटी थाणो, राव अग्रज कर रीसाणो ।
करडा वयण कहै कलियाणो, सिर पडिय आपिसि समियाणो ।।३।।
तोडिस मछर वधै तियाळ बेंध पडया धर खेध विचाळ ।
ऊदो राव दुरग उदाळ रायमलोत दरग रखवाळ ।।४।।
सूजाहरो डाखिया साबळ, छावो विढै अणखळा निय छळि ।
दीठो काळ रोहिया अरिदळ चढिया गढै जूजुवा चळि चळि ।।५।।
भारतसीह जिसा भूपाळा, माचि कळह गढ उपरमाळा ।
रे कहता आयो रवताळां, कलियो रह्यो मुहै किरमाळा ।।६।।

राजस्थान मे किसी डिंगल कवि पर प्रथम वार
एक ऐसी पुस्तक का प्रकाशन हो रहा है, जिसका

जिम रावळ दूदो जेसाणै सातळ सोम मुआ समियाण ।
निहसि राव चूडो नागाणै, कीधो मरण तिसो कलियाण ।।७।।
जुडि घण कान्ह मुआ जाळधर, थाट विडारि हमू रणथभर ।
अगति लाज अणखला ऊपरि, कलियो जूझि मुओ गज केहरि ।।८।।
नरसिघ मणियड प्रोळ निरोहै रहियो भाण मडोवर रोहै ।
लुद्रव भाज मुओ वढि लोहै सिर समियाण क्लो भ्रित साहै ।।९।।
पावागढ जूझार पताई, वळि जमळ चीत्रोड सवाई ।
लाखावड सिर माड लडाई, वाघहरो रहियो वरदाई ।।१०।।
हाथी सो हरिभाण हथाळा कुभ गागरण माझी कालो ।
आवू मजन मुओ अडसाळो, समियण तेम कलो सपखाळो ।।११।।
अचळ तिलोकसिघ रण आग, जुडि गागरण मुआ छळि जागै ।
लाज तिका भुज अबरि लाग, खेड नरमेर विढियो खागै ।।१२।।
वढि घा भोज मुओ वीकाणै पाटत अरिजण जेणि प्रमाणै ।
वरसलपुर खेमाळ वखाणै, साको तेम कलो समियाण ।।१३।।
निहचळ वात कलो निरवाहै, चावो रावा बोल चढाहै ।
रवि ससिहर लगि नाम रहाव इद छभा विचि बैठो आवै ।।१४।।

कहा जाता है कि गीत सुनते समय राव क्ला अपने शौयवेश को सम्हाल नही सकने की अवस्था म आने लगे तो पृथ्वीराज ने गीत आगे न बढाकर इत्यात्मक ढाला कहकर तुरत समाप्त कर दिया इस गीत मे उत्तम वयण सगाई अलकार का निरतर प्रयोग हुआ है

इस गीत से महाकवि के इतिहास सबधी ज्ञान का भी अच्छा परिचय मिल जाता है कौनसे प्रसिद्ध योद्धा ने कहा और कसे तया किसके साथ युद्ध किया यह उसका एक प्रमाण है वसे तो उनके ऐतिहासिक प्रशस्तिमूलक सारे गीत उनकेइतिहास सबधी विशिष्ट ज्ञान को ही सूचित करते हैं, पर जहां उन गीतो मे एक एक वीर का वणन है, वहा इस गीत म तो कवि न सारे इतिहास का ही समावेश कर दिया हो, एसा लगता है

मृत्यु

कालजयी भक्त प्रवर महाराज पृथ्वीराज राठौड अपनी मृत्यु तिथि और स्थान से भली भांति अवगत थे वस्तुत महान व पवित्र आत्माएँ दिव्य दृष्टा होती हैं जब बादशाह अकबर न महाराज पृथ्वीराज को काबुल पर आक्रमण करने के लिय कहा तो अपनी मृत्यु तिथि का ध्यान कर एक क्षण तो वे हिचकिचाये पर फिर अपन गुरु श्री गुसाईंजी विट्ठलनाथजी का ध्यान कर काबुल विजय के लिये तयार हो गए 'दो सौ बावन वष्णवा की वार्ता म यह प्रसग इस प्रकार दिया गया है —

'बहुरि राजा पृथ्वीसिंहजी कू पृथ्वीपति दिल्ली बुलाये सो राजा पृथ्वीपति के पास दिल्ली आये तब तिलक छाप सब करिके आये तब बादशाह पृथ्वीसिंहजी कू देख के मन में बडे प्रसन्न भयो कहे जु देखो इनको अपने गुरू प असो विश्वास है पाछे बादशाह राजा की काबुल की ओर लडाई जायवे की कही तब राजा ने विचार कियो जो मेरी मृत्यु तो अमुक दिन मथुरा में विश्रान घाट प हुयवे वारी है सो अब कैसे करें ? फेरि श्री गुसाईजी के चरणारविन्द को ध्यान करि राजा काबुल गयो सो वहाँ थोरे दिन में लडाई जीति के साडनी पै बैठि के उहाँ तें चले सो कोई दिन मे मथुरा आई के वाहि दिना देह छोडी सो यह बात बादसाह न सुनी तब बादसाह ने बहुत खेद कियो जु एसो राजा मो को मिलनो कठिन है'

यह कथा कुछ इस प्रकार भी लोक मे प्रचलित है पृथ्वीराज के काबुल चले जाने के पश्चात् एक दिन अकबर के दरबार मे एक बहेलिया चकवा चकवी का जोडा लेकर आया, जो मानवी भाषा म बातचीत करता था यह जोडा एक ही पिंजरे में बंध था गुणवान बादशाह, बहेलिये की इस भेंट पर बडे प्रसन्न हुये और-कहा कि ऐसे शत्रु शिकारी पर तो करोडो मित्र न्योछावर हैं उपस्थित कवि खानखाना ने इसी भाव को वाक्यबद्ध किया 'सज्जन वारू कोडधा वा दुजन की भेंट', किन्तु वे दूसरी पंक्ति नही बना सके बादशाह को पृथ्वीराज का स्मरण हो आया और उन्हें बुलवा भेजा मथुरा पहुँचने तक उनकी मृत्यु की अंतिम घडी आ गई थी उन्हाने हलकारे के साथ दूसरी पंक्ति लिख भेजी 'रजनी का मेळा किया, विहि का अच्छर मेट' बादशाह बडे प्रसन्न हुये पर उसी समय हलकार ने उनकी विश्रामघाट पर मृत्यु और उस समय दो श्वेत कौओ के आने की बात कही सभी आश्चर्यचकित रह गये

एक अन्य स्थल पर मृत्यु के समय एक श्वेत कौआ प्रकट होने का भी उल्लेख है। वीरवर पृथ्वीराज न यमुना के किनारे विश्रात घाट पर अपनी नश्वर देह को सवत् १६५७ म त्यागा ऐसे भक्तशिरोमणि, महान कवि और योद्धा पर मथुरा मे कोई स्मारक न बना हो, असभव-सा लगता है, पर श्री हजारीमल बाठिया के अथक प्रयत्न करने पर भी अभी तक कुछ पता नही चल सका है

तानसेन व बीरबल की मृत्यु के पश्चात अकबर को अपना नवरत्नी दरबार सूना सूना लगने लगा बादशाह को इन दोनो का अभाव खटकने लगा ऐसे समय मे यद्यपि पृथ्वीराज उनके नवरत्नो मे से एक नही थे, फिर भी अपने अनेक गुणो के कारण जिन्होने बादशाह का हृदय जीत रक्खा था, स्वर्गवास हो जाने के कारण बादशाह का बडा आघात लगा और उनके मुह से बरबस फूट पडा कि—

पीथळ सो मजलिस गई, तानसेन सों राग।
रीझ बाल हस खेलबो, गयो बीरबल साथ ॥

राजस्थान मे किसी डिंगल कवि पर प्रथम वार
एक ऐसी पुस्तक का प्रकाशन हो रहा है, जिसका

पृथ्वीराज जैसे परमवीर और परमभागवत श्रेष्ठ कवि और दातार की मृत्यु पर किसी समकालीन कवि द्वारा कहे गये मरसियो मे उनके व्यक्तित्व की एक झलक दर्शनीय है[1]—

विवनो पृथ कल्याण तण, जाणण भेद गुणाह ।
मोल विथका रावता, कवि सचा कहणाह ।।१।।
विवनो पृथ कल्याण तण, जास सकल गुण जाण ।
कुण दातार कहीजसी कह दीजै बाखाण ।।२।।
पृथ्वी विवनो राठवड, दाता सूर सुजाण ।
कवि किरमर वायक सकल, इखीजै अप्रमाण ।।३।।
सरसति कठा सूर मुख, पिउ पौरसि वरियाम ।
भगा पृथ कमध मत, चहू विलवण ठाम ।।४।।

'वेलि क्रिसन रुक्मणी री' के रचयिता अनेक युद्धो के विजयी योद्धा तथा भक्त प्रवर यद्यपि आज हमारे बीच मे नही हैं, फिर भी हम उनके देशवासी उनके अप्रतिम ओज, साहित्य साधना व भक्ति गगा से सदा अनुप्राणित रहगे ।

किसी अन्य कवि ने उनके जीवन की चारित्रिक विशेषताओ को आबद्ध करते हुये सत्य ही कहा है—

दाता,भोक्ता हरेभक्त कर्ता शास्त्रस्य शास्त्रवित,
पृथ्वीराज समो राजा, न भूतो न भविष्यति ।।

---

१ शोधपत्रिका वर्ष १८ अक १, उदयपुर, महाराज पृथ्वीराज राठौड रचित छप्पय से श्री सौभाग्यसिंह शखावत

२

वेलि

विवेचन

वेलि का नामकरण व वेलि-साहित्य

जिस प्रकार मगल काव्यो की एक सुदीघ परम्परा है उसी भाति वरन् उससे भी कही अधिक विस्तृत परम्परा वेलि काव्यो की रही है राजस्थानी, गुजराती एव व्रजभाषा में इस काव्य परम्परा के शताधिक ग्रथ उपलब्ध हैं जिनमे से कई तो प्रकाशित हो चुके हैं और शेष अद्यावधि किसी शोधधर्मी प्रकाशक की राह देख रहे हैं वैसे रोडा कृत राउलवेल वेलि परम्परा की सवप्रथम रचना सुनी जाती है और जिसका समय ग्यारहवी शती का माना जाता है, पर अब तक लिखित रूप मे प्राप्त सवाधिक प्राचीन वेलि ग्रथ 'चिहुगति वेलि' है, जो एक जैन कवि वाछा द्वारा प्रणीत है तथा जिसका रचना काल वि स १५२० के आस पास का है जिसमे कवि ने चार गतियो (१) नरक गति (२) तिर्यंच गति (३) मनुष्य गति और (४) देवगति का वणन किया है इसके पश्चात् तो बीसवी शती तक अबाध गति से अनेक वेलि काव्यो की रचना हुई है

वेलि का पर्याय बेल, लता तथा वल्लरी है वल्लरी सस्कृत शब्द है, जिसका अपभ्र श रूप ही वेल अथवा वेलि है उपनिषदो मे वल्ला शब्द का प्रयोग हुआ है वहाँ वल्ली का प्रयोग परिच्छेद के रूप मे हुआ है, यथा भृगुवल्ली, ब्रह्मानद वल्ली आदि कालान्तर में वल्ली शब्द का रूपान्तर हो गया और वह आधुनिक अथ लता के रूप मे प्रयुक्त होने लगा न्याय वल्लरी, वेदान्त वल्लरी चातुर्मास्य व्रत वल्ली और अम्बुज वल्ली आदि इसी वेलि परम्परा के सस्कृत साहित्य के ग्रथ है

हिन्दी में जहाँ लता शब्द अधिक प्रचलित है, वहाँ राजस्थानी और गुजराती मे वेल अथवा वेलि विद्यापति की कीर्तिलता के साथ साथ नागरीदास की राजरस-लता, सुखदेव मिश्र कृत शृ गारलता, श्रीदत्त की लालित्यलता और ब्रजनिधि की प्रीतिलता लता नामधारी तथा घनानद की रसवेलिवल्ली ब्रजनिधि कृत दुखहरणवेलि तथा वृ दावनदास की दानवेलि आदि पचहत्तर से अधिक वेलि ग्रथ प्रख्यात हैं ब्रजभाषा मे कुछ वल्लरीधारी रचनाएँ भी उपलब्ध हैं जिनमे नागरीदास की वैराग वल्लरी, रामराय की मनोरथ वल्लरी तथा घनानद की रसकेलि वल्लरी प्रसिद्ध हैं इसके अतिरिक्त करुणावेलि, आनदघन वेल और हरिकला वेलि भी प्राप्य हैं ।

राजस्थान मे किसी डिंगल कवि पर प्रथम बार
एक ऐसी पुस्तक का प्रकाशन हो रहा है, जिसका

वेलि का नामकरण व वेलि-साहित्य

जिस प्रकार मगल काव्यो की एक सुदीघ परम्परा है उसी भाँति वरन् उससे भी कही अधिक विस्तृत परम्परा वेलि काव्यो की रही है राजस्थानी, गुजराती एव व्रजभाषा में इस काव्य परम्परा के शताधिक ग्रथ उपलब्ध हैं जिनम से कई तो प्रकाशित हो चुके हैं और शेष अद्यावधि किसी शोधधर्मी प्रकाशक की राह देख रहे हैं वैस रोडा कृत राउलवेल वेलि परम्परा की सवप्रथम रचना सुनी जाती है और जिसका समय ग्यारहवी शती का माना जाता है, पर अब तक लिखित रूप मे प्राप्त सर्वाधिक प्राचीन वेलि ग्रथ 'चिहुगति वेलि' है, जो एक जैन कवि वाछा द्वारा प्रणीत है तथा जिसका रचना काल वि स १५२० के आस पास का है जिसमे कवि ने चार गतियों (१) नरक गति (२) तियच गति (३) मनुष्य गति और (४) देवगति का वणन किया है इसके पश्चात् तो बीसवी शती तक अबाध गति से अनेक वलि काव्यो की रचना हुई है

वेलि का पर्याय बेल, लता तथा वल्लरी है वल्लरी सस्कृत शब्द है जिसका अपभ्र श रूप ही वेल अथवा वेलि है उपनिषदो मे वल्ली शब्द का प्रयोग हुआ है वहाँ वल्ली का प्रयोग परिच्छेद के रूप म हुआ है, यथा भृगुवल्ली, ब्रह्मानद वल्ली आदि कालान्तर मे वल्ली शब्द का रूपान्तर हो गया और वह आधुनिक ग्रथ लता के रूप मे प्रयुक्त होने लगा न्याय वल्लरी, वेदान्त वल्लरी चातुर्मास्य व्रत वल्ली और अम्बुज वल्ली आदि इसी वेलि परम्परा के सस्कृत साहित्य के ग्रथ है

हिन्दी मे जहाँ लता शब्द अधिक प्रचलित है, वहाँ राजस्थानी और गुजराती मे वेल अथवा वेलि विद्यापति की कीर्तिलता के साथ साथ नागरीदास की राजरस-लता, सुखदेव मिश्र कृत शृ गारलता, श्रीदत्त की लालित्यलता और व्रजनिधि की प्रीतिलता,लता नामधारी तथा घनानद की रसकेलिवल्ली व्रजनिधि कृत दुखहरणवेलि तथा वृंदावनदास की दानवेलि आदि पचहत्तर से अधिक वेलि ग्रथ प्रख्यात हैं ब्रजभाषा मे कुछ वल्लरीधारी रचनाएँ भी उपलब्ध हैं जिनमे नागरीदास की वैराग वल्लरी, रामराय की मनोरथ वल्लरी तथा घनानद की रसकेलि वल्लरी प्रसिद्ध हैं इसके अतिरिक्त करुणावेलि, आनदवधन बेल और हरिकला वेलि भी प्राप्य हैं।

राजस्थानी साहित्य मे अनेक वेलि ग्रंथो की भाँति गुजराती मे केशवदास की वल्लभवेल, बजिया कृत सीतावेल, जीवनदास रचित श्रुतवेल, प्रेमानन्द प्रणीत व्रजवेल तथा दयानद कृत भक्तवेल प्रमुख हैं

राजस्थानी-साहित्य म अनेक वेलि काव्यो की रचनाएँ हुई हैं विभिन्न धर्मावलम्बियो द्वारा लिखी गइ य कृतियाँ विविधता व उत्कृष्टता के नमूने हैं और साहित्य के गौरव ग्रथ हैं इन वेलि काव्यो का विषय या तो चरित्र नायको क यश प्रसार का रहा है अथवा य रचनाएँ सच्चिदानद भगवान की लीला-गाथाओ के प्रचार का माध्यम रही हैं

सिहा कृत जम्बू स्वामी वेलि, ठकुरसी रचित पचेन्द्रिय वेलि, भट्टारक निर्मित आदिनाथवेलि, साधुकीर्ति की सवत्थवेलि, जयसोम कृत बारह भावना वेलि, वीर विजय की सुभ वेलि, कीर्तिविजय निर्मित सुजसवेलि और जिनविजय कृत नेमिस्नेह वेलि आदि प्रमुख जन धर्मावलम्बी रचनाएँ हैं ये सारी रचनाएँ अपभ्रंश अथवा राजस्थानी भाषा मे लिखी हुई हैं

गुण चणिक वेलि के रचनाकार प्रसिद्ध भक्त कवि चूडँजी, कृष्णजी री वेलि के रचयिता सासला करमसी, किसन रुकमणी री वेलि के सृजनकार महाराज पृथ्वीराज राठोड के अतिरिक्त त्रिपुरी सुदरी वेलि के रचयिता जसवत, किसना प्रणीत हर पारवती री वेलि, महेसदास रचित रघुनाथ चरित नव रस वेलि तथा महादेव पार्वती री वेलि के सजक आढा किसना आदि राजपूतो और चारणो द्वारा प्रणीत वलि ग्रथ अति प्रसिद्ध है इनम से गुण चणिक वेलि तथा कृष्णजी री वेलि, 'किसन रुक्मणी री वलि' की पूववर्ती रचनाएं हैं तो त्रिपुर सुदरी और महादेव पार्वती री वेलि परवर्ती रचनाए हैं य सारे वेलि ग्रथ धार्मिक हैं, पर वीर प्रसूता यह भूमि अपनी वीर सतान को कैसे भुला सकती है ? एक ओर जहाँ इस प्रदेश मे धार्मिक वेलि ग्रथा की रचना धारा प्रवहमान थी तो दूसरी ओर प्रशस्तिमूलक ऐतिहासिक वेलि ग्रथो की रचना धारा भी निरतर प्रवहमान थी

मालाजी सादू कृत रायसिंघजी री वेलि गाडण चोलो की महाराजा सूरसिंघजी री वलि, गाडण वीरमाण कृत महाराजकुवर अनोपसिंघजी री वेलि, सादू रामा प्रणीत उदसिंघ री वेलि दूदा कृत रतनसी खींचावत री वेलि और बारहठ अखै भाणोत रचित देईदास जतावत री वेलि आदि सारे वेलि ग्रथ अपने अपने आश्रयदाताओ के ऐतिहासिक प्रशस्ति ग्रथ हैं जो वेलियो छद मे लिखे हुए हैं ।

धार्मिक तथा एतिहासिक प्रशस्ति वेलि ग्रंथो के अतिरिक्त लोक कठों में अनेक वेलि ग्रथ अवस्थित हैं रामदेवजी री वेल, माईमातारी वेल, रूपादे री वेल और तोलादे री वल जनमन के हार हैं

उपयु क्त सक्षिप्त विकासोन्मुख सर्वेक्षण से अब यह स्पष्ट है कि न तो वेलि काव्य किसी एक विषय को लेकर ही सृजित हुये हैं और न लेखकवृद मे स किसी एक जाति विशेष का उस पर एकाधिकार था वेलि ग्रथ मे पयुक्त छद भी एक से नही है फिर भी एक बात निश्चित है कि अधिकाश ऐतिहासिक प्रशस्तिमूलक वेलि ग्र थ वेलियो छद मे लिखे गये हैं

आधुनिक युग मे श्री मुकुनसिंघ राठौड कृत बहुनामी री वेलि, शैतानसिंघ री वेलि और पीरूसिंघ री वेलि आदि वेलि ग्रथ शृ खला की नवीनतम कडियाँ हैं श्री राठौड ने वेलि-परम्परा को सिंचित कर पुन पल्लवित कर दिया है

प्रारम्भ मे यह मत अधिक प्रचलमान था कि क्योंकि वेलि ग्रथ वेलियो छद म लिखे गये हैं, इसलिये इसका नाम वेलि पडा पर उपयु क्त विवरण से यह स्पष्ट है कि सभी वेलि ग्रथ वेलियो छद मे रचित नही हैं जिन प्रशस्तिमूलक ऐतिहासिक वेलि ग्रथों का निर्माण हुआ है, वे सभी वि स १६३७ के बाद के हैं वि स १६३७ ही 'क्रिसन रुकमणी री वेलि' का रचना काल माना जाता है महाराज पृथ्वीराज राठौड उस समय तक एक प्रसिद्ध कवि, भगवद्भक्त, योद्धा सामत तथा बहुत के रूप मे अकबर के दरबार और साहित्यिक व सामाजिक जगत म पूणतया प्रस्थापित हो चुके थे अतएव प्रशस्तिमूलक ऐतिहासिक वेलि काव्य परम्परा के परवर्ती कवियो ने जिन्होंने अपने ग्रथ म 'वेलियो' छद का प्रयोग किया है, महाराज पृथ्वीराज राठौड की पद्धति का अनुकरण किया हो तो कोई आश्चय नही

प्रो० नरोत्तमदास स्वामी तथा कविराजा मोहनसिंह यही मानते हैं कि वेलियो' छद मे लिखे जाने के कारण इनका नाम वेलि रखा गया यह मत थोडा भ्रामक है क्योंकि प्रथम तो सभी उपलब्ध ग्रथ वेलियो छद मे लिखे हुये नही हैं द्वितीय स्वय पृथ्वीराज रचित वेलि भी शत प्रतिशत वेलियो छद म रचित ग्रथ नही है

प्रो० मजुलाल मजमुदार ने वेलि शब्द को विवाह के अथ मे प्रयुक्त हुआ कहा है पर उनका यह विधान भी सत्य से कही दूर है विवाह परक वेलि काव्य अपवाद रूप मे ही प्राप्त हैं ऊपर जिन गुजराती वेलि ग्रथा की चर्चा की है उनम से केवल अक सीता वेल ही विवाह परक है दूसरे उन वेलि ग्रयो मे जिनमे विवाह सम्बन्धी वणन है उनमे विवाह वर्णन सम्पूण कथा का केवल अशमात्र ही है

डॉ० माताप्रसाद गुप्त व डॉ० भोलानाथ तिवारी ने विलास >विलाम> विल्ल>वेल्लि आदि से वेलि की जो व्युत्पत्ति बताई है, वह नितान्त भ्रमपूण है

डॉ० आनदप्रकाश दीक्षित[1] के मतानुसार वेल अथवा वेलि शब्द राजस्थानी-साहित्य में छ अर्थों मे प्रयुक्त होता है—

(१) ससार, शरीर वनक, पाप, ज्ञान, अमृत, यश अपयश सहित अपमान रूप मे,

(२) वेलि काव्यो के आदि अन्त मे काव्य सज्ञा के रूप मे,

(३) छद के नामोल्लेख के रूप मे,

(४) साथी या सहायक रूप म,

(५) लहर-तरग के रूप म

(६) लता, वल्लरी के अभिधेय अर्थ मे वेल, वेलडी, वेलि आदि.

डा० दीक्षित द्वारा दिया गया वेलि का प्रथम अर्थ सस्कृतादि किसी भाषा म हो सकता है पर राजस्थानी भाषा मे तो उसके यह पर्याय प्राप्य नही हैं द्वितीय अर्थ से शब्द की व्युत्पत्ति पर प्रकाश नही पडता शेष चारो अर्थ राजस्थानी भाषा मे अवश्य उपलब्ध हैं पर सवप्रचलित राजस्थानी अर्थ जिसे डॉ० दीक्षित नहीं दे सके हैं वह है वश' और 'उम्र' राजस्थान मे बडे बूढे जब आशीर्वाद देते हैं तो सदव यह कहते हैं कि थारी वल वधो' अेक और अर्थ जो राजस्थान में वेलि का होता है वह है अगूठी या कडा वास्तव मे यह अर्थ रूढ हो गया है वेलि का एक साधारण अर्थ है शरीर के किसी अग के चारो ओर लिपटा हुआ आभूषण

प० बदरीप्रसाद साकरिया ने अपने राजस्थानी हिंदी कोश मे वेलि के निम्न अर्थ दिये हैं —१ लता २ एक छद ३ राजस्थानी साहित्य का काव्य रूप, ४ वश, ५ आयु ६ तरग, लहर, ७ अगूठी ८ कडा (वि) ९ सहायक, साथी

स्वय पृथ्वीराज ने अपने ग्रथ क्रिसन रुकमणी री वेलि' के अन्तिम भाग मे छद सख्या २९१, २९२ और २९३ मे वेलि ग्रथ का वेल (लता) के साथ सादृश्य बतलाया है वह उनकी स्वप्नशीलता का भव्य उदाहरण तो है ही परन्तु साथ ही साथ अपने काव्य को वेलि सज्ञा देन का कारण भी उसमें निहित है—

वल्ली तसु बीज भागवत वायो,
महि थाणो प्रियुदास मुख ।
मूळ ताल जड, अरथ मण्डहे,
सुथिर करणि चढि छाँह सुख ॥२९१॥

(इस वलि रूपी लता का बीज भागवत है दास पृथ्वीराज के मुख रूपी थाँवले म यह बीज बोया गया है इसका मूल पाठ ही मानो वृक्ष की डालियाँ हैं तथा इसका अर्थ ही मानो जडे हैं श्रोताओ के एकाग्र कान मडप हैं जिनके ऊपर यह चढी रहती है सुख ही इसकी छाया है)

---

[1] स्वसपान्ति वेलि प० २७ प्रकाशक -विश्वविद्यालय प्रकाशन गोरखपुर ।

पत्र अक्खर दळ द्वाळा जस परिमळ,
नव रस ततु विधि अहोनिसि ।
मधुकर रसिक सु भगति मजरी,
मुगति फूल, फळ भुगति मिसि ।।२६२।।

(अक्षर इसके पत्ते है दोहलो मे वर्णित भगवान का यश ही सुगधि हैं नव रस इसके ततु हैं और यह वेलि रात दिन बढती रहती है साहित्य रसिक अथवा भक्त ही मानो भँवर हैं और भक्ति ही मजरी है मुक्ति ही इसका फूल है और परमानद इसका फल है)

कळि कलप वेलि वळि कामधेनुका,
चितामणि सोमवल्लि चत्र ।
प्रकटित पृथिमि, पृथु मुख पकज,
अखरावलि मिसि थाइ एकत्र ।।२६३।।

(यह वेलि कलिकाल मे कल्पलता, कामधेनु चितामणि तथा सोमलता है ये चारों पृथ्वीराज के मुख कमल मे अक्षरो के समूह के बहान पृथ्वी पर प्रकट हुई हैं)

इसी प्रकार एक और अत्यन्त महत्वपूण तथ्य वेलि मे दृष्टिगोचर होता है, जिस पर से नामकरण की साथकता सिद्ध होती है सद्यजाता रुक्मिणी का वर्णन कवि ने कनक वेलि के माध्यम से किया है जिससे रुक्मिणी के कचनवर्णी कोमलागो पर सुदर प्रकाश पडता है—

रामा अवतार, नाम ताइ रुकमणी
मानसरोवरि मेरु गिरि ।
बाळक गति किरि हस चउ बाळक,
कनक-वेलि बिहु पान किरि ।।१२।।

(बाल्यावस्था मे रुक्मणी एसी जान पडती थी मानो मानसरोवर मे हस का बच्चा हो अथवा सुमेरु पवत पर सोने की छोटी सी लता हो, जिसके दो पत्ते अभी अभी निकले हो)

अन्यत्र एक अन्य राजस्थानी कवि ने भी वेलि का सादृश्य गुणवती नारियो से कर बडी ही भावपूर्ण और अयगभीर अभिव्यक्ति की है —

वेलडियां गुणवतियां नेहा नही चुक्त ।
ज्यारे गळे विलूवही, वा पर ही सूक्त ।।

वश वृद्धि के रूप मे भी वेलि शब्द इस काव्य के लिये साथक है वेलि मे कवि ने वसुदेव से वासुदेव वासुदेव से प्रद्युम्न और प्रद्युम्न से अनिरुद्ध—इस प्रकार चार पीढियों का वर्णन छद सख्या २७० और २७१ मे किया है

भगवान श्रीकृष्ण रुकमणी की आतपुकार पर वेली (बेली) के रूप म सहायताथ दौड आये, यह वेलि के तीसरे अथ की साथकता है फिर यह, राजस्थानी का विशिष्ट काव्य रूप भी है जिसमे वेलियो छद का भी प्रयोग किया गया है

इस प्रकार हम देखते हैं कि आचाय प० बदरीप्रसाद द्वारा दिय गये वेलि के सारे अथ पृथ्वीराज रचित वेलि मे साथकता से प्रयुक्त हुए हैं, अतएव हम नि सकोच कह सकते हैं कि इस काव्य का वेलि नामकरण सवथा उचित ही है

वेलि का काल निर्णय

भारतीय सस्कृति की उदात्त विशेषताम्रो (सहिष्णुता, सत्यता, परोपकारिता व निभिमानता) मे विनम्रता अपना विशिष्ठ स्थान रखती है विनम्रता म शक्ति रहते हुये भी विद्वानो और बुजुर्गों आदि के समक्ष रचयिता या कर्ता के ज्ञान और यश आदि का भाव उपेक्षित रहता है इस उपेक्षा-प्रवृति ने भारतीय सस्कृति, साहित्य व इतिहास को लाभ के स्थान पर हानि ही अधिक पहुँचाई है और इसी के परिणामस्वरूप आज हम अपना क्रमबद्ध प्रामाणिक राष्ट्रीय इतिहास नही मिल रहा है

साहित्य का क्षेत्र भी इससे अछूता नही रहा है। यही कारण है कि कई अत्यन्त अमूल्य ग्रथो के रचनाकारो के न तो हमे नाम ही मालूम है और न उनकी निर्माण तिथि ही हिंदी साहित्य मे ऐसे ग्रथो की कमी नही है जिनमे उपयु क्त दोनों बातो का अभाव न हो ऐसे ग्रथो के रचयिताम्रो के नामो, स्थानो व रचनाकालो को लेकर अनक विवाद उठ खडे हुये हैं और इतनी चर्चाएँ, इतने अनुशीलन के पश्चात् भी वे आज तक अनिर्णित ही रहे हैं पृथ्वीराज रासो को ही लीजिय उसके रचनाकाल के सबध म उतना ऊहापोह हो जाने के पश्चात् भी सारे विद्वान किसी एक निष्कर्ष पर पहुँच नही पाये हैं मीरा के जन्मकाल व तुलसी के जन्मस्थल को लेकर भी जो साहित्यिक वाद-विवाद होते रहे है, उनसे सभी परिचित हैं

जब से इटालियन विद्वान स्व० डॉ० तस्सीतोरी ने सन् १६१६ मे प्रथम बार 'राठोड प्रिथीराज री कही वेलि क्रिसन रुक्मणी री' को सपादित कर भक्ति और शृ गार के इस श्रेष्ठ डिंगल ग्रथ को साहित्यिक जगत मे रखा तब से आज तक वेलि के छ और सुसपादित सस्करण निकल चुके हैं, पर सारे ही विद्वान लेखक इसके रचना काल पर एक मत नही हो सके हैं वेलि के इन आधुनिक सम्पादित सस्करणो के पूर्व भी वेलि विद्वानो व जनता मे इतनी लोकप्रिय थी कि न केवल राजस्थानी भाषा की बोलियो (ढूढाडी व मारवाडी) मे ही इसकी टीकाएँ लिखी गई थी बल्कि सस्कृत मे भी दो बहुत ही विद्वत्तापूर्ण टीकाएँ लिखी गईं थी। गोपाल लाहोरी नामक एक कवि ने वेलि का एक सुदर पद्यानुवाद ब्रजभाषा मे भी किया है और ढूढाडी टीका तो पृथ्वीराज के जीवन काल मे ही लिखी गई थी

ऐसे प्रसिद्ध ग्रथ क रचनाकाल का निणय एक स्वर से अभी नही हो पाया है परन्तु नई शाध के आधार पर एक निणयात्मक स्थिति पर पहुँचने का एक प्रयत्न यहा किया जा रहा है

(१) डा० तस्सितोरी ने वेलि के साहित्यिक मूल्य को समझ कर अनेक हस्त लिखित प्रतिया के आधार पर सवप्रथम एक सुदर सस्करण सन् १९१९ में एशियाटिक सोसायटी ऑफ बगाल' से प्रकाशित करवाया था इस प्रकाशन का सारा व्यय भार बीकानेर नरेश स्व० महाराजा श्री गगासिहजी ने उठाया था जिन आठ प्रतिया के आधार पर डॉ० तस्सितोरी न इस अत्यन्त महत्वपूर्ण ग्रथ का सम्पादन किया था—वे इस निष्कष पर पहुँचे कि वेलि का रचनाकाल वि० स० १६३७ ही है उन्होने अपने इट्रोडक्शन के पृ० XII पर लिखा है — In editing the 'Veli Krisna Rukamani ri', I have been able to avail myself of an adventage which very rarely, if ever, falls in sort to editors of Rajasthani Bardic Poetry the existence of old commentries The Principal of these are three and they were all written within fifty years from the composition of the Veli (Samvat 1637)' उनके इस वष को रचना काल मानन का आधार निम्न छद है—

7 3 6 1
वरसि अचल गुण अग ससी सवति
तवियो जस करि श्री भरतार ।।

(२) ठा रामसिह व श्री सूयकरण पारीक द्वारा वेलि का दूसरा सपादित सस्करण हिन्दुस्तानी अकेडेमी की ओर से सन् १९३१ मे प्रकाशित हुआ विद्वान सम्पादको न वलि के रचना काल पर अपनी भूमिका म पृ० ४६ पर लिखा है — यह पुस्तक स० १६३७ मे लिखी गई थी, जसा कि उक्त पुस्तक के अतिम दोहे म प्रकट किया गया है' दाहा वही है जिसकी ओर डॉ० तस्सितोरी ने निर्देश किया है यहाँ यह भी ध्यान म रखन योग्य बात है कि सम्पादक द्वय न डॉ० तस्सितोरी की आठ प्रतियो के अतिरिक्त चार अन्य प्रतिया का अवलोकन कर अपने इस मत को स्थिर किया है

(३) इसके ठीक बाईस वष पश्चात् अर्थात् सन् १९५३ मे दो और सपादित सस्करण प्रकाशित हुए एक प्रो० नरोत्तमदास स्वामी का है जो श्रीराम मेहरा एण्ड कम्पनी आगरा से प्रकाशित हुआ तथा दूसरा प्रो० आनदप्रकाश दीक्षित का जो विश्वविद्यालय प्रकाशन, गोरखपुर से हुआ अपने पूव सपादको तथा अन्य एक दो विद्वानों के विभिन्न मतो का अति सक्षिप्त वर्णन कर प्रो० स्वामी ने अपनी भूमिका पृ० ७८ पर लिखा है — हमारी समझ म रचना सवत-सूचक पद्यो म से कोई भी

पृथ्वीराज की रचना नही हैं वेलि से सम्बन्ध रखने वाले अन्यान्य कई एक प्रशसात्मक पद्यो की भाँति, जो वेलि की रचना के बाद बन गये थे और जिनको टीकाकारो अथवा लिपिकारो ने पीछे से जोड दिया, ये पद्य भी पीछे की रचना हैं'

(४) प्रो० आनदप्रकाश दीक्षित ने अपने सम्पादित ग्रथ की भूमिका मे वेलि की रचना तिथि स० १६४४ माना है उनके इस सवत् को मानने के नीचे लिखे कारण हैं—

(क) डिंगल ग्रथो मे रचना सवत् सूचक पद्य स्पष्ट लिखे जाते हैं कूट भाषा मे लिखने की परम्परा नही थी

(ख) भक्तमाल, जो सवत् १६४२ से १६८० के बीच लिखा गया है—उसमे वेलि का उल्लेख है

(ग) डॉ० मोतीलाल मेनारिया का मत

अतएव प्रो० दीक्षित के शब्दो मे ही—'वेलि की रचना को सवत् १६४२ से पूर्व ही मानने की कोई आवश्यकता विशेष प्रतीत नही होती'

(५) डॉ० रामकुमार वर्मा वेलि का रचना काल वि० स० १६३७ मानते हैं डॉ० तैस्सितोरी ठा रामसिंह, प० सूर्यकरण पारीक की मान्यताएँ, डॉ० वर्मा की मान्यता का आधार है

(६) डॉ० मोतीलाल मेनारिया को जो तीन प्रतियां उदयपुर के सरस्वती भडार से प्राप्त हुई हैं उन तीनो मे रचनाकाल सवत् १६४४ ही दिया गया है, जो नीचे लिखे छद मे स्पष्ट है—

सोलह स सवत् चमाळै वरस, सोम तीज वसाख समधि।
रुक्मणी कृष्ण रहस्य रमण रस कथी वेलि पृथ्वीराज कमधि॥

(७) सन् १९५४ मे साहित्य निकेतन, श्रद्धानद पार्क कानपुर से श्री कृष्णशकर शुक्ल द्वारा वेलि के एक अन्य सम्पादित सस्करण मे वेलि के रचना-काल पर कोई प्रकाश नहीं डाला गया है

(८) सन् १९५५ मे वेलि का एक और सस्करण प्रकाशित हुआ पर इस बार यह कवि के जन्मप्रान्त राजस्थान अथवा उत्तर प्रदेश से न होकर बम्बई स्थित श्री फार्बस गुजराती सभा के द्वारा गुजराती विद्वान श्री नटवरलाल इच्छाराम देसाई के द्वारा सपादित हुआ इसकी टीका पश्चिमी राजस्थानी (मारवाडी अर्थात् जूनी गुजराती) और समभूती (अर्थ) गुजराती मे है यह प्रति उन्हें सन् १९२० मे सूरत में प्राप्त हुई थी तथा जिसे स० १७७४ मे तारापुर (गुजरात) नामक स्थान पर किसी अनाम लिपिकार ने लिपिबद्ध किया है

इस सटीक हस्तलिखित प्रति की पहली विशेषता यह है कि इसमे कुल मिला कर ३०७ छन्द हैं तथा वेलि की प्रशसा मे कहा गया कवित्त प्रसग है इसकी दूसरी विशेषता यह है कि अतिम दोनो छद रचना सवत् सूचक छद है, जो निम्नांकित हैं–

८ ३ ६ १
(१) वसु सिव-नयण रस शशि वछरि
विजय दशमी रवि दिन वरणीत।
किसन रुक्मणी बेलि कल्पतरु
की कमधज कलियाण उत ॥३०६॥

(२) सोभसैं सुक्ल चमाळ वरसे
सोम तीज वशाख सुध ।
रुपमणि करो रहसि रस रमति
कही वलि पृथुदास कमध॥

प्रथम छन्द के अनुसार वेलि का रचना काल सवत् १६३८ है जबकि दूसरे के अनुसार सवत् १६४४ है। (दूसरे छद की प्रथम पक्ति का प्रथम शब्द सोभस' न होकर 'सोलेसै' होना चाहिए) यह लिपिकार की भूल हो सकती है क्योकि प्रथम तो शब्द की सगति नही बैठती और दूसरा डॉ० मेनारिया की तीनो प्रतियो म यह दूसरा छद ही रचना-सवत-सूचक शब्द है जिसम 'सोलसै' है

यहाँ यह तो मानना ही पडेगा कि डॉ० तस्सितोरी तथा अन्य विद्वानो को विभिन्न प्रतियो म १६३७ का जो रचना सवत सूचक छद मिलता है उससे उपयु क्त प्रथम छद मे वष, तिथि, वार नक्षत्र और कवि के नाम आदि का उल्लेख अधिक स्पष्ट है फिर भी यह प्रश्न तो निरुत्तर ही रहता है कि सवत सूचक यह दूसरा छद क्यो ? इसके उत्तर म श्री नटवरलाल इ देसाई की यह मान्यता है कि रचना तो सवत १६३८ मे ही पूर्ण हो गई थी, पर अपने सशय इत्यादि का काव्य कसौटी पर कसवा कर दूर करने मे वेलिकार को सात वष और लग गये और इस प्रकार वास्तव म यह रचना जनता और विद्वानो के सामन प्रथम बार सवत् १६४४ मे आई यहाँ कसौटी से सबधित प्रसिद्ध दत कथा 'वलि की परीक्षा' ध्यान मे रखने योग्य है माधव, केशव माला और दुरसा आढा न इसकी भूरि-भूरि प्रशसा की है दुरसा आढा ने तो उस पाचवाँ वेद और उन्नीसवा पुराण ही निम्न छद म घोषित कर दिया है—

रुकमणि गुण लखण रूप गुण रचवण,
वेलि तास कुण करे बखाण।
पाचमो वद भाखियो पीथळ,
पुणिया उगणीसमो पुराण ॥

(९) श्री अगरचद नाहटा से हुई मौखिक साहित्यिक चर्चा म उन्होने यह बताया कि उनके मत मे वि० स० १६३८ ही वेलि का रचना काल है।

(१०) इसके अतिरिक्त अभय जैन ग्रन्थालय, बीकानेर की हस्तलिखित प्रति सख्या ७४०५ (वेलि क्रिसन रुक्मणी री) म छद सख्या ३०३ है और प्रशस्ति के दो छद अलग से दिये गये है लिपिकार रगविमल ने इस नवहर (नोहर, बीकानेर राज्य) मे वि० स० १७४१ मे लिपिबद्ध किया था रचनाकाल सबधी इसमे जो छद दिया गया है, वह इस प्रकार है—

सोलसे सवत छत्रीसा वरषे सोम ग्रीज वेशाप समधि ।
रुकमणी कृसन रहस रग रमता कही वेलि पृथ्वीराज कमधि ॥

उपयुक्त छद से वेलि का रचना काल सवत् १६३६ माना जाना चाहिये, इस छद और श्री नटवरलाल देसाई वाली प्रति मे वष को छोड कर तिथि दिवस आदि का साम्य है इस प्रति मे उपयुक्त छद के ठीक बाद रचनाकाल सबधी एक दूसरा छद वसु शिवनयन रस शशि वछरि वाला दकर रचना काल संवत १६३८ भी मान लिया गया है

(११) महिमाभक्ति जैन भडार (बडा उपाश्रय) बीकानेर की दो और हस्तलिखित प्रतियाँ क्रमानुसार ग्रथ सख्या ४०० व ४६० श्री अभय जन ग्रथालय म देखने को मिली हैं ग्रथ सख्या ४०० वाली प्रति वि०स० १७१८ म प० कुशलसागर ने वेनातट मे लिपिबद्ध किया है इसमे रचनाकाल सबधी सवत् १६३७ व सवत् १६३८ वाले दोनो छदो के देने के बाद लिपिकार ने टीका मे यह बतलाया है कि 'किहाई कई परते दुहला उचारणउ कीधउ सवतरउ पाठातर नउ छई' अर्थात् कई प्रतियो मे सवत सबधी दोनो दुहाले मिलते हैं जो पाठातर है

इसी प्रकार ग्रथ सख्या ४६०, जो सवत् १६८६ मे लिपिबद्ध हुआ है (जो उपयुक्त प्रति से ३२ वष पूव की है) प्रशस्ति मे १६३७ व १६३८ वाले दोनो छदो को लिख कर टीका मे लिखा है कि 'कीए एके परते ए पणि सवतरउ दुवालउ पाठातर छई' अर्थात् किसी एक प्रति म रचना सवत सूचक १६३८ वाला छद पाठांतर है।

(१२) पू प बदरीप्रसाद साकरिया, सपादक 'राजस्थान भारती' व 'डिंगल कोष' का मत है कि सभी रचना-सवत् सूचक छद प्रक्षिप्त हैं

(१३) श्री अभय जन ग्रथालय मे वेलि की अब तक प्राप्त प्रतियों म एक प्राचीनतम प्रति मिली है जो वि० स० १६६६ मे लिपिबद्ध है इसम ३०१ छद हैं और रचना-सवत सूचक कोई छद नही है इस ग्रथ की प्रशस्ति इस प्रकार है—
इति श्री कृष्णदेव रुषमण वेलि सपूर्ण समाप्ता ॥ राठोड श्री कित्याणमल सुत

प्रथिराज तत्त ।। बधव सुरताणजी गागरोणगढ मध्ये ।। स० १६६६ वर्षे माह सुदी ४ दिने लिपत रामा ।। फूलखडा मध्य ।। शुभ भवतु ।। क्ल्याण ।। शोध की दृष्टि से यह प्रति अत्यन्त महत्व की है इस गुटकाकार प्रति के पूव पत्र में अकित निम्न छद के रचयिता के सबध मे विद्वानो और सम्पादको मे जो भ्रम है वह दूर हो जाता है इस प्रति म निम्नाकित छद के अत मे लिखा हुआ है कि —'इति कलस ज्यादव कृत ।। भोजग जादव कृत ।। अतएव यह स्पष्ट है कि यह छद भोजग जादव ने वेलि की प्रशसा म लिखा है छद इस प्रकार है—

वेद बीज जळ विमळ, सुकवि जड रोपी सद्धर ।
पत्र दूहा गुण पुहुप, वास लोभी लपमीवर ।।
पसरी दीप प्रदीप, अधिक गहरी आडम्बर ।
मन सुधि जे जाणति अव फळ पामइ अबर ।।

विस्तार कीध जुगि जुगि विमळ, धणी किसन कहणहार धन ।
अमिम वेलि पीथळ अचळ तेंइ रोपी कलियाण तन ।।

इस प्रकार यह स्पष्ट है कि वेलि के रचना काल पर सभी विद्वान एक मत नही है तथा सभी ने प्रमाणो सहित अपने अपने मत के मडन का प्रयत्न किया है

(१) स्व० डॉ० एल पी तस्सितोरी का सवत् १६३७ को वेलि का रचना काल मानने का मूल कारण ऐसा ही हो सकता है कि उनको प्राप्त सभी प्रतियो में रचना सबधी यही सवत् मिला हो यही कारण है कि इस छद को ही रचना सवत् मानने मे उन्हें किसी भी प्रकार की शका व सदेह नहीं रहा पर उनके बाद के शोध कार्यों से यह साफ है कि किसी एक सवत् को प्रमाणित मानने म काफी विवादास्पद बातें हैं

(२) प्रो० नरोतमदास स्वामी ने रचना सवत सूचक सभी छन्दो को प्रक्षिप्त माना है यह ठीक है कि आज तक प्राप्त सवत् १६३६, १६३७, १६३८ और १६४४ म स किसे रचना काल माना जाय ? सबको प्रक्षिप्त कहकर टाल देने से भी यह प्रश्न तो हमारे सामने रहता ही है कि यदि इन चारों सवतो मे स कोई भी रचना काल नही है तो सही रचना काल कौनसा है ? और यदि हमे वह आज उपलब्ध नही है तो इस दिशा में और भी अधिक अनुशीलन की आवश्यकता तो है ही

(३) प्रो० आनदप्रकाश दीक्षित के मतानुसार डिंगल मे रचना-सवत कूट भाषा में लिखने की परम्परा नही है अतएव वेलि की विविध प्रतियो म प्राप्त सवत् १६३७ व १६३८ वाले सभी छन्द प्रक्षिप्त हैं ऐसा मानने का कोई कारण नहीं होता, क्योंकि प्रथम तो यह कोई आवश्यक नहीं कि किसी परिपाटी का

भा न हो और द्वितीय कई बार विद्वान अपनी विद्वता का प्रदर्शन करने के लिये भी कूट छदा का सहारा लेते हैं और इस प्रकार घुमा-फिरा कर कहने मे साहित्यकार की प्रतिभा की विलक्षणता दिखलाई देती है इसीलिये सम्भव है कि वेलिकार ने कूटभाषा का प्रयोग किया हो प्रो० दीक्षित का अनुमान भर है कि यह रचना सवत् १६४२ के बाद की है क्या केवल भक्तमाल मे वेलि का उल्लेख होने के कारण हम उसे वि० स० १६४४ का मान लें जबकि स्वय भक्तमाल का रचना काल भी अनिर्णीत है [1] इसके विपरीत स्वय वेलिकार के जीवन काल मे ही वेलि की दो अनेक टीकाएँ लिखी जा चुकी थी, इसलिये वेलिकार तो पहले से ही ख्याति प्राप्त थे और यह स्वाभाविक ही है कि परवर्ती कवि अपनी-अपनी कृतियो मे प्रसगानुसार वेलि का उल्लेख करते

(४) डॉ मोतीलाल मेनारिया को ग्रन्थ का रचनाकाल सवत् १६४४ ही मान्य है, पर अन्यत्र प्राप्त सवत् १६३७ व १६३८ के दोहलो से उनके मस्तिष्क मे भी एक भ्रम उत्पन्न हो गया प्रतीत होता है और उन्होंने मध्यम मार्ग अपना कर अपने निर्णय मे—'१६३७ को रचना का आरम्भ काल तथा सवत् १६४४ को समाप्ति काल मानना चाहिये' लिखा है

(५) श्रीकृष्णशकर शुक्ल शायद इस विवादास्पद पचडे म नहीं पडना चाहते हैं और कदाचित इसीलिये ही उन्होंने अपनी भूमिका मे तद् विषयक कोई विचार प्रकट नही किये हैं

(६) श्री नटवरलाल इच्छाराम देसाई ने सवत् १६३८ को ही वेलि का निर्माण काल माना है, पर साथ ही साथ यह भी स्वीकार किया है कि विद्वानो से वेलि की साहित्यिक श्रेष्ठता आदि को प्रमाणित करवाने मे कवि को छ सात वर्ष और लग गये अतएव जनता के सम्मुख वेलि प्रथम बार वि० स० १६४४ मे ही आई वेलि की कसौटी आदि की कथाएँ दत कथाएँ भर है, अतएव इनकी प्रामाणिकता पर सहज विश्वास कर लेना कठिन है ये कथाएँ ठीक उसी प्रकार इतिहास सम्मत नही हैं, जिस प्रकार कि इन्ही महाराज पृथ्वीराज का महाराणा प्रताप को पत्र लिखना कई लेखक तो इन्हें अकबर का दरबारी मानते ही नही है, नौरत्नों मे से एक होने की बात दूर रही [2] व तो एक साधारण व्यक्ति के रूप मे रहे हैं, अतएव उनको अपने काव्य को कसौटी पर कसवाने की बात सर्वथा सगत प्रतीत नहीं होती

---

[1] भक्तमाल का रचनाकाल सवत् १६४२ से १६८० के बीच का माना जाता है

[2] डॉ० गोपीनाथ शर्मा एम ए, पी एच डी कृत Mewar & Mughal Empe
डॉ० एम आर. शर्मा कृत महाराणा प्रताप

(७) श्री अगरचद नाहटा किन आधारो पर सवत् १६३८ को वलि का रचना काल मानते हैं, इसका इन पक्तियो के लेखक को परिचय नहीं हो सका है फिर भी श्री नाहटा यह कह रहे थे कि उनकी इस मान्यता के लिये उनके पास पुष्ट प्रमाण हैं नाहटाजी यदि इस पर प्रकाश डालेंगे तो साहित्यिक जगत को लाभ होगा परन्तु उन्हीं के ग्रन्थालय म प्राप्त अलम्य प्रति उनके इस निणय मे सहायक बनती हो, ऐसा प्रतीत नही होता

(८) मेरी अपनी दृष्टि से वास्तव मे रचना-सवत सूचक जितने भी छद उपलब्ध हैं, वे सब प्रक्षिप्त ही हैं और इस प्रकार प्रो नरोत्तमदास स्वामी और पू प बदरीप्रसाद साकरिया से लेखक का मतैक्य है स्वामीजी व मुझ मे अतर केवल इतना ही है कि आज से कई वष पूव प्रमाणा के अभाव मे स्वामीजी ने यह निर्णय कर लिया था कि वेलि के अत मे आये हुये रचना-सवत् सूचक विभिन्न छद बाद के जोडे हुए प्रक्षिप्त अश हैं, जबकि हमे तो आज एक ऐसी सम्पूर्ण प्रति भी उपलब्ध है, जो प्राप्त प्रतियो मे सबसे प्राचीन है इसमे रचना सवत-सूचक कोई भी छद नही है तथा प्रशस्ति के कलस छद के बारे म विद्वानो के जो भ्रम थे, उसका भी निराकरण हो गया है

यह प्रति ढूढाडी टीका से भी (जिसका लिपि काल वि० स० १६७३) चार वष पुरानी है अर्थात् वि० स० १६६६ की है जब ढूढाडी टीका को विद्वान वेलिकार के जीवन काल मे ही लिखी मानते हैं तब तो रामा लिखित यह प्रति निश्चित ही वेलिकार के जीवनकाल की है और इसीलिये जब उनके जीवनकाल मे ही लिपिकार रचना-सवत सूचक छद अथवा निर्माण काल नही दे सका तो परवर्ती लिपिकारो के दिये गये रचना सबधी सवत असदिग्ध रूप से भ्रामक व गलत हैं

स्वाभाविक ही यहा एक प्रश्न उठ खडा होता है कि सवत १६३६, १६३७, १६३८ और १६४४ सभी प्रक्षिप्त हैं तो इनकी कल्पना क्यो की गई ? मेरे अपने विनम्र मत मे या तो य सवत लेखक के जीवन सम्बधी महत्वपूर्ण घटनाओ से सम्बधित है या वेलिकार ने विशेष प्रसगो पर स्वय वेलि का पाठ विद्वानो या भक्तजनो के समक्ष विशिष्ट स्थानो पर किया हो, जिनके आधार पर विविध लिपिकारो ने भिन्न भिन्न सवतो को उसका रचना काल मान लिया हो

फिर भी अनिश्चितता के कोहरे को तिरोहित करने के लिये इस ओर अधिक शोध काय की आवश्यकता है विश्वास है आज नही तो कल कोई न कोई अनुसधाता इस विषय की पूरी छान बीन कर सही तिथि का पता लगायेगा

वेलि का कथानक

कृष्ण रुक्मणी सम्बन्धी मूल धार्मिक कथा का अवलोकन हमे सवप्रथम श्रीमद्भागवत् के दशमस्कध के उत्तरार्ध मे ५२ से ५५ तक के अध्यायो मे होता है इसी कथा का उल्लेख आगे चल कर हमें विष्णु पुराण व हरिवश पुराण मे कुछ परिवर्तित रूपो मे क्रमानुसार ५२वें अध्याय के २६वें खड और ५६ व ६०वें अध्याया म मिलता है मूलत भागवत व पुराणो के इसी कथा का आधार लेकर परवर्ती कवियो ने अनेकानेक ग्रन्थ—रुकमणी मगल, रुकमणी हरण, रुकमणी परिणय, कृष्ण रुकमणी व्याहलो, कृष्ण-रुकमणी-वेलि और रुकमणी-स्वयबर आदि नाम देकर अपने अपने काव्य ग्रन्थो का निर्माण कर भगवान के चरणो मे अपने श्रद्धा सुमन चढाये हैं रुकमणी सबधी ये ग्रन्थ हमको राजस्थानी हिंदी, मराठी व गुजराती मे उपलब्ध हैं मराठी मे अपेक्षाकृत अधिक ग्रन्थ उपलब्ध हैं[1] जबकि राजस्थान व गुजरात म श्रेष्ठ वर प्राप्त करने के लिये कुमारिकायें गौरी-पूजन करती है तथा व्रतादि रखती हैं, महाराष्ट्र मे इमी इच्छित वस्तु को प्राप्त करने के लिए एकनाथ रचित 'रुकमणी स्वयम्बर' का नित्य प्रति पाठ व पूजन आदि किया जाता है वैसे महाराष्ट्र व राजस्थान मे यह भक्ति ग्रन्थ घर घर मे प्रतिष्ठित है और इस प्रकार इसने जन काव्य का रूप ग्रहण कर लिया है

'वेलि क्रिसन रुकमणी री राठोड राज प्रिथीराज री कही' का आधार भी भागवत ही है स्वय कवि ने 'वेलि' के छद २६१, प्रथम पक्ति मे भागवत को अपनी वेलि का बीज रूप मानते हुये स्पष्ट लिखा है कि—

वल्ली तसु बीज भागवत वायो
महि थाणो प्रिथिराज मुख।

पर भागवत के इस बीज द्वारा प्रस्फुटित 'वेलि' ने कालभेद व परिस्थिति भेद से एक नया रूप ही ग्रहण कर लिया है श्रीमद्भागवत व वेलि मे कथा साम्य,

---

1 (अ) डॉ० आनदप्रकाश दीक्षित सपादित वेलि की भूमिका पृ० १६१
(ब) लेखक का निजी सग्रह

विष्णु पुराण व हरिवंश पुराण मे भी है, पर इन सब मे शृ गारिकता का सर्वथा अभाव कहू तो कोई अतिशयोक्ति न होगी

भागवत

भागवत मे वर्णित कथा का संक्षिप्त रूप इस प्रकार है —भीष्मक राजा के पाच पुत्र और एक पुत्री रुकमणी थी एक ओर कृष्णगुणगान श्रवण कर रुकमणी ने मन ही मन भगवान कृष्ण को पति के रूप मे वरण कर लिया था तो दूसरी ओर कृष्ण भी रुक्मणी के गुणा पर रीझ गये थे युवराज रुक्मी, रुक्मिणी का सम्बन्ध शिशुपाल से करना चाहते थ रुक्मिणी ने एक ब्राह्मण के साथ द्वारिका मे श्रीकृष्ण के पास अपना सदेश भेजा ब्राह्मण के भोजनादि से निवृत्त होने पर श्रीकृष्ण ने उसके आगमन का कारण पूछा ब्राह्मण ने मौखिक सदेश मे यह कहा कि आज से तीसरे दिन रुक्मिणी का विवाह तय हो गया है अम्बिका पूजन के समय राक्षस विधि से हरण करने का रुक्मिणी का प्रस्ताव भी उसने कह सुनाया श्रीकृष्ण बडे व्याकुल हुये ब्राह्मण को रथ मे साथ लेकर श्रीकृष्ण एक ही रात्रि मे कुण्डिनपुर जा पहुँचे उधर निमत्रण मिलने पर शिशुपाल भी बारात लेकर वहाँ आ पहुँचा नगर का खूब सजाया गया था और शिशुपाल के आगमन पर स्वय राजा भीष्मक उसकी अगवानी के लिय गया शिशुपाल को श्रीकृष्ण द्वारा रुक्मिणी हरण की कुछ गध लग गई थी इसलिये उसने अपन साथ जरासध को भी ले लिया था भगवान कृष्ण को अकेला जानकर बलराम ससैन्य कृष्ण की सहायतार्थ आ पहुँचे उधर रुक्मिणी देर हो जाने से बडी व्याकुल हुई इतने म शुभ शकुन के साथ ही उसे प्रसन्न वदन सदेशवाहक ब्राह्मण दिखलाई पडा श्रीकृष्ण को आया जानकर रुक्मिणी बडी आनदित होकर सखियो, सनिको राजकमचारियो वादको तथा वदीगणा के साथ अम्बिका पजन के लिये भगवान श्रीकृष्ण का ध्यान करते हुए चली उधर भीष्मक और अन्य पुरवासियो ने बलराम का भी यथोचित सम्मान किया रुक्मिणी ने अनेक विधि से देवी की पूजा की उस समय साक्षात जगद्धात्री रुक्मिणी के सुदर स्वरूप को देख कर सनिक मूर्छित हो गये इसी समय श्रीकृष्ण ने रुक्मिणी का हरण कर लिया सनिकों की मूर्छा जब भग हुई तो उन्होन श्रीकृष्ण को घेर लिया रुक्मिणी को इससे बहुत चिंता हुई, पर श्रीकृष्ण के हाथा पराजित होकर सभी सनिक नगर की ओर पलायन कर गये इस पर रुक्मी ने श्रीकृष्ण को हराने की प्रतिज्ञा कर उन पर आक्रमण किया पर वह भी हार गया और ज्योंहि श्रीकृष्ण रुक्मी का वध करने लगे रुक्मिणी न उनके पर पकड लिय इस पर श्रीकृष्ण ने उसे जीवनदान तो दिया, पर उसके सिर के केश काट लिये इस मुडन काय के लिये बलराम ने श्रीकृष्ण की निंदा की रुक्मी इस पराजय और अपमान के कारण कुण्डिनपुर नहीं गया उसने भोजकट नाम का नगर बसाया द्वारिका जाकर श्रीकृष्ण ने रुक्मिणी से विधिवत विवाह किया जनता आनन्दमग्न हो उठी

होते हुये भी वेलि के रचनाकार ने अपनी प्रतिभा तथा कवित्व शक्ति के आधार पर प्रसगोपयुक्त कई मौलिक घटनाओ, वर्णनो आदि का सृजन कर इस अत्यत प्राचीन कथा को एक अभिनव रूप दे दिया है वेलि को एक स्वतत्र काव्य बनाने मे तत्कालीन साहित्यिक प्रवृत्तियो व राजनैतिक वातावरण का बडा हाथ रहा है वैसे तो वेलि के रचना काल मे विद्वान मतक्य नही है, फिर भी यह तो सभी मानते हैं कि वेलि का रचना काल सवत् १६३६ से १६४४ (नौ वर्ष) के बीच मे हुआ है भक्ति काल इस समय अपने चरमोत्कर्ष शिखर पर पहुँच कर समाप्ति की ओर अग्रसर था तथा रीतिकाल का बीजारोपण हो चुका था भक्ति और रीति के इस सधिकाल मे वेलि का निर्माण हुआ अतएव अपने पूर्ववर्ती भक्त तथा सत कवियो का प्रत्यक्ष प्रभाव तो पडा ही, साथ ही उस समय तक रचे गये कई शृ गार ग्रथों से रीति की जो एक निश्चित परिपाटी निर्मित हो गई थी, उससे वेलिकार का अपने आपको मुक्त रखना सभव नही था वेलि पर एक और प्रभाव जो पृथ्वीराज को तथाकथित शृ गारिकता की ओर बहा ले गया, उनका ऐश्वर्यशाली और विलासी मुगल दरबार मे पूरे राजसी ठाट बाट से रहना, वहा होने रहने वाले ऐसे समारोहो मे अनिवार्य रूप से निरतर भाग लेना और उनका स्वय का राजघराने म उत्पन्न होना था इसके विपरीत किंवदती प्रसिद्ध है कि पृथ्वीराज के ही समकालीन भक्त श्रेष्ठ सत परमानददासजी को जब अकबर के दरबार मे आमत्रित किया गया तो उन्होने सतन का सीकरी सा कया काम, आवत जावत पनहिया घिसावत हो कह कर उस निमत्रण को ठुकरा दिया अतएव स्पष्ट ही है कि शृ गारिकता का वह मुलम्मा जो पृथ्वीराज के नख शिख पर चढ सका तुलसीदास, सूरदास आदि अगणित भक्त व सत कवियो को छू भी न सका वेलिकार के स्वय वेलि को आठवें छद में एक शृ गारिक काव्य ग्रथ माना है [१] इतना होते हुए भी वेलि एक शुद्ध शृ गार ग्रथ न होकर भक्ति से आप्लावित मर्यादा काव्य है।

सच तो यह है कि वेलिकार ने भक्ति और रीति दोनो परम्पराओ का बडी दक्षता और सुदरता से निर्वाह कर उसे गीतगोविंद की भाति एक मिश्रित ग्रथ बनाने का प्रयत्न किया है,[२] पर मूलत है तो वह एक *भक्ति ग थ ही*

उपयु क्त सभी कारणो से भागवत की कथा और वेलि की कथा मे बीसियो स्थलो पर स्पष्ट अतर पड गया है वसे कथा मे वर्णित घटनाभेद तो भागवत,

---

१ श्रीवरणण पहिलो कीजै तिणि
   गूथियै जाणि सिणार ग्रन्थ

२ जयदेव कृत गीत गोविंद भी शृ गार का अन्यतम ग्रथ है पर स्थान स्थान पर भगवान के नामों को प्रयुक्त कर उसमें भक्ति का पुट दिया गया है

विष्णु पुराण व हरिवंश पुराण मे भी है, पर इन सब मे शृ गारिकता का सर्वथा अभाव कहे तो कोई अतिशयोक्ति न होगी

भागवत

भागवत मे वर्णित कथा का सक्षिप्त रूप इस प्रकार है —भीष्मक राजा के पाच पुत्र और एक पुत्री रुकमणी थी एक ओर कृष्णगुणगान श्रवण कर रुकमणी ने मन ही मन भगवान कृष्ण को पति के रूप मे वरण कर लिया था तो दूसरी ओर कृष्ण भी रुक्मणी के गुणो पर रीझ गये थे युवराज रुक्मी, रुक्मिणी का सम्बन्ध शिशुपाल से करना चाहते थे रुक्मिणी ने एक ब्राह्मण के साथ द्वारिका मे श्रीकृष्ण के पास अपना सदेश भेजा ब्राह्मण के भोजनादि से निवृत्त होने पर श्रीकृष्ण ने उसके आगमन का कारण पूछा ब्राह्मण ने मौखिक सदेश मे यह कहा कि आज से तीसरे दिन रुक्मिणी का विवाह तय हो गया है अम्बिका पूजन के समय राक्षस विधि से हरण करने का रुक्मिणी का प्रस्ताव भी उसने कह सुनाया श्रीकृष्ण बडे व्याकुल हुये ब्राह्मण को रथ मे साथ लेकर श्रीकृष्ण एक ही रात्रि मे कुण्डिनपुर जा पहुँचे उधर निमत्रण मिलने पर शिशुपाल भी बारात लेकर वहाँ आ पहुँचा नगर को खूब सजाया गया था और शिशुपाल के आगमन पर स्वय राजा भीष्मक उसकी अगवानी के लिये गया शिशुपाल को श्रीकृष्ण द्वारा रुक्मिणी हरण की कुछ गध लग गई थी इसलिये उसने अपने साथ जरासध को भी ले लिया था भगवान कृष्ण को अकेला जानकर बलराम ससैन्य कृष्ण की सहायतार्थ आ पहुँचे उधर रुक्मिणी देर हो जाने से बडी व्याकुल हुई इतने मे शुभ शकुन के साथ ही उसे प्रसन्न वदन सदेशवाहक ब्राह्मण दिखाई पडा श्रीकृष्ण को आया जानकर रुक्मिणी बडी आनदित होकर सखियो, सैनिको राजकर्मचारियो वादको तथा वदीगणो के साथ अम्बिका पूजन के लिये भगवान श्रीकृष्ण का ध्यान करते हुए चली उधर भीष्मक और अन्य पुरवासियो ने बलराम का भी यथोचित सम्मान किया रुक्मिणी ने अनेक विधि से देवी की पूजा की उस समय साक्षात जगद्धात्री रुक्मिणी के सुन्दर स्वरूप को देख कर सैनिक मूछित हो गये इसी समय श्रीकृष्ण ने रुक्मिणी का हरण कर लिया सैनिको की मूर्छा जब भग हुई तो उन्होने श्रीकृष्ण को घेर लिया रुक्मिणी को इससे बहुत चिंता हुई, पर श्रीकृष्ण के हाथो पराजित होकर सभी सैनिक नगर की ओर पलायन कर गये इस पर रुक्मी ने श्रीकृष्ण को हराने की प्रतिज्ञा कर उन पर आक्रमण किया पर वह भी हार गया और ज्योहि श्रीकृष्ण रुक्मी का वध करने लगे रुक्मिणी न उनके पैर पकड लिये इस पर श्रीकृष्ण ने उसे जीवनदान तो दिया, पर उसके सिर के केश काट लिये इस मुडन कार्य के लिये बलराम ने श्रीकृष्ण की निंदा की रुक्मी इस पराजय और अपमान के कारण कुण्डिनपुर नहीं गया उसने भोजकट नाम का नगर बसाया द्वारिका जाकर श्रीकृष्ण ने रुक्मिणी से विधिवत विवाह किया जनता आनन्दमग्न हो उठी

विष्णु पुराण

विष्णु पुराण मे यह कथा अपेक्षाकृत बहुत सक्षिप्त है व इसमे कई घटनाओ का सवथा अभाव है कथा का रूप इस प्रकार है — जब रुक्मी को पता लगा कि श्री कृष्ण रुक्मिणी का हरण कर जा रहे है तो कुण्डिनपुर छोडने के पूव वह प्रतिज्ञा करता है कि यदि मैं कृष्ण को पराजित कर रुक्मिणी को वापस न ला सका तो यहा लौट कर न आऊँगा रुक्मी युद्ध मे परास्त हो जाता है और कृष्ण रुक्मिणी से राक्षस विवाह कर लते हैं तत्पश्चात् उनके प्रद्युम्न नामक पुत्र उत्पन्न होता है

हरिवश पुराण

इस पुराण के ५९वे और ६०वें अध्याय मे कथा का वणन इस भाति किया गया है — श्रीकृष्ण व रुक्मिणी दोनो एक दूसरे के रूप व गुणो पर मोहित होकर एक दूसरे की ओर आकर्षित होते हैं बलराम सहित श्रीकृष्ण रुक्मिणी के रूप व शिशुपाल के साथ हो रहे उसके विवाह को देखने के लिये कुण्डिनपुर आते हैं जब रुक्मिणी इद्राणी के मन्दिर म पूजा के लिये जाती है तो उसके सौंदय पर मोहित हो बलराम से अनुमति लेकर श्रीकृष्ण रुक्मिणी का हरण कर लेते हैं शिशुपाल के सहयोगी जरासध आदि युद्ध म हार जाते हैं रुक्मी भी युद्ध मे हारकर भगवान से अभयदान मागता है भगवान से अभयदान प्राप्त होने के पश्चात् रुक्मी भोजकट नामक नगर स्थापित करता है श्रीकृष्ण द्वारिका पहुँच कर विधिवत विवाह करते हैं

वेलि क्रिसन रुकमणी री

मगलाचरण मे परमेश्वर, सरस्वती, गुरु और श्रीकृष्ण की वदना कर कवि रीतिकालीन परिपाटी के अनुसार यह स्वीकार करता है कि यह एक शृगार ग्रथ है उसके पश्चात् कथा के प्रारम्भ मे वेलिकार रुक्मिणी के माता पिता, भाइयो आदि का वणन कर रुक्मिणी (जो कि लक्ष्मी का अवतार है) बाल्यावस्था का त्याग कर यौवनावस्था म प्रवेश करते ही एक स्वाभाविक लज्जा व सकोच ने उसके शरीर म घर कर लिया है उसका विस्तृत वणन करते हैं चौदह विद्याओ व चौसठ कलाओ म प्रवीण रुक्मिणी श्रीकृष्ण के अनुपम गुणो की प्रशसा सुन उनकी ओर आकर्षित हुई भीष्मक भी कृष्ण के साथ रुक्मिणी का विवाह करना चाहते थे, पर रुक्मी ने विरोध कर अपने पुरोहित द्वारा शिशुपाल को बरात लाने का निमत्रण दिया नगर खूब सजाया गया स्त्रियाँ मगल गीत गाने लगी एक वृद्ध ब्राह्मण पथिक के साथ रुक्मिणी ने अपना पत्र व मौखिक सदेश द्वारिका भेजा थका पथिक सध्या होते ही रास्ते म सो गया पर भगवत् कृपा से प्रात काल उठने पर वह अपने आपको द्वारिका म पाकर विस्मित होता है ब्राह्मण को आते देख श्रीकृष्ण ने सम्मुख

जाकर उसका खूब स्वागत किया और रुक्मिणी के पत्र को हाथ मे लेते ही भगवान आनद विभोर हो गये अत उन्होने ब्राह्मण को ही पत्र लौटा कर पढने की आज्ञा दी सदश सुनकर भगवान ने शीघ्र रथ को जुडवाया और कुदनपुर के लिये प्रस्थान किया इधर रुक्मिणी चिंता कर ही रही थी कि ब्राह्मण आ पहुँचा और उसन परोक्ष रूप से श्रीकृष्ण के आने की सूचना दी उधर बलराम भी श्रीकृष्ण को अकेला गया जानकर पीछे से सेना सहित कुदनपुर पहुँचे भीष्मक ने दोना का स्वागत किया दूसरी ओर रुक्मिणी पूण शृगार कर, अपनी सखिया और अगरक्षको आदि के साथ अम्बिकापूजन को जाती है रुक्मिणी के अद्वितीय सौदय का देख माया के प्रभाव से सनिक अचेत हो जाते हैं और कृष्ण रुक्मिणी का रथ पर बिठला कर चल देते हैं श्रीकृष्ण के ही पुकार मचाने पर सेना जसे नीद से जागी हो, श्रीकृष्ण का पीछा किया घनघोर युद्ध मे शिशुपाल आदि के हार जाने पर रुक्मी ने श्रीकृष्ण को ललकारा रुक्मिणा का लिहाज रख कर श्रीकृष्ण ने रुक्मी को न मार, उसके केशा को काट कर उसे विद्रूप बना दिया इस पर बलराम ने जब उनकी खूब भत्सना की तो रुक्मी के सिर पर हाथ धर कर श्रीकृष्ण न केशो को पुन उगा दिया द्वारिका पहुँचने पर अनेक उत्सव हुये और वासुदेव देवकी ने विवाह की तयारियाँ शुरू की ब्राह्मणा के कहने पर पाणिग्रहण के अतिरिक्त सभी सस्कार विधिवत पूण किये गये रति व ऋतुओ के विस्तृत विवरण के पश्चात् वेलि मे रुक्मणी के गभ से प्रद्युम्न का जन्म लेना, बारह छदो मे वेलि के महात्म्य का वणन दो पदो म वेलिकार का विनय प्रदशन और निर्माणकाल आदि के छद आते हैं

इस प्रकार हम देखत हैं कि कथा सूत्र वस्तुत एक होते हुए भी भागवत, विष्णु पुराण, हरिवश पुराण तथा वेलि की कथावस्तु म गहरा वैषम्य है डॉ तैस्सितोरी को भागवत मे केवल चार ऐसे स्थल मिले हैं जहाँ थोडा बहुत भाव साम्य मिलता है शेष सारी घटनाएँ और कल्पनाएँ वेलिकार की उवर कल्पना-शक्ति की उपज है

कथा वषम्य

(१) भागवत, विष्णु पुराण, हरिवश पुराण आदि मे वलि की भाँति मगलाचरण ग्रथ का विषय (तुलसीदासजी के समान) सत असत की वदना, और निर्माणकाल विषयक छद नही हैं यह स्वाभाविक ही है क्योंकि वेलि की भाँति एक ही विषय को लेकर लिखे जाने वाले जसे ये स्वतत्र ग्रथ नहीं हैं

(२) भागवत विष्णु पुराण, हरिवश पुराण मे रुक्मिणी के लक्ष्मी का अवतार होने जन्म बाल्यावस्था वय सधि विद्याध्यन और यौवनागमन आदि का उल्लेख नहीं है जबकि वेलि मे इनका बहुत सुदर वणन किया गया है

(३) भागवत, विष्णुपुराण हरिवंशपुराण आदि म रुक्मी का पुरोहित भेज कर शिशुपाल को बरात लेकर आने का निमंत्रण देने की घटना का उल्लेख नहीं है

(४) भागवत म शिशुपाल की बरात म शाल्व, जरासंध दंतवक्त्र विदूरथ, पौड्रक आदि के आने का वर्णन है क्योंकि उसको आशंका थी कि कहीं श्रीकृष्ण रुक्मिणी का अपहरण न करलें वेलि, विष्णु पुराण और हरिवंश पुराण मे इसका कोई उल्लेख नही है

(५) शिशुपाल की बरात के आगमन पर नगर की सजावट, रुक्मिणी के संदेशवाहक ब्राह्मण का सो जाना और प्रात काल होते ही अपने आपको द्वारिका म पाना आदि वर्णन भागवत, विष्णु पुराण और हरिवंश पुराण मे नही है

(६) रुक्मिणी का पत्र भेजना वेलिकार की नई सूझ है भागवत मे रुक्मिणी द्वारा मौखिक संदेश भेजने का वर्णन है, पर हरिवंश पुराण मे तो श्रीकृष्ण बिना किसी संदेश के रुक्मिणी के लावण्य से आकर्षित हो बलराम के साथ अपने आप आ जाते है

(७) भागवत और वेलि म रुक्मिणी अंबिकापूजन के लिये जाती है जबकि हरिवंश पुराण म अंबिका के स्थान पर इंद्राणी के मंदिर म जाने का उल्लेख है

(८) वेलि और भागवत मे रुक्मिणी हरण के लिये श्रीकृष्ण बलराम से किसी प्रकार की अनुमति नही लेते जबकि हरिवंश पुराण मे बलराम से आज्ञा लेकर व रुक्मिणी का हरण करते है

(९) युद्ध वर्णन म चारो कथाओ मे किसी प्रकार का साम्य नही है युद्ध वर्षा रूपक वेलिकार की नई सूझ है

(१०) एक बार युद्ध मे पराजित होने पर भी भागवत मे जरासंध आदि अन्य राजागण शिशुपाल को भविष्य म विजय की आशा दिलवाते हैं जबकि वेलि, विष्णु पुराण और हरिवंश पुराण म इसका उल्लेख नही है

(११) भागवत और विष्णु पुराण मे युद्ध मे जाने के पूर्व रुक्मी की प्रतिज्ञा का उल्लेख है जबकि वेलि और हरिवंश पुराण म नही है

(१२) पराजित अवस्था मे रुक्मी का लौट कर वापस न आने का वर्णन तो विष्णु पुराण मे है पर भोजकट नामक नगर बसाने का उल्लेख भागवत और हरिवंश पुराण म ही है वेलि मे इसका उल्लेख नहीं है

(१३) भागवत म रुक्मिणी के विनय करने पर श्रीकृष्ण रुक्मी को जीवित छोड देते हैं वेलि म रुक्मिणी विनय नही करती, पर श्रीकृष्ण ही रुक्मिणी के मन का रख रुक्मी को नहीं मारते हैं हरिवंश पुराण म रुक्मी स्वयं भगवान से

अभयदान मांगता है और श्रीकृष्ण उसे क्षमा कर अभय कर देते हैं विष्णु पुराण मे इस घटना का उल्लेख नही है

(१४) रुक्मी को विरूप करने पर भागवत मे तथा वेलि मे बलराम श्रीकृष्ण की भत्सना करते हैं और उपालम्भ देते हैं विष्णुपुराण व हरिवशपुराण मे इसका उल्लेख नही है भागवत मे श्रीकृष्ण की भत्सना के उपरात बलराम रुक्मिणी को सात्वना भी देते हैं

(१५) भागवत, हरिवश पुराण और वेलि मे जहा श्रीकृष्ण और रुक्मिणी के द्वारिका पहुचने पर विधिवत विवाह का उल्लेख है, विष्णु पुराण मे इसे राक्षस-विवाह घोषित किया है

(१६) भागवत व हरिवश पुराण में प्रद्युम्न के उत्पन्न होने का उल्लेख नहीं है जबकि वेलि व विष्णु पुराण मे इसका उल्लेख है

(१७) विवाहोपरात श्रीकृष्ण-रुक्मिणी का प्रथम मिलन, ऋतु वणन, और वेलि का माहात्म्य आदि वेलिकार द्वारा प्रस्तुत किये गये सवथा नये प्रसग उसके अपने मस्तिष्क की सूझ है

एक ही कथा मे घटना वैषम्य के कारण उत्पन्न विविध रूपो के अवलोकन करने पर लगता है कि वेलि मे सृजित अन्य प्रासगिक घटनाओ के कारण मूल कथा मे किसी प्रकार की अस्वाभाविकता नही आई है वरन् कथानक अधिक सुघड व सुगठित हो गया है तथा काव्यात्मक सौदय निखर उठा है

वेलिकार के समकालीन भक्त पद्मा तेली ने भी रुक्मणी-हरण के विषय को लेकर 'क्रिसन रुकमणी रो विवाहलो' वि स १६१६ के आस-पास लिखा है[1] वेलि जहां राजस्थान की साहित्यिक भाषा डिंगल मे लिखी गई है, 'विवाहलो' तत्कालीन जन भाषा मे लिखा गया ग्रथ है और यही कारण है कि जन साधारण म जो सम्मान व लोकप्रियता विवाहलो' को प्राप्त हुई, वह वेलि को न हो सकी साहित्य-ससार म वेलि का स्थान निर्विवाद बहुत ऊँचा है ही

वेलि की भांति विवाहलो भी वणन प्रधान काव्य है इसमें कुल मिला कर २७० छद व पद हैं विवाहलो म युद्ध के समय जरा राक्षसी का आना, विवाहोत्सव में राजस्थान की प्रथानुसार गाये जाने वाले 'बधावा-गीत' व 'गाली गीत आदि का समावेश जनकवि भक्त पद्मा तली की अपनी सूझ है भाषा की सरलता एव

---

१ द्रष्टव्य वरदा वर्ष ३ अंक २ पृ २२ श्री अगरचद नाहटा का 'रुकमणी मंगल' शीर्षक लेख और सं १६६६ के गुटका संग्रह में प्राप्त पदमा तेली कृत 'श्रीकृष्ण रुकमणी विवाहलो' की सम्पूर्ण प्रतिलिपि

सरसता, लोक-व्यवहार-चित्रण तथा राजस्थान की सस्कृति मूलक गुण कथन और उसकी वणन शली, इन सभी बातो ने उस लोक साहित्य का सिरमौर बना दिया है

वेलि और विवाहलो म उपयु क्त बातो के अतिरिक्त कथानक मे भी कई अय स्थानो पर वैषम्य है

पद्मा भक्त की ही भांति राजस्थान के रीति रिवाजों के आधार पर कोटपूतली के कवि सहसमल ने भी सवत् १७२८ पौष शु ३ गुरुवार का एक 'रुकमणी मगळ' विविध राग रागिनियो मे (गेय काव्य) बडी सुदर रचना की है, युद्ध, विवाह, डोरडो, सिर गूथी, राई लूण उतारना, गाली, भोजन आदि का वणन वेलि और विवाहलो से भिन्न प्रकार की स्थानीय विशेषताओ वाली छोटी पर महत्वपूण कृति है

पद्मा कृत विवाहलो व सहसमल रचित 'रुक्मणी मगळ' की ही भाँति इसी विषय पर महाराज पृथ्वीराज राठौड के समकालीन नरहरि दास और नददास ने ब्रजभाषा मे 'रुक्मणी मगळ' लिखे हैं जहाँ नददास ने कथा का प्रारम्भ शिशुपाल को विवाह के प्रस्ताव भेजे जाने वाली घटना से आरम्भ किया है वहाँ नरहरिदास ने वेली के समान ही भीष्मक के कुण्डिनपुर मे राज्य करने वाली घटना से किया है नददास कृत 'रुक्मणी मगळ' व वेलि दोनो उत्कृष्ट कोटि के काव्य हैं दोनो रचयिताओ ने अपनी प्रतिभा, काव्य कौशल व भाषा सौष्टव का सुदर परिचय दिया है- 'मगळ जहाँ भक्तिभावना से ओत-प्रोत सुदर सरल भाषा में लिखा हुआ समतल मैदान मे प्रवहमान सरिता के समान है तो वलि भक्ति और शृ गार प्रधान कठिन साहित्यिक भाषा भूमि पर बहने के कारण रसिको व साहित्यकारो के हृदय को ही जीत सकती है

नरहरिदास का 'मगल अपेक्षाकृत सरल भाषा में है और काव्यगत विशेषताओ की दृष्टि से भी उपयु क्त दोना ग्रथो की तुलना मे एक उत्कृष्ट ग्रथ नहीं बन पाया है

वेलि की भाषा व कला पक्ष

निश्चय ही वेलि की भाषा श्रोजमयी डिंगल है जो समग्र राजस्थान की साहित्यिक भाषा के सिंहासन पर निर्विवाद आसीन थी कई विद्वानो ने अनजाने ही इस भाषा को कृत्रिम व कणकटु आदि बतलाकर इसके साथ घोर अन्याय किया है इन विद्वानो ने ऐसा भी मान लिया था कि यह भाषा केवल वीर रस के ही उपयुक्त है शृ गार इत्यादि अन्यान्य रसो के लिये यह सर्वथा अनुपादेय है, परन्तु शृ गार और इतर रसो की सूक्ष्म से सूक्ष्म कल्पनायें भी जब वेलि मे अभिव्यंजित हुई तथा इसके दोहले गागर से सागर बन गये तो न केवल साहित्यक रसिक मुग्ध ही हुये पर अनेको ने तो दाँतो तले उगली भी दबाई हेय दृष्टि से देखा जाने वाला उपेक्षित डिंगल नाम और डिंगल साहित्य अब अधिकाधिक सम्मान व पठनपाठन ही नही शोध का साधन बनने लगा वस्तुत यह अति समुन्नत और सक्षम भाषा है, जिसमे प्रत्येक रस का सुदर व साधिकार निर्वाह हुआ है

वेलि की भाषा का रूप मूलत प्राचोन राजस्थानी है, पर इस पर मध्य-कालीन भाषा परिवतन की प्रवृत्तियो का प्रभाव स्पष्ट है—

१) रेफ का लोप और उसके स्थान पर या तो पूव व्यजन स सयुक्त होकर अथवा अकार सहित 'र' का प्रयोग यथा—

कम का क्रम, करम धम का ध्रम, धरम स्वग का स्रग, सरग निमल का नृमल अथवा निरमळ निजन का नृजण अथवा निरजन प्रायना का परायना

२) सयुक्त 'र' का लोप यथा—

प्रसाद का प्रसाय या पसाइ ब्राह्मण का बामण या बभण

३) 'ऋ' का स्थान 'र' 'रि' 'र' द्वारा लेना यथा—

ऋषि का रिषि, रिखि कृष्ण का क्रिसन, या क्रिस्न
नऋत्य का नरति, नरति अथवा नरिति
मृदग का म्रिदग या म्रदग कृश का क्रिग ग्रस
कृपा का क्रिपा अमृत का अम्रित इत्यादि

४) मध्य व अन्त्य 'न' के स्थान पर बहुधा 'ण' का प्रयोग[1] यथा–

गृद्धनी का ग्रीधणी, ग्रीधण ग्रीभण, ग्रीभणी, ग्रीभणि
गजगामिनी का गयगमणी, गगमणी
चन्द्रानन का चन्द्राणणि ज्वलन का जलण

५) वर्ण वर्गों के दूसरे और चौथे महाप्राण वर्णों का तथा ऊष्म 'ष' का 'ह' में परिवर्तन होना यथा–

माघ का माह मेघ का मेह, मुक्ताफल का मुताहळ या मोताहळ वसुधा का वसह, सघव का सुहव, गाथा का गाहा मुग्ध का मुह, पुष्प का पुहुप, पोष का पोह

६) मूर्धन्य 'ष' और संयुक्त व्यंजन 'क्ष' का 'ख' में परिवर्तन,[2] यथा–

षट का खट, चक्षु का चख, क्षीण का खीण क्षुधा का खुधा कर्षण का करखणि, ज्योतिषी का जोतिखी, क्षणान्तर का खिणतरि नक्षत्र का नखतर

७) मूर्धन्य 'ष' का 'स' और 'क्ष' का 'छ' में परिवर्तन यथा—

भाषा का भासा, क्षुधा का छुधा

यहाँ पर राजस्थानी भाषा के मुख्य अंग, जिनमे गठित होकर वह अपने स्वतन्त्र रूप में प्रस्थापित हुई उसके क्रिया स्वरूप, सर्वनाम, विशेषण और विभक्तियाँ आदि के कुछ शब्द संग्रथ दे रहे हैं, जिनसे संगठन का एक मोटा चित्र सामने उभर आता है–

क्रिया–

माडणो = आरंभ करना ओझडणो = प्रहार करना ठरणो = ठंडा होना
आणणा = लाना दीसणो = दिखाई देना आखणो = कहना
आवणो = देना आपडणो = पीछे भाग कर पकड़ लेना
भुणणो = कहना सांभळणो = सुनना कळकळणो = चमकना
हा = थे थयो = हुआ हुइय = होगा

---

१ शब्द के प्रारंभ का 'न' कभी 'ण' में परिवर्तित नहीं होता जैसा कि संत साहित्य के विद्वान श्री परशुराम चतुर्वेदी ने मीरांपदावली में बतलाया है यथा नंद का णंद नन का णण नैनन का णयण इत्यादि प्रत्येक स्थान पर न के ण में होने के चतुर्वेदीजी के नियम को मान कर हम अर्थ का अनर्थ कर बैठेंगे उदाहरण के लिये 'मन' और 'मण' राजस्थानी में 'मण' का अर्थ चालीस सेर के वजन से है श्री चतुर्वेदीजी ने मीरांपदावली के प्रथम पद में ही 'र मण परस हरि रे चरणां' पाठ देकर अर्थ का अनर्थ कर दिया है क्या चालीस सेर वाला वजन हरि के चरणों को स्पर्श करेगा?

२ राजस्थानी का यह परिवर्तन प्रभाव ब्रज और अवधी भाषाओं पर भी पाया जाता है

सर्वनाम

हू – मैं तूझ – तेरा मूझ – मेरा ग्रम्हा – हमारे
सो – वह सइ – उस, उसको तिणि – उस, उसने, उससे, उसमे
जिका – जो जासु – जिसका जिणि – जिस कुण – कौन
काई – क्या ग्रौ – यह ईए – इमने किहि – किसा इत्यादि

ग्रव्यय

म – मत नीठि – कठिनतासे वळे या वळि = फिर
नेडउ – निकट साम्हा – सामने प्रति – से ग्रोर, प्रत्येक
किरि – मानो हिव – ग्रब ग्रजे – ग्रभी तक इत्यादि

विभक्तिएँ

रा री, रे – का, की, के
ची, चे, चौ – की, के, का
तणा, तणी, तणै, तणो – का, की, के, को इत्यादि

शब्द भण्डार

वेलि मे डिंगल के ग्रतिरिक्त सस्कृत के तत्सम कुछ ठेठ प्राकृत व ग्रपभ्र श, कुछ विदेशी शब्द तथा देशज शब्दो का समुचित प्रयोग किया गया है यह इस बात का भी प्रत्यक्ष प्रमाण है कि कवि को न केवल ग्रनेक भापाग्रो का ज्ञान था, बल्कि इन शब्दों को ग्रपने भावानुकूल ग्रभिव्यक्ति का माध्यम बना कर कवि ने ग्रपनी प्रकाण्ड विद्वत्ता का परिचय दिया है

तत्सम शब्द

कस्मात्, कस्मिन, किल मित्र, किमथ किमत्र, केन, कार्य,
परियासि, कुत्र, गति, मति, नासिका, पयोधर, कुच, कपोल, सुर, भ्रमर इत्यादि

देशज शब्द

लाडो, बाकिया, ग्रधारी, ग्राडग, काठळ, निवाण
बाजोट, कोरण, वळे, ग्रनड, ढूलडी, पिण ग्रादि ।

तदभव शब्द

परमेसर, सरसति, वागेसरी, रिखेसर, प्रियाग, नयण ग्रादि ।

विदेशी शब्द

नासफरिम, गरकाब, सिलह हवाई ग्रादि ।

मराठी व गुजराती प्रत्यय ग्रौर ग्रव्यय

चा, चँ, चो, ची ग्रौर शू ।

इस प्रकार हम देखते हैं कि प्रसगानुसार सस्कृत, राजस्थानी व विदेशी अनेक भाषाओ की शब्दावली लिये 'वेलि' का स्वरूप वस्तुत निखर आया है 'वेलि' की भाषा पर कवि का पूर्ण वचस्व था जिससे उसमे सरसता व रसाभिव्यक्ति की समयता के दर्शन होते हैं यह बात स्वय कवि ने छद स २९७ के प्रथम दुहाले में स्पष्ट की है—

भाषा, सस्कृत, प्राकृत भणता,
मूझ भारती ए मरम ।

वेलि मे सस्कृत का सर्वश्रेष्ट उदाहरण तो छद स ५५ मे है जब सदेशवाहक ब्राह्मण, रुक्मिणी का पत्र ले कर द्वारिका पहुचता है और वहाँ श्रीकृष्ण उससे उसका परिचय पूछते हैं —

कस्मात? कस्मिन ? किल मित्र ! किमथ ?
केन काय ? परियासि कुत्र ?
ब्रूहि जनेन येन भो ब्राह्मण !
पुरतो मे प्रेषित पत्र ॥५५॥

अलकार

जिस प्रकार सस्कृत का अनुसरण करते हुये भी राजस्थानी छदशास्त्र की अपनी मौलिकताएँ हैं उसी भाति इसका अपना अलकार शास्त्र है कवि मछ कृत रघुनाथ रूपक और किसना आढा प्रणीत रघुवर जस प्रकाश' आदि उसके अपने डिंगल रीति ग्रथ हैं वस्तुत डिंगल के छद व अलकार शास्त्र का स्वतत्र रूप से विकास हुआ है

वलि अलकारो का रत्नाकर है शब्दालकारो व अर्थालकारो के साठ से भी अधिक भेदोपभेदो का इसमे प्रयोग हुआ है जसा कई बार देखा जाता है कि कई कवियो के काव्य इनसे बोझिल बन जाते हैं पर पृथ्वीराज के काव्य मे एक साथ चार चार अलकारो के प्रयोग पर भी दुरूहता और कृत्रिमता का नाम मात्र नही है इसके विपरीत भाषा बडी सशक्त व सजीव बन गई है इनसे भावोत्तेजना मे बडी सहायता पहुँची है स्व श्री विपिनविहारी त्रिवेदी के शब्दो मे कह तो—

'पृथ्वीराज के अलकार काव्य की आत्मा रस — के साधक हैं न कि बाधक' और फिर पृथ्वीराज हिंदी के उस काल (रीतिकाल) मे हुये थे जहाँ अलकारविरहित कामिनी, कविता और मित्र शोभा नही पाते थे तया जहाँ इसी बल पर ताम्र पत्र, पट्टे इत्यादि प्राप्त होते थे प्रो स्वामी के शब्दों म वास्तव में वे कारीगर थे, जो उपयुक्त अलकारो को उपयुक्त अवसरो पर साहित्यिक श्रीवृद्धि के लिये प्रयुक्त करते थ ।

शब्दालंकार

शब्दालकारो का प्रयोग प्रचुर मात्रा मे हुआ है राजस्थानी के प्रमुख शब्दालकार वयणसगाई का तो अति कठोरता से पालन हुआ है वयणसगाई को डिंगल कवियो न काव्य का अपरिहाय अग माना है प्रो नरोत्तमदास स्वामी न ठीक ही लिखा है कि "ससार की किसी भी भाषा मे शायद ही किसी अलकार का निर्वाह इतनी कठोरता के साथ किया गया हो" वयणसगाई के अतिरिक्त अनुप्रास और उसके विभिन्न भेद छेकानुप्रास, वृत्यनुप्राम और लाटानुप्रास, यमक के दोनो भेद साथक और निरथक और श्लेष अलकारो का प्रयोग कवि ने साधिकार किया है इसके साथ कवि ने पुनरुक्तिप्रकाश अलकार का भी खुल कर प्रयोग किया है

अनुप्रास

रस, भाव आदि के अनुकूल वर्णों का बारबार प्रकषता से पास पास म रखने को अनुप्रास कहते हैं अनुप्रास के तीना भेदो का कवि ने अबाध रूप से प्रयोग किया है यह अतिशयोक्ति नही होगी, यदि हम यह कहे कि सारी वेलि अनुप्रासमय है

छेकानुप्रास

छेक का अथ है चतुर' चतुरजनो को प्रिय होने के कारण इसे छेकानुप्रास कहते हैं इसमे वर्णों का एक ही क्रम से प्रयोग होना चाहिये वेलि मे से उद्धरण द्रष्टव्य है —

लाज लोह लगरे लगाये,
गय जिमि आणी गय गमणि

वृत्यनुप्रास

जिसमे वृत्तिगत एक अथवा अनेक वर्णों की अधिक बार आवृति होती हो उसे वृत्यनुप्रास अलकार कहते हैं यथा—

बहु विलखी वीछडतइ बाळा
बाळ — सघाती बाळपण ।

लाटानुप्रास

एक या एक से अधिक शब्द एक ही अथ मे, पर तात्पयमात्र की भिन्नता से अधिक बार दुहराय जायें तो उसे लाटानुप्रास कहते हैं यथा—

जळनिधि ही समाइ नही जळ
जळबाळा न समाइ जळदि

और

घटि घटि घण घाउ, घाइ घाइ रत घण
ऊच छिछ ऊछळइ अति

इस प्रकार हम देखते हैं कि प्रसगानुसार सस्कृत, राजस्थानी व विदेशी अनेक भाषाओं की शब्दावली लिये 'वेलि' का स्वरूप वस्तुत निखर आया है 'वेलि' की भाषा पर कवि का पूर्ण वर्चस्व था जिससे उसमे सरसता व रसाभिव्यक्ति की समर्थता के दर्शन होते हैं यह बात स्वय कवि ने छद स २९७ के प्रथम दुहाले में स्पष्ट की है—

भाषा, सस्कृत प्राकृत भणता,
मूझ भारती ए मरम ।

वेलि मे सस्कृत का सर्वश्रेष्ठ उदाहरण तो छद स ५५ मे है जब सदेशवाहक ब्राह्मण, रुक्मिणी का पत्र ले कर द्वारिका पहुचता है और वहा श्रीकृष्ण उससे उसका परिचय पूछते हैं —

कस्मात? कस्मिन ? किल मित्र ! किमथ ?
　　केन काय ? परियासि कुत्र ?
ब्रूहि जनेन येन भो ब्राह्मण !
　　पुरतो म प्रेषित पत्र ॥५५॥

अलकार

जिस प्रकार सस्कृत का अनुसरण करते हुये भी राजस्थानी छदशास्त्र की अपनी मौलिकताएँ हैं उसी भाति इसका अपना अलकार शास्त्र है कवि मछ कृत रघुनाथ रूपक और किसना आढा प्रणीत 'रघुवर जस प्रकाश' आदि उसके अपने डिंगल रीति ग्रथ हैं वस्तुत डिंगल के छद व अलकार शास्त्र का स्वतत्र रूप से विकास हुआ है

वलि अलकारो का रत्नाकर है शब्दालकारो व अर्थालकारो के साठ से भी अधिक भेदोपभेदों का इसमे प्रयोग हुआ है जसा कई बार देखा जाता है कि कई कवियो के काव्य इनसे बोझिल बन जाते हैं पर पृथ्वीराज के काव्य म एक साथ चार चार अलकारो के प्रयोग पर भी दुरूहता और कृत्रिमता का नाम मात्र नहीं है इसके विपरीत भाषा बडी सशक्त व सजीव बन गई है इनसे भावोत्तेजना मे बडी सहायता पहुँची है स्व श्री विपिनबिहारी त्रिवेदी के शब्दो मे कहें तो—

'पृथ्वीराज के अलकार काव्य की आत्मा रस — के साधक हैं न कि बाधक' और फिर पृथ्वीराज हिंदी के उस काल (रीतिकाल) म हुये थे जहाँ अलकारविरहित कामिनी, कविता और मित्र शोभा नही पाते थे तथा जहाँ इसी बल पर ताम्र-पत्र, पट्टे इत्यादि प्राप्त होते थे प्रो स्वामी के शब्दों में वास्तव मे वे कारीगर थे, जो उपयुक्त अलकारो को उपयुक्त अवसरो पर साहित्यिक श्रीवृद्धि के लिये प्रयुक्त कर देते थे ।

(१) आदिमेल (२) मध्य मेल और (३) अंतमेल वैसे कवि ने अधिकांशत उत्तम वैण सगाई का ही प्रयोग किया है पर कही कही मध्यम या अधम वणसगाई के दृष्टांत भी दृष्टिगोचर होते हैं

आदि मेल

माखण चोरी न हुवै माहव ।
रुखमिणी कमोदणी रुख ।

उपर्युक्त उदाहरणो मे वैण सगाई को स्थापित करने वाला वण अंतिम शब्द के आदि मे आया है माहव का 'मा' और रुख का 'रु' ।

मध्य मेल

वरसि अचळ गुण अंगी ससी सवति ।
मकरध्वज वाहणि चढयौ अहिमकर ।

उपर्युक्त दोनों उदाहरणो मे वैण सगाई को स्थापित करने वाला वण अंतिम शब्द के मध्य मे आया है सवति म 'व' और अहिमकर 'म' की स्थिति दृष्टव्य है

अंतमेल

रस छूटी छुद्र घंटिका

इस दुहाले मे घंटिका शब्द मे 'का' अंतमेल का उदाहरण है
सामान्यत वण-मैत्री के नियम निम्नलिखित हैं—

(१) असमान स्वर परस्पर मित्र होते हैं जसे अ, उ, इ आदि
(२) अद्ध स्वर (य, व) मे भी मत्री होती है
(३) व और व मे भी मैत्री होती है
(४) सभी स्वरो और अद्ध स्वरो मे वर्ण मैत्री होती है
(५) अल्प प्राण वण अपने समयोगी महाप्राण का मित्र होता है
(६) त वग और ट वग के समयोगी वण मित्र होते हैं

अर्थालंकार

अर्थालंकारों म कवि ने दृष्टांत, उत्प्रेक्षा, विरोधाभास, सदेह विशेषोक्ति, अनन्वयोपमा, सार, परिकरांकुर, काव्यार्थापत्ति, निदशनामाला, लुप्तोतमा यथासख्य, उपमा, हेतु विभावना स्वाभावोक्ति, अत्युक्ति, रूपक, पूर्णोपमा, सहोक्ति, प्रतीप पदार्थावृत्तिदीपक, अतिशयोक्ति, उदात्त, व्याघात, दीपक, एकावलि परिकर, काकुवक्रोक्ति, हेतु समुच्चय, उल्लेख, व्यतिरेक, हेतुत्प्रेक्षा, गम्योत्प्रेक्षा, भ्रांतिमान, वक्रोक्ति श्लिष्ट रूपक मालोपमा, असम, अपह्नुति सागरूपक, उदाहरण प्रतिवस्तूपमा अप्रस्तुतप्रशसा, असगति, अनुमान, मीलित, काव्यलिंग, पर्यायोक्ति, अधिक, अल्प,

पुनरुक्तिप्रकाश

जहां शब्द की प्रावृति हो तथा प्रत्येक बार उस शब्द का अर्थ अभिन्न हो और साथ ही अन्वय प्रत्येक बार भिन्न हो, वहां पुनरुक्तिप्रकाश अलकार होता है यथा—

> जिणि सेस सहस फण, फणि फणि बि बि जीह
> जीह जीह नव नवो जस

एक ही साथ कवि ने चार शब्दालकारो (छेकानुप्रास, लाटानुप्रास, वृत्यनुप्रास और यमक) को इस दोल म कितनी सुदरता से प्रयुक्त किया है—

> कळकळियो कुत किरण कळि ऊकळि
> वरजित विसिख विवरजित वाउ
> घडि घडि धवकि धार धारूजळ
> सिहरि सिहरि समख सिळाउ ॥११६॥

श्लेष

> पिंडि नीपनो कि खेत्र प्रवाळी
> सिरा हस नीसर सति ॥१२५॥

उपयु क्त दोहले के पिंडि, प्रवाळी और सिरा मे श्लेष अलकार है पिंडि—(१) वृक्ष का तना (२) धड प्रवाळी—(१) विद्रुम (२) किशलय सिरा—(१) ऊपर का भाग (२) रक्तनाडी (३) सिट्टे

वयणसगाई

वसे वयणसगाई अलकार को अनुप्रास अलकार कहा जा सकता है, पर यह उससे भिन्न और अधिक व्यापक है इसमे चरण के प्रथम शब्द के आदि वण को उसी चरण के अतिम शब्द के आदि मे लाकर सबध स्थापित किया जाता है—

> सरसती न सूझै, ताइ तू सोझ
> वाउवा हुओ कि वाउलो
> मन सरिसो धावतो मूढ मन
> पहि किम पूज पागुलो ॥४॥

उपर्युक्त छद के प्रथम चरण में स, दूसरे मे व, तीसरे मे म और चौथे चरण मे प वण सबध अर्थात वयण सगाई अलकार है वेलि म एक दो अपवादो को छोडकर वयणसगाई अलकार का सवत्र प्रयोग हुआ है, जो पृथ्वीराज की काव्य क्षमता का सूचक है वयणसगाई अलकार के भी अनेक भेद होते हैं—उत्तम, मध्यम और अधम वणसगाई को स्थापित करने वाला वण कभी अतिम शब्द के आदि, और मत मे आता है—इस दृष्टि से भी वैणसगाई के तीन भाग माने गये हैं —

(१) आदिमेल (२) मध्य मेल और (३) अतमेल वसे कवि ने अधिकाशत उत्तम वैण सगाई का ही प्रयोग किया है पर कही कही मध्यम या अधम वणसगाई के दृष्टात भी दृष्टिगोचर होते हैं

आदि मेल

माखण चोरी न हुवै माहव ।
रुखमिणी कमोदणी रुख ।

उपयु क्त उदाहरणो मे वण सगाई को स्थापित करने वाला वण अतिम शब्द के आदि मे आया है माहव का 'मा' और रुख का 'रु' ।

मध्य मेल

वरसि अचळ गुण अगी ससी सवति ।
मकरध्वज वाहणि चढयौ अहिमकर ।

उपयु क्त दोनो उदाहरणो मे वैण सगाई को स्थापित करने वाला वण अतिम शब्द के मध्य मे आया है सवति म 'व' और अहिमकर 'म' की स्थिति दृष्टव्य है

अतमेल

कस छूटी छुद्र घटिका

इस दुहाले मे घटिका शब्द मे 'का' अतमेल का उदाहरण है

सामान्यत वण-मैत्री के नियम निम्नलिखित हैं—

(१) असमान स्वर परस्पर मित्र होते हैं जसे अ, उ, इ आदि
(२) अद्ध स्वर (य, व) मे भी मैत्री होती है
(३) व और व मे भी मत्री होती है
(४) सभी स्वरो और अद्ध स्वरों मे वर्ण मैत्री होती है
(५) अल्प प्राण वण अपने समयोगी महाप्राण का मित्र होता है
(६) त वग और ट वग के समयोगी वण मित्र होते हैं

अर्थालकार

अर्थालकारो मे कवि ने दृष्टात, उत्प्रेक्षा, विरोधाभास, सदेह विशेपोक्ति, अनन्वयोपमा, सार, परिकराकुर, काव्यार्थापत्ति, निदशनामाला, लुप्तोत्तमा, यथासख्य, उपमा, हेतु विभावना स्वाभावोक्ति, अत्युक्ति, रूपक, पूर्णोपमा, सहोक्ति, प्रतीप, पदार्थावृत्तिदीपक, अतिशयोक्ति, उदात्त, व्याघात, दीपक, एकावलि, परिवर, काकुवक्रोक्ति, हेतु समुच्चय, उल्लेख, व्यतिरेक हेतूत्प्रेक्षा, गम्योत्प्रेक्षा भ्रांतिमान, वक्रोक्ति श्लिष्ट रूपक, मालोपमा असम, अपह्नुति सागरूपक, उदाहरण, प्रतिवस्तूपमा अप्रस्तुतप्रशसा, असगति, अनुमान, मीलित, काव्यलिग, पर्यायोक्ति, अधिक, अल्प,

कारणमाला, अर्थान्तरन्यास, स्मरण, समासोक्ति, विशेष, अन्योन्य आदि का प्रयोग किया है उत्प्रेक्षा, रूपक और उपमा तो बहुतायत से प्रयुक्त हुये हैं

छद

डिंगल का अपना छद शास्त्र है इसके अनुसार छोटा साणोर छद के मुख्य चार भेदो मे से वेलियो और खुडद साणोर दो भेद हैं वेलि मे इन दानो छदो का समुचित रूप से प्रयोग हुआ है अतएव यह कहना गलत होगा कि क्रिसन रुकमणी री वेलि' केवल वेलियो छद मे ही लिखी गई है और इसी कारण इसका नाम वेलि पडा

वेलियो छद मे सामान्यत विषम चरणो मे १६ व सम चरणों म १५ मात्रायें होती हैं तथा अत मे ऽ। होना चाहिये। प्रथम दोहले के प्रथम चरण म १८ मात्रायें भी हो सकती हैं यथा—

ऽऽ ।। ।। ।। ऽ। ।ऽऽ
वीणा डफ महुयरि बस वजाग — १८
ऽऽ ।। ।। ऽ।। ऽ।
रोरी करि मुख पचम राग — १५

वेलि मे वेलिकार न वेलियो छद की मात्राओ का तो ध्यान रखा है, पर अपनी सुविधानुसार स्वतत्रता से काम लेकर ऽ। के स्थान पर लघु लघु, लघु गुरु व गुरु गुरु का भी प्रयोग किया है

खुडद–साणोर मे सामान्यत विषम चरणो म १६ व सम चरणो मे १३ मात्रायें होती हैं और अत मे लघु लघु या लघु गुरु आना चाहिय इसमे भी प्रथम दोहले के प्रथम चरण मे १८ मात्रायें हो सकती हैं यथा—

ऽ ।।। ऽ।ऽ ।। ऽ।।ऽ
श्री-वर्दनि पीतता, चिंति व्याकुलता — १८

।।। ।।।ऽ ऽ। ।।
हियइ घगघगी खेद हुइ — १३

।। ।। ऽ। ।ऽ ऽ।।।।
घरि घसि लाज पगे नउर धुनि — १६

।ऽ ।ऽ।। ऽ। ।।
करे निवारण करु कुह ॥ — १३

उपयुक्त विवरण से यह अधिक समुचित रहेगा कि वेलि के छद को हम साणोर ही मानें

मुहावरा

सुदर शब्द चयन के साथ साथ कवि ने अपनी कृति मे प्रचलित मुहावरों का भी यथास्थान स्वाभाविक प्रयोग किया है इससे भाषा लावण्यमयी हो गई है यथा—

वाद माडणो – हठ ठानना ।	पग माडणो – भागना बद कर मुकाबला करना ।
वाहर चढणो – आत की सहाय-ताथ आक्रमण करना	मिस करणो – बहाना बनाना ।
	लोह साहणो – लोहा लेना ।
दीपक देवणो – दीपक जलाना ।	मन राखणो – मन की बात करना ।
कहणौ आवणो – कहते बनना ।	नींद लागणी – नींद की झपकी आना ।
कठ करणो – मुखाग्र करना ।	

साधारणत मुहावरो के अस्वाभाविक प्रयोग से भाषा बोझिल बन जाती है, पर वेलि म एसा सभव नही हो पाया है उपर्युक्त सारे मुहावरे वास्तव मे इतने एक रस हो गय हैं कि इन्हे ढूढने मे यथेष्ट परिश्रम की आवश्यकता पडती है

वयणसगाई के सतत श्रेष्ठ प्रयोग, से युक्त तथा अन्य पचास से भी अधिक विविध अलकारो का प्रवहमान शैली मे विना किसी गत्यावरोध के जो उत्कृष्ट रचना वेलि के रूप मे हमे आज उपलब्ध है, उसका डिगल साहित्य म तो अद्वितीय स्थान है ही, पर जसे जसे इसका अध्ययन और अध्यापन विस्तृत बनता जायेगा, ससार की विद्वद्मडली का यह केन्द्र बिन्दु बनेगी और इस प्रकार ससार के गौरव ग्रथो मे समुचित स्थान प्राप्त कर सकेगी

वेलि के पात्र

आकार मे लघु होते हुए भी वेलि एक महाकाव्य है वर्णन प्रधान होने के कारण इस काव्य म चरित्र प्रधान काव्यो की भाँति चरित्र-चित्रण का अवकाश अपेक्षाकृत कम रहा है फिर भी काव्याकार की मर्यादा मे रहकर कवि ने चरित्रो को उभारने का जितना प्रयास किया है वह सफल रहा है एक बात और भी है कथानक के नायक (श्रीकृष्ण) और नायिका (रुक्मिणी) दोनो इतने लोकप्रिय व प्रसिद्ध पौराणिक देवी पात्र रहे हैं कि इस देश की धर्मप्राण जनता के लिये उनके चरित्र की विशद व्याख्या की आवश्यकता नहीं है सर्वपूज्य और सर्वशक्तिमान होने के कारण भी कदाचित कवि ने इस ओर कम ध्यान दिया है

शास्त्र-सम्मत चार प्रकार के (धीरोदात्त, धीरोद्धत्त, धीरललित और धीर प्रशांत) नायको मे से धीरोदात्त नायक सर्वोपरि है भगवान श्रीकृष्ण इस कथा के नायक हैं उनसे श्रेष्ठ धीरोदात्त नायक और कौन हो सकता है? वेलि मे प्रमुख पुरुष-पात्रों म कृष्ण रुक्मकुमार बलराम व दूत के रूप मे ब्राह्मण आते हैं स्त्री पात्रो मे प्रमुख पात्र रुक्मिणी ही है गौण पुरुष-पात्रो के अन्तर्गत रुक्मिणी के पिता भीष्मक, शिशुपाल उसके सुभट, कुन्दनपुर के नागरिक, गौरी पूजन के समय रुक्मिणी के साथ चलने वाले सैनिक तथा द्वारिका के नागरिको का समावेश है, जबकि गौण स्त्री-पात्रो म रुक्मिणी की माता उसकी सखियाँ, द्वारिका तथा कुन्दनपुर की स्त्रियाँ हैं प्रति नायक के रूप म शिशुपाल के पात्र को उभारने की आवश्यकता लगती है, पर वास्तव मे कथा की वर्णनात्मकता मे काव्य को सुगठित बनाये रखने के लिये जितना अपेक्षित था, उतने ही चरित्र चित्रण को वेलिकार ने महत्व दिया है उससे अधिक तिल भर भी नहीं

यो प्रत्येक व्यक्ति के जीवन के दो पक्ष होते हैं—एक व्यक्तिगत व दूसरा सामाजिक साहित्य मे पात्रों के इन दोनो पक्षों पर बराबर विचार होता रहता है पर वेलि मे श्रीकृष्ण और रुक्मिणी दोनों अवतारी हैं अतएव उनसे कई अलौकिक कार्य हो जाते हैं

रुक्मिणी

जैसा कि 'वेलि का काव्यरूप' मे हमने निर्देश किया है रुक्मिणी वेलि क्रिसन ... री की न केवल नायिका ही है बल्कि उसका सब प्र... कवि ने

रुक्मिणी के जन्म से लेकर प्रपौत्र अनिरुद्ध के उत्पन्न होने तक की कथा का इसमे समावेश कर, रुक्मिणी के सुदीर्घ जीवन की अनेक झाँकियों का उत्तम चित्रण किया है काव्य के प्रारभ म ही रुक्मिणी को जगद्धात्री और लक्ष्मी का अवतार आदि बता कर कवि ने यह स्पष्ट कर दिया है कि वह एक सामान्य राजकुमारी न होकर, अलौकिक पात्री है —

'रामा अवतार नाम ताइ रुखमणि

विदर्भ देश के राजा भीष्मक की प्राणप्यारी पुत्री रुक्मिणी अनिद्य सुन्दरी थी बचपन म ही वह बालक्रीडा करती हुई एसी लगती थी जसे मानसरोवर मे क्रीडा करता हुआ हस का बच्चा बत्तीस लक्षणो से युक्त रुक्मिणी राज्यप्रासाद मे सखिया सहित इस प्रकार लगती है मानो निमल आकाश म चद्रमा तारागणो के साथ शोभित हो रहा हो —

रामा अवतार नाम ताइ रुक्मिणि
मान सरोवरि मेरुगिरि
बाळकति करि हस चो बालक
कनकवेलि विहुँ पान किरि ॥

× × ×

राजति राजकुँअरि राय अगण
उडीयण वीरज अम्ब हरि ।

शैशवास्था मे ही उसने अपनी अप्रतिम प्रतिभा के बल पर अनेक शास्त्रो का ज्ञान प्राप्त कर लिया था तथा चौसठ कलाओ को भी सीख लिया था —

व्याकरण पुराण, समृति सासत्र विधि,
वेद च्यारि, खट अग विचार ।
जाणि चतुरदस, चौसठि जाणि,
अनत अनत तसु भेद अविकार ॥२८॥

यौवनागम के साथ ही स्त्री सहज जो लज्जा उसे होती है तथा अपने माता पिता के सामने उसे अपने अगो को छिपाने मे भी जो लज्जा अनुभव होती है, उसका वणन कवि ने बडे सुन्दर ढग से किया है, द्रष्टव्य है —

आगळि पित मात रमती अगणि,
काम विराम छिपाडण काज ।
लाजवती अगि एह लाज विधि,
लाज करन्ती आव लाज ॥१८॥

श्रीकृष्ण के गुणो का श्रवण कर रुक्मिणी उनकी ओर आकर्षित होती है और उन्हे पति रूप मे प्राप्त करने के लिये हर गौरी की पूजा करती है पूर्वराग का यह सुदर उदाहरण है—

साभळि अनुराग थयो मन स्यामा,
वर प्रापति वछती वर ।
हरि गुण भणि, ऊपनी जिका हर,
हर तिणि वदे गावरि हर ॥२६॥

वाछित पति प्राप्ति के लिय इसी परम्परा के अनुकरण मे हमारे देश म आज भी कुमारिकाएँ इस व्रत का बडे सयम से पालन करती हैं भीष्मक और उनकी पत्नी यही चाहते थ कि रुक्मिणी का विवाह श्रीकृष्ण से ही हो, पर रुक्मी अपनी बहिन का विवाह गुण, शील वश आदि मे उनके ही समान शिशुपाल से करना चाहता था यही रुक्मिणी के धय की परीक्षा थी उसे भगवान मे अपार श्रद्धा थी वह उन्हें सादर स्मरण कर ब्राह्मण के द्वारा सन्देश प्रेषित करती है जो उसकी विनय और बुद्धिमता का द्योतक है रीतिकालीन विरहिणी नायिका की भाँति पर उसको भाति अतिशयोक्ति पूर्ण व ऊहात्मक न होकर भी उसने यह कागज अपन काजल मिले अश्रुओ की स्याही और नखो को लेखनी बना कर लिखा था—

× × ×
लिखि राखे कागळ नख लेखणि
मसि काजळ आँसू मिळित ॥४२॥

यक्षिणी का मघ द्वारा और मारवणी का क्रौंच (कुरझा) पक्षी के द्वारा और लोकगीतो की नायकिओ का सुए द्वारा सदेश सप्रेषण-विधि हमारे साहित्य की प्रियतम धरोहर है रुक्मिणी न अपने इस पत्र मे एक सच्चे भक्त की भाँति, अपना सवस्व अपण कर दिया था, तथा अशरणशरण को उनके विरद और जन्म ज मान्तर के सबध का स्मरण करवाया था कि तीन तीन बार आपने मेरी रक्षा की थी, चौथी बार क्या आप मेरी रक्षा के लिय चढ कर नही आयेंगे —

चौथीआ वार वाहर करि चत्रभुज,
सग चक्र धर गदा सरोज ।

एक अभिसारिका नायिका की भाँति रुक्मिणी न अपने पत्र मे मिलन स्थल हर गौरी के मन्दिर का बडी सूझ बूझ से सकेत कर दिया था—

पूजा मिसि आविसि पुरखोत्तम
अबिकालय नयर आरात ॥६६॥

अपन इस चातुयपूण पत्र लेखन म रुक्मिणी पूणतया सफल हुई उसके इस मनोवज्ञानिक व ममस्पर्शी पत्र न अचूक काय किया श्रीकृष्ण पर इसका अनुकूल प्रभाव पडा और वे द्रवित होकर तुरत रुक्मिणी का हरण करने चल पडे

ब्राह्मण का विलब से लौटना और भगवान के आगमन के किसी समाचार के अभाव मे रुक्मिणी का चिंतातुर होना स्वाभाविक था, फिर भी उसे दृढ़ विश्वास था कि श्रीकृष्ण चाहें तो निमिष मात्र म यहा उपस्थित हो सकते हैं ब्राह्मण को देखते ही रुक्मिणी उसके चेहरे के भावो से समझ जाती है कि परिस्थिति अनुकूल है

शृंगार स्त्रियो का सदव से ही प्रिय विषय रहा है रुक्मिणी ने भी [illegible] पश्चात् अपना अन्यतम शृंगार किया और जब देवी पूजा के पश्चात् वह मंदिर से बाहर आई तो उसके अपूर्व सौंदय और अग भगिमा तथा [illegible] के फलस्वरूप सारी सेना सम्मोहित हो गई इसी बीच श्रीकृष्ण रथ लेकर आ पहुँचे और रुक्मिणी का हाथ पकड उसे रथ म चढ़ा, रथ हाक दिया रुक्मिणी का [illegible] हरण कर चले गये —

वाहर रे वाहर कोई छै वर,
हरि हरिणाखी जाइ हरि ॥

रुक्मिणी को अपने भाई से अपार प्रेम था युद्ध के [illegible] रुक्मी ने भगवान कृष्ण को ललकारा तो भगवान ने अपनी [illegible] समझ उसका वध न कर केवल उसके केश काट दिये [illegible] रुक्मिणी के हृदय को पुन आघात-सा लगा कृष्ण के [illegible] और बलराम की प्रताडना पर रुक्मी के [illegible] के बीच युद्ध से उत्पन्न रुक्मिणी के [illegible] किया है,

प्रथम मिलन रात्रि के समय [illegible] व्यभिचारी भावो यथा स्वेद, लज्जा [illegible] प्राकृतिक वर्णन कवि ने किया है, वह [illegible] है —

स्वेद—

कृष्ण

कथा नायक कृष्ण, जो कुल से उच्च, गरिमा से मंडित, शौर्य और साहस की प्रतिमूर्ति तथा आदर्श प्रेमी के रूप में अंकित किये गये हैं, एक सामान्य पुरुष न होकर अवतारी पुरुष हैं कवि इस तथ्य को भूलता नहीं है कि वे श्री पति हैं ऐसे भगवान का पात्रांकन करना कोई सहज कार्य नहीं है फिर भी कवि एक सद्प्रयत्न करता है क्योंकि ऐसा किये बिना जीवन का साफल्य कहाँ ?

श्रीकृष्ण एक आदर्श प्रेमी हैं रुक्मिणी के पत्र की प्राप्ति पर वे एक क्षण भी व्यर्थ न गँवा कर, यहा तक कि बलराम को भी सूचित किये बिना अकेले ही तुरत रवाना हो जाते हैं उन्हे एक प्रेमी भक्त पुकार रहा है वे विलम्ब कैसे सह सकते ?

सारग सिळीमुख साथि सारथी,
प्रोहित जाणणहार पथ ।
कागळ चड ततकाल क्रिपानिधि,
रथि बइठा साभळि अरथ ।।६७।।

जब भीष्मक की सेना द्वारा मन्दिर का सारा प्रागण खचाखच भरा हुआ था, ऐसे समय मे भगवान श्रीकृष्ण का रथ पर अकेले आना और रुक्मिणी का हरण करना उनके अतुलित साहस, अनुपम शौर्य, अनूठी निर्भीकता तथा विद्युत सम क्षिप्रता का भव्य परिचय है वे किसी चोर की भाँति नहीं आये थे रुक्मिणी को ले जाते समय उन्होने उपस्थित समुदाय को ललकारा था कि हरि हरिणाक्षी को लिये जा रहा है, यदि उसका कोई वर हो तो छुडाने के लिये आ जाय

ऐसे श्रीकृष्ण तो पूर्णकाम योगेश्वर थे, फिर भी रुक्मिणी के रूप सौंदर्य द्वारा प्रेरित उनकी आखें अतृप्त हैं वे बार बार अपनी प्रियतमा की ओर इस भांति देखते हैं जैसे कोई निर्धन धन को लालायित दृष्टि से देखता है—

अति प्रेरित रूप आँखियाँ अत्रिपत
माहव जद्यपि त्रिपत मन ।
वार वार तिम कर विलोकन,
धण मुख, जेहो रक धन ।।१७०।।

द्वारकाधीश होते हुये भी, जैसे ही वे सदेशवाहक ब्राह्मण को आते देखते हैं उठ कर उसका स्वागत करते है व प्रणाम करके सत्कार करते है भगवान के विनय शीलता की यह पराकाष्ठा है

प्रणयोत्सुक श्रीकृष्ण की उत्कठा, सचमुच एक नव परिणीत वर की भाँति है भगवान का वर्णन करते हुये भी कवि ने एक साधारण वर (मनुष्य) की मनोदशा का तादृश्य चित्रण प्रस्तुत किया है वे अधीर हैं अपनी प्रेयसी का रूप पान करने के

लिये और इसीलिये वे एक क्षण भर भी स्थिर नही बैठ सकते शय्या से द्वार तक और द्वार से शय्या तक लौटना, पैरो की आहट व नूपुर ध्वनि सुनने के लिये दरवाजे पर कान लगाना, मन मे एक स्वर्गीय रोमाच उत्पन्न होना आदि आतुर प्रियतम के मनोभावो का कवि ने बडा मनोहारी वर्णन किया है—

पति आतुर निया मुख पेखण
निसा तणौ मुख दीठ निठ।

× × ×

अटत सेज द्वार बिच आहुटि,
स्तुति दे हरि घरि समाश्रित ॥

वे एक कुशल शासक, व्यवस्थापक व आदर्श पति हैं, जिनके राज्य मे सारी प्रजा सानद व निभय है अब तो जगत मे निर्माणकर्ता स्वय जगत मे बसने लगे हैं और अनत लीलामय भगवान स्वय मानवी लीला करने मे लगे हैं तो फिर भय कैसा ? उन्ही के प्रताप से क्रोध, निंदा, हिंसा, नशा और दुवचन आदि अस्पृश्यो की भाँति सदा के लिये दूर हो गये हैं—

ससार सुपहु करता ग्रह सग्रह,
गिणि तिणि हीज पचमी गाळि।
मदिरा रीस हिंसा निंदा मति,
च्यारे करि मूकिया चडाळि ॥२७७॥

जैसा कि हम ऊपर कह आये हैं, भगवान के चरित्र का विस्तृत वर्णन कवि को अभीष्ट न था फिर भी, जितने भी अश का वर्णन किया गया है, वह प्राकृतिक व उत्तम है

रुक्मकुमार

वाचाल, विवेकहीन व अधीरता के कारण अस्थिर रहने वाला रुक्मकुमार, विदर्भ पति भीष्मक का ज्येष्ठ पुत्र और रुक्मिणी का बडा भाई था श्रीकृष्ण से द्वेष करने के कारण, वह धृष्ट होकर अपने पिता की अवज्ञा कर बैठता है उनको अपमानित करता हुआ कहता है कि वे बुद्धिहीन हो गये हैं कोई उनका विश्वास न करे —

त्रिघपणै मति कोइ वेसासौ
पातरिया माता इ पिता ॥

× × ×

मावीत्र मजाद मेटि बोले मुखि।

एक स्वच्छद पुरुष की भाँति व्यवहार करके वह शिशुपाल को निमन्त्रित करता है अहं भावना से पीडित वह यह नही चाहता कि उसकी बहिन का विवाह एक

ऐसे व्यक्ति के साथ हो जाय जो कुल, शील और राज्य आदि में उसके समान ही उच्च न हो कृष्ण तो ग्वाला है राजाओ से उसका कैसा सबंध ?

ग्याति किसी राजवियां ग्वाळां,
किसी जाति कुळ पाँति किसी ।

उपर्युक्त अवगुणो के होते हुए भी रुक्मकुमार एक साहसी व दृढ पुरुष था एक ओर जब बलराम सारी सेना को रोके हुए संहार रत थे और कृष्ण रुक्मिणी को भगा कर लिये जा रहे थे, रुक्मी ही कृष्ण को ललकार कर युद्ध करने के लिये निमत्रित करता है वह आयुध पर आयुध चला कर कृष्ण का वध करना चाहता है पर इस दु साहस मे वह स्वय बुरी तरह पराजित और अपमानित होता है श्रीकृष्ण रुक्मिणी के हृदयगत भावो को समझ, उसे क्षमा कर देते हैं और इस तरह उसकी जान बच जाती है

यद्यपि प्रतिस्पर्धी और प्रतिनायक की दृष्टि से, रुक्मकुमार का कोई महत्व नही है, फिर भी समग्र काव्य म दो बार पाठको के समक्ष उपस्थित होकर, अपनी कुल की मर्यादा और बहिन के प्रति स्नेह जतला कर फिर अदृश्य हो जाता है यह उसका अज्ञान ही था कि आवेश के कारण वह कृष्ण के वास्तविक स्वरूप को नहीं जान सका

बलराम

हलायुधधारी बलराम श्रीकृष्ण के ज्येष्ठ भ्राता हैं वीरता और साहस में वे श्रीकृष्ण के समान अद्वितीय थे अपने भाई के प्रति उनके हृदय मे अपार प्रेम था श्रीकृष्ण का हिताहित उनका हित अनहित था इस समाचार पर कि श्रीकृष्ण रुक्मिणी का हरण करने चल पडे हैं वे भावी आपत्ति का ध्यान कर, सेना सहित कुन्दनपुर के लिए प्रस्थान कर देते हैं इसके पश्चात् तो बलराम ही एक कुशल रणनीतिज्ञ की भाँति सैन्य सचालन कर भीष्मक, शिशुपाल आदि की सम्मिलित सेना का सहार कर देते हैं उनकी विजय का समाचार द्वारकावासियो मे उल्लास और आनद का वातावरण उत्पन्न कर देता है

स्नेह सिंचित व्यग्य बाण कसने मे भी वे बडे प्रवीण हैं जब उन्होने देखा कि श्रीकृष्ण ने रुक्मकुमार को विद्रूप कर दिया है, तो उन्हें यह काय अरुचिकर लगा उन्होने कहा कि हे भाई ! तुमने बहुत अच्छा किया जिसकी बहिन को अपने पास बिठाया—ब्याहा, उसे उचित दण्ड दिया —

अनुज ! अ उचित, अग्रज इम आखइ,
दुसट मासना भली दयो,
बहिनि जासु पास बइसाणी,
भलउ काम किउ, भला भई ॥१३८॥

उनके इस उपालम्भ का उचित प्रभाव पड़ा और श्रीकृष्ण ने रुक्मकुमार के केशों को पुनः उत्पन्न कर दिया।

संदेशवाहक ब्राह्मण

पत्र प्रेषण फिर वह किसी के माध्यम से क्यों न हो भारतीय साहित्य की प्राचीन धरोहर रहा है। महल रुक्मिणी महल पर चढ़ कर किसी पथिक को देखने लगी। इतने में उसे एक यज्ञोपवीतधारी वृद्ध ब्राह्मण दिखाई पड़ा। उसको बुलवा कर रुक्मिणी ने प्रणाम किया और द्वारिका तक संदेश पहुँचाने की विनती की। ब्राह्मण को अपने उत्तरदायित्व का पूर्ण ख्याल था और इसीलिये बड़ा चिंतित भी था। वह जानता था कि रातभर चलने पर भी वह गन्तव्य स्थान पर समय पर नहीं पहुँच सकेगा। फिर वह एक भी क्षण था इसलिये नगर के बाहर निकल कर चिंतित ब्राह्मण सो गया। प्रातःकाल जगा तो उसने अपने आपको द्वारिका में पाया। उसका विस्मित होना स्वाभाविक था। उसको सारी घटना स्वप्नवत लगी। अपार हर्ष के साथ साथ भगवान श्रीकृष्ण में उसकी भक्ति और प्रगाढ़ हुई।

संदेश कहना भी एक कला है। वृद्ध ब्राह्मण बड़ी चतुराई और मार्मिकता से पत्र पढ़ने लगा, जिससे भगवान पर उसका अनुकूल प्रभाव पड़ा। श्रीकृष्ण तुरंत ब्राह्मण को साथ लेकर कुंदनपुर की ओर चल दिये।

पीपल के पत्ते की भांति कंपित रुक्मिणी का मन बड़ी दुविधा में था। इधर ब्राह्मण ने भी देखा कि सबके बीच में उसे संदेश दिया भी कैसे जाय? वह पर्यायोक्ति के द्वारा, श्रीकृष्ण के कुंदनपुर आने का समाचार कह देता है। यहाँ एक बार और ब्राह्मण की चतुरता और बुद्धि का पता हमें चलता है।

शिशुपाल

प्रतिनायक के रूप में शिशुपाल का प्रभावन महत्वपूर्ण है। रुक्मकुमार का संदेश पाकर जिस जोर शोर से शिशुपाल बारात लेकर चलता है, उससे तो ऐसा लगता है कि आगे चल कर कवि, शिशुपाल के पात्र को अपनी विविध रंगों भरी तूलिकाओं से उभारेगा, पर वैसा नहीं देख कर एक निराशा-सी हाथ लगती है।

शिशुपाल चंदेरी का राजा था। उसकी बारात में अनेक राजागण थे। शौर्य में शिशुपाल भी कम न था। वेलिकार ने वर्णन किया है कि शिशुपाल का मुख सूर्य के समान तेजस्वी था, जिसको देखकर मानस प्रीत जागी हुई कुंदनपुर की नारियों के मुख कमल के समान खिल गये, पर रुक्मिणी कमोदिनी के समान कुम्हला गई—

> गावइ करि मंगल चरि चरि गहगह
> मनइ सूर सिसुपाल मुख।

पदमणि अनि फूलइ परि पदमणि,
रुकमणी क्मादणी रुख ।।४२।।

राग रग मे मस्त शिशुपाल व उसके वीरो ने जब रुक्मिणी हरण की बात सुनी तो मागलिक वस्त्रो पर कवच कसे और यादवो की सेना का पीछा किया भयकर युद्ध मे शिशुपाल और जरासघ सहित उसके साथी हार जाते हैं और सा-मुह् लौट जाते हैं इस युद्ध मे शिशुपाल ने अपना युद्ध कौशल्य का सुदर परिचय दिया भगवान श्रीकृष्ण से आमने-सामने के युद्ध में शस्त्रो की झडी लग गई—

अनत अनइ सिसुपाल अउभडइ
झड मातउ माडियउ झड ।।

शिशुपाल के हार कर चले जाने के पश्चात् वेलि मे अत तक उसका वर्णन कही नहीं आता

वेलि का काव्य रूप

सर्वप्रथम वेलि के सम्पादक द्वय—सर्वश्री सूर्यकरण पारीक और ठाकुर रामसिंह ने वेलि के काव्य रूप पर अपनी भूमिका (पृ १०५ से १०६) मे प्रकाश डाला था स्व श्री पारीकजी ने इसे खण्ड-काव्य घोषित किया तब से अद्यावधि विभिन्न विद्वानो द्वारा संपादित छ अन्य संस्करण निकल आये हैं, पर वेलि के काव्य रूप की चर्चा किसी भी विद्वान सम्पादक ने नही उठाई है इसका एक प्रमुख कारण यह हो सकता है कि स्व० पारीकजी की भाँति सबने इसको खड काव्य स्वीकार कर लिया हो और इस प्रकार विवाद का कोई स्थान ही शेष न रहा हो 'हिंदी के मध्यकालीन खड काव्य' नामक शोध प्रबन्ध के लेखक डॉ० सियाराम तिवारी ने भी कृष्णभक्ति शाखा के खड काव्यो के अन्तर्गत इसका उल्लेख किया है, पर निरतर परिवतनशील परिस्थितियो के परिप्रेक्ष्य म समूचे प्रश्न का पुन मूल्याकन करना अति आवश्यक हो गया है

वसे महाकाव्य और खण्डकाव्य मे कोई तात्विक अन्तर नही है इन दानो म मात्राभेद है, प्रकार का नही इनका भेदक तत्व आकारजनित है अतएव बाह्य व स्थूल है आतरिक अथवा मूल आत्मा सबधी भेद नहीवत है फिर भी सस्कृत के आचार्यों ने महाकाव्य और खण्डकाव्य मे जो भेद निश्चित किये हैं[1], विचारणीय होते हुए भी युगानुकूल परिवतना की अपेक्षा रखते हैं

यहाँ एक अत्यन्त महत्वपूण तथ्य की ओर हमारा ध्यान बरबस आकर्षित होता है कि हिंदी की उत्पत्ति सीधे सस्कृत से न होकर प्राकृत अपभ्र श मे हुई है अतएव हिंदी के वास्तविक स्वरूप को समझने के लिए अपभ्र श की शब्दावली, उसके व्याकरणिक गठन और उसके लक्षण ग्र थ अपरिहाय हैं इसके विपरीत हुआ यह है कि हिंदी के विवेचको ने हिंदी साहित्य शास्त्र के क्षेत्र म सवथा सस्कृत साहित्य शास्त्र का अनुकरण किया है, जिससे कई भ्रम व विसगतियाँ उत्पन्न हुई हैं अपभ्र श एक समय समस्त उत्तर भारत मे ही नही सुदूर कर्नाटक प्रदश तक साहित्याकाश मे

---

1 कविराज विश्वनाथ के अतिरिक्त अन्य किसी आचाय ने खड काव्य की परिभाषा नहीं दी है उन्होंने भी एक पक्ति मे इसकी इतिश्री कर दी है जो अपर्याप्त है—

'खण्डकाव्य भवेत् काव्यस्यैकदेशानुसारि च। (साहित्य दपण)

आच्छादित थी[१] उसका साहित्य अत्यन्त प्रौढ, वैविध्यपूर्ण और विशिष्ट परम्पराओ से युक्त था

इससे भी अधिक एक महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि वेलि एक डिंगल ग्रथ है, उसके अपने छद व अलकार शास्त्र हैं, उसकी अपनी शलीगत परम्परा है, अतएव वेलि के महाकाव्यत्व को समझने के लिए डिंगल की भव्य परपरा को समझना भी नितात आवश्यक है

ऐसी दशा म हमारी इस भव्य वसियत से मुह मोड कर मात्र सस्कृत की ओर मुखापक्षी होना कहाँ तक उचित है ? हिंदी महाकाव्य का स्वरूप विकास' नामक शोध प्रबन्ध के लेखक डॉ० शम्भुनाथसिंह ने भी इसी प्रकार के विचार अपने उपयुक्त ग्रथ मे प्रस्तुत किये हैं—"यह हिंदी का दुर्भाग्य रहा है कि यद्यपि उसके अधिकाश मूल्यवान साहित्य का मूल-स्रोत प्राय प्राकृत, अपभ्रश का साहित्य था, पर उसका साहित्य शास्त्र प्रारम्भ से ही सस्कृत साहित्य का अनुसरण करता रहा है हिंदी के काव्य रूपो का विवेचन प्राकृत अपभ्रश के आधार पर विशेष रूप से होना चाहिये केवल सस्कृत के अलकार शास्त्रो के आधार पर नहीं महाकाव्य की जो परिभाषा सस्कृत के आचार्यों ने दी है, वह मूलत सस्कृत काव्यो को देख कर बनाई गई है '

सस्कृत काव्यो के लक्षण निश्चय ही तत्कालीन प्रचलित ग्रथो पर आधारित थे। अतएव उनका सवयुगीन रूप नही हो सकता। प्राय सभी आचार्यों ने महाकाव्य सबधी परिभाषाओ म महाकाव्यो के बाह्य की ओर ही सविशेष भार दिया है यह सही है कि इन आचार्यों द्वारा निर्धारित लक्षणो का उपयोग आज के कवि अपने महाकाव्यो मे कर रहे हैं, पर इनमे से कई लक्षण तो ऐसे हैं जिनका निर्वाह आधुनिक युग म कठोरता स नहीं होरहा है फिर भी हम उन्ह महाकाव्यो की सज्ञा स अभिहित करते आरहे ह मगलाचरण धीरोदात्त सद्वशोत्पन्न नायक सग सख्या सर्गान्त छद परिवतन, भिन्न भिन्न सर्गों मे भिन्न भिन्न छदो का प्रयोग आदि कुछ ऐसे लक्षण हैं जो आज अदृश्य जस हो गये हैं यथा कामायनी' मे न तो मगलाचरण ही है और न सर्गान्त छन्द परिवतन ही डॉ० रामकुमार वर्मा कृत 'एकलव्य का नायक सद्वशीय न हो कर निषाद पुत्र एकलव्य है

---

१ अपभ्रश के महाकवि चतुर्मुख स्वयभू त्रिभुवन स्वयभू और पुष्पदंत की रचनाएँ कर्नाटक म रची गई सिद्ध सम्प्रदाय के सरहपाद और कण्हपाद ने अपने अपभ्रश ग्रथ दोहाकोश क्रमानुसार आसाम और पूर्वबगाल मे रचे हैं बौद्धगान का 'डाकार्णव बगाल में रचा गया अपभ्रश का सबसे प्रामाणिक व्याकरण आचार्य हेमचन्द्र ने सिद्धहेम शब्दानुशासन के आठवें अध्याय म दिया है जो गुजरात में रचा गया है प्रांतीय बोलियों का काफी प्रभाव होते हुये भी भारत के भिन्न भिन्न प्रान्तों मे लिखा हुआ जो अपभ्रश साहित्य उपलब्ध है उसकी भाषा एक है' डॉ भा ।।राम गाडमरा का एक निबध गर्जर इतिहास एव सस्कृति कुछ विचार, जिसका हिन्दी अनुवाद इस लेखक ने मरु भारती जनवरी १९६७ म प्रकाशित करवाया है

प्रगति व सुधारो के सदभ मे आज जब कि सभी प्रकार के और सभी क्षेत्रो मे वर्गों और वर्णों के बवन धराशायी हो रहे हैं और मानवता उभर रही है, तब अधानुकरण कर केवल लकीर के फकीर बने रहना कोई याग्य आधार नही है समयानुसार परिवतन आवश्यक है आज जब कि शताब्दियो से पद दमित और शोषित वग हमारी सहानुभूति के पात्र बन रहे हैं तब सद्वशो पन्न नायक की बात बेईमानी होगी मगलाचरण के कोई माने नही है छन्द बध निर्बंध होगये हैं तथा शलीगत परिवतन स्पष्ट दृष्टिगोचर होते है हमे महाकाव्या के लक्षणो का नव मूल्याकन करना ही पडेगा

स्वयभू के पउमचरिय से लगा कर जयमित्र हल्ल कृत 'बहुमाणचरिउ तक अपभ्र श के कुल पच्चीस महाकाव्यो की रचना हुइ है, जिनसे एक सुदीघ परम्परा का पता चलता है आचाय हेमचन्द्र के 'काव्य नुशासन से यह भी अत्य त स्पष्ट है कि इन सारे महाकाव्या म सस्कृत आचार्यों द्वारा निर्धारित लक्षणो का यथावत् पालन नही हुआ है सच तो यह है कि इनका परिपालन आवश्यक भी नही था स्वय सस्कृत के आचार्यों ने महाकाव्य की विभिन्न परिभाषाएँ दी हैं भामह, दण्डी, रुद्रट और विश्वनाथ ने अपने ग्रथो क्रमश —'काव्यालकार', का यादश , काव्यालकार' तथा साहित्यदपण' म महाकाव्य की जो परिभाषाएँ दी हैं इन परिभाषाओ मे उत्तरोत्तर परिष्कार की भावना परिलक्षित होती है। आचाय विश्वनाथ ने तो पूव-वर्ती सभी लक्षणो का समाहार कर दिया है इस प्रकार हम देखते हैं कि महाकाव्य की परिभाषा सतत परिवतनशील रही है।

काव्यानुशासन मे हेमचन्द्र ने महाकाव्य की परिभाषा इस प्रकार दी है—पद्य प्राय सस्कृतप्राकृतापभ्र श ग्राम्यभाषानिबद्धभिन्नान्त्यवृत्त-सर्गाश्वाससध्यावस्कधक-बध सतसधि शब्दाथ वचित्र्योपेत महाकाव्य—यहाँ प्राय शब्द बडा लाक्षणिक है इसका प्रयोग यहाँ अधिकारसूत्र के रूप म हुआ है इससे यह स्पष्ट है कि महाकाव्य मे प्राय सग सधि और अथवचित्र्य आवश्यक हैं अनिवाय नहीं। इस व्याख्या से, वे काव्य जिनमे सर्गाभाव प्राप्ति है, महाकाव्य के अन्तगत ही रखे जायेंगे इससे यह भी स्पष्ट है कि महाकाव्य के ये लक्षण न केवल सस्कृत अपभ्र श आदि पर लागू हैं, बल्कि ग्राम्यभाषा के काव्यो पर भी लागू हैं हेमचद्र न इस प्रकार एक बडी विशद व्याख्या कर दी है, जिसे परवर्ती सस्कृत आचार्यों न परिमार्जित कर, उसे सीमित व सुनिश्चित बना दिया है

ऐसी दशा मे बहुमुखी प्रतिभा के धनी क्रान्तिदृष्टा वीरवर पृथ्वीराज राठौड़ अपने अत्यन्त प्रख्यात ग्रथ वेलि मे एक ओर परम्परागत काव्य परिपाटियो का निर्वाह करें और दूसरी ओर शलीगत नये प्रयोग करें तो आश्चय की बात नहीं वास्तव में वेलि तो तत्कालीन युग की काव्य परम्परा का एक क्रान्तिकारी सीमा चिन्ह है

स्व० श्री पारीकजी ने लिखा है कि 'शास्त्रानुमत महाकाव्य के प्राय समस्त लक्षण विद्यमान होते हुए भी कुछ की अविद्यमानता के कारण कालिदास के मेघदूत की भांति वेलि एक खण्डकाव्य कहा जा सकता है सग बधाशरूपत्वाद (दण्डी) महाकाव्य का यह एक उपभेद कई एक रीतिग्रथो मे 'सघात काव्य' नाम से भी कहा जा सकता है विश्वनाथ कविराज ने खण्डकाव्य की परिभाषा यो की है—खण्डकाव्य भवेत् काव्यस्यैकदेशानुचारि च अर्थात काव्य के एक अश का अनुसरण करने वाला खण्डकाव्य होता है महाकाव्य के लक्षणा का अन्वषण करते हुये आशिक रूप मे प्राय महाकाव्य के सभी गुण इस खण्डकाव्य मे मिलते हैं'

महाकाव्य की दृष्टि से यहा सक्षेप मे महाकाव्य मे अपेक्षित लक्षणो की चर्चा तथा वेलि मे इनके उपयोग का वणन करना समीचीन होगा—

बाह्य उपकरण

(१) मगलाचरण —'आदौ नमस्क्रियाशीर्वाद वस्तुनिर्देश एव वा'—विश्वनाथ के अनुसार वेलि के प्रथम छद को परमेश्वर, सरस्वती और गुरु को प्रणाम करते हुये मगलाचरण लिखा गया है—

——परमेसर प्रणवि सरसति पुणि
——सदगुरु प्रणवि त्रिण्हे ततसार।

(२) कथानक व कल्पनाशक्ति —महाकाव्य का यह द्वितीय लक्षण असक्षिप्त (अर्थात न बडा हो और न छोटा हो) तथा इतिहास अथवा पुराण से सबधित होना चाहिये। साथ ही कथानक का प्रख्यात व लोकप्रिय होना आवश्यक है।

वेलि का कथानक हमारे महान सास्कृतिक ग्रथ महाभारत पर आधारित है इसकी लोकप्रियता इसी से स्पष्ट है कि इस कथानक के आधार पर विभिन्न भारतीय भाषाओ (हिंदी, व्रज, राजस्थानी मराठी, बगला, गुजराती) में शताधिक ग्रथ लिखे गये हैं इसका कथानक अत्यन्त सुसगठित है, जिसमे शिथिलता का अवकाश तक नही रहा है वास्तव मे महाकाव्यकार पृथ्वीराज ने अपनी कल्पनाशक्ति से कई नये प्रसगो की उद्भावना कर इस प्राचीन धार्मिक कथानक को अत्यन्त प्राणवान व रोचक बना दिया है वेलि मे ऐसे सोलह स्थल हैं जो महाकाव्यकार की अपनी मौलिक उवर कल्पना के चमत्कार हैं

(३) सगबद्धता —सग योजना का मूल उद्देश्य कथानक के समन्वित प्रभाव को उत्पन्न करना है यह कथावस्तु के सयोजन और विभाजन दोनों के लिये आवश्यक है जिससे कि कथानक की विभाजनता का नियोजन किया जा सके पर इसका अर्थ यह नहीं है कि असाधारण प्रतिभाशाली कवि अपने काव्यकौशल के बल पर सगहीन —य का निर्माण नही कर सक डॉ० सियाराम तिवारी ने लिखा है

कि— महाकाव्य की कथा का सगबद्ध होना इसलिये आवश्यक है कि उसकी कथा की विशालता होती है सर्गीकृत किये बिना उसम सगठन नही लाया जा सकता अगर कवि अपनी असाधारण दक्षता के बल पर कथा को बिना अध्यायो मे विभक्त किये हुए कथा-योजना की सारी कला को उसमे समाविष्ट भी कर दे तो अनवरत चलने वाली इस कथा को पढ़ने का धय पाठक मे नही रह सकता [1]

वेलि मे सगबद्धता का अभाव है यह सत्य है पर यदि इसी मात्र लक्षण के अभाव मे हम वेलि को महाकाव्य स्वीकार न करें तो इसे हमारी हठधर्मिता के अतिरिक्त और क्या कहा जा सकता है ? जैसा कि ऊपर के उद्धृत अश से स्पष्ट है— महाकाव्य मे सगबद्धता की आवश्यकता केवल कथानक की सुसगठितता के लिये ही है और यदि कोई कवि अपनी असाधारण प्रतिभा के बल पर कथा को सुनियोजित स्वरूप प्रदान कर दे और उसमे कहीं भी कथाशथिल्य के दशन न हो तो हमे उसे महाकाव्य मानने मे हिचक क्यो होनी चाहिये ? यदि कवि की कृति मे महाकाव्य की आत्मा सुरक्षित हो तो काव्य के बाह्य स्थूल नियमो का परिपालन कवि के लिये बधनरूप क्यो कर हो सकते हैं ? जहाँ तक पाठक के धैय का प्रश्न है, महाकाव्यकार की सच्ची कसौटी भी यही है कि यदि वह अपने जिज्ञासु पाठको की उत्सुकता व सरसता को सतत नही बनाए रख सकता तो उसके अशक्त महाकाव्य के माध्यम से जिस जीवन दशन को वह अपने पाठको को सप्रेषित करना चाहता है, सवथा असफल रहेगा और उसकी कृति अप्रभावोत्पादक कही जायगी ।

वेलि के कथानक मे न तो ऐसा शथिल्य ही दिखाई पडता है और न पाठको के धैय का अन्त ही विपरीत इसके वह तो भक्ति और साहित्य दोना दृष्टियो से निरतर पारायण व अध्ययन की वस्तु है ।

(४) चरित्र —महाकाव्य का नायक स्वभाव से धीरोदात्त तथा वश से सद्वशोत्पन्न (ब्राह्मण/क्षत्रिय) होना चाहिये । पौराणिक देवता भी कथा के नायक हो सकते हैं । नायक के व्यक्तित्व एव कृतित्व मे जातीय जीवन के आदर्शों की प्रस्थापना के लिये सघपरत रहने की क्षमता होनी चाहिये ।

वेलि के नायक स्वय भगवान श्रीकृष्ण हैं । उनसे बढकर और कौनसा नायक महाकाव्य के नायक होन की क्षमता रखता है ? यादवेन्द्र श्रीकृष्ण के मनुष्य देह धारण का कारण स्वय ही महान था ।

प्रतिनायक के रूप म शिशुपाल भी गुण वश तथा बल मे लगभग समान या शिशुपाल की पराजय द्वारा महाकाव्यकार असद्पात्रो पर सद्पात्रो की विजय बतलाता

---

१ मध्यकालीन खड काव्य (शोध प्रबन्ध) प्रथम अध्याय

है और इस प्रकार उदात्त चरित्र की सृष्टि कर, महाकाव्य की चरित्र सबधी विशेषताओं को सवाग दृष्टि स पूर्ण करता है

महाकाव्य का मुख्य पात्र पुरुष ही क्या हो ? क्या कोई धीरोदात्त सद्वशोत्पन्न स्त्री महाकाव्य का मुख्यपात्र नही हो सकती ? क्या तत्कालीन युग मे पुरुष-वचस्व के कारण ही तो कही इस प्रकार के नियम नही बने जो पुरुष दाक्षिण्य को प्रकट करते रहे? इस अरुचिकर पर अभिनव विचार को ध्यान म रख कर विचार करें तो वलि की मुख्य पात्री रुक्मिणी सभी दृष्टियो से सवथा उपयुक्त पात्र है। आधुनिक हिन्दी महाकाव्य—पावती, दमयन्ती उर्मिला और उवशी आदि इसी ओर इगित करते ही हैं फिर वलि मे रुक्मिणि की कथा उसके जन्म से लेकर पौत्र प्राप्ति तक ली गई है, जो उसके महाकाव्यत्व की द्योतक है वास्तव म देखा जाय तो खडकाव्य के रूप म इसका अत रुक्मिणी के विवाह के साथ ही समाप्त हो जाना चाहिये था, पर ऐसा न होकर काव्य का आगे चलता रहना भी उसके महाकाव्यत्व का परिचायक है।

(५) वस्तु व्यापार व परिस्थिति चित्रण—इस पर आचार्यों न अधिक जोर दिया है उनका मानना है कि घटना का प्रवाह चाहे क्षीण हो, पर अलकृत वणनो की प्रधानता होनी चाहिए वेलि मे घटनाओ का प्रवाह कहीं भी क्षीण नही हुआ है और अलकृत वणनो की प्रधानता तो उसकी एक प्रमुख विशेषता है इस काव्य म आये हुये लबे वणन महाकाव्य के ही उपयुक्त हैं, खण्डकाव्य के नही

(क) प्रकृति चित्रण

प्रकृति के विविध रूपो का कलात्मक वणन महाकाव्यकार का इष्ट होना चाहिए सध्या, प्रभात, मध्याह्न, रात्रि, सूय, चन्द्र, वन, पवत नदी, मरु समुद्र, नगर आदि का यथायोग सागोपाग व अलकृत वणन होता चाहिए वेलिकार ने वेलि म इन सभी का समुचित वणन किया है एक दो उदाहरण दृष्टव्य हैं—

(i) सध्या वणन—

सकुडित समसमा सध्या समय
रति वछित रुयमणि रमणि।
पथिक वधू द्रिठि पख पखिया
कमळ पत्र सूरिज किरण ॥१६२॥

(ii) वन व नगर वणन—

प्रात काल द्वारिका नगरी का वर्णन कितना भव्य है—

पणिहारी पटळ दळ वरण चपक दळ
कळस सीस करि कर कमळ।

तीरथि तीरथि जगम तीरथि,
विमळ ब्राह्मण जळ विमळ ।।४६।।
जोव जा, गृहि गृहि जगन जगावै,
जगनि जगनि कीजै जप जाप।
मारगि मारगि अम्ब मोरिया,
अम्बि अम्बि कोकिल आळाप ।।५०।।

रुक्मिणी के साथ द्वारिका लौटने पर नगर वासियो ने जो भव्य सजावट की उसका वर्णन छद स० १४३ से १४५ मे द्रष्टव्य है।

(iii) वर्षा वणन

वरसतै दहड नड अनड वाजिया,
सघण गाजियो गुहिर सदि ।
जलनिधि ही सामाइ नही जळ,
जळबाळा न समाई जळदि ।।१६६।।

(ख) जीवन के विभिन्न व्यापारों एव परिस्थितियो का वणन—

प्रेम, विवाह, मिलन कुमारोदय, राजकाज, मत्रणा दूत प्रेषण, यन, सनिक अभियान, युद्ध तथा नायक को विजय आदि का भी सुदर वणन महाकाव्य का आवश्यक अग है वेलि म उपयुक्त सारे प्रसगो का सुदर चित्रण हुआ है—

(i) युद्ध वणन—

कळकळिया कुत किरण कळि ऊकळि,
वरजित विसिख विवरोजत वाउ।
धडि धडि धवकि धार धाराजळ
सिहरि सिहरि समरवै सिळाउ ।।११७।।

(ii) कुमारोदय—

प्रनि वरिस वधै ताइ मास वधै ए,
वधै मास ताइ पहर वधन्ति ।
लखण बत्रीस बाळ लीला मैं,
राजकुंअरि दूलही रमन्ति ।।१३।।
सैसव तनि सुखपति जोवण न जाग्रति
वेस सधि सुहिणा सु वरि
हिव पस पन घडनो जि होत्य,
प्रथम पान एहवी परि ।।१४।।

(iii) दूत प्रेषण—

तितर हेक दीठ पवित्र गळिआगी,
करि प्रणपति लागी कहण ।
देहि सदेश लगी दुवारिका,
वीर वटाऊ ब्राह्मण ।।४४।।
म म करिसि ढील, हिव हुए हेकमन,
जाइ जादवाइद्र जत्र ।
माहरै मुख हुता, ताहरै मुख
पग वदण करि देइ पत्र ।।४५।।

(६) छद और अलकार विधान —

छदबद्धता महाकाव्य के लिय अनिवाय है । वलिकार ने भी छदोबद्ध काव्य का निर्माण किया हैं पर कवि ने सस्कृति छद शास्त्र का अनुकरण न कर डिंगल छद शास्त्र को अपनाया है इमी प्रकार डिंगल के अलकार शास्त्रानुसार, जो सस्कृत व हिंदी रीति शास्त्रो से भिन्न है, कई नये अलकारो के प्रयोग से वेलि ने अपना विशिष्ट स्थान बना लिया हैं, वेलिकार ने वेलि मे सवत्र 'वयण सगाइ' अलकार का प्रयोग किया है ।

अतरग पक्ष

(i) रसात्मकता —

'वाक्य रसात्मक काव्य'—रस को काव्य की आत्मा माना गया है रसात्मकता महाकाव्य के अतरग का निर्माण करती है प्राचीन आचार्यों ने महाकाव्यो मे वीर, शृ गार और शात रसो मे से किसी एक की प्रधानता तथा अन्य रसो की सम्यक योजना का उल्लेख किया है आधुनिक काल को यह बधन स्वीकाय नही ह और इस युग के अनेक महाकाव्यो मे करुण रस प्रधान है वेलि म शृ गार रस प्रमुख है कविराज विश्वनाथ ने साहित्य दपण म शृ गार के तीन भेद दिये हैं —

धर्माथकामैस्त्रिविध शृ गार

वेलि मे धमशृ गार का प्रयोग हुआ है अतएव जो लोग वेलि पर शुद्ध शृ गार का आक्षेप करते हैं, वह न्यायसगत नही है

(ii) महत् उद्देश्य व जीवन दशन—

महाकाव्य जीवन-दशन और महान उद्देश्य से अनुप्राणित रहता है और इसका उद्देश्य चतुवग फल प्राप्ति अर्थात् धम अथ काम, मोक्ष की प्राप्ति है किंतु वर्तमान जीवन के सघष और वैज्ञानिकता के सदम मे यह लक्षण स्वीकार नही किया

जा सकता है—वेलिकार वेलि के द्वारा आध्यात्मिक सदेश देना चाहता है, जिसका उल्लेख उसने बार बार किया है—जिन भगवान ने हम जन्म दकर, मुख मे जिह्वा दी है तथा हमारा भरण पोषण किया है, उसके कीतन के बिना ससार म कसे चन सकता है—

> जिण दीध जनम जगि, मुख दे जीहा,
> त्रिसन जु पोखण भरण करै।
> कहण तणौ तिणि तणौ कीरतन
> स्रम कीधा विणु केम सरै ।।७।।

छद सख्या २७८ से २९५ तक कवि ने वेलि के नित्य प्रति पारायण से होने वाले लाभो को समझाया है और साथ ही कहा है कि वेलि तो स्वग प्राप्ति की सीढी है—

> मुगति तणी नीसरणि मडी
> सरग लोक सोपान इळ ।।२९४।।

वेलि के पठन पाठन से इहलोक मे ऐश्वय सुख व समृद्धि मिलती है तो परलोक मे मोक्ष की प्राप्ति होती है —

> मधुकर रसिक सुभगति मजरी
> मुगति फूळ फळ भुगति मिसि ।।२९२।।

उपयुक्त विवरण से यह स्पष्ट है कि प्रत्येक दृष्टि से वेलि एक महाकाव्य है जहा स्थूल भेद का अवकाश है, वह दो भिन्न परम्पराओ (सस्कृत साहित्य शास्त्र और अपभ्र श साहित्य शास्त्र) के कारण है, जो आगे चल कर डिंगल साहित्य शास्त्र के कारण और अधिक गहरा होता जाता है अतएव वेलि के काव्यरूप को समझने के लिये सस्कृत साहित्य शास्त्र ही यथेष्ट न होगा। इसको पूर्णरूपण समझने के लिये अपभ्र श की परम्परा और उससे प्रसूत पर स्वतत्र रूप से विकसित डिंगल परम्परा को समझने की भी अत्यन्त आवश्यकता है

पृथ्वीराज की भक्तिभावना

विश्व के इतिहास मे राजस्थान का यह सुदर सौभाग्य रहा है कि वीरता की अखूट धारा के साथ साथ यहाँ भक्ति रस की धारा भी निरतर प्रवहमान रही है एक ओर जहाँ महाराणा प्रताप अपने असख्य रणबाकुरा के साथ स्वतत्रता के अमर दीप के ज्योतिपुज की रक्षा मे रत थे तो दूसरी ओर धम रक्षाथ भक्ति की पीठिका पर एक शात शीतल ज्वाला प्रज्वलित थी, जिसम मीरा, दादू आदि अगणित सत भक्तो न अपने स्नह कणो का अक्षय योगदान दे रखा था

एक ही युग मे वीरता और भक्ति के इस सुदर और अद्भुत समन्वय पर सहज ही गौरवान्वित हुआ जा सकता है विशेषत ऐसे व्यक्तित्व पर जिसम उपयुक्त दोनो गुण अपनी सर्वोच्चता के साथ समन्वित हुये हो पृथ्वीराज राठौड ऐसे ही व्यक्तित्व के धनी है जिन्होने अपनी खड्ग से विकट शत्रुओ को परास्त कर विजय श्री का वरण किया है तो दूसरी ओर भक्ति रस मे आकठ प्लावित हो, अपने साहित्य से अगणित मानवो को भक्ति-सलिला मे निम्मजित करवाया है

सगुणोपासक पृथ्वीराज राठौड अपने समकालीन तुलसी सूर, मीरा आदि भक्त प्रवरो से अनेक दृष्टियों से भिन्न थे तुलसी और सूर राजपुरुष न थे और न ही उन्हे स्वाभिमान के रक्षाथ अथवा बादशाही आज्ञावश सुदूर प्रदेशो मे युद्ध करने पडे थे सूर ने सगुणधारा के अतगत केवल सख्यभाव से कृष्णोपासना की थी जब कि पृथ्वीराज राठौड ने इसी धारा के अतगत राम और कृष्ण दोनो की उपासना की है इस दृष्टि से तुलसी और पृथ्वीराज मे साम्य है तुलसी ने रामभक्ति के ग्रथो के प्रणयन के साथ साथ 'कृष्णगीतावली की रचना कर अपनी कृष्ण भक्ति का परिचय दिया है तो पृथ्वीराज ने दसरथ राव उतरा दूहा' के माध्यम से अपनी रामभक्ति का परिचय भी दिया है फिर भी जैसे तुलसी का मन रामभक्ति मे अधिक रमा है पृथ्वीराज का मन कृष्ण भक्ति मे अधिक लवलीन हुआ है सूर ने जबकि केवल व्रज भाषा का प्रयोग किया है, तुलसी ने मुख्य रूप से अवधी और गौण रूप से ब्रजभाषा का प्रयोग किया है परन्तु पृथ्वीराज की प्रधान भाषा डिंगल थी और उन्होने पिंगल (व्रज मिश्रित राजस्थानी) मे भी कई रचनाएँ की हैं पाडित्य व कला प्रदशन में वे केशव के अधिक समीप हैं, पर केशव सी बोझिलता के दशन उनमे नहीं होते पृथ्वीराज की इतनी विशेषताओ के होते हुये भी तुलसी के दैन्य अ[illegible] सहज [illegible]ल भावना की तीव्रता के दशन पृथ्वीराज मे [illegible] कम हैं।

मीरां और पृथ्वीराज एक ही कुल के राजपुरुष थे लिंगभेद व तत्कालीन सामाजिक परिस्थितियाँ मीरा के मार्ग की घोर अवरोधक थी मीरां को जीवन पर्यन्त उनसे तुमुल संघर्ष करना पड़ा, जबकि पृथ्वीराज इनसे मुक्त थे दोनों कृष्णोपासक भक्त थे, पर मीरां सी तीव्र संवेदनशीलता के दर्शन पृथ्वीराज मे नहीं होते मीरां की भाषा जन मन के गले की हार थी तो पृथ्वीराज ने इस क्षेत्र में डिंगल का प्रयोग कर कई विद्वानों के इस भ्रम का सर्वथा परिहार कर दिया कि डिंगल केवल वीर रसोपयोगी ही है

अन्तर्साक्ष्य और बहिर्साक्ष्य दोनों से यह प्रमाणित हो चुका है कि पृथ्वीराज मूलत एक भक्त कवि थे 'दो सौ बावन वैष्णवन की वार्ता' के अनुसार वे पुष्टि सम्प्रदाय के प्रवर्तक वल्लभाचार्यजी के पुत्र गोसाईं विट्ठलनाथजी के शिष्य थे पृथ्वीराज स्वयं गोकुल म ठकुरानी घाट पर उनके दर्शनार्थ गये थे और वहीं पर उनसे दीक्षा ली थी गोसाईं विट्ठलनाथजी का उनको आशीर्वाद था कि तुमको काल कबहू बाधा न करेंगो तथा तुम श्री ठाकुरजी के सदा सनमुख रहोगे ' स्वयं पृथ्वीराज ने अपने एक दोहे मे अपने तीन गुरुओ के संबंध मे कहा है कि —

> दीक्षा गुरु विठलेश हैं, गुरु गदाधर व्यास ।
> चतुराई गुरु रामसिंह, तीन गुरु पृथिदास ।।

(विट्ठलनाथजी भक्ति के द्वारा परलोक मार्ग के, गदाधर व्यास विद्या और शिक्षा के द्वारा काव्य मार्ग के और रामसिंह अपने चातुर्य द्वारा राजनीति और युद्ध कला आदि लोक व्यवहार के मार्ग के——ये तीन इनके विशिष्ट गुरु रहे हैं अपने दीक्षा गुरु विट्ठलनाथजी से वे अत्यन्त प्रभावित थे 'विट्ठल रा दूहा' मे कवि ने इन्हें भव्य भावांजली अर्पित की है—

> आनि त्रिलोक त वाह सोभता सूझ नही ।
> आरीसो आपाह दीठो वल्लभदेव सुत ।।

पुष्टि सम्प्रदाय मे दीक्षित होने से स्वभावत उनका काव्य इस सम्प्रदाय के सिद्धातो मे ओत प्रोत है ब्रह्मवाद संबंधी सिद्धात पक्ष को छोड कर यदि हम वल्लभाचार्य के साधना पक्ष का विचार करें तो वैष्णव सम्प्रदाय मे यही साधना पक्ष पुष्टि मार्ग कहलाया है भगवान के अनुग्रह ही को पोषण (पुष्टि) कहते हैं [1] 'कृष्णानुग्रहरूपाहि पुष्टि कालादि बाधिका' अर्थात कालादि के प्रभाव को रोकने वाली श्रीकृष्ण की कृपा ही पुष्टि है भगवान का यह अनुग्रह लौकिक व अलौकिक दोनों ही फलों का दाता है

---

[1] श्रीमद्भागवत द्वितीय स्कंध, दशम अध्याय चौथा श्लोक— पोषणं तदनुग्रह भागवतार्थ प्रकरण, निबंधकार ।

गोसाई विट्ठलनाथजी के पुत्र श्री हरिरायजी ने पुष्टिमाग के लक्षण इस प्रकार दिये हैं—[२]

सवसाधनराहित्य फलाप्तौ यत्र साधनम् ।
फल व साधन यत्र पुष्टिमाग स कथ्यते ॥१॥
अनुग्रहेणैव सिद्धि लौकिकी यत्र वदिकी ।
नयत्नद यथा विघ्न पुष्टिमाग स कथ्यते ॥२॥
सम्ब ध साधन यत्र फल सम्ब ध एव हि ।
सोऽपि कृष्णेच्छया जात पुष्टिमाग स कथ्यते ॥३॥
यत्र वा सुख सम्ब धो वियोगे सगमादपि ।
सवलीलानुभवन पुष्टिमाग स कथ्यते ॥४॥
समस्त विषय त्याग सव भावेन यत्र च ।
समपण च देहादे पुष्टिमाग स कथ्यते ॥५॥

(भावाथ —जिस माग मे लौकिक तथा अलौकिक, सकाम अथवा निष्काम, सब साधनो का अभाव ही श्रीकृष्ण की स्वरूप प्राप्ति मे साधन है, अथवा जहाँ जो फल है, वही साधन है उसे पुष्टिमाग कहते हैं ॥१॥ जिस माग म सवसिद्धिया का हेतु भगवान का अनुग्रह ही है अ य किसी यत्न से नही (यदि ऐसा अवलबन न हो तो विघ्न होत है) उसे पुष्टिमाग कहते हैं ॥२॥ जिस माग मे देह के अनेक सबध ही साधन रूप बन कर भगवान कृष्ण की इच्छा के वलपर फलरूप मबध बनत हैं, उसे पुष्टि माग कहते हैं ॥३॥

जिस माग म भगवत विरह अवस्था मे भगवान की लीला के अनुभव मात्र स सयोगावस्था का सुख अनुभूत होता है उसे पुष्टिमाग कहते हैं ॥४॥

जिस माग मे सवभावो मे लौकिक विषय का त्याग है और उन भावा के सहित देहादि का समपण है, उसे पुष्टिमाग कहते हैं ॥५॥

पुष्टिमाग मे प्रभुसेवा को ही लक्ष्य माना गया है इस माग मे पूजा का अथ वेदोक्त व तत्रोक्त पूजा न होकर पुष्टिमार्गीय सेवा विधि है, जिसके दो रूप हैं—क्रियात्मक और भावनात्मक भगवान के प्रति माहात्म्य ज्ञान पूवक सावाधिक दृढ स्नेह भी भक्ति है, उसी से मुक्ति उपलब्ध हो सकती है यह भक्ति केवल प्रभु के अनुग्रह से प्राप्त होती है इस भक्ति मे आत्मनिवेदन का सर्वाधिक महत्व है जिससे भगवान का अनुग्रह प्राप्त हाता है और इसी से ससार की अहता व ममता छूट जाती है इस भक्ति मे नवधाभक्ति का भी बडा महत्त्व है पर तु प्रभु कृपा की प्राप्ति क पुव ही नवधा भक्ति म भी आत्मनिवदन सर्वोपरि है सेवाओ मे मानसिक सेवा ही श्रेष्ठ है

२ हरिराय वाङ्मुक्तावली, भाग १

'कृष्ण सेवा सदा कार्या मानसी सा परामता।'

श्री हरिरायजी ने लिखा है कि तीन प्रकार की सेवा मे मानसी सेवा ही फल-रूपिणी है यह निरोध रूपा भी है तथा भावात्मक भी।

इसके अतिरिक्त, पर पुष्टिमार्गीय भक्ति सबधी थोडा विस्तृत वर्णन हम श्री रघुनाथजी शिवजी मुखिया रचित 'श्री वल्लभ पुष्टि प्रकाश से प्राप्त होता है—

(१) पुष्टि मार्ग के अनुसार सेवा के दो प्रकार हैं—नाम सेवा और स्वरूप सेवा स्वरूप सेवा तीन प्रकार की है—तनुजा, वित्तजा और मानसी। मानसी सेवा भी दो प्रकार की है—मर्यादा मार्गीय व पुष्टि मार्गीय मर्यादा मार्गीय सेवा मे शास्त्रानुकूल मर्यादा मार्ग पर चलते हुए भक्त अपनी अहता और ममता को दूर करता है, पर इसमे पहले आत्म ज्ञान की प्राप्ति आवश्यक है पुष्टि मार्गीय मानसी सेवा करने वाला प्रारम्भ से ही श्रीकृष्ण के अनुग्रह की इच्छा करता है और अपने शुद्ध प्रेम के द्वारा भगवान की भक्ति करता हुआ भगवान के अनुग्रह से सहज ही अपने अभीष्ट को प्राप्त कर लेता है

(२) जबकि सामान्य पूजा में कर्मकाण्ड का प्राधान्य होता है पुष्टि मार्गीय पूजा मे भावना का

(३) पुष्टि मार्गीय सेवा विधि के दो क्रम हैं—नित्य सेवा विधि तथा वर्षोत्सव सेवा विधि प्रातःकाल से शयन पर्यन्त सेवा विधि नित्य सेवा विधि है जिसमे वात्सल्य की प्रधानता है वर्षोत्सव की सेवा विधि म छः ऋतुओ के उत्सव, वदिक पर्वों के उत्सव तथा जयतियों का समावेश है

(४) नित्य और वर्षोत्सव सेवा विधियों के तीन मुख्य अग है—शृगार, राग और भोग मनुष्य इन्ही तीनों विषयों में फँसा रहता है उनसे मुक्ति पाने के लिये ही श्री वल्लभाचार्य ने इन विषयो को भगवान श्रीकृष्ण मे लगाने का उपदेश दिया, जिससे वे भगवान स्वरूप हो जायें

एक सच्चे भक्त की भाँति उन्होंने अपने इष्ट की सेवा की है, जिसको हम नवधा भक्ति के 'नाम स्मरण' के अतगत रख सकते हैं पुष्टि माग मे नवधा भक्ति का बड़ा महत्व है

पुष्टिमाग मे निहित नित्य और वर्षोत्सव सेवा विधि, दोनो ही प्रकार की सेवा विधियो का चुस्तता से परिपालन किया जाता है इन सेवा विधियो के मुख्य तीन अग हैं—शृ गार राग और भोग श्री वल्लभाचाय इन तीन अति सशक्त शक्तियो से भक्त के जीवन मे होने वाली हानि का ध्यान रख इनको भगवदभक्ति मे ढालन के लिये ही उपदेश दिया कि इनको श्रीकृष्णापण कर दिया जाना चाहिये, जिससे ये भगवानमय हो जायें वास्तव म आधुनिक मनोविज्ञान की दृष्टि से यही (sublimation) उर्ध्वीकरण (प्रतिशोधन) है काम की इस असाधारण शक्ति को जैसे ही (channalisation) रचनात्मक प्रवृत्तियो की ओर ढाल दिया जाता है, यह मारक शक्ति अत्यत वेगयुक्त व अत्यन्त बलशाली बन जाती है, जिससे सफलता प्राप्ति के साथ साथ मनुष्य मे दृढता और आत्मविश्वास की भावना बलवती बन जाती है वेलि मे जो शृ गार वणन हुआ है, और जिस पर से उन पर घोर शृ गारिकता का आरोपण किया जाता है, वह उनकी इसी उर्ध्वीकरण का सवश्रेष्ठ उदाहरण है

पृथ्वीराज ने 'क्रिसन रुक्मणी री वेलि' म जिस मर्यादित रूप मे भगवान श्री कृष्ण के सयोग शृ गार का वणन किया है, सभवत उसके पीछे उनको अपने सम्प्रदाय की इसी विशेपता को परिपुष्ट करने का उद्देश्य रहा हो

यमुनाजी का पुष्टि सम्प्रदाय मे बडा महत्व है इनको श्रीकृष्ण म रति (भक्ति) बढ़ाने वाला माना गया है इस सम्प्रदा के प्रत्येक व्यक्ति की सदव यही इच्छा बनी रहती है कि भगवान के परमलीलाधाम, गोकुल, मथुरा, वृ दावन आदि की यात्रा करू और यमुनाजी मे निमज्जन यही नही, कई लोग तो आज भी अपनी अतिम अवस्था में वही जाकर निवास करते हैं जिससे कि उनका दहात भी उस पुण्य सलिला के किनारे पर हो जो भगवान की परमप्रिया हैं 'दो सौ बावन वष्णवन की वार्ता मे तथा अन्यत्र उनकी मृत्यु का जो प्रसग दिया गया है, वह पृथ्वीराज की इस उत्कट इच्छा का प्रबल प्रमाण है कि उनका देहात किसी अन्य स्थान पर न होकर मथुरा के प्रसिद्ध विश्रात घाट पर ही होगा वे काबुल विजयाथ गये थे जहाँ से शीघ्र आना सभव न था पर उन्होंने काबुल पर विजय पताका फहराकर तथा अपने गुरु का स्मरण कर केवल ढाई दिन मे सीधे मथुरा के विश्रात घाट पर आ गये और अपने नश्वर दह को छोड दिया

पुष्टि मार्गीय प्रभाव के अतिरिक्त कवि पर समसामयिक अन्य भक्ति प्रवाहो का प्रभाव भी स्पष्ट है तुलसी, सूर तथा अन्य सत भक्त कवियो की भाँति कवि ने प्रारम्भ म अपना द य प्रकट किया है तृतीय छद मे ही कवि कह देता है कि मेरा

(५) पुष्टि मार्ग मे सेव्य श्री कृष्ण हैं सेव्य के रूप मे श्रीकृष्ण के ये रूप प्रचलित है—(१) श्री मथुरेशजी (२) श्री विट्ठलनाथजी (३) श्री द्वारकाधीशजी (४) श्री गोकुलनाथजी (५) गोकुलचंद्रमाजी (६) श्री बालकृष्णजी व (७) श्री मदन मोहनजी

(६) पुष्टि सम्प्रदाय मे जमुनाजी का भी बडा महत्व है प्रभु का जो स्वरूप और उनमे जो गुण हैं उनको श्री यमुनाजी मे भी माना गया है वे प्रभु की परम प्रिया हैं इसलिए यमुनाजी को श्रीकृष्ण मे रति बढाने वाली माना गया है

जसा कि हम ऊपर देख चुके हैं पुष्टि मार्गीय भक्ति मे मानसी सेवा का सर्वाधिक महत्व है हमारे चरित्र नायक पृथ्वीराज भी अपने इष्ट देव, श्री लक्ष्मी नाथजी की यही सेवा किया करते थे, जिसका प्रमाण हमे 'दयाळदास री ख्यात', भक्तमाल के टीकाकार प्रियादास कृत 'भक्तिरस बोधिनी टीका' और दो सौ बावन वष्णवन की वार्ता' मे उपलब्ध है

अपने ग्रन्थ 'क्रिसन रुक्मणी री वेलि' का प्रारभ कवि ने जिस मगलाचरण के छन्द मे किया है उसमे भी अपने इष्ट देव श्री लक्ष्मीनाथजी (माहव) का स्मरण किया है क्योकि वे ही मगलस्वरूप हैं—

परमसर प्रणवि प्रणवि सरसति सद-गुरु प्रणवि त्रिणहे तत सार।
मगळ रूप गाइजइ माहव चार सु ए ही मगळाचार ॥

अपनी हीनता से भिज्ञ होते हुये भी कवि अपने इष्ट देव के गुणानुगान करने बैठ गया है, क्योकि उसे आरम विश्वास है कि उनके यश का वणन किये बिना किसी काय म सफलता प्राप्त नहीं हो सकती यहो कवि प्रयारम से ही भगवान के अनुग्रह का इच्छा करता है—

कमळापति तणी कहेवा कीरति,
आदर कर जु आदरी।

× × ×

स्त्रीपति ! कुण सुमति तूझ गुण जु सकति

× × ×

कहण तणउ जिण तणउ कीरतन,
[illegible] कीपा विण कैम सरइ ?

पुष्टि मार्ग मे सेव्य श्री कृष्ण हैं पृथ्वीराज ने इन्हीं श्रीकृष्ण को अपने काव्य का कथ्य विषय बनाकर और काव्य मे विनम्रतापूर्ण ढग से उनका यश गाकर

एक सच्चे भक्त की भांति उन्होने अपने इष्ट की सेवा की है, जिसको हम नवधा भक्ति के 'नाम स्मरण' के अतगत रख सकते हैं पुष्टि माग मे नवधा भक्ति का बडा महत्व है

पुष्टिमाग में निहित नित्य और वर्षोत्सव सेवा विधि, दोनो ही प्रकार की सेवा विधियो का चुस्तता से परिपालन किया जाता है इन सेवा विधियो के मुख्य तीन अग हैं—शृ गार राग और भोग श्री वल्लभाचाय इन तीन अति सशक्त शक्तियो से भक्त के जीवन म होने वाली हानि का ध्यान रख, इनको भगवद्भक्ति मे ढालन के लिये ही उपदेश दिया कि इनको श्रीकृष्णापण कर दिया जाना चाहिये, जिससे ये भगवानमय हो जायें वास्तव मे आधुनिक मनोविनान की दृष्टि से यही (sublimation) उर्ध्वीकरण (प्रतिशोधन) है काम की इस असाधारण शक्ति को जैसे ही (channalisation) रचनात्मक प्रवृत्तियो की ओर ढाल दिया जाता है यह मारक शक्ति अत्यत वेगयुक्त व अत्यन्त बलशाली बन जाती है, जिससे सफलता प्राप्ति के साथ साथ मनुष्य मे दृढता और आत्मविश्वास की भावना वलवती बन जाती है वेलि मे जो शृ गार वणन हुआ है, और जिस पर से उन पर घोर शृ गारिकता का आरोपण किया जाता है, वह उनकी इसी उर्ध्वीकरण का सवश्रेष्ठ उदाहरण है

पृथ्वीराज ने 'क्रिसन रुकमणी री वेलि' म जिस मर्यादित रूप मे भगवान श्री कृष्ण के सयोग शृ गार का वणन किया है, सभवत उसके पीछे उनको अपने सप्रदाय की इसी विशेषता को परिपुष्ट करने का उद्देश्य रहा हो

यमुनाजी का पुष्टि सम्प्रदाय मे बडा महत्व है इनको श्रीकृष्ण मे रति (भक्ति) बढाने वाला माना गया है इस सम्प्रदा के प्रत्येक व्यक्ति की सदव यही इच्छा बनी रहती है कि भगवान के परमलीलाधाम, गोकुल, मथुरा, वृ दावन आदि की यात्रा करू और यमुनाजी में निमज्जन यही नही, कई लोग तो आज भी अपनी अतिम अवस्था मे वही जाकर निवास करते हैं, जिससे कि उनका दहात भी उस पुण्य सलिला के किनारे पर हो जो भगवार की परमप्रिया हैं 'दो सौ बावन वष्णवन की वार्ता मे तथा अयत्र उनकी मृत्यु का जो प्रसग दिया गया है, वह पृथ्वीराज की इस उत्कट इच्छा का प्रबल प्रमाण है कि उनका दहात किसी अय स्थान पर न होकर मथुरा के प्रसिद्ध विश्रात घाट पर ही होगा वे काबुल विजयाथ गये थे जहाँ से शीघ्र आना सभव न था पर उन्होंने काबुल पर विजय पताका फहराकर तथा अपने गुरु का स्मरण कर केवल ढाई दिन मे सीधे मथुरा के विश्रात घाट पर आ गये और अपने नश्वर देह को छोड दिया

पुष्टि मार्गीय प्रभाव के अतिरिक्त कवि पर समसामयिक अय भक्ति प्रवाहो का प्रभाव भी स्पष्ट है तुलसी सूर तथा अय सत भक्त कवियो की भाति कवि ने प्रारम्भ मे अपना द य प्रकट किया है तृतीय छद मे ही कवि कह देता है कि मेरा

यह प्रयत्न ऐसा है जसे गूगा आदमी वाणी की अधीश्वरी को जीतने का प्रयत्न करे—

जाण वाद माडियउ जीपण, वागहीण वागेसरी

और जब शेषनाग, जिनके सहस्र फन हैं और प्रत्येक फन मे दो दो जिह्वाए हैं, वे भी उनका पूणरूप से गुणानुगान नही कर सकते ता मैं एक जीभ वाला सासारिक मेढक जसा मनुष्य उनका गुणगान कैसे कर सकता हू—

जिणि सेस सहस फणए, फणि बि बि,
जीह जीह नव नयो जस।
तिणि ही पार न पायो श्रीकम
वयण डेडरा किसौ वस ॥

फिर भी उनके यशगान के बिना न तो मनुष्य का काम ही चल सकता है और न उसका उद्धार ही हो सकता है—

कहण तणौ तिणि तणौ कीरतन,
स्रम कीधा विणु केम सरे ?

पद पद पर पृथ्वीराज मे अपनी इस वेलि से भगवान के अलौकिक स्वरूप का वणन किया है भगवान ही की कृपा से ब्राह्मण का एक रात्रि मे द्वारका पहुँच जाना, कुदनपुरी मे अलग अलग वृत्तियो के लोगो को भगवान का अलग अलग रूपों में दृष्टिगोचर होना, अबिका दशन के समय रुक्मिणी का समूचे सन्य का अपनी सम्मोहन शक्ति द्वारा मूर्छित करना और रुक्मिणी की प्राथना पर रुक्मी के कटे हुये केशा को पुन उत्पन्न कर देना आदि अनेक घटनाएँ भगवान श्रीकृष्ण के सवशक्तिमान स्वरूप की परिचायक है अशरणशरण श्रीकृष्ण के अलौकिक स्वरूप को कवि क्षण भर के लिये भी नही भूलता

इधर रुक्मिणी भी रमा अवतार है—'रामा अवतार नाम ताइ रुक्मणि' वह जगद्धात्री है, मातृशक्ति है अतएव परम पूजनीया है वह लोकमाता, सिंधु-सुता, श्री, लक्ष्मी पदमा, प्रभा, इदिरा रामा, हरिवल्लभा व रमा है उस माँ का पार कौन पा सकता है ?

काव्य के अतिम छदो म जहाँ कवि न वेलि का माहात्म्य और पारायण का सविस्तार वणन किया है वहाँ थोडी आत्मश्लाघा की भावना विद्वान समालोचकों को अखरती है किन्तु यहाँ भी कवि न एक निश्चित परिपाटी का ही पालन किया है, ऐसा प्रतीत होता है डॉ तस्सितोरी इस परम्परा से अवगत न होने के कारण कहते कि After seven more stanzas mentioning among other

things Pradyumana's son Aniruddha (st 271–7), comes the conclusion which consists of twenty eight stanzas (278–305) and is very noteworthy as the boldest possible self eulogy, which an author could compose The presumptous tone of this conclusion is in striking contrast with the modest tone of the introduction, evidently, the Poet is so pleased with the work he has done that he must say bravo to himself" (सात और छन्दों के बाद, जिनमे और बातों के अतिरिक्त प्रद्युम्न के पुत्र अनिरुद्ध का वर्णन है कवि ने ग्रथ की समाप्ति के अट्ठाईस छन्दो (२७८ ३०५) मे आत्मश्लाघा का वह साहसिक वर्णन किया है, जिसे कदाचित ही कोई कवि कर सके उनकी ये अतिम अभिमान पूर्ण उक्तिया उनके प्रारम्भ की पक्तियो का पूर्ण विरोधाभास लिये हुये है प्रत्यक्ष ही, कवि अपनी कृति से इतना प्रसन्न था कि उसे अपने आपको शाबास कहना ही था) Dr Tessitori further says, 'Seeing that Prithi Raja's production is really incensurable, we may well forgive him for his outburst of self confidence, it is on a small scale and in a different form" (डॉ० तस्सितोरी ने आगे कहा कि पृथ्वीराज की रचना वास्तव मे निष्कलक रचना है हम उसकी आत्म विश्वासपूर्ण अतिशयोक्ति को क्षमा कर सकते हैं क्योकि यह अत्यन्त अल्पमात्रा मे तथा भिन्नस्वरूप मे है)

डॉ० तैस्सितोरी की अतिम पक्तियो से दो बातो का पता चलता है प्रथम तो यह कि पृथ्वीराज से भी कही अधिक आत्मश्लाघा करने वाले कवि इस विश्व मे हैं तथा द्वितीय यह कि यह भिन्न स्वरूप मे है यह भिन्न स्वरूप क्या है ? यहा हम प्रो० नरोत्तमदास स्वामी से पूर्णतया सहमत है कि 'यह प्रशसा कवि के काव्य की नहीं भगवान के पावन चरित्र की है, जिसके पठन श्रवण, मनन और निदिध्यासन से आस्तिक जन समस्त मनोरथो की पूर्ति और विविध सिद्धिया की प्राप्ति सहज सभाव्य मानते है ये अलौकिक गुण वेलि के अपने नही परन्तु हरि चरित्र के हैं जो हरि चरित्र के सम्पर्क के कारण वेलि मे भी प्रतिफलित हैं' 'वेलि क्रिसन रुक्मिणी री' की भूमिका मे प्रो० सूर्यकरण पारीक ने लिखा है कि ' यह भी सभव है कि इसके पाठ से हमारा त्रिविध ताप व त्रिविध रोग दूर न हो एव भवसागर से पार न हुआ जाय, परन्तु जब हम इन सब फलाकाक्षाओ से अपने चचल मन को हटा कर, लीलामय भगवान और महामाया लक्ष्मी के सासारिक चरित्रों के रहस्य जानने मे, अध्यवसाय और निश्चल भक्तियुक्त चित्त को लगावें तो क्या इस ग्रथ को पढने

1 Page XI Introduction by Dr L P Tessitori of his book—वेलि रुक्मणी री ' प्रकाशक—एशियाटिक सोसायटी कलकत्ता A D 1919

से हमको मनशुद्धि प्राप्त न होगी ? परन्तु फलादेश के साथ कवि का यह भी कहना है कि मनशुद्धि की प्राप्ति तभी हो सकती है, जब श्रद्धा और भक्तिपूर्वक इस कथा का अनुशीलन किया जाय' महाराज पृथ्वीराज के काव्य मे आत्मश्लाघा अथवा मिथ्याभिमान की आशका करना निरी भूल है'[1]

वसे वेलि के प्रारभ की भाति, अत मे भी कवि ने अपना दैन्य प्रकट किया है छद सख्या ३०० मे कवि ने विनम्रतापूर्वक कहा है कि—

> अहिया मुख-मुखा, गिळित उग्रहिया
> मू गिणि आखर अ मरम ।
> मोटा तणा प्रसाद कहइ महि,
> अइठउ आतम खम अधम ॥३००॥

(भावार्थ —मैंने अनेक महापुरुषो से हरि गुण सुने, सुन कर उनको हृदयगम करके पुन कविता के माध्यम से प्रकट कर दिये इसमे मेरा कुछ नही है सज्जन लोग इसे प्रसाद कहेगे तो दुष्ट लोग इसी को जूठन कहगे)

> हरि-जस रस साहस करे हालिया,
> मो पडिता ! वीनती मोख ।
> अम्हीणा तम्हीणइ आया,
> स्रवण तीरथे वयण स दोष ॥३०१॥

(मेरी कविता अनक दोषो से भरी है, पर हरि यश का सम्पर्क कर आपके कर्ण रूपी तीर्थ तक अपने दोषा को दूर करने आई है हे पडितो ! मेरी प्रार्थना पर ध्यान न देकर इसे निर्दोष कर दें)

और अत मे छद सख्या ३०३ मे कवि ने अपनी क्षतियो को स्पष्ट स्वीकार किया है—

> भलउ तिकउ परसाद भाग्ती,
> भूडउ ताइ माहरउ भ्रम ।

ऐसे भक्त कवि पर आत्मश्लाघा का दोषारोपण औचित्य की कसौटी पर खरा नहीं उतरता सस्कृत के अनेक कवियो के तथा सत प्रवर तुलसीदास न भी

---

1 वेलि क्रिसन रुकमणी री' भूमिका पृ० १००–१०१ प्रकाशक हिन्दुस्तानी अकेदमी, प्रयाग सन् १९३१

अपने काव्यो मे उपयुक्त आत्मश्लाघा की परिपाटी का निर्वाह किया है तुलसीदासजी ने रामचरितमानस मे कहा है कि—

सुनि समुझहिं जन मुदित मन, मज्जहिं अति अनुराग।
लहहिं चारि फल, अछत तनु, साधु समाज प्रयाग॥

और

मन कामना सिद्धि नर पावा, जे यह कथा कपट तजि गावा।,
कहहिं सुनई अनुमोदन करही, ते गोपद इव भवनिधि तरही॥

———

वेलि का भाव पक्ष

पतित पावनी, पुण्य सलिला जाह्नवी जिस प्रकार संगम में यमुना और सरस्वती से तथा इसके पूर्व भी अनेक छोटी मोटी सरिताओं से मिल कर एक विशाल और भव्य रूप धारण कर सबको पावन करती हुई निरंतर प्रवहशील है, उसी भाँति वेलि की भक्तिरस रूपी सुर सरिता में शृंगार और वीर रस रूपी यमुना तथा सरस्वती और रौद्र भयानक व वीभत्स रूपी अन्य अनेक रस सरिताओं का मिलन है, जिससे उसका भाव सौंदर्य निखर उठा है और जिसमें अवगाहन से भयंकरतम अघों का विनाश हो जाता है और जिस प्रकार गंगा अंत में जाकर अपने पति महोदधि में मिल जाती है ठीक उसी प्रकार वेलि भी अनंत स्वरूप भगवान श्रीकृष्ण तक पहुँचाने का अमूल्य उपाय है।

यद्यपि काव्यशास्त्रियों ने सर्वसम्मत होकर भक्ति को रस रूप में अंगीकार नहीं किया है तथापि यह निसंदिग्ध है कि वेलि का अंगीरस भक्तिरस ही है नाट्य शास्त्र के प्रणेता भरत मुनि ने जिन आठ रसों की स्थापना की थी, उनमें परवर्ती आचार्यों ने संशोधन कर 'शांत' को भी रस रूप में स्वीकार कर लिया उसके पश्चात् आधुनिक युग तक यह एक अत्यंत विवादास्पद विषय रहा है कि काव्य शास्त्रीय दृष्टिकोण से भक्ति को किस कोटि में रखा जाय क्या भक्ति को भी स्वतंत्र रस के रूप में अंगीकार कर नौ के स्थान पर दस मान लिये जायं या अन्य पुरोगामी आचार्यों की भांति इसे केवल 'भाव' के रूप में स्वीकार कर संतुष्ट हुआ जाय ? आचार्य भरत ने न तो भक्ति को रस रूप में स्वीकार किया था और न भाव के रूप में ही पर, दण्डी, अभिनव गुप्त, मम्मट, विश्वनाथ और पण्डितराज जगन्नाथ के सम्मुख भक्ति विषयक समुचित सामग्री थी, फिर भी काव्यशास्त्रियों ने यही प्रतिपादित किया कि भक्ति एक रस न होकर केवल 'भाव है दण्डी ने भक्ति को रस न कह कर 'प्रेयस' अलंकार कहा है[1] तो रुद्रट ने इसे कुछ उठाने और व्यापकता देने का प्रयत्न किया[2] और एक नये रस 'प्रेयान' की कल्पना की अभिनव गुप्त ने इसे एक स्वतंत्र रस न मान कर 'शांत' रस के एक अंग के रूप में स्वीकार किया है जबकि मम्मट ने इसे केवल एक भाव कह कर छोड़ दिया है

---

१ काव्यादर्श दण्डी

२ हिंदी वैष्णव साहित्य में रस परिकल्पना —डॉ प्रेमस्वरूप गुप्त पृ २०४

'मुण्डे मुण्डे मतिर्भिन्ना'—के अनुसार कुछ काव्यशास्त्रियो ने प्रेयास, दान्त, उद्धत, भक्ति, लौल्य, तथा कार्पण्य को भी रस माना है प्रेयास का अन्य नाम वात्सल्य है, जिसे काव्यप्रकाशकार ने भाव के अन्तर्गत मान लिया है टीकाकार ने लिखा है कि —'प्रेयासादि अयस्तु भावान्तर्गता इति बोध्यम। एतेनाभिलाषस्थायिको लौल्यरस श्रद्धास्थायिको भक्ति रस स्पृहास्थायिक कार्पण्याख्यो रसोऽतिरिक्त इत्यपास्तम्।' साहित्य दर्पणकार ने वत्सल को रस मानते हुये लिखा है कि 'स्फुट चमत्कारितया वत्सल च रस विदु।'

इस प्रकार हम देखते हैं कि सभी आचार्य यद्यपि भक्ति के पृथक अस्तित्व को स्वीकार नही करते फिर भी क्रमश हम एक ऐसी प्रवृत्ति को विकसित होती हुई देखते हैं, जो भक्ति को एक स्वतन्त्र रस के रूप म मानने मे अग्रसर है

वैष्णव आचार्यों ने भक्ति रस की स्वतन्त्र सत्ता को स्वीकार कर काव्य-शास्त्रियो को सर्वथा नया दृष्टिकोण दिया है महाप्रभु चैतन्य से प्रभावित गौडीय सप्रदाय के आचार्य रूप गोस्वामी के द्वारा प्रणीत 'हरिभक्ति रसामृत सिंधु' और 'उज्ज्वलनीलमणि' का मूल विषय भक्ति रस का प्रतिपादन ही है रूप गोस्वामी के उपयुक्त ग्रथो के टीकाकार जीव गोस्वामी ने अपनी टीकाओ मे भक्ति को रस के रूप मे प्रतिष्ठित किया है रूप गोस्वामी और जीव गोस्वामी ने भक्ति रस को प्रमुख मान कर, उसके पाँच मुख्य और सात गोण भेदो के साथ प्रत्येक के स्थायी भावो को इस प्रकार माना है—

मुख्य रस	क्रमसख्या	रस	स्थायी भाव
	१	शात भक्ति रस	शात
	२	प्रीत „ „	प्रीति
	३	प्रेयान „ „	सख्य
	४	वत्सल „ „	वात्सल्य
	५	मधुर „ „	प्रियता या मधुरा रति
गौण रस	१	हास्य „ „	हास रति
	२	अद्भुत „ „	विस्मय रति
	३	वीर „ „	उत्साह रति
	४	करुण „ „	शोक रति
	५	रौद्र „ ,	क्रोध रति
	६	भयानक„ „	भय रति
	७	वीभत्स „ „	जुगुप्सा रति

भावपक्ष की दृष्टि से कविता का प्रमुख प्रयोजन [illegible]
है साहित्य दर्पणकार के 'रसात्मक वाक्य काव्य' म [illegible]

मुख्य माना है इसीलिए प्रत्यक काव्य में शास्त्र मान्य नौ या दस रसो में से किसी एक या एक से अधिक रसा का ढूढने का प्रयत्न किया जाता है इन्ही नौ या दस रसो म से रसशिरोमणि या रस राजत्व के पद के लिये पर्याप्त मतवभिन्य रहा है किसी की सम्मति मे इसका अधिकारी केवल शृंगार ही हो सकता है तो अन्य के मतानुसार करुण रस ही इसका सर्वाधिक पात्र है कोइ वीर रस का प्रबल पक्षपाती है तो किसी न अद्भुत रस के लिये भी योग्य तक प्रस्तुत किये हैं वास्तव मे यह विवाद निरथक लगता है क्योकि रस का मूल प्रयोजन तो आस्वाद है 'रस्यते आस्वाद्यते इति रस।' यह तो किसी कविता पर आधारित है कि वह स्थायी भावो को कितने अशो तक जाग्रत कर सकती है यदि शृंगारपूण कृति रति (प्रेम) जागत नही कर सकती तो शृंगार को रसराज स्वीकार कर लेने से भी काम न चलेगा इससे तो अद्भुत रस की कृति श्रेष्ट रहेगी, जिसमे साधारणीकरण की क्षमता है और जो अपने स्थायी भाव विस्मय (आश्चय) को जाग्रत कर सकता है

फिर भी जीवन मे परिव्याप्तता और वणन विस्तार के दृष्टिकोण स कई काव्यशास्त्रियो ने भक्ति रस के अभाव म शृंगार को रस राज के सिंहासन पर आसीन किया है प्रबध काव्य की दृष्टि से कई रस ममना ने शृंगार, वीर तथा शात रस को अगी रस के रूप मे स्वीकार किया है यहा पर पुन ध्यान आकपण के लिये निवेदन है कि तब तक भक्तिरस को स्वतन्त्र रस के रूप मे अगीकार न कर लेने के अभाव मे ही यह निणय लिया गया था पर अब जबकि हमारे सम्मुख भक्ति का अपार साहित्य है और रस की दृष्टि से उसके स्थायीभाव व्यभिचारी भाव विभाव (आलम्बन उद्दीपन) और अनुभाव आदि पर गहनता स विचार विमश हो चुका है तब हम भक्तिरस को भी स्वतन्त्र रस के रूप मे प्रतिष्ठित करने मे हिचकिचाहट नहीं होनी चाहिये भक्ति रस के रसाग इस प्रकार माने गये हैं—

स्थायी भाव— भगवान विषयक प्रेम (रति)[1]

विभाव— (१) आलम्बन विभाव—इसके अन्तगत विषय रूप भगवान (राम कृष्ण) और आधार रूप मे प्रिय भक्तो का समावश है

(२) उद्दीपन विभाव—भगवान के गुण तथा भक्त और कृष्ण गत भक्त विषयक रति

अनुभाव— भक्तो की भावानुभूति के परिणामस्वरूप होन वाली चेष्टाएँ इसम परिगणित हैं जसे प्रेमजन्य अश्रु और रोमाच

---

१ हिन्दी कृष्णभक्ति साहित्य में रस परिकल्पना—डॉ प्रेमस्वरूप गुप्त पृ १७६ १७७

व्यभिचारी भाव—इन्हें सचारी भाव भी कहते हैं इनकी सख्या काव्यशास्त्रानुसार तैंतीस ही है जैसे निर्वेद, हर्ष, दैन्य, चपलता, आवेग और तर्क आदि,

सात्विक भाव— कृष्ण सबधी भावो से परिलुप्त चित्त को सत्व नाम दिया गया है यहाँ भी आचार्य भरत का अनुसरण किया गया है और आठ सात्विको को मान्य रखा गया है—स्तम्भ, स्वेद, रोमाच, स्वर भग, वेपथु, वैवर्ण्य, अश्रु और प्रलय

ऐसे भक्ति रस को 'रसो वै स ' तथा 'आनदो ब्रह्म' कह कर पुकारा गया है आनद तीन प्रकार के होते हैं—विषयानद, काव्यानद और ब्रह्मानद काव्यानद को ब्रह्मानद का स्वरूप न कह कर आचार्यो ने इसे ब्रह्मानद सहोदर कहा है

शृगार वीर, वीभत्स आदि अन्य रसो के होते हुये भी वेलि एक भक्तिमय काव्य है जिसमे अथ से इति भक्त का दैन्य उसकी प्रशक्ति और श्रद्धा व्यक्त की गई है तथा सम्पूर्ण काव्य मे कवि यह न भूला है कि वह किस लोकोत्तर शक्ति का वर्णन कर रहा है वास्तव मे भक्ति रस की प्राणधारा वेलि की शिराओ मे अत सलिला की भाँति बही है इतना होते हुये भी वेलि पर का यह आरोपण कि वह एक शृगारमयी रचना है, विवेच्य है पृथ्वीराज की वेलि के प्रारभिक छदो मे ही—

श्री वरणण पहिलउ कीजइ तिणि
गथियइ जेणि सिंगार ग्रथ ।।८।।

के स्पष्ट उल्लेख से सहज ही एक भ्रम उभर आता है कि वेलि एक शृगारपूर्ण कृति ही है यही नही कवि ने इसी छद (स ८) की प्रथम पँक्तियो मे अपने मत की परिपुष्टि के लिये सुकदेव व्यास आदि का उदाहरण दिया है—

सुकदेव व्यास जयदेव सारिखा
सुकवि अनेक ते एक सथ ।
श्री वरणण पहिलउ कीजइ तिणि
गूथियइ जेणि सिंगार ग्रथ ।।८।।

इसके पश्चात् छद स २७८ तक कवि ने कही भी इस बात का उल्लेख तक नही किया है कि यह एक शृगारिक रचना है इस छद सख्या मे भी कवि ने स्पष्ट उल्लेख न कर वेलि के माहात्म्य का दिग्दर्शन कराते हुये इसमे प्रयुक्त रसो की चर्चा की है—

हरि समरण, रस समभण हरिणाखी,
चातुरण खळ खगि खेत्रि चढि ।

वइमे सभा पारकी बोलण
प्राणिया ! वछइ ते वेलि पढि ।।२७८।।

(हे प्राणी ! यदि तू भगवान का भजन करना, सुदर रमणी के रस को समझना, युद्ध भूमि मे चढ कर शत्रुग्रो को तलवार से काटना और दूसरे लोगो की सभा मे बैठ कर बोलना चाहता है तो वेलि का पाठ कर)

इस प्रकार कवि ने भगवान के नाम स्मरण के द्वारा भक्ति, सुदर मृगनयनी रमणी को समझने के द्वारा शृ गार और युद्धभूमि मे चढ कर तलवार से शत्रु का काटने के द्वारा वीर रस की प्रतिष्ठा के साथ साथ सभा चातुय की ओर रसिक पाठका का ध्यान आकर्षित किया है छद सख्या आठ से वेलि केवल शृ गार रस का ग्रथ घोषित होता है जबकि छद सख्या २७८ से इसमे भक्ति, शृ गार तथा वीर— इन तीनो रसो का समावश है फिर इसी छन्द मे 'हरि समरण को प्राथमिकता देकर कवि न छद सख्या आठ मे उल्लिखित 'गूथयिइ जेणि शृ गार ग्र थ' का स्पष्ट विरोध कर दिया है महात्म्य म वेलि के नित्य पठन से भुक्ति और मुक्ति दोना प्राप्त होते हैं ऐसा कवि ने अनेक बार श्रद्धा के साथ उल्लेख किया है वेलि यदि मूलत शृ गारपूर्ण ग्रथ होता तो न तो इसका ग्रथकर्ता ही इसके नित्य पठन की चर्चा करता न लोग इसे अपने पाठपूजा मे रखते और न तत्कालीन भक्त और इतिहासकार इसको उन्नीसवाँ पुराण आदि कह कर सबोधित कर अपन श्रद्धा-सुमन चढाते ऐसी दशा म वेलि का अगीरस शृ गार ही है—मानने का कोई औचित्य नही दिखलाई पडता

अन्य नदियो को अपने मे आत्मसात करके उनके सगम के पश्चात् जिस प्रकार केवल गगा ही शेष रह जाती है, ठीक उसी भाँति अनेक रसो के अवस्थित होने पर भी वलि का अगीरस तो भक्तिरस ही है गौण रसो म शृ गार के अतिरिक्त वीर रौद्र, वीभत्स आदि का सुदर निरूपण वेलि मे हुआ है

वीर रस

प्रसगोचित उसम वीर रस की जो श्रेष्ठ भाषाभिव्यजना हुई है, केवल इसी एक कारण स वीर रस को वेलि का प्रमुख रस स्वीकार नहीं किया जा सकता न तो कवि का आशय ही किसी वीर काव्य के निर्माण का था और न ही समूचे काव्य क पठन क पश्चात् यह ध्वनि ही निकलती है तेरह छन्दा मे युद्ध वर्षा रूपक म भक्त कवि ने निश्चय ही अद्भुत शौय वर्णन किया है जिसके पठन स भुजाएँ फडक उठती हैं और आँखें तन जाती हैं तथा मुह तमतमा जाता है पर यह सब तो शत्रुदलन के हेतु था, जो नायक की गरिमा के लिय आवश्यक था

वीर रस का स्थायी भाव उत्साह है इसमें आलम्बन युद्ध क्षेत्र, सैन्य, सेना हल और रणवाद्य है तथा उद्दीपन है युद्धवीर अगो का फडकना अनुभाव है तो गव,

हर्ष, उत्कठा इसके सचारीभाव हैं वेलिकार ने वेलि मे वीर रस को इन अगो का सुदर चित्रण किया है

रुक्मिणी के पत्र के पढने के साथ ही कृष्ण तुरत अकेले रवाना हो जाते हैं तथा हरगौरी के मदिर के बाहर विशाल सेना के सम्मुख रुक्मिणी का कर ग्रहण कर रथ म बिठान के पश्चात् जिस ओजमयी वाणी से एकत्रित वीर समुदाय को,

> वाहर रे वाहर कोई छै वर
> 'हरि हरिणाखी जाइ हरि'

के शब्दो द्वारा शत्रु सैन्य को ललकारते हैं, वही युद्ध जनित उत्साह स्थायीभाव है

बलराम का सेना लेकर प्रयाण, उनका सैन्य सचालन, दोनो ओर की सेनाओ का भीषण कोलाहल और रणवाद्यो का बजना, वीर रस के आलम्बन हैं—

> चढिया हरि सुणि सकरखण चढिया
> कटक वध नहु घणउ किध ।
> मेक उजागर कळहि ग्रेहवा
> साथी सहु आखाड सिध ।।७४।।

(बलराम ने जब सुना कि कृष्ण अकेले ही हमला करने गये हैं तो वे चढकर चले उन्होने बहुत कम सेना को साथ मे लिया क्योंकि एक तो वे स्वय युद्ध करने म पारगत थे और दूसरे जितन साथी साथ मे थे, व सब के सब युद्ध करन म सिद्ध हस्त थे)

> *कँपिया उर काइरा असुभकारियउ*
> गाजति नीसाण गडडइ ।

(नगाडो की गडगडाहट से कायरो के हृदय काँप उठे जसे वादलो की गर्जन मात्र से अशुभकारी व्यापारी काँप उठते हैं)

दोनो सेनाओ के मरने मारने पर तुले हुये और अस्त्र शस्त्रा से सज्जित सनिकगण ही उद्दीपन हैं ।

युद्ध-वर्षा रूपक कवि की मौलिक कल्पनाओ द्वारा प्रस्तुत सुदर शब्द चित्र है और इसमे कोई अत्युक्ति नही है कि वे इस साग रूपक अलकार द्वारा अपने उद्देश्य मे पूणत सफल हुये हैं दोनो सेनाओ के चलने से धूल उठी आकाश धूल से भर गया और धूल से ढका हुआ सूय तो ऐसा दिखाई पडता था मानो वातावत पर किसी वृक्ष का पत्ता चढा हुआ हो—

ऊपडी ग्जी मभि ग्ररक ग्रेहवउ
वातचक्र सिरि पत्र वसति ।

वीर वेश ग्रौर वीर रसोन्मत्त, कवच ग्रौर शिरस्त्राण धारण की हुई दोनो सनाये ऐसी लगती थी माना काल रूपी दो काली घटाएँ उमड घुमड कर एक दूसरे के ग्रामने सामने खडी हो—

कठठी वे घटा करे काळाहणि,
सामुहे ग्रामुह–सामुहइ ।

इतने मे युद्ध प्रारभ होगया सनिकगणो की हुकार ग्रौर ललकार के साथ विविध प्रकार के ग्रस्त्रो ग्रौर शस्त्रो का प्रयोग होने लगा कवचो से टकरा कर तीर एस गिरने लगे जसे वर्षा की बूद समुद्र के जल मे गिरती हो लडती लडती दोना सेनाएँ ग्रब ग्रत्यधिक समीप ग्रा जाने के कारण दूरगामी हथियारों का प्रयोग बद होगया ग्रौर मुठभेड शुरू हो गई युद्धभूमि सतप्त हो उठी धडो पर तलवारो के वार इस प्रकार चमक रहे थे जस वर्षाकाल म घनशिखरा मे बिजलिया का चमकना—

कळकळिया कुत किरण कळि ऊकळि
वरसत विसिख विवरजित वाउ ।
धड धड धडकि धार धारूजळ
सिहर सिहर समरवई सिळाउ ।।११६।।

युद्ध मे चौसठ योगिनिया हर्षो मत्त हो ऐसी कूद रही थी जसे वर्षाकाल मे योगिनियाँ (वुदवुदे) नाचती हो माथे कट कट कर गिर रहे थे ग्रौर कवध उठ उठ कर लड रह थे [1] श्रीकृष्ण ग्रौर शिशुपाल ने शस्त्रो की भडी लगादी जस वर्षाकाल म वर्षा की भडी लग जाती है वर्षा की भडी से पानी बहने के समान शस्त्रो की भडी स रक्त बह चला ।

बलराम न युद्धभूमि म ग्रपने सैनिको को उत्साह दिलवा कर जल्दी जल्दी एसे हल (वलराम का ग्रायुध) चलाया जसे वर्षा के बाद कृषक ग्रालस्य न कर खेत म हल चलाते हैं महाबली बलराम न ग्रपनी भुजाग्रो के बल से तलवार द्वारा शत्रुग्रो के सिरो को काट काट एस ढर लगा दिय जसे किसान हँसुग्रो द्वारा फसल को काट काट कर बालो का ढर लगा देता है ग्रौर जस किसान खलिहान मे बालो को इकट्ठा

---

1 श्री नरोत्तमदास स्वामी ने अपनी टीका में घ्रु (मरनत्र) के कम्कर गिरजाने और कबध के लडने की तुलना घ्रु (ध्रुव) नक्षत्र के अस्त हो जाने पर केतु नक्षत्र के उदय हो जान से की है जो छद (१२१) में नहीं है ध्रुव तो कभी अस्त ही नहीं होता

कर उनको पैरा से या बैलो से कुचलवाता है ठीक उसी तरह बलराम ने कभी अपने चरणो से तो कभी घोडो के खुरो से शत्रु सेना को कुचल डाला—

> रिण गाहटतइ राम वळा रिण,
> थिर निज चरण सु मेढि थिया ।
> फिरि चढियइ सघार फेरतो,
> केकाणा पाई सुगह किया ।।१२७।।

रुक्मी, शिशुपाल और जरासध की सयुक्त सेनाओ को पराजित कर, कृष्ण और बलराम विजयानद मे द्वारिका लौटे जहाँ सारे नगर ने बडे धूमधाम से उनका स्वागत किया

बीभत्स रस

बीभत्स का स्थायी भाव जुगुप्सा है युद्ध मे लाशो का ढेर लगना, अग प्रत्यगो का कटना और विद्रूप बनना, रुधिर के परनाले बहना आदि दृश्य मन म घृणा का भाव जागृत करते हैं—

> ऊजळिया धारा ऊवडियउ,
> परनाळे जळ रहिर पडइ ।

बलराम के घातक शस्त्रो के सचालन स शत्रुओ के शरीरो मे अनेक घाव हो गय प्रत्येक घाव से रक्त के फुहारे छूटने लग—

> घटि घटि घण घाउ, घाइ-घाइ रत गण,
> ऊच छिद्र उछळई अति ।

और बलराम ने तो तलवार के वारो से युद्ध भूमि म शत्रुओं के सिरो का ढेर लगा दिया—

> विजडा मुँहे वेढतइ बळिभद्रि
> सिरा पुजि कीधा समरि ।

युद्धभूमि मे हाथो मे खप्पर लेकर चौसठ प्रकार की योगिनिया का उन्मत्त हो, नृत्य करना, गिद्धनिया का नोच नोच कर लाशो का विदीर्ण करना, प्रसन्न बदन होकर रक्त पीना अथवा मास भक्षण करना आदि बीभत्स रस के विभाव हैं असह्य पीडा के कारण घायल सनिको का कराहना तथा अत म मृत्यु को प्राप्त होना, रस के व्यभिचारी भाव हैं

यह ठीक है कि वेलि में वीभत्स रस वीर रस के सहायक के रूप मे प्रस्तुत किया गया हैं, लेकिन उसे इस रूप मे न लेकर उसकी स्वतत्र सत्ता की दृष्टि से विचार करें तब भी वह अपने आप मे पूण है वैसे युद्ध मे वीभत्स अवश्यभावी है

वेलि मे वीभत्स रस का वणन छद सख्या १२० से १२८ तक म किया गया है

रौद्र रस

प्रसगानुसार वेलि म समुचित रूप से रौद्र रस को भी स्थान मिला है युद्ध भूमि दया का स्थल न होकर निममता व क्रोध का स्थान है शत्रु तथा उसके अपराधों को देख कर क्रोध आना स्वाभाविक है युद्ध-वर्षा रूपक के प्रथम छद मे क्रोधित हो, दोनो सेनायें आमन सामने खडी हो गई —

> कठठी वे घटा करे काळाहणि,
> सामुहे आमुहे–सामुहइ ।

रुक्मकुमार की ललकार सुन कर भगवान का क्रोधित होना तथा भौंहे चढा कर हाथ मे धनुष लेकर प्रत्यचा पर बाण चढाना, और गुस्से मे आकर देखते देखते ही रुक्मी के सारे आयुधो को नष्ट कर देना रौद्र रस के अनुभावो के सुदर दृष्टान्त हैं—

> रुकमइयउ पेखि तपत आरणि रणि,
> × × ×
> बिळकुळियउ वदन जेम वाकारियउ
> सग्रहि धनुख पुणच पर सधि ।
> क्रिसन रुक्म-आउध छेदण कजि
> वेलखि अणी मूठि द्रिठ बधि ।।१३१।।

अन्य रस

अन्य गौण रसो के अन्तर्गत भयानक, अद्भुत तथा हास्य रस का भी वेलि म समावेश हुआ है पर रसागो के अभाव मे उनका पूण प्रस्फुटन नहीं हो सका है नगाडो की गडगडाहट के साथ कायरो के हृदयो का प्रकम्पित होना, आदि भयानक रस के उदाहरण हैं दृष्टव्य है—

> कंपिया उर कायरां असुभकारियउ
> गाजति निसाण गडडइ ।

वेलि मे तीन चार ऐसे चमत्कारो का वणन है, जो अद्भुत रस को उत्पन्न करते हैं सवप्रथम ब्राह्मण का रात्रि हो जाने से कुदनपुर मे सोना और प्रात काल मे जगते ही अपने आपको द्वारिका म पाना—

साझ सोचि कुदणपुरि सूतउ,
जागिउ परभाते जगति ।

स्वय ब्राह्मण को विश्वास नही हाता वह आश्चय चकित है और कहता है कि कही यह स्वप्न तो नही है—

सप्रति अे किना, किना अे सुहिणउ ?
आयउ हूँ अमरावती

दूसरी बार अदभुत रस की प्राप्ति हमे उस समय होती है जब रुक्मी आदि अन्य राजाओ की सेना अम्बिका मदिर के बाह्य प्रागण मे रुक्मिणी के अनुपम सौंदय से मत्र मुग्ध हो, कुछ क्षणो के लिये तो पाषाणवत् हो जाती है—

मन पगु थियउ, सहु सेन मूर्छित,
तह नह रही सपेखतइ ।
किरि नीपायउ तदि निकुटीअ
मठ पूतळी पखाण मइ ।।११०।।

तृतीय बार अद्भुत रस का बोध हमे कृष्ण द्वारा रुक्मी के काटे हुये बालो को फिर से उत्पन्न कर देने के समय होता है सर्व समर्थ भगवान के लिये असभव क्या है ?—

क्रित करण अकरण अनथा करण,
सगळे ही थोके ससमथ्य ।
हा लिया जाइ लगाया हुता,
हरि साळइ सिरि थापि हथ्थ ।।१३७।।

समग्र कथा मे हास्य रस की सष्टि दो अनेक स्थानो पर होती है, पर रसागो से परिपुष्ट न होन के कारण केवल उसकी झलक सी दिखाई दती है एक तो श्रीकृष्ण द्वारा रुक्मी के केशो को काट कर उसे विद्रूप बनात समय सहज ही मुस्कराहट की हलकी रेखा सी मुख पर खिच जाती है युद्ध मे यह कैसा अभिनव कृत्य ! इसके पश्चात् हास्य रस का एक स्थल और आता है जब सखियाँ लाज लोह लगरे लगायइ' वाली रुक्मिणी को भगवान के केलिगृह मे पहुचाकर और द्वार बद कर एक दूसरे की ओर देख कर हसाहस करती हैं—

यह ठीक है कि वेलि मे वीभत्स रस वीर रस के र
किया गया हैं, लेकिन उसे इस रूप मे न लेकर उसकी स
विचार करें तब भी वह अपने आप मे पूण है वैसे युद्ध मे

वेलि मे वीभत्स रस का वणन छद सख्या १२९
गया है

रौद्र रस

प्रसगानुसार वलि म समुचित रूप से रौद्र रस
भूमि दया का स्थल न होकर निममता व क्रोध का स्था
को देख कर क्रोध आना स्वाभाविक है युद्ध वर्षा रूप
दोनो सेनायें आमन सामन खडी हो गई —

> कठठी व घटा करे काळाहणि,
> मामुहे आमुहे–सामुहइ ।

रुक्मकुमार की ललकार सुन कर भगवान
कर हाथ म धनुष लेकर प्रत्यचा पर बाण चढाना
ही रुक्मी के सारे आयुधो को नष्ट कर देना
दृष्टात हैं—

> रुक्मइयउ पेखि तपत आरि
> × ×
> बिळकुळियउ वदन जेम वाका
> सग्रहि धनुस पुणच पर
> त्रिसन रुक्म–आउध छेदण
> वेसाम्र भणी मूठि द्रिट

अन्य रस

अन्य गौण रसा क अन्तगत भयान
समावश हुआ है पर रसांगों के अभाव
नगाडा की गडगडाहट के साथ कायरों के
रस के उदाहरण हैं दृष्टव्य है—

> कोपिया उर कायरा क
> कायनि निग

सामीप्य के साथ साथ चित्त की एकता भी आवश्यक है ठीक इसके विपरीत नायक-नायिका के बीच अपरिमित प्यार और गाढानुराग होते हुये भी सयोगवशात् समागम न होने पर वियोग शृगार होता है पूर्वराग मान, प्रवास और करुण—इसके ये चार प्रकार हैं यही एक मात्र रस है जहाँ इसके उद्दीपन वशिष्ट्य लिय हुये हैं सयोगावस्था म जो उद्दीपन सयोग को उद्दीप्त कर सुख का सृजन करते हैं वियोगावस्था मे, वे ही उद्दीपन विप्रलभ को उद्दीप्त कर दुख को उद्दीप्त करते हैं

सयोग-वर्णन के पूर्व वियोग वर्णन प्राचीन परिपाटी रही है वेलिकार न इसी परपरा का पालन किया है क्योंकि कथा को देखते हुये वियोग की सभी अतदशाओ का वर्णन कवि को न तो अभीष्ट ही था और न अवकाश ही था इसीलिये वेलि मे वियोग शृगार के दो तीन दृष्टांतो को छोड कर सर्वत्र सयोग शृगार का ही प्रत्युत्तम वर्णन हुआ है ऊपर वियोग शृगार के जिन चार प्रकारो का वर्णन किया गया है उनमें से 'पूर्वानुराग' और 'मान' को छोड कर अन्य दो 'प्रवास और करुण' का वर्णन तो नाम भर के लिये कवि मे हुआ है मान' का भी केवल सकेत मात्र मिलता है इस प्रकार हम देखते हैं कि वेलि म विप्रलभ शृगार के केवल एक प्रकार 'पूर्वानुराग' का ही वर्णन हुआ है पूर्वानुराग अथवा पूर्वराग के चार भेद होते हैं—(१) प्रत्यक्ष दर्शन, (२) चित्र दर्शन, (३) गुण श्रवण और (४) स्वप्न दर्शन 'ढोला मारू रा दूहा' म मारू को स्वप्न मे ढोला के दर्शन हुये और वह उस पर मुग्ध हो गई—

> असइ आरखइ मारवी, सूनी सेज बिछाइ।
> साल्हकँवर सुपनइँ मिल्यउ, जागि निसासउ खाइ॥

रामचरितमानस म प्रत्यक्ष दर्शन का एक भव्य चित्र तुलसीदासजी ने प्रस्तुत किया है एक ओर से राम और दूसरी ओर से सीता का राज्यप्रासाद की फुलवारी मे आना और दोनो की दृष्टि का मिलना सीता ने राम की अवर्णनीय शोभा को हृदयगम कर लिया—

> लोचन मग रामहि उर आनी, दीन्हे पलक-कपाट सयानी।

इधर मर्यादा पुरुषोत्तम राम ने सीता को देखा तो राम के अग फडकने लगे—'फरकहिं सुभग अग सुनु भ्राता' जिन्होने स्वप्न मे भी पर नारी को नही देखा, उनके मन मे यह मोह कैसा ? 'मोह अतिसय प्रतीति मन केरी। जेहि सपनेहुँ परनारि न हेरी।'

इस सात्विक प्रत्यक्ष दर्शन के विपरीत जायसी के पदमावत मे बादशाह ने जसे ही दर्पण मे पद्मावती की एक झलक देखी तो मूर्छित हो गया इसके पूर्व भी राघव के द्वारा पद्मिनी के गुण श्रवण कर बादशाह अलाउद्दीन मूर्छित हो गया था—

चौकि चौकि ऊपरि चित्रसाळी
हुइ रहियो कहकहाहट ।।१७१।।

इसके पूर्व कृष्ण रुक्मिणी के मनोभावों को समझ जब सखियाँ भौंहों से हसती हुई केलिगृह से बाहर निकली तो हास्य का एक मधुर वातावरण छा जाता है—

हसि हसि भ्रू हे, हेक हेक हुइ
गृह बाहरि सहचरि गई ।।१७२।।

श्रृंगार रस

नाट्यशास्त्र के आचार्य भरत ने कहा है कि ससार मे जो कुछ पवित्र, मेध्य (उत्तम) और दर्शनीय है वही श्रृंगार है—'यत्किचिल्लोके शुचि मेध्यमुज्ज्वल दर्शनीय वा तत श्रृंगारेणापमीयते ।' विश्वनाथ ने साहित्य दर्पण' मे श्रृंगार का स्वरूप इस प्रकार बतलाया है—

श्रृंग हि मन्मथोद्भेदस्तदागमन हेतुक
उत्तम प्रकृतिप्रायो रस श्रृङ्गार इष्यते ।

(कामदेव के उद्भेद (अकुरित होने) को श्रृंग कहते हैं उसकी उत्पत्ति का कारण, अधिकाश उत्तम प्रकृति से युक्त रस श्रृंगार कहलाता है)

श्रृंगार रस मे स्त्रीपुरुष विषयक प्रेम का वर्णन रहता है, जिसे साहित्य मे रति कहते है भोजराज ने अपने 'श्रृंगारप्रकाश' मे श्रृंगार को ही एक मात्र रस माना है यहा तक कि साख्य दर्शन से प्रभावित होकर उन्होने अहकार को भी श्रृंगार का पर्याय स्वीकार किया है यदि कोई कवि श्रृंगारी होगा तो सारा जगत रसमय हो जायेगा और विपरीत इसके यदि कवि अश्रृंगारी हुआ तो सब कुछ नीरस हो जायेगा श्रृंगार की व्यापकता और आस्वाद की उत्कृष्टता के कारण ही आचार्यों ने इसे रसराज की सज्ञा से सबोधित किया है रति इसका स्थायीभाव है नायक और नायिका (प्रेमी और प्रेमीपात्र) इसके आलम्बन हैं अनुराग शून्य वेश्या को छोडकर सभी नायिकाओ की गणना आलम्बन विभाव के अन्तर्गत होती है सुदर प्राकृतिक दृश्य, सुगध, चदन भ्रमर चाँदनी पुष्प, सगीत, चद्रमा और वसत ऋतु आदि इसके उद्दीपन हैं अवलोकन (अनुरागपूर्ण भकुटिभग और कटाक्ष) तथा स्पर्श आदि इसके अनुभाव हैं स्मृति, हर्ष, लज्जा मोह आवेग, रोमाच, चचलता, उत्कठा आदि इसके सचारी भाव हैं

श्रृंगार के दो भेद हैं—(१) सयोग श्रृंगार और (२) वियोग अथवा विप्रलम्भ श्रृंगार प्रेम मे निमज्जित होकर परस्पर दर्शन आलिंगन, चुबन आदि रति के उपभोग से सयोग श्रृंगार की व्यजना होती है इस रस के लिये नायक नायिका के

सामीप्य के साथ साथ चित्त की एकता भी ग्रावश्यक है ठीक इसके विपरीत नायक-नायिका के बीच अपरिमित प्यार और गाडानुराग होते हुय भी सयोगवशात् समागम न होने पर वियोग शृगार होना है पूवराग मान, प्रवास, और करुण—इसके ये चार प्रकार हैं यही एक मात्र रस है जहाँ इसके उद्दीपन वशिष्ट्य लिये हुय हैं सयोगावस्था मे जो उद्दीपन सयोग को उद्दीप्त कर सुख का सजन करते हैं वियोगावस्था म, वे ही उद्दीपन विप्रलभ को उद्दीप्त कर, दुख को उद्दीप्त करते हैं

सयोग-वणन के पूव वियोग वणन प्राचीन परिपाटी रही है बेलिकार ने इसी परपरा का पालन किया है क्योकि कथा को देखते हुये वियोग की सभी ग्रतदशाओ का वणन कवि को न तो ग्रभीप्ट ही था और न ग्रवकाश ही था इसीलिये वेलि मे वियाग शृगार के दो तीन दृष्टातो को छोड कर सवत्र सयोग शृगार का ही ग्रत्युत्तम वणन हुआ है ऊपर वियोग शृगार के जिन चार प्रकारा का वणन किया गया है उनमे से' पूर्वानुराग' ग्रौर 'मान' को छोड कर ग्रन्य दो 'प्रवास ग्रौर करुण का वणन तो नाम भर के लिये वेलि मे हुआ है मान' का भी केवल सकेत मात्र मिलता है इस प्रकार हम देखते हैं कि वेलि मे विप्रलभ शृगार के केवल एक प्रकार 'पूर्वानुराग' का ही वणन हुआ है पूर्वानुराग ग्रथवा पूवराग के चार भेद होते हैं—(१) प्रत्यक्ष दशन, (२) चित्र दशन, (३) गुण श्रवण ग्रौर (४) स्वप्न दशन 'ढोला मारू रा दूहा मे मारू को स्वप्न मे ढोला के दशन हुये ग्रौर वह उस पर मुग्ध हो गई—

> ग्रसइ ग्रारखइ मारुवी सूती सेज विछाइ ।
> साल्हकुँवर सुपनई मिल्यउ, जागि निसासउ खाइ ।।

रामचरितमानस म प्रत्यक्ष दशन का एक भव्य चित्र तुलसीदासजी ने प्रस्तुत किया है एक ग्रोर से राम ग्रौर दूसरी ग्रोर से सीता का राज्यप्रासाद की फुलवारी मे ग्राना ग्रौर दोनो की दृष्टि का मिलना सीता ने राम की ग्रवणननीय शोभा को हृदयगम कर लिया—

> लोचन मग रामहि उर ग्रानी, दीन्हे पलक-कपाट सयानी ।

इधर मर्यादा पुरुषोत्तम राम ने सीता को देखा तो राम के ग्रग फडकने लगे—'फरकहि सुभग ग्रग सुनु भ्राता' जिन्होने स्वप्न मे भी पर नारी को नही देखा, उनके मन मे यह मोह कसा ? 'मोह ग्रतिसय प्रतीति मन केरी । जेहि सपनेहुँ परनारि न हेरी ।'

इस सात्विक प्रत्यक्ष दशन के विपरीत जायसी के पदमावत मे बादशाह न जसे ही दपण मे पदमावती की एक झलक देखी तो मूछित हो गया इसक पूव भी राघव के द्वारा पद्मिनी के गुण श्रवण कर बादशाह ग्रलाउद्दीन मूछित हो गया था—

राघौ जौं धनि वरनि सुनाइ ।
सुना साह मुरछा गति आई ।।

हीरामन तोता न जब पद्मावती के अपूव रूप का वणन किया तो रत्नसेन भ्रमर की भाँति आकर्षित हो गया—

हीरामनि जौ कँवल बखाना । सुनि राजा होइ भँवर लुभाना ।
आग आउ पखि उजियारे । कहहि सो दीप पतग के बार ।।

रूपनगर की राजकुमारी चचल ने रत्नसिंह का चित्र-दशन किया तो वह उसके वृषभकध, उन्नत ललाट और कातिमय मुखमण्डल से अत्य त प्रभावित हो मुग्ध हो गई

वेलिकार ने वेलि मे रुक्मिणी के पूवराग का आधार उसका शास्त्राध्ययन बतलाया है अनेक ग्रथो और पुराणो में वर्णित श्रीकृष्ण के सौदय और महिमा विप यक सामग्री का पठन कर वह न केवल श्रीकृष्ण की ओर आकृष्ट होती है बल्कि उ हे पति रूप मे पाना चाहती है गुण श्रवण से प्रेरित होकर, इच्छित वर प्राप्त करने के लिय वह हरगौरी का व्रत रखती है वह चाहती है कि श्रीकृष्ण से उसका प्रेम मजिष्ठा के रग की भाति प्रगाढ बना रहे मजिष्ठा (मजीठ) का राजस्थानी समाज म बडा सम्मान है राजस्थानी महिलायें आज भी इसे अपने चूडे पर लगाती हैं उनका यह मानना है कि मजिष्ठा के रग की भाति उनका पति प्रेम भी प्रगाढ बना रहे

द्वारिका मे ब्राह्मण के मुख से जब श्रीकृष्ण रुक्मिणी के सौदय और उसकी प्रगाढ भक्ति के बारे मे सुनते है तो वे इतन गदगद व रोमाचित हो जाते हैं कि पत्र तक नही पढ सकत और ब्राह्मण को ही सदेश वाचन के लिये लौटा देते है—

आणद लखण रोमाचित आसू,
वाचत गदगद कठ न वणइ ।
कागळ करि दीधउ करुणाकरि,
तिणि तिणि हि ज ब्राह्मण तणई ।।५७।।

जायसी के पदमावत अथवा रीतिकालीन अ य कवियो द्वारा वर्णित पूवअनु राग जहाँ ऊहात्मक अधिक हो गया है वहाँ वह मर्यादा की सीमाओ का उल्लघन भी कर गया है, लकिन वलिकार ने मयादा मे रह कर पूव राग के चित्र को बडा स्वाभाविक व सयत भाषा में निरूपित किया है

तीन दिन बीत गये हैं ब्राह्मण सदेश का उत्तर लेकर अभी तक द्वारिका से लौटा है और इधर शिशुपाल दल बल के साथ बारात लकर आ पहुँचा है

रुक्मिणी अत्यत चिंतित है भगवान तो भक्त की आत पुकार सुन कर तुरत दौडे आते हैं इस बार इतनी देर कैसे की ? चिंतातुर रुक्मिणी की प्रतीक्षा प्रतिक्षण बढती जाती है, फिर उन्माद की अवस्था तक नही पहुँचती—

रहिया हरि सही, जाणियउ रुक्मिणी,
कीध न इतरी ढील कई।
चिंतातुर चिति इम चितवंती,

और इतने मे शुभशकुन रूप छीक हुई 'थई छींक तिम धीर थई' रुक्मिणी का मुरभाया हुआ मुख कमल खिल उठा और वह आश्वस्त हो जाती है

ब्राह्मण को आते देख कर तो रुक्मिणी के हृदय में उथल पुथल मच गई हृदय सागर म भावोर्मियो की बाढ सी आ गई कृष्ण के समाचार जानने की तीव्र उत्कठा थी, पर गुरुजनो और सहेलियो के बीच अपना मुख खोले तो कसे ? न रहा ही जा सकता था और न कहा ही रुक्मिणी के इस द्विधापूण चित्त का कवि ने सुदर और मनोवज्ञानिक चित्र अकित किया है—

चळपत्र थिउ दुज देख चित्त,
सकति न रहइ न पूछि सकति ,
ओ आव जिम जिम आसन्नो,
तिम तिम मुख धारणा तकति ।।७१।।

इसके पूव रुक्मिणी के हृदय में 'अभिलाषा' का उदय होता है वह अत्यन्त भयभीत और चिंतातुर थी अपनी इस दुखपूण अवस्था में वह रीतिकालीन नायिकाओ की भाति प्रलाप न कर केवल अश्रु मिश्रित काजल से कृष्ण को पत्र लिख देती है जो शका, विषाद, स्मृति आदि अनेक सचारी भावो से युक्त, आकुलता और विह्वलता से परिपूण एक मार्मिक चित्र है उसकी अधीरता का पता तो इसी से चलता है कि ब्राह्मण को सदेश देने के पश्चात् रुक्मिणी नही चाहती कि वह एक क्षण भी कुदनपुर में खोये—

म म करिसि ढील हवि हुये हेक मन
जाइ जादवा इन्द्र जत्र ।

अपने प्रियतम कृष्ण आगमन का समाचार सुन वह मन ही मन अति आनदित होती है चाहती है कि ब्राह्मण पर त्रिलोक लुटा दूँ, पर लाज की बेडियाँ केवल नमस्कार भर करवा कर, रुक्मिणी के हृदयस्थ भावो को परोक्ष रूप मे प्रगट कर देती है—

बभण मिसि वदे, हेतु सु बीजउ

विवाहापरात प्रथम रात्रि मिलन के प्रसग पर विरहातुर रुक्मिणी को एक अलग कक्ष म बिठला कर वेलिकार ने कृष्ण की आतुरता का जो सूक्ष्म और मनो वैज्ञानिक वणन किया है वह अद्वितीय है कृष्ण को प्रत्यक क्षण दूभर लगता है वे सुसज्जित केलिगृह मे चहलकदमी कर रहे हैं कभी थोडेक क्षणा के लिये शय्या पर बैठ जाते हैं तो कभी शीघ्रता से द्वार तक पहुँच कर कानो से आहट लेने का प्रयत्न करत हे—

पति अति आतुर त्रिया मुख पेखण
× × ×
अटत सेज द्वार विचि आहुटि,
स्रुति दे हरि घरि समासित।

'गागर मे सागर भरयो' की उक्ति के अनुसार वेलिकार ने यद्यपि विप्रलभ शृगार का अत्य त सक्षिप्त वणन किया है पर यह समेवण अनेक कवियो के विशद वणन से कही अधिक विलक्षण सुदर तथा साकेतिक होते हुये भी पूण है यह मार्मिकता कवि की अद्भुत क्षमता का द्योतक है जिसमे सूक्ष्म से सूक्ष्म मनोभावो की सुदर व्यजना हुई है

सयोग श्रृगार

इसके पूव हम कह आये हैं कि 'श्री वरणण पहिलौ कीजै गू थिये जेणि सिगार ग्र थ' जसी उक्ति से स्वभावत पाठको की प्रथम प्रतिक्रिया यही होगी कि वेलि का अगी रस शृगार ही है लबे समय से चली आ रही परम्परा का निर्वाह भर करन के लिय 'श्री वरणण पहिलौ कीजै' लिख कर कवि ने साहित्य दपणकार का अनुकरण किया है— आदौ वाच्य स्त्रिय राग पु स पश्चातदिङ्गितै।' नि स न्देह शृगार के सयोग पक्ष का वणन वेलि मे उत्तम कोटि का हुआ है फिर भी इसकी प्राणधारा भक्ति है कृष्ण साक्षात परमात्मा हैं रुक्मिणी भी लक्ष्मी का अवतार है रुक्मिणी और कृष्ण का मिलन आत्मा का परमात्मा से मिलन है आत्मा और परमात्मा के मिलन पर ही स्वर्गीय सुख की प्राप्ति होती है

शृगार के आलम्बन पक्ष के नायक-नायिकाओ के लिये साहित्य शास्त्राचार्यों न कुछ आदश स्थापित किय हैं व महान गुणा स युक्त होन चाहियें पर इनके इन आदर्शो का पालन रीतिकाल मे कितना हुआ है हम भली भाँति परिचित हैं कृष्ण और राधा सामान्य नायक-नायिकाओ की भाति नग्न [illegible] ओ के पात्र बने वास्तव म रीतिकालीन कवियों के लिये नाम तो [illegible] की आड में पनी कुत्सित वृत्तियों का चित्र[illegible]

वेलि म वर्णित सयोग शृगार की रमणीयता के दशन हमे पाँच स्थलो पर होते है (१) रुक्मिणी का बाल-सौदय, (२) वयसधि, (३) यौवनावस्था का सौंदय, (४) विवाह से पूव तथा (५) विवोहापरात (प्रथम मिलनादि)

(१) रुक्मिणी का बाल सौंदय

भीष्मक राजा की छठी सतान रुक्मिणी लक्ष्मी का अवतार है वह अनिद्य सुदरी है, जिसके दशन भर से शृगार रस का स्थायीभाव रति जागृत होता है बत्तीस लक्षणो से युक्त अष्टागवती यह नायिका अपने बाल्यकाल म मानसरोवर म क्रीडा करती हुई अति सुन्दर हस शावक के समान शोभायमान है इतनी सुदर उपमा के पश्चात् भी ऐसा लगता है कि यह उपमा भी अपूण ह अतएव उसने तुरत दूसरी उपमा दी कि वह सुमेरु गिरि पर उगी हुई दो पत्ता वाली कनक लता के समान है अपने बाल्यकाल मे ही जो इतनी लावण्यमयी है पूण वयस्का होन पर उसका सौंदय कितना अतुलनीय होगा, कल्पनातीत है समशील तथा समवयस्का सखिया के साथ राजप्रासाद के प्रागण मे खेलती हुई रुक्मिणी एसी लगती है माना निरभ्र आकाश म तारागणा के साथ चद्रमा शोभित हो—

राजति राजकुवँरि राय अगणि,
उडियण बीरज अजहरि।

(२) वयसधि

आयु की दृष्टि से मनुष्य की जो चार अवस्थायें मानी गई हैं, उनके बीच की तीन अवस्थाओ को वयसधि कहते हैं पर साहित्यिक दृष्टि से वयसधि से तात्पय केवल कौमाय से यौवनावस्था मे प्रवेश करने का अवस्था से है रुक्मिणी सामान्य नारी नही है अतएव उसके अवयवो का विकास भी असामान्य है अ य बालिकाएँ जितना एक वष मे बढती हैं, उतनी वह एक मास मे बढ जाती है—

अनि वरिस वध ताइ मास वध,
ए वध मास ताई पहर वधति।

इस प्रकार वह तुरत यौवनावस्था मे प्रवश कर लेती है शशवास्था म यौवन सुपुप्त रहा है उसकी जागृति के कोई चिन्ह प्रकट नही होत और वयसधि तो माना स्वप्नावस्था के समान है जहाँ अद्ध तद्रा और अद्ध जागृति की अवस्था रहती है—

सइसव तनि सुसुपति, जोवण न जागृति
वेस सधि सुहिणा सु वरि ॥

यौवनागम के साथ ही रुक्मिणी के मुख पर अन्योन्य जसी काति छा गई थी तथा कुच जागृत हो उठे थे कवि ने इस अवस्था की अनोखी पर पावन कल्पना

कर यह प्रमाणित कर दिया है कि यौवनागो का वणन करते हुये भी यदि कृतिकार सयम से काम ले तो अश्लीलता से किनारा काटा जा सकता है अकुरित यौवना के कुच ऐसे जाग उठ हैं जस सूर्योदय के समय सध्यावदन करने के लिये ऋषिगण जाग उठे हो—

पेखे किरि जागिया पयोहर,
सजा वदण रिखेसर ॥

रुक्मिणी अब शनै शनै यौवन मे पदापण करती जारही है उसके हृदय मे शाति नही है और उसके विकसित होते हुए उरोज और नितम्बादि उसे एक विचित्र उलभन मे डाल दत हैं कहाँ तो वह समय था जब वह अपने गुरुजना के सम्मुख निरवस्त्र होकर भी नि सकोच घूमा करती थी और कहाँ आज वस्त्राभूषणो से आवेष्टित होकर भी उसे अपने विकासोन्मुख कामकेंद्रो (अगो) को छिपाने म लज्जा हो रही है यही ही नही उसे तो लज्जा करते हुये भी लज्जा हो रही है —

आगळि पितमात रमति आगणि
काम विराम छिपाडण काज ।
लाजवती अगि अेह लाज विधि,
लाज करती आवइ लाज ॥१८॥

स्वाभावाक्ति अनुप्रास और विभावना अलकारो द्वारा कवि ने क्या ही सूक्ष्म मनोवैज्ञानिक वणन किया है ।

वेलिकार ने यौवन रूपी बसत का नवीन उपमाओ द्वारा अनूठा वणन किया है यौवन मे कारण रुक्मिणी के उन्नत अवयव ही पुष्पित वन है उसके नेत्र कमल सदृश हैं और उसका सुहावना स्वर पिक स्वर जसा है पलकें भ्रमर हैं और उसका सुदर अग ही मलयाचल है तथा उसका श्वासोच्छ्वास ही दाक्षिणात्य पवन है जो शीतल, मद और सुगधित है —

दळ फूलि विमळ वण, नयन कमल दळ,
कोकिल कठ सुहाइ सर ।
पापणि पख सवारि नवी परि,
भूहारे भ्रमिया भ्रमर ॥२०॥

(३) नखशिख वणन

अष्टांगवती रुक्मिणी का शृगारपूण वणन होत हुये भी वह निष्कलक है सच तो यह है कि कवि को केवल बाह्य सौंदय ही अभीष्ट नहीं है, क्योंकि वह तो क्षणभगुर व माया है तथा जो भोग वासना से पूण है जिसमें तृप्ति नहीं होती पर उसका आभास मात्र होता है रुक्मिणी तो लक्ष्मी का अवतार है अतएव देवी शक्ति है

उसके अभ्यातर सौंदय को प्रकट करना ही कवि का उद्देश्य रहा है, जिसमें इद्रियो की नही, पर आत्मा की परितृप्ति निहित है

साहित्य मे नायिकाओ के नख शिख वणन की दीघ परम्परा है वेलिकार को भी वेलि मे दो अनेक स्थल मिले हैं, जहा उसने जम कर, रुक्मिणी के नख शिख वणन नही, पर शिख-नख का वणन किया है ऐसा कर, उसने किसी परम्परा को भग नही कर देव सौंदय वणन-परम्परा का पालन किया है, जिसमे शिखा से प्रारभ कर पाँवो के नखो तक आया जाता है

अठारह पुराण, चौसठ कलाओ और चौदह विद्याओ मे पारगत रुक्मिणी को भली भाँति यह समझ म आगया कि सभी विद्याओ का मूल तो अनत भगवान कृष्ण ही है और इसीलिये उनके अपूव गुणो का श्रवण कर, उसका हृदय कृष्णानुरक्त हुआ—

सांभळि अनुराग थयो मन स्यामा

कृष्ण आगमन के शुभ समाचार का सुन अत्यत हर्षित हो, पहिले से सिखलाई हुई एक सखी से आना मगवाकर प्रियतम मिलन के मिस रुक्मिणी अम्बा माता की पूजा करने चली रवाना होने के पूव उसने सर्वोत्तम शृगार किया गुलाब जल से स्नान करने के पश्चात उसके घन व लबे काले केशो से जल कण ऐसे चू रहे थे जसे किसी माला के काले रेशमी डोरे के टूट जाने पर मोती गिर रह हो—

कुमकुमै मजण करि धौत वसत्र धरि,
चिहुर जळ लागो चुवण ।
छीण जाणि छछोहा छूटा,
गुण मोती मखतूल गुण ॥८१॥

स्नानातर अपने घने लबे काले केशो को अपनी गौर वण स्निग्ध भुजाओ पर सुकाने का उपक्रम करती हुई रुक्मिणी की कल्पना कर, कवि की वाचा फूट पडी केशराशि को सुकाती हुई रुक्मिणी ऐसी लग रही थी जैसे मन रूपी मृग को फँसाने के लिये कामदेव रूपी अहेरी ने अपना केश जाल फैला रखा हो सादृश्य का ऐसा उदाहरण अन्यत्र दुलभ है—

लागी विहु करे ध्रपणं लीध,
केस पास मुगना करण ।
मन मृग चै कारण मदन चो
वागुरि जाणे विसतरण ॥८२॥

सखियो ने उसे शृगार चौकी पर बिठलाकर, अनूठा शृगार करना प्रारम्भ किया पुष्प और मोती युक्त वेणी गूथी गई माग भरी गई पयाक्षो मे काजल आंजा

गया और उसके पश्चात रुक्मिणी ने स्वय अपने हाथो से अर्द्ध चद्राकार तिलक बनाया सखियो ने माथे म शीशफूल, कानो मे कर्णफूल तथा गले मे नाना प्रकार के रत्न जडित हार पहिनाये कचुकी धारण करने पर तो कवि को ऐसा लगा कि मानो हाथी के कुभस्थल को अ्बारी से ढक दिया गया हो अथवा कामदेव से युद्ध करने के लिये यह शभु का कवच है या फिर ऐसा लगता था मानो भगवान के स्वागतार्थ तम्बू खडा कर उसकी कसो को खीच दिया गया हो—

> इभ कभ अबारी कुच सु कचुकी,
> काच सभु काम क कळह।
> मनु हरि आगमि, मडे मडप,
> बधण दीध की वारगह ॥६०॥

गौर वर्णी भुजाओ पर मणियुक्त फुदने वाले काले रेशमी धागो से बँधे रत्नजडित भुज्बध चदन वृक्ष पर लटकते हुए मणिधरो के समान सुशोभित थे अन्य बहुमूल्य अलकारो से अलकृत और अमूल्य वस्त्रो को धारण की हुई रुक्मिणी की देह की तुलना वेलि से करता हुआ कवि कोमल कल्पना करता है कि रुक्मिणी के अगो पर शोभित अलकार पुष्प हैं उसके पयोधर फलो के सदृश हैं और उसके वस्त्र नव प्रस्फुटित कोमल पत्ते हैं दूसरी बार की गई वेलि और नारी देह की तुलना क्या हमे ग्र थ के शीर्षक की ओर दिशा निर्देश नही कर रही है ?

क्षीण कटि मे करधनी धारण करवाई गई जो ऐसी सुशोभित हुई मानो भाग्योदय रूपी सब ग्रह सिंहराशि पर एकत्रित हो गये हो पैरो म स्वर्ण निर्मित घुघरूदार नूपुरो की शोभा का वर्णन तो बडा ही मौलिक और अनूठा है वे ऐसे लग रहे थे मानो चरण कमल के मकरन्द की रक्षा करने के हेतु पीत गणवेश धारण किये हुय पहिरेदार हैं रुक्मिणी के नाक के आभूषण नथ मे लसित मोती की उपमा देते हुये कवि को पुन भगवद् गुणो का स्मरण हो आता है और एक रमणीय कल्पना करते हुये कहते हैं कि जिस प्रकार शुकदेव मुनि के मुख मे भागवत शोभित है, उसी भाँति नासिका रूपी शुक, मुख से भागवत का पठन करता है सुदर श्लिष्टार्थ व्यजना है

सोलह शृगार से सज्जित हो रुक्मिणी ने मुख म ताबूल धारण किया, जो लाल कमल सदृश मुख मे मकरन्द के समान शोभित था इस प्रकार हसगामिनी रुक्मिणी की नीलाम्बर से आवेष्टित देह और उसमे से झिलमिलाते हुय विविध रत्नों की काति ऐसी लग रही थी मानो साक्षात कामदेव ने हर्षित हो घर घर दीपमालायें जलाई हैं—

> अतर नीलम्बर अवल आभरण,
> अगि अगि नग नग उदित।

जाण सदनि सदनि सजोई,
मदन दीपमाळा मुदित ।।१०१।।

नख शिख का इतना भावपूर्ण व रम्य वर्णन करने के पश्चात् भी कवि को इसकी पूर्णता में संदेह है क्योंकि साक्षात लक्ष्मी के सौंदर्य को अंकित करने की क्षमता किसमें है ? पालकी की ओर अग्रसर गजगामिनी रुक्मिणी के लावण्य के वर्णन में अपनी असमर्थता प्रकट करते हुये कवि कहता है—

चकडोळ लग इणि भाँति सु चाली,
मति त वाखाणण न मू।

धूप, दीप, कुंकुम, नैवेद्य कर्पूर, पान, गुलाबजल आदि से युक्त सखियों के बीच रुक्मिणी ऐसी लगती है मानो मूर्तिमान शील लज्जा से घिरा हुआ है 'शील पर भूषणम्'— नारी का श्रेष्ठतम आदर्श तो शील ही है लज्जा तो शील का एक बाह्य रूप है—

सखी समूह माहि इम स्यामा,
सील आवरित लाज सू ।।१०३।।

सौंदर्य में अपूर्व सम्मोहक शक्ति है रुक्मिणी अपने इसी सौंदर्य के कारण कुछ क्षणों के लिये सारे सैन्य को मूर्छित कर सकी कामदेव के पाँचो बाण (आकर्षण, वशीकरण, उन्मादन द्रावण एव शोषण) इसमें सहायक बने रुक्मिणी की चितवन, हास्य, लास्य, चाल और संकोच आदि के कारण उनको वेग मिला जिससे सैनिकों के मन पगु हो गये और वे प्रस्तर मूर्ति की भाँति हो गये —

मन पगु थियौ, सहु सेन मूरछित
तह नह रही सपेखतै ।
किरी निपायौ तदि 'नकुटिए,
मठ पूतळी पाखाणम ।।११०।।

इन सारे उदाहरणों में स्थायीभाव रति का आश्रय है रुक्मिणी तथा इसके आलम्बन हैं श्रीकृष्ण उपयुक्त नख शिख वर्णन, जिसमें कामांधता का लवलेश भी नही है और जो मर्यादा पूर्ण तथा भक्ति-उन्मुख है उद्दीपन है, जो रस की उत्कर्षता में सहायक होता है

(४) मिलन

'रव समळी कि दीठि रथ'—आवाज से भी तेज गति से चलने वाले आकाशगामी रथ में भगवान श्रीकृष्ण का मंदिर के प्रांगण में पदार्पण हुआ उन्होंने रुक्मिणी को अपने हाथ का सहारा देकर रथ में बिठलाया और द्वारिका को

प्रस्थान किया तुमुल युद्ध के पश्चात्, शत्रु सेना को पराजित कर वे द्वारिका पधार समस्त द्वारिका उनके स्वागत मे आखें बिछाये खडी है स्थान स्थान पर स्वागत द्वार बनाय गये और सारा राजमाग अबीर-गुलालादि से आच्छादित हो गया स्त्रियाँ मगल-गीत गारही है और पुष्प-वर्षा हो रही है—

मुकरमैं ओळि ओळिमैं मारग,
मारग सुरग अबीरमई ।

× × ×

सकुसळ सबळ सदळ मिरि सामळ
पुहप बूद लागी पडण ।

रुक्मिणी कृष्ण का पाणिग्रहण तो पहले ही हो चुका था अब तो मात्र औपचारिक विधि शेष थी विवाह बडे ठाटबाट से सम्पन्न हुआ और तदोपरात पति पत्नी को केलि गृह की ओर ले जाया गया केलिगृह मे मिलन के पूव केवल एक छद मे सध्या समय के क्रियाकलापो का स्वाभाविक वणन कर, रति क्रीडा के लिये कवि ने उपयुक्त वातावरण का सृजन कर दिया है—

सकुडित समसमा सध्या समय,
रति वछिति रथमणि रमणि ।
पथिक वधू द्रिठि पख पखिया,
कमळ पत्र सूरिजि-किरणि ।।१६२।।

सारे दिन के घोर परिश्रम के बाद, प्रकृति भी कमक्षेत्र से हट कर विश्राम करना चाहती है उसके क्रियाकलापा मे एक स्वाभाविक शिथिलता के साथ साथ नर्सगिक सकोच उत्पन्न होता है जिस प्रकार दिन भर अपने परदेशी प्रियतम की राह देखते देखते सध्या समय के अधकार की परिव्याप्ति के साथ विरहातुर पत्नी की दृष्टि म भी सकोच आजाता है जिस प्रकार अपने घासले की आर अग्रसर पक्षी सध्याकालीन अधेरे के कारण विवश हो बीच मे ही किसी वृक्ष पर बठ जाता है, जिस प्रकार अपनी सुवास फलाता हुआ दिनभर का प्रफुल्लित कमल सध्या समय अपनी कोमल पखुडियो का सकोचन कर लेता है तथा जिस प्रकार दिनकर की प्रखर किरणें सध्या-समय अधेरे स आच्छान्ति हो, निस्तज व सकुच जाती हैं ठीक उसी प्रकार रति क्रीडा इच्छित रुक्मिणी के हृदय म भी एक स्वाभाविक सकोच उत्पन्न होता है निश्चय ही वलिकार न प्रकृति के सकोचन की प्रक्रिया का रुक्मिणी के मनस्थित सकोच की तुलना से सुदर मनोवैज्ञानिक वणन किया है

दूसरी ओर कृष्ण जन्मजन्मातर की अपनी पत्नी रुक्मिणी का मुख देखने को बडे उत्कठित हैं उनकी हृदयस्थित रति विकसित हो रही है ठीक उसी प्रकार, जिस

प्रकार रात्रि के कारण चद्रमा की किरणें विकसित हो जाती हैं, परकिया नायिकाएँ अपने प्रेमिया से मिलने के लिये अधीर हो जाती हैं तथा निशाचरगण अपन आहार (प्राप्तव्य) को प्राप्त करने के लिये अपने अपने स्थानो से निकल पडत हैं एकात म बैठ कृष्ण प्रतीक्षा कर रहे हैं, दीपक जल उठे हैं अब प्रियतमा का और विरह असह्य है घुघरू युक्त पैरो म पडे नूपुरो की ध्वनि सुनन के लिए उनक कण लालायित हैं नेत्र द्वार की ओर लगे हैं और स्वय द्वार और शय्या के बीच घूम रहे है दरवाजे पर कान देत हैं और निराश होकर लौट कर आत हैं मिलनातुर कृष्ण की इस व्यग्र दशा का मार्मिक वणन कितने कवि कर सके हैं ?

अटत सेज द्वार विचि आहुटि,
स्रुति दे हरि घरि समाश्रित ।

पायलो की झकार ने बधाईदारो की भाँति हसगामिनी रुक्मिणी के आने का सदेश दिया कृष्ण की मिलन इच्छा तीव्रतर बन गई उधर रुक्मिणी की मनोदशा दशनीय है प्रियतम से मिलने को आतुर यौवन मद को छलकाती हुई, पर लज्जा रूपी लोह लगगे से बधी पग पग पर रुकती हुई मुग्धा की भाँति आगे बढती है और इस प्रकार कृष्ण की पियामिलन की इच्छा को तीव्रतम बनाती हुइ अत म सखिया क द्वारा वह केलिगृह की दहली तक लायी गयी कृष्ण का मुख कमल खिल उठा उनका रोम रोम पुलकित हो उठा उन्होने गोद मे लेकर रुक्मिण को शय्या पर आसीन करवाया और चिरतृप्त कृष्ण प्रिया का मुख इस प्रकार दखने लगे जस रक धन को रुक्मिणी तिरछी नजर कर कभी श्रीकृष्ण की ओर देखती तो कभी लज्जावश नतशिर हो जाती और इस प्रकार घूघट मे से अपनी भ्रू भगिमाओ द्वारा कृष्ण के साथ तादात्म्य स्थापित करने का प्रयत्न कर रही थी

अत मे दपति के नेत्र, मुख की चेष्टाओ और हृदयगत भावो को समझ कर, सब सखियाँ आखो आँखो म हँसती हुई शयनागार से निकल गइ रीतिकालीन अन्य कवियो की भाँति, लज्जा को निवस्त्र न कर, कवि ने मौन रह कर, औचित्यादश स्थापित कर सब कुछ कह दिया है, जो कवि की अपूव शब्द साधना के साथ साथ मनोविज्ञान की गजब की पकड का द्योतक है —

वर नारि नेत्र निज वदन विलासा,
जाणियौ अतहकरण जइ ।
हसि हसि भ्रूह हक हक हुई,
गृह बाहरि, सहचरि गई ।।१७२।।

बिहारी सतसई' मे इसी भाव को चित्रित करने के लिये बिहारी ने जो खुल कर वणन किया है, उसमे वह रसानद कहाँ ?—

पति रति की बतिया कही, सखी लखी मुसकाई,
कै कैं सब टलाटली अली चली सुख पाई ।।

तत्पश्चात रतिक्रीडा प्रारभ हुई इसका रसानद तो स्वय भोक्ता ही कर सकता है अन्य पुरुष द्वारा इस एकातिक क्रीडा का वणन करना कसे सभव है ? जायसी ने अपने रहस्यवादी और सूफी काव्यग्रथ पद्मावत मे जब रतिक्रीडा का खुल कर वणन किया है तो बिचारे रीतिकालीन कवियो का क्या दोष, जिनका जीवन ही स्वच्छद शृगार पर आधारित था उन्होने तो विपरीत रति तक का नग्न वणन कर दिया जबकि वेलिकार ने मर्यादा रूपी ढाल से ढँक कर तथा उसे 'अदीठ' और अश्रुत' कह कर सरस व्यजना के साथ टाल दिया—

एकाद्व उचित क्रीडा चौ आरभ,
दीठौ सु न किहि देव दुजि ।
अदीठ अश्रुत किम कहणा आव,
सुख त जाणणहार सुजि ।।१७३।।

ढोला मारू रा दूहा' मे भी इस एकातिक क्रीडा का वणन हुआ है पर वहाँ भी इसके रचयिता ने चदनवृक्ष और नागर वेल का उदाहरण देकर सात्विक भावो का सचयन कर दिया है—

ढोलउ मारू एकठा करहि कतूहळ केलि ।
जाणँ चदन रूखडई विळगी नागर वेलि ।।५५५।।

सुरतात रुक्मिणी शय्या पर ऐसी पडी हुई हैं जसे क्रीडा करत हुय गजेन्द्र द्वारा म्लान दशा को प्राप्त कमलिनी सरोवर म पडी हो उसके ललाट पर प्रस्वेद कण हैं उसका चित्त व्याकुल हैं मुख पर पीलापन है तथा नेत्रो मे लज्जा क्या ही हृदयाकषक चित्र है—

गजेन्द्र क्रीडता सु विगलित गति,
नीरासइ परि कमलिनी ।

× × ×

स्री वदन पीनता, चित्त व्याकुळता,
हिये प्रगप्रगी सेद हुई ।

श्रीकृष्ण पयन के मिस शयनकक्ष म बाहर चले गये हैं और शिथिलावस्था में शय्या पर पडी रुक्मिणी को उसकी सखियों ने आकर सभाला उस समय रुक्मिणी एसी शोभित होरही थी मानों पुष्पित वलि रसमत्त भौंरो के भार स झुक कर पृथ्वी पर गिर पडी हो और जिस प्रकार किसी का आधार पाकर, बल खानी हुई बेल पुन ऊपर का उठने लगती है ठीक इसी प्रकार सखिया का सहारा पाकर

लज्जा और प्रीति के भार से दबी हुई रुक्मिणी (जिसकी नागिन सी वेणी और करधनी खुल गई थी और कचुकी के बधन छूट गये थे) पुन खडी की गई और श्रीकृष्ण के पास पहुचाई गई —

तिणि तालि सखी गळि श्यामा तेहि,
मिळी भमर भारा प्रु महि ।
बळि ऊभी थई घणा घाति वळ,
लता केळि अवलब लहि ।।१७७।।

× × ×

पुनरपि पधरावी क है प्राणपति,
सहित लाज भय प्रीति सा ।

रत्यान्त के इस विशद वणन के पश्चात वेलिकार पाँच छदो म प्रभात वणन करता है सूर्योदय अनेकों का मिलन और अनको का वियोग करवा देता है उसकी कान्ति से अनक म्लान होकर सकुच जाते हैं तो अनक कमलवत् खिल जाते हैं रतिक्रीडा क इस वणन मे कवि ने कही भी मर्यादा का अतिक्रमण नही होने दिया है विपरीत इसक वह एक आह्लाददायक स्थिति का सृजन कर सका है, जो कवि के काव्यकौशल्य का अन्यतम दृष्टान्त है लज्जा, उत्कठा, प्रस्वेद, रोमाच, स्पश, अवलोकनादि की जो मार्मिक अभिव्यजना इस काव्य के द्वारा प्रकट हुई है, वह अश्लीलता से परे असदिग्ध रूप मे उत्तमकोटि की है

इस प्रकार हम देखते हैं कि विभिन्न उद्दीपनो (सुगधि एकान्त स्थल पुष्प), अनुभावो और सचारीभावो से युक्त वेलि का यह सयाग शृगार वणन निश्चय ही सरस, सरल व सुरुचिपूण बन पडा है जो वास्तव म अद्वितीय है इस प्रेम वणन मे कवि अपनी सास्कृतिक परम्पराओ से कट कर नही चला है विवाहादि मागलिक उत्सवो पर राजस्थान मे प्रचलित रीति रिवाजो के माध्यम से सयोगशृगार को उत्कृष्ट बनाने मे भरपूर सहायता ली है वास्तव म वेलि मे वर्णित सयोगशृगार अपने आप मे साध्य न होकर, एक भव्य उद्देश्य के लिये साधन भर है, जो पृथ्वीराज जसे कुशल चितेरे के हाथो दमक उठा है

———

वेलि मे प्रकृति चित्रण

चिरतनकाल से मानव और प्रकृति का साहचय रहा है प्रकृति से उसका यह सवध उसके विकास के साथ घनिष्ट होता गया मनुष्य ने प्रकृति की क्रोड म सुख दुख के झोले सह हैं अवसाद के क्षणा मे मनुष्य ओस बिदुओ के रूप म रोया है तो हर्षोल्लास के पलो मे वे ही ओसकण उसके मुखरित हास्य के छिटके मोती रहे हैं पपीहे की पिउ पिउ की पुकार सयोगावस्था मे जहा मानव हृदय म आनदोर्मिया उत्पन्न करती हैं, वही मधुर आवाज विरहातुर प्रेमी प्रेमिकाओ के लिय स्फुलिंग उत्पन्न कर उनके हृदय को विदीर्ण कर देती है सत्य तो यह है कि मनुष्य प्रकृति के माध्यम से अपने सुख दुख और हष विषाद को सदव प्रतिबिम्बित करता रहा है उसकी इस अभिव्यक्ति का साधन साहित्य रहा है और इसीलिये प्रकृति और साहित्य दानो के साथ मनुष्य का चिरतन सायुज्य रहा है

साहित्य मे प्रकृति वणन आठ भिन्न भिन्न रूपो मे किया जाता है (१) आलम्बन (२) उद्दीपन, (३) अलकार, (४) परमतत्व का आभास, (५) उपदेश और नीति के माध्यम से, (६) प्रतीक, (७) मानवीकरण और (८) पृष्ठभूमि तथा वातावरण की सृष्टि के लिये सभी कवि अपने अपने विषय और रुचि के अनुकूल, कम अधिक मात्रा मे प्रकृति के अपरिमित सौदय म निमज्जन कर, उसके रहस्यों को अनावरित करते हुये अपनी कृति को उत्कृष्ट बनान का प्रयत्न करते रहते हैं, जिससे वे सहृदयी पाठको के मनो को प्रभावित कर, इच्छित बिंब उत्पन्न कर सकते हैं मनुष्य यही तक न रुका उसने प्रकृति के जड जगत का तो अपनी इच्छानुसार उपयोग किया ही, पर उसके आश्रित पशु पक्षी भी उसक आदेशानुसार व्यवहार करने लगे रहस्यवादी कवियों ने तो प्रकृति के नाना रूपो मे अव्यक्त परमात्मा के दशन कर उससे जीवात्मा का रागात्मक सबध भी जोडा है

प्रमुख रूप से वेलि म प्रकृति चित्रण निम्न रूपो मे पाया जाता है—

१) आलम्बन रूप मे
२) उद्दीपन रूप मे,
३) अलकार विधान के रूप मे
४) परमतत्व के आभास के रूप म,
५) पृष्ठभूमि और वातावरण की सृष्टि के लिये

शब्द सारथी और बहुज्ञ पृथ्वीराज राठौड कृत 'वेलि क्रिसन रुकमणी री' मे विवाहोपरान्त जो ऋतुवणन अंकित किया गया है वह श्रेष्ठ होते हुये भी ऊपर ऊपर से अनावश्यक सा लगता है, क्योंकि कथा के उत्कर्ष मे अथवा चरित्र के उन्नयन मे उससे किसी प्रकार की सहायता नही मिलती और ऐसा प्रतीत होता है कि कवि ने प्रकृति का स्वतन्त्र चित्रण कर, साहित्य शास्त्र परिपाटी का निर्वाह भर किया है महाकाव्य की दृष्टि से प्रकृति चित्रण काव्य का अनिवाय अंग हैं वेलि एक महाकाव्य है, इसलिये कवि का यह ऋतुवणन काव्य की मूलधारा से असबधित होते हुये भी, इसका अपना पारम्परिक महत्व व स्थान है समग्र ऋतुवणन को स्वतन्त्र मान लेने के पश्चात् भी वह भावोद्दीपन मे सहायक हुआ है उसकी मौलिकता और सर्वोत्तमता असदिग्ध है

रुक्मिणी के रूप वणन (बाल और युवा) मे प्रकृति चित्रण के अतिरिक्त, प्रभात वणन, युद्ध वर्षा रूपक और ऋतुवणन आदि वे स्थल हैं जहाँ कवि ने जम कर प्रकृति के भावपूण चित्रों को अंकित कर साफल्य को प्राप्त किया है

आलम्बन के रूप में

आचाय रामचद्र शुक्ल ने इसके अतर्गत दो प्रणालियाँ बतलाई हैं—(१) बिम्ब ग्रहण प्रणाली तथा (२) नाम परिगणन प्रणाली वेलि मे युद्ध वर्षा रूपक तथा अन्यत्र आलम्बन के नाम परिगणन प्रणाली के एक से एक सुदर उदाहरण भरे पडे हैं यहाँ कतिपय दृष्टान्त दृष्टव्य हैं—

हयनाळि हवाई कुहुक बाण हुवि,
होइ वीर-हक गयगहण ।

(हाथियो पर रख कर चलाई जाने वाली तोपें, हवाई बाण और कुहुक बाणो के आघात होने लगे तथा आकाश को गुजा देने वाला वीरो का शोर हुआ)

कळकळिया कुत किरण कळि ऊकळि,
वरजित विसिख विवरजित वाउ ।

(भाले रूपी सूय किरण युद्ध मे सतप्त होकर चमकने लगी बाण रूपी वायु चलनी बद हो गई)

कणियर तरु करणि सेवत्री कूजा,
जाती सोवन गुलाल जम्र ।
किरि परिवार सकल पहिरायउ,
वरण वरण विध दे वसत्र ।।२३७।।

(कनेर, करना, सेवती, कूजा चमेली, सोनचपा, गुल्लाला आदि विभिन्न वृक्षादि फूलों से लद गये ऐसा मालूम पडता था मानो वसत के जन्म पर वनस्पति

ने अपने सारे परिवार के लोगो को निमत्रित किया है और उन्हें रग बिरगे परिधान पहिना दिये हैं) यहाँ कवि का वनस्पति ज्ञान दर्शनीय है वस्तु परिगणनात्मक प्रकृति चित्रण का एक सुदर उद्धरण 'ढोला मारू रा दूहा' से तुलना के लिये प्रस्तुत है, जिसमे देशगत स्वाभाविकता का सजीव चित्रण है—

जिण भुँइ पन्नग पीयणा कयर-कँटाळा रूख।
आके फोग छांहडी, हूँछा भाजइ भूख ॥

विम्ब ग्रहण के रूप में

आलम्बन की चित्रात्मक प्रणाली के अन्तर्गत कवि ने वर्षा ऋतु मे बादलो का उमड घुमड कर घिर आना, चपला का चमकना, मोरो और पपीहा का बोलना शरद ऋतु मे सरोवरो मे कमल दलो का खिलना, दिनो का सकुचित (छोटा) होना, नदियो का घटना, शिशिर ऋतु के अत म युवा युवतियो का फाग खेलना, वसत ऋतु मे कोयल का कूजना, पुष्पो का खिलना, सुगधित मलय पवन का बहना आदि अनेको दृश्य, पाठको के हृदय-पटल पर सभी ऋतुओ के चित्र अकित करने म पूर्ण समर्थ हैं समूचा युद्ध वर्षा रूपक कवि की उवर कल्पना शक्ति शब्दो का चयन और उनका समर्थ प्रयोग तथा युद्ध की स्वानुभूति का अन्यतम चित्र है जिसका उदाहरण अ यत्र दुलभ है

काळी करि काठळि, ऊजळ कोरण,
धारे श्रावण धरहरिया ।
गळि चालिया दिसोदिसि जळ ध्रम,
थभि न विरहिण नयण थिया ॥१९५॥

(सावन के बादल, उमडी हुई काली पीली घटा जिसके आगे के भाग का किनारा उज्ज्वल सफेद है, धाराओ के साथ बरस पडे वे निर तर बरसते ही जाते हैं रुकते ही नही है, मानो विरहिनी के नेत्रो से अविरल आँसू गिर रहे हो) 'काठळि' और 'कोरण' राजस्थानी के देशज शब्द हैं जिनका अत्युत्तम प्रयोग कवि ने किया है

कळकळिया कुत किरण कळि ऊकळि,
वरजित विसिख विवरजित वाउ ।
धडि धडि धवकि धार धारूजळ,
सिहरि सिहरि समख सिळाउ ॥११६॥

अनुप्रास की सुदरतम छटा के साथ सारे वर्ण्य प्रसग का ध्वनि चित्र खडा कर दिया है कवि स्वय वीर योद्धा था अस्त्रशस्त्र सचालन म निष्णात था और सभी स्वानुभूति पर आधारित युद्ध का एक सजीव और सशक्त चित्र प्रस्तुत कर सका

एक एक कर सभी ऋतुयें आईं और चली गइ अब वसत का आगमन हुआ है सुगध पवन रूपी रथ पर चढ कर बसत के शुभागमन का समाचार देती हुई सवत्र प्रसरित हो जाती है कवि ने क्या ही भव्य चित्र प्रस्तुत किया है—

वन नयरि घराघरि तरि तरि सरवरि,
पुरुख नारि नासिका पथि ।
वसत जनमियौ देण वधाई,
रमै वास चढि पवन रथि ॥२३२॥

ऋतुओ का राजा वसत अपना दरबार लगाये बठा है आज महफिल है, जिसमे वन ही मडप है, निर्झर ही मृदग हैं कामदेव ही उत्सव का नायक है, कोकिला ही गायक है, मोर नतक है तथा पक्षी ही दशक हैं—

आगळि रितुराय मडियौ अवसर,
मडप वन नीझरण मृदग ।
पचबाण-नायक गायक पिक,
वसुह रग मेळगर विहग ॥२४३॥

अकबर के दरबार मे सम्मानित सेनापति के रूप मे उसने कई महफिलो मे भाग लिया होगा और अपने अधीनस्थ उपसेनापतियो अथवा ठाकुरो के साथ स्वय कितनी ही महफिला का आयोजन किया होगा कवि ने सूक्ष्म-निरीक्षण शक्ति के द्वारा एक सरस चित्र खींच दिया है

उद्दीपन के रूप मे

वेलि काव्य मे प्रकृति चित्रण भावोद्दीपन रूप मे भी हुआ है इस भावोद्दीपन के काय मे प्रकृति का प्रयोग दो प्रकार स किया जाता है—(१) साधर्म्यमूलक और (२) वधर्म्यमूलक वसे वेलि मे अकित ऋतु वणन, काव्य का अग हात हुये भी स्वतत्र होने के कारण, परोक्ष रूप से ही सभोग और वियोग—दोनो शृगार पक्षो के भावोद्दीपन म सहायक हुआ है महाकाव्य मे ऋतु वणन होना ही चाहिये—इस परम्परा का पालन करते हुए भी जसा कि हम ऊपर कह आये हैं यह वणन मौलिक व अपूव है सभोग शृगार के पश्चात् ऋतु वणन की एक प्रथा रही है कवि ने ग्रीष्म से प्रारम्भ कर वसत तक—इस क्रम से ऋतु वणन किया है ऋतुराज वसत की महफिल का वणन अलग से किया है कृष्ण और रुक्मिणी प्रत्यक ऋतु का प्रसन्नमन भोग करते हैं और आनन्द प्राप्त करते हैं—

नरति प्रसरि निरधण गिरि नीझर,
धणी भजै धण पयोधर
झोळे वाइ किया तरु झखर,
सवळी दहन कि लू लहर ॥१६१॥

नैऋत्य से चल कर लू ने वृक्षो को मखाड और लताओ को जला दिया है ऐसे समय पति पत्नियो के कुचो का सेवन करते हैं और पत्नी विहीन पुरुष शीतलता

के लिये झरनो की शरण लेते हैं, पर श्रीकृष्ण रुक्मिणी के साथ कस्तुरी की गार और कर्पूर की इंटो से बन प्रासाद मे रुक्मिणीजी के कुचो का सेवन करते हुए नित्य नए नए प्रकार से क्रीडा करते हैं

एक ही टेसू का पुष्प रतिक्रीडा की इच्छा रखती हुई सयोगिनी के लिये सुखप्रद और क्षीणतन वियोगिनी के लिये कष्टकारक है—

कुसुमित कुसुमायुध ओटि केळि कृत,
तिहि दखे थिउ खीण तन ।
कत सजोगणि किंसुख कहिया,
विरहणि कहे पलास वन ।।२५६।।

इसी प्रकार, वासती पवन को लेकर भी दोनो पक्षो मे विवाद है वियोगिनी कहती है कि यह सर्प का भक्ष्य है तो सयोगिनी के लिये यह शीतल और सुगधित मलयपवन है—

गुण गध ग्रहित गिळि गरळ ऊगळित
पवण वाद ए उभय पख ।
श्रीखड सळ सयोग सयोगिणि
भणि विरहिणी भुयग भख ।।२६४।।

अलकार विधान में

आकृति भाव, गुण और धर्म की समानता को प्रकृति के उपमानो द्वारा मार्मिक रूप से व्यजित करने के लिए कविगण अलकार-विधान मे प्रकृति का उपयोग करते हैं यौवन रूपी वसत के आगमन के कारण शरीर के विभिन्न अवयवो का तो रूप ही बदल गया है—

नितम्बणी जघ सु करभ निरूपम,
रभ खभ विपरीत रुख ।

और—

घर घर शृग सधर सुपीन पयोधर,
घणी खीण कटि अति सुघट ।
पदमणि नाभि प्रियाग तणी परि
त्रिवळि त्रिवेणी स्रोणि तट ।।२५।।

रुक्मिणी के नाभि की उपमा प्रयाग से तथा पेट पर पडने वाली त्रिवली के उपमान के रूप मे त्रिवेणी तथा त्रिवेणी के तटो के रूप में नितबो की उपमा सर्वथा मौलिक व अनूठी है

रुक्मिणी के नव पल्लवों जैसे कोमल चरणों पर नखों की शोभा का वर्णन करते हुए कवि ने आठ आठ उपमानों से काव्य सौंदर्य की अपूर्व वृद्धि की है नख ऐसे मने प्रतीत होते थे मानो कमल की पखुडिया पर निर्मल जल विन्दु हो अथवा तेज हो मोती हों रत्न हों, तारे हों छोटे सूर्य हों चन्द्रमा हो, हीरे हों या हंस के बच्चे हो कवि के उर्वर मस्तिष्क की दाद देनी होगी—

> ऊपरि पद-पलव पुनरभव ओपति,
> निर्मल कमळ-दळ ऊपरि नीर ।
> तेज कि रतन कि तार कि तारा
> हरि हंस सावक सस हर हीर ।।

परमतत्व के आभास के रूप में

मंगलाचरण से लेकर काव्यान्त तक वेलिकार इस तथ्य को विस्मृत नहीं कर सका है कि उसके वर्ण्य श्रीकृष्ण रुक्मिणी सामान्य कथा नायक नायिका न होकर अलौकिक सत्ता हैं वे क्रमश श्रीविष्णु और लक्ष्मीजी के अवतार हैं उनके बिना इस जीवन का उद्धार कौन कर सकता है ? असमाध्य को समव करने वाले किये हुये को अन्यथा करने वाले, पूर्ण पुरुषोत्तम वे ही तो हैं वे ही सब समर्थ हैं—

> कृत करण अकरण अन्नथा करण,
> सगळे ही थोके समरत्थ ।

कबीर और जायसी के रहस्यवाद जैसी अभिव्यक्ति यद्यपि वेलि मे दर्शनीय नहीं है फिर भी शृंगार-वर्णन करते करते वारम्बार उनका नामोल्लेख करना ही इस तथ्य का द्योतक है कि वह निरंतर परमात्मोन्मुख है Dr L P Tessitori has also said that, "A passing mention of Krsna and Rukumini here and there makes us remember that they are always present behind the screen" वलि को बाँधने वाले तथा मधु नामक दैत्य का संहार करने वाले जगत पति श्रीकृष्ण ग्रीष्म म जलक्रीडा कर रहे हैं—

> जलक्रीडा क्रीडति जगतपति,
> जेठमास एही जुगति ।।१८९।।

और वर्षा ऋतु म जब श्याम मेघ धरती से मिल जाते हैं तो ऐसा लगता है जसे मेघ कृष्ण और पृथ्वी रुक्मिणी दोनो आलिंगन बद्ध हो गये हैं, जीव और परमात्मा का तादात्म्य हो गया है—

> धर श्यामा सरिस, स्यामतर जळधर,
> घेघूचे गळि वाहाँ घाति ।

देवप्रबोधिनी एकादशी के दिन जनार्दन जाग उठे, 'जागीया मीट जनारजन' क्या जनार्दन सुषुप्तावस्था मे थे ? अर्जुन और सुयोधन के आने के साथ ही जैसे श्रीकृष्ण को सहसा अपनी लीला का ध्यान हो आया

ऐसे नारायण, निर्लिप्त, निर्गुण ईश्वर का वर्णन कवि ने ऋतुवर्णन के अंत मे दो एक छंदो म कर दिया है लीलामय ने लीला करने के लिये ही तो जगत मे वास किया—

लीलाधरण ग्रहे मानुखी लीला,
जगवासग वसिया जगति
× × ×

शेष नाग भी जिसका यशगान करते करते थक जाता है, उस निर्गुण परमात्मा का वर्णन मैं क्या करूँगा ?—

कि कहिसि तासु जस, अहि थाकउ कहि,
नाराइण निरगुण, निरलेप ।

पृष्ठभूमि और वातावरण की सृष्टि के लिये

प्रसगानुसार वातावरण के सृजन के लिये प्रकृति का पर्याप्त उपयोग कविगण युगो से करते आये हैं वर्णन उल्लासपूर्ण हो अथवा करुण ओजमय हो अथवा शृगारपूर्ण, पृष्ठभूमि के लिये उपयोग किया गया प्रकृति चित्रण उसे अधिक गहन बना देता है और काव्य मे वशिष्ठ्य आ जाता है शास्त्रानुसार सभोग शृगार के पश्चात् ऋतुवर्णन काव्य का एक अभिन्न अंग है वियोग शृगार मे बारहमासा के माध्यम से प्रकृति चित्रण करना भी एक प्रथा है ही

ब्राह्मण के जगने पर वह अपने आपको द्वारिका मे पाता है प्रात काल का समय है कवि ने प्रभात वर्णन के द्वारा द्वारिका के विभिन्न कार्यकलापो का भव्य चित्र प्रस्तुत किया है कही वेदपाठ की ध्वनि सुनाई दी तो कही शखनाद की नगर मे भारी कोलाहल है और समुद्र की लहरें हिलोरें ले रही हैं—

धुनि वेद सुणति कहूँ सुणति सख ध्वनि,
नद भल्लरि, नीमाण नद ।
हेका कह हेका हीलोहळ,
सायर नयर सरीख सद ॥४८॥

चपक वर्णा पनिहारिनो का सरोवरो पर पानी भरने जाना घर घर मे ब्राह्मणों का यज्ञ करना, मार्गों के दोनों ओर मजरीयुक्त आम्रवृक्षों और उन पर

मिष्टभाषी कोयलों का बोलना आदि के द्वारा कवि ने द्वारिका की पवित्रता और सुभगता का उत्तम वर्णन किया है तो दूसरी ओर रत्यान्त प्रभात वर्णन के द्वारा कवि ने प्रकृति की अनेक वस्तुओ के सकुचन और विस्तरण का अनूठा वर्णन किया है जिसमे कवि की सूक्ष्मदर्शिता और विपुल सासारिक ज्ञान विज्ञान की मार्मिक अनुभूतियों के दर्शन होते हैं

सूर्योदय के कारण एक ओर जहाँ चद्रमा और दीपक निस्तेज हो जाते हैं तो दूसरी ओर वह चकवा को चकवी से, चोरो को उनकी स्त्रियो से तथा ब्राह्मणो को सरोवरो के घाटो के जल से मिला देता है—

गतप्रभा थियउ ससि रयणि गळति

× × × ×

दीपक परजळतउ इ न दीपइ

× × × ×

सूर प्रगटि अेतळां समपियउ
चार, चक्व, विप्र तीरथ वेळ

पृथ्वीराज राजस्थान के वीरता तथा कविता के मूर्तिमत स्वरूप थे। अप्रतिम योद्धा और महाकवि थे कलम और तलवार दोनो के धनी इस महापुरुष ने दोनो का उत्तम प्रयोग कर युद्धभूमि और साहित्य क्षेत्र दोनों में अमरत्व को प्राप्त किया है बलराम के नेतृत्व मे यादवो के चुनिन्दे सनिक तथा भीष्मक शिशुपाल आदि की सयुक्त सेना के बीच मे जब अल्पकालीन पर तुमुल सघर्ष हुआ जिस वर्णन करने के लिये कवि का हृदय बाग बाग हो उठा और वह पाठको के सम्मुख उसका एक सादृश्य चित्र प्रस्तुत करने म सक्षम हो सका वेलि म युद्ध वर्षा रूपक वर्णन से युद्ध की विकरालता और गहन हुई है यही लेखक को अभीष्ट था, जिसके कारण वह एक ऐसे वातावरण का सृजन कर सका, जिस पर विजयलक्ष्मी का वरण तथा उसका आमोदपभोग किया जा सका

इन सब के अतिरिक्त रुक्मिणी के रूप और वयसधि के स्वनत्र वर्णन म कवि आकाश-कुसुम तोड लाया है मानसरोवर म तरते हुये हस शावक और सुमरु पर्वत पर दो पत्तो से युक्त कनकलता की प्राकृतिक सुषमा बरबस मनुष्य के आकर्षण का केन्द्र बनती है—

रामा अवतार नाम ताइ रुक्मणि,
मानसरोवरि मरु गिरि ।
बाळकति किरि हस चौ बाळक,
कनक-वेलि बिहु पान किरि ॥१२॥

यही अनिंद्य सुदरी रुक्मिणी अपनी सखियो के साथ राजभवन के प्रागण म खेलती हुइ ऐसी शोभित है मानो निरभ्र आकाश मे झिलमिलाते तारा के साथ चद्रमा अात आकाश का अनत सौंदय जसे धारित्री ने अपनी कोख मे रख लिया हो—

सग सखी सीळ कुळ वेस समाणी,
पेखि कळी पत्मिणी परि ।
राजति राजकुअरि रायआगण,
उडियण बीरज अम्ब हरि ॥१४॥

शिशिर रूपी शशव जो अब तक रुक्मिणी के अगदेश मे सुषुप्तावस्था मे था अब यौवन रूपी बसत के आगमन से जाग उठा मुख की अरणाभा और उनत उरोजो की प्रकृति के साथ क्या ही पावन और सरस उपमा दी है जिसमे अश्लीलता की गध तक नही है—

पहिलौ मुखि राग प्रगट थ्यो प्राची, अरुण कि अरुणोदय अबर ।
पेख किरि जागिया पयोहर सभा वदण रिखेसर ॥१६॥

इस प्रकार वेलिकार न वेलि म अपनी सूक्ष्म पयवेक्षण शक्ति, प्रतिभा, नान बाहुल्य तथा सरस पर सचोट अभिव्यजना के माध्यम से प्रकृति चित्रण के रूप मे एक ऐसी चिर आनदलायी वस्तु प्रदान की है, जिसकी सानी साहित्यिक ससार म दुलभ है अपनी इस विचक्षणता और विदग्धता के कारण वेलि न केवल इस देश के सम्मान का केन्द्र रही पर विदेशी विद्वान भी इसकी सरसता से मुग्ध हुय बिना नही रह सके डा० एल पी तैस्सितोरी ने कितना सत्य लिखा है—The great merit of the poem is in the combination of a delightful genuineness and natural ness of expression with the most rigorous elaborateness of style × × × × We now come to the most exquisite picture of the poem the falling of the night, the impatient expectation of Krsna and the coming of Rukmini to his thalamus The shyness of the maid and the unbounded joy of Krsna at her arrival are described with all the mastership, which we should expect from a Rajput of refinement who has had many love experiences of that kind in his life Then with great ability, Prithiraj draws a discreet curtain before the thalamus of the two lovers and leading us outside into the dark night makes us watch the breaking of the day and then in succession the passing of the six seasons of Indian Year, × × × × It is like a succession of magic-lantern pictures on a wall, each stanza is a quadretto in itself worked to perfection with great in which Indian poets of the seasons succeed so well

वेलि मे ग्रौचित्य

'उचित' विशेषण से बनी हुई भाववाचक सना 'ग्रौचित्य' है स्वय उचित शब्द 'उच्' धातु से व्युत्पन्न है[1], जिसके विद्वानो ने अनेक ग्रथ दिये हैं—(१) प्रसन्न होना, (२) योग्य गुणो का समुदाय (३) एकत्रित करना (४) किसी वस्तु के ग्रादी बनना (५) उपयुक्त बनना ग्रौर (६) ग्रनुकूल बनना ।

साहित्य शास्त्र मे ग्रौचित्य के प्रतिष्ठापक ग्राचार्य क्षेमेन्द्र ने ग्रौचित्य की परिभाषा देते हुये कहा है कि उचितस्य च यो भाव तदौचित्य प्रचक्षते ग्रर्थात् उचित के भाव को ग्रौचित्य कहते हैं[2] स्वय उचित की व्याख्या करते हुये क्षेमेन्द्र ने लिखा है कि जो जिसके सदृश या ग्रनुकूल होता हो वह उसके लिये उचित है 'उचित प्राहुरस्चार्या सदृश किल यस्य यत्' उचित के ग्रन्य पर्याय जो साहित्य शास्त्र मे प्रचलित हैं, वे हैं—(१) ग्रनुरूपता, (२) युक्तिता, (३) विधि दर्शन मार्ग ग्रौर (४) योग्यता

उचित ग्रौर ग्रनुचित मे वस्तु ग्रौर भाव जगत की कोई भी वस्तु शेष नही रहती दूसरे शब्दो मे इसकी क्षेत्रीय व्यापकता इतनी विशाल है कि इसमे सभी का समावेश हो जाता है फिर भी, यद्यपि 'उचित' की परिभाषा तो नही बदलती पर वस्तु के प्रयोग करने की विधि ग्रौर इसी प्रकार विचार सरणी भी देशकालानुसार बदलती रहती है मध्ययुग की कई विचार धाराएँ ग्राधुनिक युग के ग्रनुरूप नही हैं उदाहरणार्थ ग्रस्पृश्यता ग्राज से तीन सौ चार सौ वर्ष पूर्व जिस कठोरता ग्रौर किसी सीमा तक निर्दयता से समाज मे इसका पालन किया जाता था, ग्राज वह लगभग ग्रदृश्य सी हो गई है ग्राज ग्रस्पृश्यता के पक्षधर को तुरन्त ही प्रतिक्रियावादी ग्रादि कई विशेषणो से ग्रलकृत होने मे देरी नही लगेगी

जिस प्रकार समाज मे ग्रौचित्य का ग्राधार ग्राचार शास्त्र (Ethics) है, उसी प्रकार भाषा मे उसका ग्राधार व्याकरण है तो काव्य मे उसका ग्राधार ग्रास्वाद प्रक्रिया है इसी को एक शब्द मे ऐसा कहा जा सकता है कि काव्य मे

---

१ ग्रर्थ विचार की दृष्टि से कई विद्वान इसे वच धातु से व्युत्पन्न मानते हैं तारकनाथ तर्क वागीश वाचस्पत्यम पृ० १ ५८ १५६६

२ क्षमेन्द्र ग्रौचित्य विचार चर्चा, पृ० ११६

औचित्य का आधार 'रस है आचार्य क्षेमेन्द्र रस को काव्य की आत्मा मानते हैं इस दृष्टि से देखा जाय तो औचित्य काव्य की आत्मा ही नहीं है, पर, रस का प्राण भी है

चूकि काव्य मे रस के अतिरिक्त भी अनेक रसेतर वस्तुओ का समावेश होता है, अतएव हमे औचित्य के प्रभेदो पर भी एक दृष्टि डाल लेनी चाहिये औचित्य के भेदोपभेद कुल मिला कर सताइस हैं[1], जिनको मुख्य तीन भेदो (कविगत, काव्य गत और सहृदयगत) के अन्तर्गत रखा जा सकता है वेलि को केन्द्र मे रख कर यहा प्रमुख भदो की चर्चा ही समीचीन रहेगी इस दृष्टि से कविगत के अन्तर्गत तत्त्वौचित्य व स्वाभावौचित्य, काव्यगत के अन्तर्गत भाषौचित्य, अलकारौचित्य, गुणौचित्य छदौचित्य और रसौचित्य तथा सहृदयगत के अन्तर्गत दशौचित्य व कुलौचित्य के माध्यम से हम वेलि को औचित्य की कसौटी पर कसेंगे

वेलि एक प्रबध काव्य है जिसके रचयिता महाराज पृथ्वीराज राठौड एक प्रतिभासप न भक्त कवि थे भावो के अनुरूप भाषा को ढालने की उनकी क्षमता अद्वितीय थी उन्होने डिंगल जसी तथाकथित कणकटु भाषा को ऐसा नाथा कि वह प्रसगानुकूल रस-वैविध्य के साथ सबलता से उभर आई है और कही अनौचित्य के दशन नही होते

(१) पदौचित्य

पद का उचित प्रयोग पदौचित्य है पात्र, प्रसग, परिस्थिति और भाव के अनुसार पद का प्रयोग काव्यार्थ मे विलक्षणता ला देता है

यथा—

> रामा अवतारि वहे रणि रावण,
> किसी सीख करुणाकरण ।
> हूँ ऊधरी त्रिकुटगढ हूँती,
> हरि वधे वेळाहरण ।।६३।।

वैसे राम और सीता का काव्य से कोई सीधा सम्बन्ध नहीं है पर यहाँ रुक्मिणी सारे अवतारो को एक ही भगवान के स्वरूप मान तथा स्वय को उनकी जन्म जन्मातर की पत्नी (लक्ष्मी, सीता) मान कर अपने उद्धार की प्रार्थना आर्त भाव से करती है यहाँ भाव के अनुसार काव्यार्थ मे चमक आ गई है

---

१ डॉ॰ सुरेशचन्द्र त्रिवेदी, औचित्य विचार चर्चा' (गुजराती अनुवाद) प्र॰ मेसर्स बी जेठ शाह प्रकाशन पानकोर नाका, अमदावाद

(२) वाक्यौचित्य

वर्ण्यविषय का निरूपण करने मे समर्थ वाक्यावली का प्रयोग वाक्यौचित्य कहलाता है उदाहरणार्थ—

म म करिसि ढील, हिव हुए हेक्मन
जाइ जादवाइद्र जत्र ।
माहरै मुख हुँता ताहर मुखि,
पग वदण कर देइ पत्र ॥४५॥

इस पद मे रुक्मिणी के मन की अधीरता को सुदर ढग से अभिव्यक्त किया गया है ब्राह्मण के जाने का मना करने पर रुक्मिणी का आग्रहभरी विनती करना तथा एकचित होकर यदुराय कृष्ण के पास द्वारिका जाकर, प्रथम उनके चरणारविंदो म प्रणाम करना तथा मेरे मुख की बात को अपने मुख से कहना आदि को विविध वाक्यो मे औचित्यपूर्ण ढग से प्रस्तुत किया गया है

(३) गुणौचित्य

गुण रस के धम हैं वामन और उनके पूववर्ती आचार्यों ने दस गुण बतलाये हैं, पर आलकारिको ने तीन ही गुण स्वीकार किये और शेष गुणो को इन्ही तीन गुणो माधुय, ओज और प्रसाद मे अन्तर्भाव कर दिया है गुणौचित्य का अर्थ है माधुय, ओज और प्रासाद गुणो का रसानुकूल उपयोग

(i) माधुय गुण

माधुय गुण का सम्बन्ध कोमल रसो से है अतएव इसके दर्शन हमे शृगार, करुण और शात रस मे होते है वेलि मे विप्रलम्भ शृगार और करुण तो अपवाद मात्र ही मिले, पर सभोग शृगार और शांत के उदाहरणो से सारा प्रबध काव्य भरा पड़ा है माधुय गुण का उदाहरण दृष्टव्य है—

वीणा डफ महुयरि वम वजाए,
रोरी करि मुख पचम राग।
तरुणी तरुण विरही जण दुतरणि
फागुण घरि घरि खेलै फाग ॥२२७॥

उपर्युक्त पद म फागुन मास मे युवक युवतियो का हाथो में गुलाल और मुख पर पचम राग तथा वीणा, डफ और बांसुरी बजाते हुओ का आनदमयी चित्रण है

(ii) ओज गुण

चित्त का विस्तार रूप दीपत्व ओज है चित्त मे सकोच के हट जाने से उसका विस्तार होता है ऐसे समय चित्त मे ओज की स्थिति आ जाती है ओज

गुण का सबध उग रसो यथा वीर, वीभत्स और रौद्र रसो से है वेलि का युद्ध-वर्णा रूपक वर्णन ओज गुण के उदाहरणो से आपूरित है द्रष्टव्य है—

> वळकळिया कुत किरण कळि ऊकळि,
> वरजित विसिख विवरजित वाउ ।
> धडि धडि धवकि धार धाराजळ,
> सिहरि सिहरि समच सिळाउ ॥११६॥

(iii) प्रसाद गुण

कर्णकटु शब्दो का त्याग कर, जहाँ रचना सरल व सुबोध शब्दो से निर्मित होती है, उसमे प्रसाद गुण होता है अर्थात् जिस रचना को पढते ही अर्थ समझ मे आ जाय, वह प्रसादगुण युक्त रचना होती है इसकी स्थिति सभी रसो मे हो सकती है वलि म मगलाचरण और माहात्म्य आदि ही ऐसे प्रसग हैं जहाँ प्रसाद गुण के दर्शन होते हैं यथा—

> सरसती न सूझ ताइ तू सोभ,
> वाउवो हुओ के वाउळो ।
> मन सरिसो धावतो मूढ मन,
> पहि क्रिम पूज पागुळो ॥४॥

(४) अलकारौचित्य

काव्य मे अलकारो का उचित प्रयोग अलकारौचित्य है उचित प्रयोग का अर्थ है कि (१) काव्य म उनका प्रयोग सायास न होकर स्वाभाविक होना चाहिये, (२) अलकार्य के अभाव म अलकार का प्रयोग अर्थहीन तथा (३) अनुचित अलकार्य क अभाव मे भी अलकार अपनी महत्ता व सत्ता गुमा बठते हैं वास्तव म अलकार्य और अलकारो के बीच एकान्विति को ही अलकारौचित्य कहते हैं

'भूषण बिन न विराजही कविता, बनिता मित्त' वाले युग मे उत्पन्न पृथ्वीराज भी अलकारिकता के मोह से ग्रसित थे वेलि का प्रत्येक पद अलकारयुक्त हैं कही कहीं तो एक छन्द म तीन चार अलकारो का एक साथ प्रयोग हुआ हैं इतना होते हुये भी वे सारे अयत्नज है और इसीलिये वलि का काव्य अलकारो स बोझिल न होकर, अपने नसर्गिक रूप म चमत्कारिता लिये हुये हैं वास्तव मे पृथ्वीराज के अलकार काव्य की आत्मा रस—के साधक हैं न कि बाधक वेलि मे अन्य अलकारो के साथ साथ उत्प्रेक्षा, रूपक और उपमा तो बहुतायत से प्रयुक्त हुये हैं —

उत्प्रेक्षा

पति पवन प्रार्थित श्री तत्र निपतित,
सुरत अंत केहवी श्री ।
गजेन्द्र क्रीडता सु विगलित गति,
नीगसइ पार कमलिनी ॥१७४॥

उपमा

विनए आसोज मिळै नभि वादळ,
पृथी पक जळि गुडळपण ।
जिम सतगरु कळि कळुप तणा जण,
दीपति ग्यान प्रगट दहण ॥२०८॥

रूपक

आजाति जाति पट घूघट अन्तरि,
मेळण एक करण अमिळो ।
मन दम्पती कटाछि दूति म,
निय मन सूत्र कटाछि नळी ॥१६६॥

शब्दालकारो मे अनुप्रास अपने प्रभेदो के साथ बहुतायत से प्रयुक्त हुआ है राजस्थानी भाषा के विशिष्ट अलकार वयणसगाई (वण सगप) अलकार का तो आद्योपान्त निर्वाह हुआ है वास्तव म वेलि अलकारो का नैसर्गिक रत्नाकर है

(५) छदौचित्य

ऐसा प्रतीत होता है कि छन्द शास्त्र का पर्याप्त ज्ञान होने हुये भी पृथ्वीराज ने अपने वेलि काव्य म अथ से इति एक ही राजस्थानी छन्द छोटा साणोर के दो प्रमुख प्रभेदो सुद्द साणोर और वेलियो का प्रयोग किया है कवि न अपनी अन्य रचनाओ म दोहा और सोरठा का सर्वाधिक प्रयोग किया प्रशस्तिमूलक तथा स्तुति परक पदो म कवि ने गीत छद क अनेक भेदो का प्रयोग किया है

(६) भावौचित्य

पृथ्वीराज की भाषा का स्वरूप साहित्यिक डिंगल है जो इस प्रदेश के तथा काल के अनुरूप है इस भाषा और इसम निर्मित उत्कृष्ट ग्रंथो के ज्ञानाभाव के कारण विद्वानो ने भ्रमवश इसकी अनौचित्य टीकायें की है, पर मात्र वेलि की रसाभिव्यक्ति की क्षमता को देख कर वे ही विद्वान आश्चर्यचकित रह गये वेलि में एक स्थान पर भगवान कृष्ण के मुख से देववाणी संस्कृत का प्रयोग अनौचित्य न

सवथा उचित ही है क्योकि वे उस समय विद्वान सदेश वाहक ब्राह्मण से वार्तालाप कर रहे थे यह छद सवर्था पात्रानुकूल भाषा का प्रयोग है—

कस्मात कस्मिन किल मित्र किमथ,
केन काय परियासि कुत्र ।
ब्रूहि जनेन येन भो ब्राह्मण,
पुरतो मे प्रपितम् पत्र ।।

इससे कवि के सस्कृत ज्ञान का परिचय तो मिलता ही है, पर जब हम कवि की अन्य रचनाओ का अध्ययन करते हैं तो उनके व्रजभाषा पर के अधिकार का भी पता चलता है

(७) रसौचित्य

रस काव्य की आत्मा है जिस प्रकार आत्मा के अस्तित्व मे शरीर स्थित रहता है, उसी प्रकार रस रूप आत्मा के रहने पर काव्य शरीर रह सकता है इतना होते हुये भी रस को कार्यानुरूप होना चाहिय श्रेष्ठ से श्रेष्ठ स्तर की रस योजना का कोई महत्व न होगा, यदि वह प्रसगानुसार, भावानुसार और मूलकथा प्रवाहानुसार न होकर उससे असबधित हो

भक्ति और वात्सल्य को भी रसो के रूप मे स्वीकार कर लेने पर रसो की सख्या ग्यारह हो जाती है वेलि मे वात्सल्य और करुण रस का सवथा अभाव है भक्तिमय रचना होने के कारण हास्य रस के उदाहरण भी अपवाद रूप म ही उपलब्ध हैं

श्री सूयकरण पारीक ने अपने द्वारा सपादित वेलि की भूमिका[1] मे रस विरोध (युद्ध वपा रूपक छद सख्या ११३ से १२५) का प्रश्न खडा किया है रसगगाधर के कर्ता जगन्नाथ ने कहा है कि—

तत्र वीर शृगारयो , शृगार हास्योर, वीराद्भुतयो ,
वीर रौद्रयो शृगाराद्भुतयोश च अविरोध ।

इन मित्र रसा के वणन के पश्चात् कविराज जगन्नाथ ने यह भी कहा है कि—

सुराङ्गनाभिराश्लिष्टा व्योम्नि वीर वीमान गा ,
विलोकत निजान देहान् फेरुनारीभिरावृतम् ।

इस प्रकार जगन्नाथ ने विरोध का परिहार भी कर दिया है मम्मट और हेमचन्द्र ने भी इस तथ्य को स्वीकार किया है कि शृगार और वीभत्स के बीच में

१ श्री सूर्यकरण पारीक भूमिका पृ ७६ ७७ ७८,८८

यदि वीर रस को दे दिया जाय तो उससे विरोध का परिहार हो जाता है नीचे लिखी अवस्थाओ मे भी विरोधी रसो का साथ साथ वणन हो सकता है —(१) जब कोई रस अपने विरोधी रस का अग बन कर आवे तथा (२) जब दो परस्पर विरोधी रस किसी तीसरे रम के अग हो[१] ऐसी दशा मे श्री पारीकजी द्वारा उत्पन्न रस-विरोध की समस्या के खडे होने का प्रश्न ही नही उठता

वीर रस

कलम और तलवार दोनो के धनी पृथ्वीराज ने वीर रस का सशक्त वणन किया है कवि ने युद्ध वर्षा रूपक प्रस्तुत कर सजीव चित्र उपस्थित कर दिया है बलराम की ललकार और उनका अपने सनिको को प्रोत्साहन दशनोय है—

> बेली तदि बळिभद्र वापूकारइ,
> सत्र साबतउ अजे लगि साथ ।
> वूठइ वाहवियइ आ वेळा,
> हिव जीपिस्यइ जु वाहिस्यइ हाथ ।।१२३।।

रौद्र रस

क्रोध, रौद्र का स्थायी भाव है किसी के ललकारने पर युद्धभूमि मे क्रोध आना स्वाभाविक है रुक्मि के ललकारन पर श्रीकृष्ण के रौद्र रूप धारण करने का कवि ने सुदर शब्द चित्र अकित किया है—

> विळकुळियउ वदन जेम वाकारियउ,
> सग्रहि धनुष पुणच सर सधि ।
> क्रिसन रुकम आउध छेदण कजि,
> वेळखि अणी मूठि द्रिठ बधि ।।१३१।।

बीभत्स

वेलि म छद सख्या १२० से १२८ तक बीभत्स रस का वणन हुआ है इस रस का स्थायीभाव जुगुप्सा है दुगध युक्त मास, रक्तादि इसके आलम्बन हैं—

> रिण आगण तेणि रुहिर रळतळिया,
> घणा हाथ हूँ पडई घणा ।
> ऊधा पत्र वुदवुद जळ आक्रिति,
> तरि चालइ जोगिणी तणा ।।१२२।।

---

१ श्री नरोत्तमदास स्वामी, क्रिसन रुकमणी री वेलि की प्रस्तावना पृ० ५३ से ५७,

भयानक रस

इस रस का स्थायी भाव भय है हिंसक जतु और श्मशानादि स भय का सचार होता है भय के कारण ही शरीर म कंपकंपी छूट जाती है तो कभी कभी मूर्छा भी आ जाती है भाला, तलवारो और बाणा के चलने स शत्रुओ के हृदय कांप उठे—

> कंपिया उर काइरा असुभ कारियउ
> गाजति नीसाणे गडगड ।।१२०।।

अद्भुत रस

विस्मय, इस रस का स्थायीभाव है वेलि म इसके दो उदाहरण हैं प्रथम तो सदेशवाहक ब्राह्मण के जागने पर अपने आपको द्वारिका मे पाना और द्वितीय रुक्मि क काटे हुय बाला को पुन उगा देना—

> सप्रति औ किना, किना अ सुहिणउ,
> आयउ हू अमरावती ।
> जाई पूछियउ तिणि इम जपियउ,
> देव ! सु आ द्वारामती ।।५१।।

शात रस

शात रस का स्थायीभाव शम या निर्वेद है वलि के प्रारम्भिक छद शात रस के हैं जिसमे ईश्वर के प्रति प्रेम उसकी महानता और अपनी दीनता प्रकट की गई है

शृ गार

भक्तिमय शृगार से परिपूर्ण यह ग्रथ सयोग शृगार के उत्तम दृष्टान्त प्रस्तुत करता है वेलि मे विप्रलभ शृगार नहीवत् है सयोग शृगार क अन्तगत नायिका का बाल-सौदय, वयसधि, यौवनावस्था, विवाह से पूव तथा विवाहोपरात प्रथम मिलन और उसके पश्चात् आदि ऐस स्थल हैं जहां कवि का मन खूब रमा है और उसन उसके विशद चित्र खीचे है पर जसा कि हम ऊपर निर्देश कर आये हैं यह सारा शृगार वासनामय न होकर भक्ति के तानो बानो से निर्मित है शृगार रस के औचित्य का सागोपाग वणन हम भाव पक्ष के अतगत कर आये हैं, अतएव यहां पुनरावतन के भय से इसका पुन वणन करना उचित नहीं लगता है

हास्य

हास ही हास्य का स्थायीभाव है विकृत आकृति, वेष, वाणी और चेष्टा आदि हास्य के आलवन हैं रुक्मी के केश काट कर उसे विद्रूप बनात समय थोडी

मुस्कराहट बरबस आ जाती है इसी प्रकार हास्य का चित्र कवि ने उस समय खींचा है जब सारी सखियाँ हँसती हुई एक एक कर शयनगृह म रुक्मिणी को अकेली छोड कर बाहर चली जाती है—

> हसि हसि भ्रूह, हेक हेक हुइ,
> ग्रिह वाहिरि सहचरी गई ॥१७२॥

(८) स्वाभावौचित्य

मानव प्रकृति का यथातथ्य वणन स्वाभावौचित्य कहलाता है रुक्मिणी क वागदान पर रुक्मि के उद्धत स्वभाव का तादृश्य चित्र पृथ्वीराज ने अंकित किया है—

> मावीत्र अजाद मेटि बोलै मुखि,
> सुवर न को सिसुपाल सरि।
> प्रति ग्रंवु कोपि कुँवर ऊफणियो,
> बरसाळू वाहळा वरि ॥३४॥

(६) तत्वौचित्य

तत्व कथन का उचित प्रयोग ही तत्वौचित्य है जीवन-मरण का अनिवाय चक्कर, जीवन की क्षणभगुरता सत्यमेव जयते आदि वे तत्व हैं जो चिरकालीन सत्य हैं इसी प्रकार यह भी सत्य है कि परमात्मा के एक होते हुये भी 'जाकी रही भावना जसी प्रभु मूर्ति देखी तिन ऐसी' जसी तत्वमयी उक्ति के अनुसार एक ही भगवान श्रीकृष्ण के अनत स्वरूपों का वलिकार ने चित्र उपस्थित किया है—

> कामिणी कहि काम काळ कहि केवी,
> नारायण कहि अवर नर ।
> वेदारथ इम कहै वेदवत
> जोग तत्त जोगेसर ॥७६॥

देशौचित्य

जलवायु, भौगोलिक वातावरण, नगर वणन, प्रकृति वणन आदि का जहाँ देशानुसार वणन किया जाय, वहाँ देशौचित्य माना जायेगा वेलि म द्वारिका नगरी का वणन, और ऋतु वणन इसी कोटि के अतगत आते हैं कवि का ऋतु वणन तो वास्तव म वास्तविक बन पडा है मरुभूमि मे उठती लू के तांडव को देखिये—

> नरति प्रसरि निरधण गिरि नीझर,
> धणी भज धण पयोधर।
> झोळे वाइ किया तरु झखर,
> लवळी दहन कि लू लहर ॥१६१॥

अथवा राजस्थान में वर्षा मे उठती घनघोर घटा का दृश्य देखिये—

> काळी करि काठळि ऊजळ कोरण
> धारे श्रावण धरहरिया ।
> गळि चालिया दिसो दिसि जळग्रभ,
> थभि न विरहिण नयण थिया ।।१६५।।

कुलौचित्य

कुल गौरव के अनुरूप कार्यो का वर्णन, आभिजात्य का निर्वाह तथा वशानुगत चरित्र का निरूपण कुलौचित्य कहलाता है वेलि म जब रुक्मि अपने पिता के प्रस्ताव की परवाह न कर अपनी बहन रुक्मिणी का विवाह शिशुपाल से करना चाहता है तो उसके मन मे कुलौचित्य का ही प्रश्न था—

> प्रभणति पुत्र इम मात पिता प्रति
> अम्हां वासना वसी इसी ।
> ग्याति किसी राजवियां ग्वाळा ।
> किसी जाति कुळ पांति किसी ।।२१।।
>
> सुजु वर अहीरा सरिस सगाई,
> ओलाडे राजकुळ इता ।।२२।।

सदेशवाहक ब्राह्मण को आता देखकर भगवान ने जिस ढग से उसका सम्मान किया, वह उनके आभिजात्य कुल के वशानुगत चरित्र की विशेषता प्रकट करता है—

> ऊठिया जगतपति अतरजामी,
> दूरतरी आवतो देखि ।
> करि वदण, आतिथ ध्रम कीधो,
> वेदे कहियो तणि विसेखि ।।५४।।

काव्यौचित्य के सभी पहलुओ पर विचार करने पर लगता है कि पृथ्वीराज ने वेलि म औचित्य का सपूर्ण ध्यान रखा है तथा कही भी अनौचित्य का प्रवेश नहीं होने दिया है

वेलि की टीकायें

आचार्य रामचंद्र शुक्ल ने लिखा है, 'श्रृंगार रस के ग्रंथो की जितनी ख्याति और मान बिहारी सतसई का हुआ उतना और किसी का नही इसकी पचासो टीकायें लिखी गई हैं इन टीकाओ में ४५ तो बहुत प्रसिद्ध हैं'[1] यह सत्य भी है कि हिंदी साहित्य के अन्यतम ग्रंथ रामचरित मानस को छोड कर इतनी ख्याति और सम्मान अन्य किसी ग्रंथ को कभी नही मिला है पर वेलि की बात कुछ निराली ही है संस्कृत, ब्रज, हिन्दी, राजस्थानी और गुजराती मे इसकी जो टीकायें उपलब्ध हैं वे ही इस बात का पुष्ट प्रमाण है कि वेलि उत्कृष्ट कोटि का एक अत्यन्त लोकप्रिय ग्रंथ है बिहारी सतसई की भाँति इसकी अनेक टीकायें (गद्य और पद्य मे) उपलब्ध हैं अतर वैशिष्ट्य मे है जहाँ 'बिहारी सतसई' केवल काव्य रसिको तक ही सीमित रही, वेलि मूलत भक्ति ग्रंथ तथा साहित्यिक दृष्टि से उत्तम ग्रंथ होने के कारण विद्वद्वर और सामान्य जनता दोनो के अतरतम तक पहुँच सकी

महाकवि पृथ्वीराज राठौड द्वारा परिष्कृत डिंगल भाषा मे लिखी हुई यह वेलि इस भ्रम का निवारण करने का भी पर्याप्त व श्रेष्ठ प्रमाण है कि डिंगल केवल वीररसोपयुक्त भाषा न होकर अन्य रसो को वहन करने की भी उतनी ही क्षमता रखती है जितनी कि कोई दूसरी समृद्ध भाषा डॉ एल पी तस्सितौरी ने इसी बात को लक्ष्य कर लिखा है कि "Indeed, the musicality of the verses is such that nothing could more conspicuously prove the error of them, *who hold that Dingla is too harsh for erotical or idyllic subjects* and is only fit for heroic themes"[2] (जो लोग यह मानते हैं कि प्रेमसबधी और लोक धर्मी काव्य के लिये डिंगल बहुत ही कर्णकटु है, वास्तव मे, वेलि की सगीतात्मकता और उत्कृष्टता उनका भ्रम भग करने के लिये पर्याप्त है) वेलि की इस भाषा विषयक विशेषता ने भी वेलि के प्रसार मे योगदान दिया

जसे जसे इसका प्रचार बढता गया, प्रतिलिपिकारो (लहियो) ने इसकी अनेक प्रतिलिपियों की प्रतिलिपि करते समय अज्ञान मे ही उनसे अनेक भूले हो जाती रही हैं

---

१ हिंदी साहित्य का इतिहास नवम सस्करण, पृ० २४६

२ डा० तस्सितौरी द्वारा सपादित वेलि, Introduction पृ० XII

परिणामत कालान्तर मे छद सख्या और भिन्न भिन्न पाठान्तरो के कारण ग्रथ सम्बन्धी आदि कई प्रश्न उठ खडे हुये भिन्न-भिन्न टीकाओ के निर्मित होने का एक प्रधान कारण यह भी है

आधुनिक काल मे अद्यावधि वेलि की सात टीकायें विस्तृत भूमिकाओ के साथ प्रकाशित हो चुकी हैं हिन्दी म प्रथम टीका महाराज जगमालसिहजी द्वारा लिखित और ठाकुर रामसिंह तथा प्रो० सूयकरण पारीक द्वारा सपादित है जो हिन्दुस्तानी अेकेडेमी द्वारा सन् १६३१ मे प्रकाशित हुई थी प्राक्कथन[1] म जगमालसिह ने लिखा है कि जब मैं 'वेलि' के दोहलो का अन्वयाथ, भावाथ, शब्दाथ आदि अपनी बुद्धि के अनुसार लिख चुका तो मैंने श्रीमान् ठा० रामसिंहजी एम ए और पडित सूयकरणजी पारीक एम ए को इसका पूण अधिकार दे दिया कि वे अपनी इच्छा और सुविधा के अनुसार इसको घटा बढा कर जसा उचित समझे वसा रूप देकर और इसका सशोधन और सपादन करके जहा और जसा चाह प्रकाशित करादे इन सज्जनो ने अपना अमूल्य समय लगा कर, बडा परिश्रम और खोज करके मेरी टीका की काया ही पलट दी ' इससे स्पष्ट पता चलता है कि प्रस्तुत टीका का मूलाधार जगमालसिहजी की वह टीका है जो वास्तव म अप्रकाशित ही रही इस प्रकार इस टीका के अन्तगत एक और टीका के अवस्थित होने के कारण हम इसे दो टीकाओ के रूप मे ही स्वीकार करना चाहिये इसके सम्पादकद्वय ने जो अध्यवसाय किया है वह प्रशसनीय है वेलि से सम्बन्धित सभी विषयो का समावेश करती हुई विस्तृत भूमिका, नोटस, पाठान्तर, शब्दकोष प्राचीन टीकायें, प्रथम पंक्ति सूची आदि स इस ग्रथ की उपादेयता निश्चय ही बहुत बढ गई है राजस्थानी की पूर्वी बोली ढूढाडी और सस्कृत की सुबोध मजरी टीकायें देकर सपादको ने पुस्तक को सर्वांगपूण बनाया है भारतीय भाषाओ के प्रथम कोटि के अध्येता डॉ० ग्रियसन ने इस पुस्तक के सबध मे लिखा है कि आधुनिक भारतीय भाषाओ मे मैंने कोई भी ऐसी कृति नही देखी है, जिसका सम्पादन और प्रकाशन प्रत्येक दृष्टि से इतना पूण हुआ हो '

इसके पूव, अपनी मातृभाषा इटेलियन से भी अधिक जिसको राजस्थानी भाषा से प्रेम था, एसे विदेशी विद्वान डॉ० तस्सितोरी न अनेक प्रतियो का आधार लेकर तथा कठोर परिश्रम के द्वारा वेलि का एक सुदर सस्करण ख्यातनामा एशियाटिक सोसायटी, कलकत्ते स सन् १६१६ मे प्रकाशित करवाया था आगल भाषा मे लिखी हुई इसकी पन्द्रह पृष्ठीय भूमिका, पाठान्तर, विस्तृत नोटस (आगल भाषा मे) और शब्दकोष देकर इस विद्वान ने हमारी मातृभाषा राजस्थानी की जो अन्यतम सेवा की है, ऐसी सेवा स्वय राजस्थानी भाषा के धुरधर कहे जाने वाले

[1] वेलि क्रिसन रुकमणी री, प्राक्कथन, पृ० ६ प्रकाशक हिन्दुस्तानी अेकेडमी प्रयाग

विद्वान भी नहीं कर सके हैं 'वेलि क्रिसन रुकमणी री पृथ्वीराज री कही वचनिका राठौड रतनसिहजी री महेशदासोत री खिडिया जगा री कही,' तथा जोधपुर और बीकानेर आदि राज्यो के चारणी और ऐतिहासिक हस्तलिखित प्रतियो का सर्वेक्षण (Bardic and Historical manuscripts—Descriptive catalogue) आदि कई अमूल्य ग्रथो को प्रकाशित करवा कर, उसने हममे हेय दृष्टि से देखी जाने वाली हमारी भाषा के प्रति आदर की भावना उत्पन्न की उनके ग्रथ हमारे प्रेरणा स्रोत हैं, जिनसे प्रेरित होकर हम आज राजस्थानी भाषा की सर्वांगीण उन्नति तथा उसकी सवधानिक मान्यता के लिये आदोलन रत हैं

तीसरी टीका डॉ० आनदप्रकाश दीक्षित कृत है जो १६५३ मे विश्व विद्यालय प्रकाशन, गोरखपुर से प्रकाशित हुई उसमे वेलि के साहित्यिक महत्व को केन्द्र मे रख, अनेक विश्वविद्यालयो ने अपने अपने स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमो मे इसको रखना प्रारम्भ किया, वेलि अधिकाधिक आकर्षण का केन्द्र बनती गई और उसके विविध पक्षो को लेकर द्रुतगति से काम होने लगा डॉ० आनन्दप्रकाश दीक्षित द्वारा सपादित वेलि इसका ही परिणाम है उन्होने अपनी विद्वत्तापूर्ण विस्तृत भूमिका लिख कर उसके भाव जगत के अप्रतिम सौंदर्य व विविध पक्षो को एक एक कर उद्घाटित कर, इसकी सर्वोत्तमता को प्रदर्शित किया है इनके इस काय से अनेक साहित्य कर्मियो को प्ररोचना मिली है

सन् १६५३ मे ही प्रसिद्ध विद्वान प्रो० नरोत्तमदास स्वामी द्वारा सपादित वेलि का प्रकाशन श्रीराम मेहरा एण्ड कपनी, आगरा से हुआ सयोग की बात तो यह है कि डॉ० दीक्षित और प्रो० स्वामी द्वारा प्रस्तुत दोनो टीकाओ का प्रकाशन एक ही वर्ष सन १६५३ मे हुआ, दोनो का प्रकाशन भी उत्तर प्रदेश से हुआ तथा दोनो के लेखक मूलत अध्ययन अध्यापन करने वाले प्राध्यापक हैं वयोवृद्ध प्रो० स्वामी राजस्थानी भाषा के अतिरिक्त हिंदी के भी जाने माने विद्वान हैं स्वामीजी की इस टीका की अनेक विशेषताएँ हैं अपनी प्रस्तावना मे राजस्थानी भाषा और उसका साहित्य, वेलि साहित्य तथा वेलि की भाषा का व्याकरण आदि अनेक उपयोगी विषयो पर गहराई से चिंतन किया है मूल पाठ के नीचे दोहला का ब्रजभाषानुवाद, शब्दार्थ और पाठान्तर दे दिये गये हैं तत्पश्चात् हिंदी गद्य भाषान्तर दिया गया है और अत मे परिशिष्ट के अन्तर्गत स्वय स्वामीजी द्वारा रचित हिंदी पद्यानुवाद का एक अश युद्ध वर्षा रूपक प्रकरण दिया गया है तुलनात्मक अध्ययन के लिये एक छद प्रस्तुत है—

मूल

घटि घटि घण घाउ, घाइ घाइ रत घण,
ऊच छिछ उछळइ अति ।

पिडि मीपनउ कि खेत्र प्रवाळी,
सिरा हस नीसरइ सनि ।।१२५।।

प्रो० स्वामी द्वारा पद्यानुवाद

घट घट मे हैं घाव घन औ, घाव घाव मे रक्त घना,
उछल रहा वह उनसे मानो फव्वारो का झुड बना ।
लाल लाल पौधे उग आये, मूगा क क्या खेत फले,
प्राण निकलते उनसे ऐसे पौधो से सिरटे निकले ।।

उत्तर प्रदेश स ही एक और टीका का प्रकाशन वि स० २०१० अर्थात् सन १९५४ मे मकर सक्राति को हुआ इसके सपादक श्री कृष्णशकर शुक्ल हैं तथा प्रकाशन सस्था है साहित्य निकेतन कानपुर ग्रथ सबधी कुछ व्याखाओ के अतर के अतिरिक्त इसकी अन्य कोई विशेपता नही है गुणवत्ता की दृष्टि से प्रो० स्वामीजी की ही नही डॉ० दीक्षित की टीका से भी यह सामान्य स्तर की ही मानी जायेगी

इसके एक वप ही बाद वि स २०११ मे वेलि की एक और टीका का प्रकाशन हुआ इस बार यह काय किसी हिन्दी प्रदेश की ओर से न होकर एक ऐसे प्रदेश से हुआ, जिसका राजस्थानी भापा और साहित्य के साथ साथ उसकी सस्कृति और सभ्यता से भी घनिष्ट नाता है इस बार यह काय फाबस गुजराती सभा ने उठाया और इसक सपादक हैं श्री नटवरलाल इच्छाराम देसाई इस टीका की सामान्य भूमिका मे श्री देसाई ने सवत् १६३८ को वेलि का निर्माणकाल माना है पर साथ ही साथ यह भी माना है कि विद्वानो से वेलि की साहित्यिक श्रेष्ठता आदि को प्रमाणित करवाने मे उन्हे छ सात वप और लग गये इसलिये वास्तव मे जनता के सामने वेलि प्रथम बार सवत १६४४ मे ही आई जो विद्वान सवत १६४४ को इसका निर्माण काल मानते हैं इससे उनको थोडी द्विधा अवश्य उत्पन्न हो जाती है इस टीका का सर्वोत्तम महत्व इसका एक गुजराती विद्वान द्वारा सपादित होना, गुजराती भापा के एक शोधसस्थान द्वारा इसको प्रकाशित करवाना तथा जिस प्रति को आधार मान कर इसकी टीका लिखी गई उसका गुजरात मे ही उपलब्ध होना है इसकी टीका पश्चिमी राजस्थानी (मारवाडी अर्थात जूनी गुजराती और समकूती (अय) गुजराती) मे है यह प्रति उन्हें सन १६२० में सूरत मे प्राप्त हुई थी तथा जिसे स० १७७४ मे तारापुर (गुजरात) म किसी अनाम लिपिकार ने लिपिबद्ध किया है इसमे कुल ३०७ छद हैं और अतिम दोनो छद रचना सूचक है

सातवी टीका डॉ० नेमीचन्द जन द्वारा सपादित है जो पद्म बुक कपनी, जयपुर द्वारा प्रकाशित है इसमे प्रकाशन काल का उल्लेख ही नही हैं व्याखाकार न इस सटीक मे मात्र २२७ छदो की व्याख्या ही प्रस्तुत की है बसत जन्म रूपक से लगा

मर महात्म्य और प्रशस्ति तक के छदो का उल्लेख न देख कर यही अनुमान होता है कि इस सस्करण का उद्देश्य केवल पाठ्यपुस्तक भर का है इसके उपरात डॉ० जन ने १३७ पृष्ठो की श्रमसाध्य सुन्दर भूमिका लिखी है पृ० १३७ पर ही डॉ० जैन ने जिन मुहावरो का निर्देश किया है उनम से केवल दो तीन ही मुहावरे हैं शेष तो अभिधा शक्ति वाचक केवल शब्द भर हैं

प्राचीन टीकायें

जिस प्रकार वेलि की प्राप्त प्रतिलिपियो म वि स १६६६ मे फूलखेडा मे 'रामा' द्वारा लिखित प्रति सर्वाधिक पुरानी है ठीक उसी प्रकार वेलि की सर्वाधिक प्राचीन टीका लाखा द्वारा वि स १६७३ मे ढूढाडी (पूर्वी राजस्थानी) मे लिखी गई थी *शोध की दृष्टि से दोनो बहुमूल्य हैं और ये दोना, अभय जन ग्रथालय बीकानेर* म उपलब्ध हैं लाखा की एक टीका मूल के साथ हमारे निजी सग्रहालय मे भी है

ढूढाडी टीका

इसका सवप्रथम प्रकाशन वेलि के सम्पादक द्वय ठा० रामसिह और पडित सूयकरण पारीक ने स्वसपादित वेलि के परिशिष्ट 'ख' म करवाया था आवश्यक शोध सामग्री के अभाव म तब वे यह निश्चय नही कर पाये थे कि इसका टीकाकार लाखा है उ होने लिखा है कि 'सवत १६७३ की ढूढाडी (पूर्वीय राजस्थानी) टीका *मे प्रथम मोहले की टीका नही मिलती इसलिये यह टीका सवत १८२६ मे श्रुवास* श्री ग्रासाजी द्वारा लिखाई हुई असली ढूढाडी टीका की नकल से ली गई है' श्री अगरचद नाहटा[1] ने अपने एक लेख म प्रमाणित कर दिया है कि इस ढूढाडी टीका के लेखक लाखा ही हैं टीका के प्रारम्भ मे मगलाचरण के जो छ छद दिये गये है उनम से वे दो जिनमे लाखा के नाम का उल्लेख हैं यहां उद्धत है—

> ध्यात्वा श्री गुरु पाद पद्म युगल, श्री म मुरारें पदा ।
> *वत्या प्रारभत जन प्रियकरी टीका लखाख्य कवि ।।*
> नत्वा कवीद्राम् सवज्ञाम् प्राथना सिद्धि दायकान ।
> लखाख्ये नापि सुधिया वेलि टीका प्रतन्यते ।।

सत्रहवी शताब्दी की राजस्थानी भाषा की इस पूर्वी बोली ढूढाडी के गद्य का उद्धरण दृष्टव्य है— कवि कहे छै । श्रीपति इसी कुण की मति छ जु तहारो गुण कथ । और इसो कुण ताह छ जु समुद्र तरं । अर इसो कुछ पखी छ जु गगन कहतां आकास लग पूहचे अर इसो कुण गरीब सामर्थ छ जु सुमेर ने उठावै । जो

---

1 वेलि की टीकायें—लेखक श्री अगरचद नाहटा, राजस्थान भारती, परिशिष्टाक मई सन् १९६१, अक ३, पृ० ३०

असौ असामथ छै तो वसि रहे जस न कहे। तावो जवाब आगला दुवाला माहि कहे।' ॥६॥

सुबोध मजरी टीका

इसे पद्मसुदर के शिष्य वाचक सारग ने वि स १६७८ म पालणपुर (गुजरात) मे लिखा था सारग की यह टीका सस्कृत मे है और इसका आधार लाखा की ढू ढाडी टीका है—

लाक्षाभिधेन भाषाया चतुरेण विपश्चिना।
चारणेन कृतो बालावबोधोऽथ सुलब्धये॥
पर न तादृगर्थोक्ति पटुत्व वितनोत्ययम्।
तन सस्कृत वाग् युक्तां टीकाम्येना करोम्यहम्॥

सपादक द्वय ने स्वसपादित वेलि मे इसे परिशिष्ट 'ग' म प्रकाशित करवाया है ढू ढाडी टीका मे से दिये गये उपयुक्त उद्धरण (छद स ६) की ही सारग द्वारा लिखित सस्कृत टीका का उद्धरण द्रष्टव्य है—'पुर्नविज्ञप्तिद्वारेण वदति—हे श्रीपते हे प्रभो स क कवि तव गुणान य स्तौति इति। स वस्तार को नदी तडागादिजल तरणको य समुद्र तरति। कश्च पक्षी बहुवुच्चैर्गतिकार पर गगनात ज्योतिष्कादि मडल यावद याति। को रक लघुपवतमुत्पाटयितुमशक्त, कथान्तरे गोवधन कलाश कृष्णेन रावणेन उत्पाद्य दोर्भ्यां धृत इति श्रूयते, मेरुमुत्पाटयितु को रक कर प्रसारयति न कोऽपि इति तत्वाथ।'

जयकीर्ति कृत वनमाली बालावबोध

काल सूचक छद के साथ ३०५ छदो वाली यह टीका स० १८८६ म जयकीर्ति न लिखी थी जयकीर्ति ने टीका लिखने के पश्चात् प्रशस्ति म अपने गुरु, स्थान तथा गच्छादि के विषय म लिखा है—

युगप्रधान जिणचद इद परि दीप्यउ दीवउ।
सीस प्रथम तसु सकलचद इण नामइ चावउ॥
वडभागी उमझाय सीस मुनिवरे शिरोमणि।
समयसुदर सिरदार मही प्रतपइ ज्यु दिनमणि॥

वादीया राय वाचक प्रवर हरषनद मयणो कायचइ।
सुविनीत वेलि त्रिवरण सुगम वाणारिस जयकीरति वदइ॥१॥

सह सोलह छासीयइ वरस मगसिर वर मासइ।
बीकनयरि महाराय राजि सूरिजसिध हरसइ॥

सरतरगछि गेहगहइ सूरि जिनराज सूरीसर।
आचारिज अधिकार सूरि कहियइ जिनसागर॥

प्रशस्ति से मालूम पडता है कि जयकीर्ति खरतर गच्छीय समयसुन्दर के शिष्य हपनद के शिष्य थे उस समय बीकानेर मे महाराज सूरजसिंघ का शासन था

प्रारम्भ म ही नौ छदो मे विद्या प्रदायिनी सरस्वती और गुरु को नमस्कार कर जयकीर्ति ने अपने पूव के टीकाकारो का सक्षिप्त वणन किया है—

सरसति माता समरि नइ, प्रणमी सद्गुरु पाय।
वनमाळी वल्ली तणी, वात वहु विगताय॥१॥
चावउ जगि भापा चतुर, चारण लापउ चग।
कीधउ पहिली वारतिक अरथि न उपजइ रग॥२॥
ग्वालेरी भापा गुपिल, मद अरथ मित भाव।
घात बध किय भापविउ, समभण तिण समभाव॥३॥
चतुर विचक्षण चतुर मति रवि तळि पडित राय।
सकळ विमळ भापा सुधी, कवि सारग कहाय॥४॥
जिण कवि भापा जोर करि, सस्कृत भापि सुजाण।
अरय कह्यउ लागइ विपम वदइ न मद वपाण॥५॥
गीरवाण भापा भागवत वल्ली जनक सु बीज।
कारिज हु कारण वहु, उपजइ जउ इम कीज॥६॥

जयकीर्ति ने लिखा है कि उसकी स्वय की टीका के पूव की टीकायें कठिन थी सारग की सस्कृत टीका तो मूल से भी कठिन है

लाखा चारण के पश्चात् ग्वालियरी भापा मे गोपाल ने जो टीका लिखी है वह अथ और भाव की दृष्टि से शिथिल है तत्पश्चात् सारग कवि ने सस्कृत मे सुदर टीका लिखी इस टीका मे छठे छद की व्याख्या इस प्रकार है—'हे श्री पति, हे कृष्ण ते कुण सुमति कवि जे ताहरा गुण स्तवइ अनइ ते कुण नदी तळाव प्रमुख जळतरण जाण तारू जे समुद्र तरइ। अनइ ते कुण पगी जे आकासि ज्योतिपीया रइ माडला सामि जाइ। कुण एक मेरु उपाडिवा हाथ पसारइ। अइ कोन कोइ करि सकइ नहिं। हिवइ कवि कीरति करिवा रइ विपइ पोतारउ श्रम सफळ करिवा भणी आगिलउ दुवालउ कहइ छइ॥६॥'

कुशलधीर गणि कृत नारायण वल्लो बालावबोध

काल सूचक ३०४ छदो से युक्त इस टीका के लेखक खरतर गच्छीय कुशल धीर माणिक्यसूरिजी की परम्परा के कल्याणलाभ के शिष्य थे यह टीका वि स

१६६६ मे कुशलधीर ने अपने शिष्य भावसिंह के लिये लिखी थी इसकी प्रशस्ति क पाच छदो मे से कुछ यहा प्रस्तुत किये जा रहे हैं जिनमे कवि ने टीका समाप्ति का काल, शिष्य नाम आदि का उल्लेख किया है—

सोनहसो छिन्नवइ, मास आसू शुभ मासइ ।
विजयदसमी गुरुवार, एह विवरण उल्हासइ ।

× × ×

कहइ कुशलधीर पृथुराम कृत वनमाली वल्ली तणउ ।
वालावबोध जगि वाचता, घणी भूमि प्रसरउ घणउ ।।२।।

कनक विमळ शुभकम्म सहु सयणा स लहिज्जइ ।
शिष्य मुख्य सुविचार, भावसिंह मुज्झ भणीज्जइ ।
आग्रह कीधउ अधिक वेलि चउ विवरण कीज्जइ ।।३।।

× × ×

श्रीकृष्ण वेलि विवरण सकल, कुशलधीर वाचक कहइ ।
जे भणइ गुणइ मन सुधि सुणइ तीला लखमी ते लहइ ।।५।।

कुशलधीर सस्कृत के अच्छे ज्ञाता और सुकवि थे वलि के मूल छठे छद का भाष्य कवि ने इस प्रकार किया है— हे श्रीपति । हे नारायण कुण सुमति कवि जे ताहरा गुण स्तवइ । ते ताह्य कवण जे बि लाख जोजन नउ समुद्र तरइ । इसउ पखी कवण जे जोतिषीया रा मडळा सीम आकासइ जाइ । ते रक कहता मल्ल कवण जो मरु उपाडि कर हाथ रइ विपइ करइ एतावता न करि सकइ । जिम ए च्यार दृष्टान्त पूण भागइ न सभवइ तिम हु पिण थारउ जस कहो न सकु । अठइ रक शब्द नइ वेद कहइ छद रक कहता भिखारी ते न सभवइ वासला दृष्टात काई एक समय दिताह्या अनइ दरिद्री सवथा असमय म जिणइ अनेकार्थी माह कह्यउ जे रक कृपण मत्नायर इत्येनकार्थी तिण अठइ रक मल्ल कहीजइ अनइ कदाचित् कृपण पिण सभवइ लोभरी उपेक्षायइ । हिवइ कवि कीरीति श्रम सफळ समय तउ कहइ ।'

श्रीसार कृत सस्कृत टीका

खरतरगच्छीय श्रीसार जा रत्नहषजी के शिष्य थे, विद्वान व अच्छे कवि थ इन्होने वि स १७०२ म द्राविड कृष्णानद के लिय लाहौर म सस्कृत टीका सम्पूर्ण की इसकी एक प्रमुख विशेषता यह है कि इसमें कवि दुरसा आढा रचित वलि के प्रशसा क दोनो छन्दा का भी समावेश है परिचयस्वरूप प्रारम्भिक छदा म स सत्रहवें म …सार ने लिखा है—

मथापो देवदाविज्ञा कृष्णानदो द्विजाग्रणी ।
एव वल्या समुत्पत्ति श्रीसार मुग्पादय ।।१७।।

पृथ्वीराज की प्रशसा करते हुये टीकाकार ने कहा है—

पृथ्वीराज प्रसिद्धो जगति गुणनिधा राजराजा कवीना ।
समा वल्लीतिनाम्नी हरि चरितय युता राज गीताचकार ।।१६।।

पृथ्वीराजावतारेण भक्तानुग्रह काम्यया ।
स्वय नारायण स्वस्य जगादचरित्र हित । २०।।

प्रशस्ति म कवि ने लिखा है कि इस टीका को इसन शाहजहा के काल म समाप्त किया या तथा उसके गुरु श्री रत्नहष हैं—

प्रतापतपनाश्यात दिग्मडल महोदय
श्री साहिजहाँ साहि राज्य जयतु सवदा ।।२।।

× × ×

चद्र गच्छ क्षीर वृक्ष क्षेमशाखा विलासिन ।
वाचक श्री रत्नहप यति हसजयतुते ।।४।।

लक्ष्मीवल्लभ कृत बालावबोध

श्री अगरचन्द नाहटा ने १८वी शताब्दी म लक्ष्मीवल्लभ नामक सस्कृत हिन्दी, और राजस्थानी मे अनेक ग्रथा के रचयिता निर्मित एक टीका का उल्लेख किया है, जो विजयपुर के चतुरजनो के लिये लिखी गई थी प्रारम्भ म कवि न मगलचारो के तीनो प्रकारो का वणन तत्कालीन भाषा मे किया है य मगलाचरण इस प्रकार है—

'ग्राशीनमस्क्रिया वस्तुनिर्देशो वापि तन्मुखम ।'

लक्ष्मीवल्लभ ने प्रशस्ति का अन्तिम भाग सस्कृत मे लिख कर इसे पूण किया हैं— इति श्री पृथ्वीराज प्रणीत वेलि बालावबोध समाप्त ।। श्रीमत् क्षेमशाखाया वाचनाचाय श्री लक्ष्मीकीर्तिगणि शिष्य श्री लक्ष्मीवल्लभेन श्री विजयपुरस्य चतुर जनाम्यथनया कृतोयम बालावबोध समाप्त ।।श्रीरस्तु।।

हमारे निजी ग्रथालय के एक अन्य गुटके मे सवतसूचक छद वाली टीका सहित एक ऐसी हस्तलिखित प्रति सग्रहित है जिसम न तो प्रारम्भिक परिचय ही और न अत मे किसी प्रकार की प्रशस्ति दी गई है प्रतिलिपिकार अथवा टीकाकार का नाम न होते हुये भी जीण पत्रो पर लिखी यह टीका बडी

सुवाच्य है—वेलि के मूल छद छ की टीका इसमे इस प्रकार दी गई है—'कवि कहे छा। श्री पति इसी कौण की मति छे, जु तुहारा गुण कथ। अर इसो कुण ताहू छै जु समुद्र तरें। अर इसो कुण पखी छे गगन आकास लग पुहच। और इसो कुण गरीब छे सुमेर नै उठाव। जो असी असमथ छ तो वेसि रहै। जै सेंन कह ताको जबाब आगिला दुआला में कहै छे।'

टब्बा

इनके अतिरिक्त प्रो० नरोत्तमदास स्वामी ने कुछ टबाओ की सूचना दी है। राजस्थानी मे टवा टिप्पणी का पर्याय है टवा उस टीका को कहते हैं जो मूल पाठ के साथ ही मूल पक्ति के ऊपर या हाशिये मे लिखी जाती है स्वामीजी न ऐसे दो टवाओ के नाम इस प्रकार बतलाये हैं—(१) शिवनिधान कृत टबा और (२) कमल रत्न शिष्य दानचद्र कृत टबा।

प्रो० स्वामी ने जिस मारवाडी या पश्चिमी राजस्थानी मे लिखित टीका की सूचना दी है, वह वास्तव मे टीका न होकर मारवाडी मे लिखी हुई मूल प्रति है जो वि स १६७६ म दक्षिण मे बुरहानपुर के समीप मेहकर मे लिखी गई थी[1]

ब्रजभाषा में पद्यानुवाद

गोपाल लाहोरी, जिसने ब्रजभाषा मे वेलि का पद्यानुवाद किया है, अपनी प्रशस्ति मे कहा कि मैंने मिरजाखान की आज्ञा लेकर इसका अनुवाद किया है और उसका नाम रसविलास रखा है साथ मे यह भी लिख दिया है कि मरु निरस मरु भाषा को त्याग इसका पद्यानुवाद चमत्कारपूर्ण और सुदर ब्रजभाषा मे किया है—

> आग्या मिरजाखान को लई करी गोपाल,
> वेलि कहे को गुन यहै कृष्ण करी प्रतिपाल।
>
> मरुभाषा निरजल तजी करि ब्रजभाषा चोज,
> अब गोपाल यातें लहै सरस अनूपम मोज।
>
> कवि गोपाल यह ग्रथ रचि लाया मिरजा पास।
> रसविलास दे नाउ उनि कवि की पूरी आस ॥

इस प्रशस्ति से दो तथ्यों का उद्घाटन होता है एक तो मिरजाखान नामक एक मुसलमान अधिकारी का वेलि के प्रति आत्मार्पण और दूसरा डिंगल जसी समृद्ध और सरस भाषा को त्याग कर अनुवाद के लिये ब्रजभाषा को अपनाना

---

1 Dr L P Tessitori Introduction—Krisna Rukmain Ri Veli Page XIV

सम्भव है कि अन्य कृष्णभक्त मुसलमानों की भाँति मिरजाखान भी भगवान श्रीकृष्ण के गुणों से अभिभूत हो गया हो, और डिंगल को नहीं जानने के कारण ही उसने गोपाल लाहोरी को इसका ब्रजभाषा में अनुवाद करने के लिये आज्ञा दी। इस घटना से ग्रंथ की उत्तमता और उसकी प्रसिद्धि तथा उसके व्यापक प्रसार का पता चलता है

एक ओर गोपाल लाहोरी ने मरुभाषा के निरस होने के कारण उसके त्यागने की बात कही है तो दूसरी ओर कैसी विरोधी बात है कि स्वयं गोपाल लाहोरी ने मरुभाषा के ग्रंथ को अपने अनुवाद का आधार बनाया जबकीनि ने इस ब्रजभाषा के अनुवाद को सामान्य कोटि का माना है

मेवाड़ी टीका

राजस्थानी की मेवाड़ी बोली में लिखी टीका उदयपुर के सरस्वती भंडार में सुरक्षित है

इस प्रकार हम देखते हैं कि अनेक विद्वानों द्वारा अनेक भाषाओं और बोलियों में इसकी जो टीकाएँ लिखी गई हैं वे सब वेलि की गुणवत्ता की परिचायक हैं

महाराज पृथ्वीराज राठौड

कृत

अन्य रचनाए

यद्यपि वेलि के अतिरिक्त पृथ्वीराज राठौड़ का अन्य कोई प्रबंध काव्य उपलब्ध नही है फिर भी प्रचुर मात्रा मे मुक्तक काव्य के रूप मे जो सामग्री हमे आज प्राप्त है, वह एक से अधिक प्रबंध काव्य के लिये यथेष्ट है दो दशक पूर्व, साहित्यिक शोध कार्य के अभाव मे इतनी निपुन सामग्री से हमारा परिचय नही था, पर हमारी साहित्यिक बुभुक्षा ने सारी अवगुंठित सामग्री को अनावृत कर, वे रत्न शोध निकाले हैं जो उस कर्मण्य महाव्यक्तित्व के कीर्ति कलश को और शुभ्र बना सके हैं ये सारे के सारे मुक्तक एक-एक से बढकर हैं, जो विषय वविध्य, रचनाशैली, रस तथा भाषा वैभिन्य की बहुरंगी आभा से दमक रहे हैं इनमे यह क्षमता है कि ये पाठको को रसानुकूल भावविभोर कर काव्यानद की प्राप्ति करवा सकते हैं

विविध स्थानो से प्राप्त सामग्री मे लगभग ४१८ दोहो और ८० गीत छप्पय, पद आदि का समावेश है, जिनको देखकर आश्चर्यचकित होना पडता है कि अनेक राजनतिक व सामाजिक कार्यों तथा देश विदेश मे अनेक युद्धों मे उलझे रहने के पश्चात् भी जितनी अधिक मात्रा मे और जो उत्कृष्ट साहित्य सृजन पृथ्वीराज ने किया है, वह अनूठा है राजकीय परम्पराओ का निर्वाह और असीम ऐश्वर्य का उपभोग करते हुये यदि बहुधधीय वेलिकार ने अपने मात्र एक ग्रंथ 'क्रिसन रुकमणी री वेलि' से ही जब साहित्यकारो और भक्तो मे वशिष्ठ्य प्राप्त कर लिया तो उनकी अन्य रचनाएँ जो अब तक अविवेचित ही रही हैं जब अपने सही परिप्रेक्ष्य मे साहित्यिक जगत के सम्मुख प्रस्तुत की जायेंगी तो निश्चय ही उनका स्थान और ऊँचा उठ जायेगा

उपर्युक्त सारी सामग्री का अस्सी प्रतिशत भक्ति साहित्य है, पद्रह प्रतिशत वीरो का प्रशस्ति साहित्य तथा शेष पाँच प्रतिशत साहित्य ही ऐसा है जो कई अन्य विषयो तथा प्रसगो से सबधित है कवल इसी से पुन यह तथ्य पुष्ट हो जाता है कि पृथ्वीराज राठौड मूलत एक भक्त कवि हैं

इस बिखरी हुई सामग्री को प्राप्त करना कोई सहज कार्य न था इसके पीछे पू० पिताश्री प० बदरीप्रसाद साकरिया के अनेक वर्षों का अनवरत प्रयत्न तथा लगन

छिपी हुई है पूज्यपाद पंडितजी ने अनूप संस्कृत लाइब्रेरी, बीकानेर, अभय जैन ग्रंथालय, बीकानेर सरस्वती पुस्तक भंडार उदयपुर, इन्द्रगढ पोथीखाना राज० शोध संस्थान, चौपासनी जोधपुर तथा निजी पुस्तकालय के हस्तलिखित ग्रंथों के अवलोकन के पश्चात् सारी सामग्री को एकत्रित किया था सरस्वती पुस्तक भंडार, उदयपुर की सामग्री इकट्ठी करने में उदयपुर के तत्कालीन क्यूरेटर श्री परमेश्वरलाल सोलंकी ने सहायता प्रदान की थी उन्होंने कई ग्रंथों की प्रतिलिपियां करवा कर भेजी, जिनसे सामग्री चयन में बड़ा सुभीता रहा कई प्रतियों का मिलान कर तथा उनके पाठान्तरों और पदच्छेद आदि पर समग्र रीति से मनन करने के पश्चात सुज्ञ पाठकों के सम्मुख प्रथम बार एक सही रूप प्रस्तुत करने का प्रयत्न किया गया है विश्वास है विद्वानों द्वारा यह संग्रह समादृत होगा

डॉ० तस्सितोरी ने पृथ्वीराज की अन्य रचनाओं के संबंध में कोई निश्चित संख्या तो नहीं दी है पर प्रसंगवशात् उन्होंने लिखा है कि 'Prithi Raja has left, besides the Veli, quite a number of other small poems, mostly 'sakha ra-gita', that is to say commemorative songs Of the many anthologies of miscellaneous commemotative songs (phutakara gita), which are in the hands of the hards of Rajputana, there is probably none which does not contain at least one or two examples by Prithi Raja To give particulars about these smaller compositions would serve no purpose here and would on the other hand require a careful study of them, which I confess I have had no time to make It will suffice to say that they mostly refer to contemporary chiefs, among whom Prithiraja's brother Rama Singha, who was assassinated about A D 1578 (Samwat 1634) and for whom our Author seems to have had a special predilec tion, and that they are not all of equal merit, nor of equal interest Evidently, they were composed at different periods hence the differences To the last years of PrithiRaja s life may be safely ascribed three stotras in duhas one in honour of the Thakurji (Krsna), one in honour of Shri Ramchandra and one in honour of the Ganga They are full of devotional spirit and must be senile productions '[1]

---

१ वेलि क्रिसन रुकमणी री राठौड पृथ्वीराज री कही' सम्पादक—डॉ० एल पी तस्सितोरी Introduction पृ ६ भावार्थ इस ग्रंथ के लेखक द्वारा प्रस्तुत किया गया है

(भावार्थ—वेलि के अतिरिक्त पृथ्वीराज ने कई छोटी छोटी रचनाएँ की हैं जो अधिकांशत 'साख रा गीत' हैं यानि की स्मरणार्थ गीत हैं इस प्रकार क पद्य सग्रह मे से कई फुटकर गीत हैं जो राजपूताना के चारणो के पास हैं और इसमे से कदाचित् ही कोई ऐसा सग्रह होगा, जिसम पृथ्वीराज के कहे हुये एक दो उद्धरण न हो यहाँ इन छोटे काव्यो का विस्तृत वणन देने से कोई लाभ न होगा समयाभाव के कारण मैं इनका सपूण अध्ययन नही कर सका हूँ यहाँ इतना ही कहना उचित रहेगा कि ये अनक राजाओ के सबध मे हैं जिनमे पृथ्वीराज का भाई रामसिंह भी था, जिसकी हत्या सन १५७८ (सवत् १६३४) मे कर दी गई थी, और जिसके लिये पृथ्वीराज को स्नहपूण पूर्वाग्रह था और फिर ये सभी काव्य एक सी रुचि व एक समान उच्चकोटि के नही हैं स्पष्ट ही, ये सारे काव्य एक स्थान पर निर्मित नही हुये थे और इसीलिये यह अन्तर है उनके जीवन के अतिम भाग के लिये सहजता से यह कहा जा सकता है कि उन्होने तीन स्तोत्र दूहो मे (तीन काव्यो का) निर्माण किया—ठाकुरजी (कृष्ण) रा दूहा, रामचन्द्रजी रा दूहा और गगाजी रा दूहा ये अपवाद भक्तिपूण है और इन्हे वृद्धावस्था की उपज ही कहना चाहिये।)

ठाकुर रामसिंह व पडित सूयकरण पारीक द्वारा सम्पादित वेलि म कवि की अन्य रचनाओ के अन्तगत भगवान राम से सबधित ५० भगवान कृष्ण से सबधित १६५, गगालहरी (भागीरथी ४८, जाह्नवी और मदाकिनी ३०) के ७८ दोहो तथा अन्य फुटकर दोहो और गीतो का उल्लेख किया गया है इनमे से कुछ दोहों और गीतो को अथ सहित उद्धृत किया गया है, पर गीतो की सख्या नही दी गई है[1]

इसके पश्चात प्रो० नरोत्तमदास स्वामी ने स्वय सपादित वेलि मे अन्य रचनाओ का वर्गीकरण इस प्रकार किया है[2]—

(१) ठाकुरजी रा दूहा—कुल सख्या २१५ जिनमे से ५० भगवान राम से तथा १६५ भगवान कृष्ण से सबध रखते है दोहे विनय प्रधान है

(२) गगाजी रा दूहा—इनकी सख्या ७८ के लगभग है इनमे गगा की महिमा का वर्णन है

(३) महाराणा प्रताप रा दूहा—ये महाराणा प्रताप की प्रशसा मे लिखे गये हैं

१ वेलि क्रिसन रुकमणी री, प्रकाशक हिन्दुस्तानी अकेडेमी, इलाहाबाद प्रथम सस्करण सन् १९३१ पृ० ३० से ४६

२ वेलि क्रिसन रुकमणी री, प्रकाशक श्रीराम मेहरा एण्ड कम्पनी, आगरा प्रथम सस्करण १९५३ पृ० २७ २८

(४) प्रकीर्णक दूहे—ये विविध विषयो पर लिखे गये हैं, पर प्रधानतया भक्ति, वैराग्य और नीति सबधी हैं

(५) प्रकीर्णक गीत—य विविध विषयो से सबधित हैं

(६) नख शिख—यह रचना पिंगल भाषा की है राधाकृष्ण का नख शिख शृगार वर्णित है

श्री अगरचद नाहटा ने सख्या इस प्रकार बतलाई है[१]—

(१) रामस्तुति ५० दूहा
(२) कृष्णस्तुति १६५ दूहा
(३) गगास्तुति ८० दूहा
(४) दसमभागवत रा दूहा १८४

श्री अगरचद नाहटा द्वारा उल्लिखित दसमभागवत के दूहे अद्यावधि अलग से देखने मे नही आये है सभव है कि 'वसदेवरावउत' के दोहे भागवत् के दसमस्कध की कथाओ की ओर सकेत करने वाले होने के कारण ये दोहे दसमभागवत् के दोहो के नाम से भी प्रसिद्धि पा गये हो श्री नाहटा से पत्र व्यवहार करने पर भी वे इन दोहो के अलग अस्तित्व पर प्रकाश नही डाल सके हैं

इसके एक वष पश्चात् लेखक ने अपने एक लेख 'महाराज पृथ्वीराज राठौड की अय रचनाएँ' मे नई गवेषणाओं के आधार पर प्रथम बार साहित्यिक जगत के सम्मुख एक विस्तृत तथा नई सूचनाओं से सभर सूची प्रस्तुत की थी[२]—

(१) विठ्ठल रा दूहा (गुरु प्राथना)	१२
(२) वसदेवरावउत रा दूहा (श्रीकृष्ण स्तुति)	१८५
(३) दसरथरावउत (दसरथदेवउत) रा दूहा (राम स्तुति)	५४
(४) भागीरथी रा दूहा (श्री गगा स्तुति)	८८
(५) भक्ति विषयक स्फुट गीत	१६
(६) पद (हरियश)	१० १५ अनुमानत

उपयु क्त रचनाओ के अतिरिक्त महाकवि द्वारा रचित फुटकर काव्य इस प्रकार उपलब्ध हैं—

---

[१] पृथ्वीराज जयती (सन् १९६०) पर दिये गये भाषण में से उद्धत, जो राजस्थान भारती भाग ७ अक १-२ में प्रकाशित हुआ है।

[२] राजस्थान भारती का पृथ्वीराज राठौड जयती विशषाक का परिशिष्टाक, भाग सात अक ३ पृ० ३६

(१) प्रस्तावित फुटकर दूहा (नीति, एतिहासिकादि)	६०
(२) प्रशसात्मक दोहे (माधोदास १, केसो १, मालो भाढो १, गाडण रामसिंह १)	४
(३) प्रताप रा दूहा	१४
(४) अकबर से प्रताप सबधी वाद की चिंता का चपावती के दोहे का उत्तर (मनहर छद (पिंगल)	१
(५) वीर, जूभार और राजाम्रा के प्रशसात्मक गीत	५१
(६) चपावती वियोग रा दूहा	१५
(७) लालादे सबधित दोहे	
(८) पृथ्वीराज और वश्वानर सवाद रा दूहा	३

राजस्थानी सबद कोस' के रचयिता श्री सीताराम लालस ने लिखा है कि पृथ्वीराज के लिखे पांच ग्रथ मिलते हैं[1]—

(१) वेलि क्रिसन रुकमणी री, (२) दसमभागवत रा दूहा, (३) गगा लहरी (४) वसदेरावउत और (५) दसरथरावउत श्री सीताराम लालस न भी श्री अगरचद नाहटा की भाति दसमभागवत रा दूहा की दाहा सख्या १८४ मानी है उन्होंने लिखा है कि 'दसमभागवत रा दूहा' मे कृष्ण भक्ति सबधी दोहे हैं तब स्वाभाविक ही प्रश्न उठता है कि लालसजी ने 'वसदेरावउत' नामक जिस रचना का उल्लेख किया है उसका वण्य विषय क्या है ?

डॉ० हीरालाल माहेश्वरी ने 'राजस्थानी भाषा और साहित्य म पृथ्वीराज राठौड के अ तगत लिखा है कि इनकी निम्नलिखित रचनाएँ प्रसिद्ध है[2]—

(१) वेलि क्रिसन रुकमणी री
(२) ठाकुरजी रा दूहा
(३) गगाजी रा दूहा
(४) फुटकर दोह और गीत आदि

डॉ० माहेश्वरी ने आगे लिखा है कि 'इनके अतिरिक्त मिश्रबधुओ न इनके एक ग्रथ प्रेमदीपिका[3] का उल्लेख किया है, जो ब्रजभाषा की रचना है इसी प्रकार

---

१ राजस्थानी सबद कोस के प्रथम खण्ड की प्रस्तावना क राजस्थानी साहित्य का परिचय पृ० ११८ प्र० राजस्थानी शोध सस्थान चोपासनी जोधपुर।

२ राजस्थानी भाषा और साहित्य प्र० आधुनिक पुस्तक भवन, कलकत्ता पृ० १२५

मिश्र बधु विनो प्रथम भाग

डॉ० सरयूप्रसाद अग्रवाल ने 'श्यामलता'[१] का उल्लेख किया है किंतु इसका कोई विशेष परिचय उन्होंने नही दिया है दोनो ही रचनाएँ सदेहास्पद हैं क्योंकि किसी राजस्थानी विद्वान ने इसका अद्यावधि उल्लेख नही किया है हा व्रजभाषा मे लिखित इनके फुटकर दोहे अवश्य मिलते हैं"

